भा० दि० जैनसंघग्रन्थमालायाः प्रथमपुष्पस्य एकादशोदलः

श्रीयतिवृषभाचार्यरचितचूर्णिसूत्रसमन्वितम्

श्रीभगवद्गुणभद्राचार्यप्रणीतम्

कसायपाहुडं

तयोश्च

श्रीवीरसेनाचार्यविरचिता जयधवला टीका

[सप्तमोऽधिकारः वेदकअनुयोगद्वारम्]

सम्पादकौ

पं० फूलचन्द्र
सिद्धान्तशास्त्री, सिद्धान्ताचार्य
सम्पादक महाबन्ध, सहसम्पादक
धवला

पं० कैलाशचन्द्र
सिद्धान्तरत्न, सिद्धान्ताचार्य,
सिद्धान्तशास्त्री, न्यायतीर्थ
प्रधानाचार्य स्याद्वाद महाविद्यालय
काशी

प्रकाशक
मंत्री साहित्य विभाग
भा० दि० जैन संघ, चौरासी, मथुरा

वि० सं० २०२५] वीरनिर्वाणाब्द २४९५ [ई० सं० १९६८

मूल्यं रुप्यकत्रयोदशकम्

सशोधित मूल्य रु०)••
२०

प्रकाशक की ओर से

कसायपाहुड (श्री जयधवल जी) का दसवां भाग जाड़ोंमें प्रकाशित हुआ था। एक वर्षके भीतर ही उसका ग्यारहवां भाग स्वाध्याय प्रेमी पाठकोंके हाथोंमें देते हुए हमें परम प्रसन्नता होना स्वाभाविक है।

अब इस महान् ग्रन्थराज के ४ भाग छपना शेष हैं। हमारी तीव्र भावना है कि शीघ्र ही शेष भागों को भी छपाकर प्रकाशित कर दिया जाय। किन्तु यह उदार दानियोंके सहयोग पर निर्भर है। यदि उदार दानी इस सत्कार्यमें हाथ बंटावें तो यह कार्य शीघ्र पूरा हो सकता है।

जैन समाजमें प्रतिवर्ष अनेक बिम्बप्रतिष्ठाएं होती हैं, नवीन मन्दिरों का निर्माण होता है। उनमें समाजका लाखों रुपया व्यय होता है। श्री जयधवल जी तो उन्हीं भगवानकी वाणीसे प्रकट हुए हैं। उनका प्रकाशन कार्य बिम्ब प्रतिष्ठा से कम महत्त्वपूर्ण नहीं है।
पं० आशाधर जी ने अपने सागारधर्मामृतमें लिखा है—

ये यजन्ते श्रुतं भक्त्या ते यजन्तेऽञ्जसा जिनम्।
न किञ्चिदन्तरं प्राहुरासां हि श्रुतदेवयोः॥

जो भक्तिपूर्वक जिनवाणीकी पूजा करते हैं वे यथार्थ में जिनेन्द्रदेवकी ही पूजा करते हैं, क्योंकि गणधरादि आप्त पुरुषोंने जिन और जिनवाणीमें कुछ भी भेद नहीं कहा है।

इसीसे मन्दिरोंमें जिनदेवकी मूर्तिके साथ जिनवाणीकी मूर्तिरूप शास्त्र भी विराजमान किये जाते हैं। जैसे पुरानी मूर्तियोंके होते हुए भी नवीन मूर्तियां पधराई जाती हैं, वैसे ही शास्त्रभण्डारोंमें पुराने शास्त्रोंके होते हुए भी नये नये प्रकाशित हुए शास्त्र भी विराजमान करना चाहिये। श्री जयधवल जी तो ऐसा महान् ग्रन्थ है कि इसका दुबारा प्रकाशित होना संभव नहीं है। ऐसे ग्रन्थराजको तो अवश्य मन्दिरोंमें विराजमान करना चाहिये। यदि मन्दिरोंके द्रव्यका उपयोग जिनवाणीके प्रकाशनमें तथा खरीदनेमें किया जाये तो इससे जिनवाणीका उद्धार होनेके साथ मन्दिरोंके द्रव्यका भी सदुपयोग होगा।

दीपावली
वी० नि०सं० २४९५

जिनवाणीसेवक
कैलाशचन्द्र शास्त्री

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विषय परिचय

वेदक महाधिकारके मुख्य अनुयोग द्वार चार हैं—प्रकृतिउदीरणा, स्थितिउदीरणा, अनुभागउदीरणा और प्रदेशउदीरणा। इनमेंसे प्रकृति उदीरणा और स्थितिउदीरणाका स्पष्टीकरण पहले (भाग १० में) कर आये हैं। शेष दोका स्पष्टीकरण यहाँ अवसर प्राप्त है। उनमेंसे सर्वप्रथम अनुभागउदीरणाका स्पष्टीकरण करते हैं—

१. मोहनीय अनुभाग उदीरणा

वेदक महाधिकारकी दूसरी गाथाका दूसरा पाद है—को व के य अणुभागे।' इसमें इतना ही कहा गया है कि 'कौन जीव किस अनुभागमें मिथ्यात्व आदि कर्मोंका प्रवेशक है।' इसका विशेष व्याख्यान करते हुए आचार्य यतिवृषभने अपने चूर्णिसूत्रों में 'उदीरणा' की व्याख्या करते हुए बतलाया है कि 'जो अनुभाग प्रयोगसे अपकर्षितकर उदयमें दिया जाता है वह उदीरणा है। जो अनुभाग वर्तमानमें पक्व नहीं है, प्रयोग विशेषसे उसे पचाना उदीरणा है यह इसका तात्पर्य है।

'प्रयोग'का अर्थ प्रकृतमें परिणामविशेष है। जीवका जो परिणामविशेष प्रकृत उदीरणाका अविनाभावी होता है वह उस उदीरणाका बाह्य निमित्त कहलाता है। इस विषयको स्पष्टरूपसे समझनेके लिए जयधवला भाग १० पृ० १२३-१२४ के इस वचन पर दृष्टिपात करना चाहिए—

कसायोवसामणादो परिवदिदो उवसंतदंसणमोहणीयो दंसणमोहउवसंतद्धाए दुचरिमादिहेट्ठिमसमएसु जइ आसाणं गच्छइ तदो तस्स सासणभावं पडिवण्णस्स पढमसमए अणंताणुबंधीणमण्णदरस्स पवेसेण बावीस-पवेसट्ठाणं होइ। कुदो तत्थाणंताणुबंधीणमण्णदरपवेसणियमो ? ण, सासणगुणस्स तदुदयाविणाभावित्तादो। कथं पुव्वमसंतस्साणंताणुबंधिकसायस्स तत्थुदयसंभवो ? ण, परिणामपाहम्मेण सेसकसायदव्वस्स तक्कालमेव तदायारेण परिणमिय उदयदंसणादो।

कषायोपशामनासे गिरता हुआ उपशान्त दर्शनमोहनीय जीव दर्शनमोहके उपशामनाके कालके अन्तर्गत द्विचरम आदि अधस्तन समयोंमें यदि सासादन गुणस्थानको प्राप्त होता है तो सासादनभावको प्राप्त होनेवाले उस जीवके प्रथम समयमें अनन्तानुबन्धियोंमेंसे किसी एक प्रकृतिका प्रवेश होनेसे बाईस प्रकृतिक प्रवेशस्थान होता है।

शंका—वहाँ अनन्तानुबन्धियोंमेंसे किसी एक प्रकृतिके प्रवेशका नियम क्यों है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि सासादन गुण उसके उदयका अविनाभावी है।

शंका—पूर्वमें (उदय कालके पूर्वमें) सत्तासे रहित अनन्तानुबन्धी कषायका वहाँ पर उदय कैसे सम्भव है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि परिणामोंके माहात्म्यवश शेष कषायोंका द्रव्य उसी समय उस रूपसे परिणमकर उसका उदय देखा जाता है।

इससे स्पष्ट है कि जीव शास्त्रमें जीवके जिस सासादन गुणका अनन्तानुबन्धी चतुष्कमेंसे अन्यतम कषायकी उदीरणा अविनाभाव सम्बन्धवश बाह्य निमित्त कही गई है। यहाँ कर्मशास्त्रमें उसी कारणवश वही परिणामविशेष अनन्तानुबन्धीचतुष्कमेंसे अन्यतम कषायकी उदीरणाका बाह्य निमित्त कहा गया है। इसीका नाम बाह्य-निमित्त-नैमित्तिक सम्बन्ध है, जिसका विवक्षाके अनुसार अदल-बदलकर कथन किया जाता है। जहाँ संयोगी जीव परिणामकी कार्यरूपसे विवक्षा होती है वहाँ उसका अविनाभावी कर्मोदय-

उदीरणा उसका बाह्य निमित्त कहा जाता है और जहाँ कर्मोदय-उदीरणाकी कार्यरूपसे विवक्षा होती है वहाँ उसका अविनाभावी जीवपरिणाम तथा यथासम्भव अन्य बाह्य सामग्री उसका बाह्य निमित्त कहा जाता है। यह बात उक्त उल्लेखसे तो स्पष्ट है ही, कषाय-प्राभृतकी गाथा ५९ 'कदि आवलियं पवेसेइ' इत्यादिके 'खेत्त-भवकाल-पोग्गल' इत्यादि वचनसे भी स्पष्ट है।

यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि जहाँ भी न्याय-शास्त्रमें कार्य-कारणके मध्य क्रमभावी अविनाभाव सम्बन्धका उल्लेख किया गया है वहाँ वह उपादान-उपादेयभावको ध्यानमें रखकर ही किया गया है, बाह्य निमित्त-नैमित्तिक भावको ध्यानमें रखकर नहीं, क्योंकि बाह्य-निमित्त-नैमित्तिकभावका उल्लेख उन एकाधिक द्रव्योंकी ऐसी विवक्षित पर्यायोंमें किया जाता है जिनका एक कालमें होनेका नियम है। जैसे क्रोध कर्मका उदय और क्रोध भाव एक ही कालमें होते हैं, इसलिए क्रोध-कर्मके उदयको बाह्य निमित्त कहते हैं और क्रोध भावको उसका नैमित्तिक। इसी प्रकार सब जानना चाहिए।

अनुभाग फलदान शक्तिका दूसरा नाम है। उदय-उदीरणाकालके पूर्वतक यह द्रव्यरूपमें रहती है। किन्तु उदय-उदीरणाकालके प्राप्त होते ही वह पर्यायरूपसे प्रगट हो जाती है जो पर्यायगत अपने-अपने, अविभागप्रतिच्छेदोंके द्वारा परिलक्षित होती है। यहाँ द्रव्यशक्ति पदसे मात्र त्रैकालिक योग्यताको ग्रहण न कर योग और कषायको निमित्तकर प्रतिसमय कर्मरूपसे आनेवाले कालमें प्राप्त होनेवाली ऐसी योग्यता ली गई है जो यथायोग्य उत्तरकालमें फलदान सामर्थ्यसे सम्पन्न होती है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

प्रकृतमें उदीरणाका प्रकरण होनेसे यहाँ विचार यह करना है कि स्पर्धकगत उस योग्यतामेंसे किस योग्यतासम्पन्न स्पर्धकोंका अपकर्षण होता है और किन स्पर्धकोंका नहीं होता? इसी प्रश्नका समाधान करते हुए यहाँ पर बतलाया है कि प्रथम स्पर्धक से लेकर जघन्य निक्षेप और जघन्य अतिस्थापनाप्रमाण अनन्त स्पर्धकोंका अपकर्षण नहीं होता। इसके आगे अन्य जितने भी स्पर्धक हैं उनका अपकर्षण होनेमें कोई बाधा नहीं है। यहाँ अपकर्षणके योग्य जो अनुभाग अपकर्षित होकर अन्य जिस अनुभागरूप परिणम जाता है उसकी निक्षेप संज्ञा है और अपकर्षणके योग्य अनुभाग तथा निक्षेपरूप अनुभागके मध्य जो अनुभाग रहता है उसकी अतिस्थापना संज्ञा है।

२. मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणा

यह अर्थपद है। इसके अनुसार अनुभाग उदीरणा दो प्रकारकी है—मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणा और उत्तरप्रकृति अनुभाग उदीरणा। यहाँ सर्व प्रथम मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणाका अनुगम करते समय ये तेईस अनुयोगद्वार ज्ञातव्य हैं। संज्ञा, उत्कृष्ट उदीरणा, अनुत्कृष्ट उदीरणा, जघन्य उदीरणा, अजघन्य उदीरणा, सर्व उदीरणा, नोसर्व उदीरणा, सादि उदीरणा, अनादि उदीरणा, ध्रुव उदीरणा, अध्रुव उदीरणा, स्वामित्व, एक जीवकी अपेक्षा काल, एक जीवकी अपेक्षा अन्तर, नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, भाव और अल्पबहुत्व तथा भुजगार, पदनिक्षेप, वृद्धि और स्थान।

मोहनीय कर्मके प्रत्येक अनुभागकी निश्चित संज्ञा है यह बतलानेके लिए संज्ञा अनुयोगद्वारका निर्देश किया है। वह संज्ञा दो प्रकारकी है—घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा। उनमेंसे प्रत्येक जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे दो दो प्रकारकी है। उनमेंसे अपने अवान्तर भेदोंके साथ घातिसंज्ञाका विचार करते हुए बतलाया है कि सामान्यसे मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा नियमसे सर्वघाति है तथा अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सर्वघाति और देशघाति दोनों प्रकारकी है। इसी प्रकार मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणा नियमसे देशघाति है। और अजघन्य अनुभाग उदीरणा देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारकी है।

स्थानसंज्ञाका निरूपण करते हुए बतलाया है कि सामान्यसे मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा नियमसे चतुःस्थानीय है तथा अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय है, त्रिस्थानीय है, द्विस्थानीय है और एक स्थानीय भी है। इसी प्रकार मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणा नियमसे एक स्थानीय है तथा अजघन्य अनुभाग

उदीरणा एक स्थानीय है, द्विस्थानीय है, त्रिस्थानीय है और चतुःस्थानीय भी है। इसका विशेष विचार महाबन्ध और कर्मकाण्ड आदि सिद्धान्त ग्रन्थोंके आधारसे कर लेना चाहिए।

यह सामान्यसे मोहनीय कर्मकी अनुभाग उदीरणाको ध्यानमें रखकर चूर्णसूत्र और उच्चारणाके अनुसार स्पष्टीकरण किया गया है। आगे सर्व और नोसर्व आदि अनुयोगद्वारोंका आलम्बन लेकर इसीका उच्चारणाके अनुसार विशेष व्याख्यान किया गया है।

३. उत्तर प्रकृति अनुभाग उदीरणा

यहाँ मोहनीय उत्तर प्रकृति अनुभाग उदीरणाका विचार २४ अनुयोगद्वारोंका आलम्बन लेकर किया गया है। पूर्वोक्त २३ अनुयोगद्वारोंमें एक सन्निकर्षके मिला देने पर कुल २४ अनुयोगद्वार होते हैं। उनमेंसे सर्व प्रथम संज्ञाका विचार करते हुए उसके दो भेदोंका निर्देश किया गया है। वे ये हैं—घातिसंज्ञा और स्थानसंज्ञा। घातिसंज्ञाके दो भेद हैं—सर्वघाति और देशघाति। स्थानसंज्ञा लतासदृश आदिके भेदसे चार प्रकारकी है। उत्तर प्रकृतियोंमेंसे कौन प्रकृति किसरूप है इसका स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है कि मिथ्यात्व और प्रारम्भकी बारह कषायोंकी अनुभाग उदीरणा सर्वघाति है। इन प्रकृतियोंकी अनुभाग उदीरणा द्वारा सम्यक्त्व और संयमका निरवशेष विनाश होता है, इसलिए वह सर्वघाति है। यद्यपि प्रत्याख्यान कषायोंकी अनुभाग उदीरणाके होने पर भी सयमासयम गुणकी प्राप्ति होती है, फिर भी वह सकल संयमकी प्रतिबन्धी होनेके कारण सर्वघाति ही है। इनकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा नियमसे चतुःस्थानीय होती है तथा अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय, त्रिस्थानीय, और द्विस्थानीय होती है।

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जिस प्रकार मिथ्यात्वकी अनुभाग उदीरणासे सम्यक्त्व संज्ञावाली जीव पर्यायका अत्यन्त उच्छेद होता है उस प्रकार सम्यक्त्व प्रकृतिकी अनुभाग उदीरणा द्वारा उसका अत्यन्त उच्छेद नहीं होता, इसलिये सम्यक्त्वकी अनुभाग उदीरणा देशघाति तथा एकस्थानीय और द्विस्थानीय है। किन्तु सम्यग्मिथ्यात्वकी अनुभाग उदीरणा द्वारा सम्यक्त्व संज्ञावाली जीवपर्यायका अत्यन्त उच्छेद हो जाता है, इसलिए वह सर्वघाति और द्विस्थानीय है।

चार संज्वलन और तीन वेदोंकी अनुभाग उदीरणा देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारकी है, क्योंकि इनकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा नियमसे सर्वघाति है, जघन्य अनुभाग उदीरणा नियमसे देशघाति है तथा अजघन्य और अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा दोनों प्रकारकी है। तात्पर्य यह है कि मिथ्यादृष्टि गुणस्थानसे लेकर असंयतसम्यग्दृष्टि गुणस्थान तक उक्त कर्मोंकी अनुभाग उदीरणा संक्लेश परिणामवश सर्वघाति होती है और विशुद्धिरूप परिणाम वश देशघाति होती है। तथा संयतासंयतसे लेकर आगे सर्वत्र अपने-अपने उदीरणा स्थल तक नियमसे देशघाति होती है। यहाँ इनकी सर्वघाति अनुभाग उदीरणाके होनेका विरोध है। इस प्रकार इनकी अनुभाग उदीरणाके देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारकी होनेके कारण वह यथासम्भव एकस्थानीय, द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय होती है। अन्तरकरण करनेके बाद नियमसे एकस्थानीय होती है। तथा गुणस्थानप्रतिपन्न जीवोंमें द्विस्थानीय होती है और मिथ्यादृष्टि गुणस्थानमें द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय तथा चतुःस्थानीय होती है

अब रहीं छह नोकषाय सो इनकी अनुभाग उदीरणा भी देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारकी होती है, क्योंकि चौथे गुणस्थान तक तो इनकी अनुभाग उदीरणाकी देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारसे प्रवृत्ति देखी जाती है। मात्र पाँचवें गुणस्थानसे लेकर उसकी प्रवृत्ति देशघातिरूपसे ही होती है। इनकी अनुभाग उदीरणा एकस्थानीय तो बन नहीं सकती, क्योंकि अपूर्वकरण गुणस्थान तक ही इनकी उदय-उदीरणा होती है। अतः वह द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय होती है। देशसंयत गुणस्थानसे लेकर आगेके गुणस्थानोंमें तो वह देशघाति द्विस्थनीय ही होती है। मात्र पिछले चारों गुणस्थानोंमें वह यथासम्भव देशघाति और सर्वघाति दोनों प्रकारकी पाई जानेके कारण द्विस्थानीय, त्रिस्थानीय और चतुःस्थानीय तीनों

प्रकारकी सम्भव है। यहाँ यह स्पष्ट रूपसे जानना चाहिए कि प्रारम्भके चारों गुणस्थानों और सभी जीव-समासोंमें चार संज्वलन और नौ नोकषायोंकी यह अनुभाग उदीरणा देशघाति और सर्वघाति रूपसे दोनों प्रकारकी बन जाती है, क्योंकि संक्लेश और विशुद्धिरूप परिणामोंका ऐसा ही माहात्म्य है।

इस प्रकार संज्ञा और उसके अवान्तर भेदोंका तथा उच्चारणाके अनुसार उत्कृष्ट आदि अनुयोग-द्वारोंका निरूपण करनेके बाद चूर्णिसूत्रों द्वारा मिथ्यात्व आदि सभी कर्मोंकी उत्कृष्ट और जघन्य अनुभाग उदीरणाके स्वामित्वका विचार करते समय एक महत्त्वपूर्ण विषयकी चर्चा की गई है। बात यह है कि मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका स्वामी ऐसे मिथ्यादृष्टि जीवको बतलाया गया है जो सब पर्याप्तियों-से पर्याप्त है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला है। अब प्रश्न यह है कि उक्त जीवके यह उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाले जीवके ही होती है या अनुत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाले जीवके भी हो सकती है? यदि मात्र उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाले जीवके ही मानी जाती है तो जो जीव स्थावरकायिकोंमें से आकर त्रसोंमें उत्पन्न हुआ है उसके तो प्रारम्भमें उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मका सद्भाव बनेगा ही नहीं, उसके तो मात्र अनुत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्म ही होता है, क्योंकि वह द्विस्थानीय है। और संज्ञी पञ्चेन्द्रिय होकर ज्यों ही सत्कर्मकी उदीरणा करता है तब उसके चतुःस्थानीय अनुत्कृष्ट अनुभागकी ही बन्ध होता है। अब यदि इस चतुःस्थानीय अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकके उत्कृष्ट संक्लेश परिणाम नहीं माने जाते हैं तो वह कभी भी उत्कृष्ट अनुभागके बन्धके योग्य नहीं हो सकता, और जब वह उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंके अभावमें उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध ही नहीं करेगा तो वह उसके अभावमें उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणामोंका अविनाभावी उत्कृष्ट अनुभागका उदीरक कैसे हो सकेगा अर्थात् त्रिकालमें नहीं हो सकेगा। इसलिए यह सिद्ध हुआ कि—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

१. जो संज्ञी पञ्चेन्द्रिय चतुःस्थानीय अनुत्कृष्ट अनुभागका उदीरक है उसके भी उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणाम हो सकते हैं।

२. जब कि उसके उत्कृष्ट संक्लेशरूप परिणाम हो सकते हैं तो वह जहाँ उत्कृष्ट अनुभागका बन्ध कर सकता है वहाँ वह अनुत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्ममें से भी उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा कर सकता है। इतना अवश्य है कि यह अनुत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्म उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणाके योग्य होना चाहिए।

समग्र कथनका तात्पर्य यह है कि जो उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला या तत्प्रायोग्य अनुत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला उत्कृष्ट संक्लेश परिणामोंसे युक्त संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव है वह मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका स्वामी है। इसी प्रकार यथायोग्य सब प्रकृतियोंके भी उत्कृष्ट और जघन्य अनुभाग सत्कर्मके स्वामीका विचार चूर्णिसूत्रोंके अनुसार कर लेना चाहिए। इस विषयमें अन्य विशेष वक्तव्य नहीं होनेसे यहाँ अलगसे स्पष्टीकरण नहीं कर रहे हैं।

यहाँ हमने संज्ञा और स्वामित्व अनुयोगद्वारोंका संक्षेपमें स्पष्टीकरण किया है। इनके सिवाय अन्य जितने भी अनुयोगद्वार और भुजगारादि अधिकार हैं उन सबका स्पष्टीकरण इस अधिकारमें विस्तारसे किया ही गया है, इसलिए यहाँ उनका अलग-अलग स्पष्टीकरण नहीं किया है। इतना अवश्य है कि एक जीवकी अपेक्षा काल और अन्तर तथा अल्पबहुत्व इनका विचार जहाँ चूर्णिसूत्रोंमें किया गया है वहाँ इन सहित सभी अनुयोगद्वारोंका स्पष्ट खुलासा उच्चारणाके अनुसार किया गया है। मात्र एक जीवकी अपेक्षा अन्तर प्ररू-पणाका कथन करनेके बाद एक चूर्णिसूत्र अवश्य आया है जिसमें नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागा-भाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर, सन्निकर्ष और अल्पबहुत्व इन अधिकारोंकी सूचना मात्र की गई है। तथा २४ अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणाके समाप्त होनेके बाद एक चूर्णिसूत्र और है, जिसमें भुजगार, पद-निक्षेप और वृद्धि इन तीन अनुयोगद्वारों के जाननेकी सूचना की गई है।

४. मोहनीय प्रदेशउदीरणा

इसके बाद मोहनीय प्रदेश उदीरणाका प्रकरण प्रारम्भ होता है। इस प्रकरणमें मोहनीयके प्रदेशोंकी

उदीरणाका यथासम्भव अनुयोगद्वारोंका आलम्बन लेकर विस्तारसे विचार किया गया है। इस दृष्टिसे विचार करते हुए उसके मूलप्रकृति प्रदेश उदीरणा और उत्तर प्रकृति प्रदेश उदीरणा ये दो भेद किये गये हैं।

५. मूल प्रकृति प्रदेशउदीरणा

मार्गदर्शक :- अन्यत्र ~~अर्थपद और सूचितविशेष~~ सामान्य स्पर्श करते हुए चूर्णिसूत्रमें मात्र उसकी सूचना की गई है। इस सम्बन्धी समस्त विवरण उच्चारणाके अनुसार २३ अनुयोगद्वारों तथा भुजगार आदि अधिकारों द्वारा निबद्ध किया गया है। २३ अनुयोगद्वार वे ही हैं जिनका नाम निर्देश मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणाका परिचय कराते समय कर आये हैं। यहाँ यह बात विशेष रूपसे ध्यान देने योग्य है कि मोहनीय यह अप्रशस्त कर्म है, इसलिए जो तत्प्रायोग्य जीव इसकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करता है उसके इसकी प्रदेशउदीरणा प्रायः जघन्य होती है और जो जीव इसकी जघन्य अनुभाग उदीरणा करता है उसके इसकी प्रदेशउदीरणा उत्कृष्ट होती है। यह तथ्य इनके उत्कृष्ट और जघन्य स्वामित्व पर दृष्टिपात करनेसे भले प्रकार विदित हो जाता है। उदाहरणार्थ जो क्षपक सूक्ष्मसाम्परायिक जीव अपने कालमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर मोहनीयके जघन्य अनुभागकी उदीरणा करता है वही जीव मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंकी उदीरणा करता है। इसी प्रकार उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा और उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके विषयमें भी यथासम्भव जान लेना चाहिए। इसका कारण यह है कि जहाँ मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा उत्कृष्ट संक्लिष्ट तत्प्रायोग्य जीवके होती है वहाँ उसकी जघन्य अनुभाग उदीरणा क्षपकके अन्तिम अनुभाग उदीरणाके समय होती है। किन्तु इसके विपरीत जहाँ मोहनीयकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा क्षपकके अन्तिम प्रदेश उदीरणाके समय होती है वहाँ इसकी जघन्य प्रदेश उदीरणा सर्वसंक्लिष्ट या तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट मिथ्यादृष्टिके होती है।

प्रकृति उदीरणामें तो इस प्रकारसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्यका भेद है नहीं, इसीलिए उसकी प्ररूपणा करते समय इस अपेक्षासे विवेचन नहीं किया गया है। हाँ स्थिति उदीरणामें ये उत्कृष्टादि भेद अवश्य ही सम्भव हैं सो वहाँ इसके विचारका आधार कुछ भिन्न प्रकारका है। बात यह है कि मोहनीयकी उत्कृष्ट स्थिति उदीरणाका सम्बन्ध उत्कृष्ट स्थितिबन्धके साथ है। जो जीव मोहनीयका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वही जीव एक आवलि काल जाने पर उसकी उत्कृष्ट स्थितिका उदीरक होता है। उस समय वह उत्कृष्ट संक्लिष्ट है या नहीं यह विचार यहाँ मुख्य नहीं है। हाँ उसकी जघन्य स्थिति उदीरणाका स्वामी वही जीव है जो उसकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका स्वामी है। कारण स्पष्ट है। बात यह है क्षपकश्रेणिमें विशुद्धि वश जैसे अप्रशस्त प्रकृतियोंके अनुभागमें उत्तरोत्तर हानि होती जाती है उसी प्रकार सब कर्मोंकी स्थितिमें भी उत्तरोत्तर हानि होती जाती है। इसलिए जो सामान्यसे मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका स्वामी है वही जघन्य स्थिति उदीरणाका भी स्वामी है। किन्तु मोहनीयकी सभी उत्तर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति उदीरणाको प्राप्त करनेके लिए यह नियम नहीं लागू करना चाहिए। उसका कारण अन्य है, जिसका विशेष स्पष्टीकरण उत्तर प्रकृति प्रदेश उदीरणाका विवेचन करते समय करेंगे।

यह तो हम पहले ही बतला आये हैं कि मोहनीयकी प्रदेश उदीरणाका विवेचन जिन २३ अनुयोगद्वारों और भुजगार आदि अधिकारों द्वारा किया गया है उनका विशेष ऊहापोह उन उन अधिकारोंमें किया ही है, इसलिए वहाँसे जान लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ हम पृथक् पृथक् स्पष्टीकरण नहीं कर रहे हैं।

६. उत्तरप्रकृति प्रदेश उदीरणा

उत्तर प्रकृति प्रदेश उदीरणाका विचार भी पूर्वोक्त २४ अनुयोगद्वार और भुजगार आदि अधिकारोंके द्वारा किया गया है। यहाँ स्वामित्वके सम्बन्धमें विचार करते समय अनुभाग-प्रदेश उदीरणा सम्बन्धी जिन

तुलनात्मक विशेषताओंका उल्लेख मूल प्रकृति प्रदेश उदीरणाका स्पष्टीकरण करते समय कर आये हैं उनको यहाँ भी जान लेना चाहिए। इसी तथ्यको आगे कोष्ठक द्वारा स्पष्ट किया जाता है—

प्रकृति	उत्कृष्ट अनु० उदी० का स्वामी	जघन्य प्रदेश उदीरणाका स्वामी
मिथ्यात्व	उत्कृष्ट संक्लिष्ट संज्ञी पर्याप्त मिथ्यादृष्टि।	उत्कृष्ट संक्लिष्ट या ईषत् मध्यमपरिणाम-वाला संज्ञी मिथ्यादृष्टि
१६ कषाय	,, ,, ,,	,, ,, ,,
स्त्री-पुरुषवेद	सर्व संक्लिष्ट ८ वर्षका ऊँट।	,, ,, ,,
नपुंसकवेद, अरति शोक, भय, जुगुप्सा	सर्व संक्लिष्ट सातवें नरकका नारकी	,, ,, ,,
हास्य, रति	सर्व संक्लिष्ट शतार-सहस्रार कल्पका देव।	,, ,, ,,
सम्यक्त्व	सर्व संक्लिष्ट मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती असंयत सम्यग्दृष्टि।	सर्व संक्लिष्ट या ईषत् मध्यमपरिणाम-वाला मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टि।
सम्यग्मिथ्यात्व	सर्व संक्लिष्ट मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टि।	सर्व संक्लिष्ट या ईषत् मध्यम परिणाम-वाला मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टि।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

यह मोहनीयकी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा और जघन्य प्रदेश उदीरणाके स्वामीका ज्ञान करानेवाला कोष्ठक है। इससे स्पष्ट ज्ञात होता है कि जो मोहनीयकी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करता है प्रायः वही उनकी जघन्य प्रदेश उदीरणा करता है। यहाँ यद्यपि नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाके स्वामी अलग-अलग जीवोंको बतलाया है किन्तु ऐसा भेद उनकी जघन्य प्रदेश उदीरणाके स्वामियोंमें दृष्टिगोचर नहीं होता, पर इससे उक्त सामान्य नियमको स्वीकार करनेमें इसलिए अन्तर नहीं पड़ता, कारण कि जिनके स्त्रीवेद आदि नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है उनके भी उन नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा हो सकती है। इतना अवश्य है कि स्त्रीवेद आदि नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा सर्व संक्लिष्ट या ईषत् मध्यम परिणामवाले संज्ञी मिथ्यादृष्टि अन्य जीवोंके भी हो सकती है। एक विशेषता तो यह है और दूसरी विशेषता यह है कि सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सर्व संक्लिष्ट परिणाम वालेके ही होती है। जब कि जघन्य प्रदेश उदीरणा सर्व संक्लिष्ट परिणामवालेके होकर भी ईषत् मध्यम परिणामवालेके भी होती है।

यह तो मोहनीयकी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा और जघन्य प्रदेश उदीरणाके अधिकारी प्रायः कैसे समान हैं इसका विचार है। अब मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणा और उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा-के अधिकारी एक कैसे हैं इसका ज्ञान करानेके लिए दूसरा कोष्ठक देते हैं—

प्रकृति	ज० अनु० उदीरणाका स्वामी	उ० प्रदेश उदी० का स्वामी।
मिथ्यात्व	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टि।	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती मिथ्यादृष्टि।
सम्यक्त्व	जिसके दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलिकाल शेष है वह।	जिसके दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें एक समय अधिक एक आवलिकाल शेष है वह।
सम्यग्मिथ्यात्व	सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध सम्यग्मिथ्यादृष्टि।	सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध सम्यग्मिथ्यादृष्टि।

अनन्तानुबन्धी ४	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टि ।	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टि ।
अप्रत्याख्यान ४	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध असंयतसम्यग्दृष्टि ।	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध या ईषत् मध्यम परि-णामवाला असंयतसम्यग्दृष्टि ।
प्रत्याख्यान ४	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध संयतासंयत ।	संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समय-वर्ती सर्वविशुद्ध या ईषत् मध्यम परि-णामवाला संयतासंयत ।
संज्वलन ४ और तीन वेद	अपने-अपने वेदककालमें एक समय अधिक एक आवलिकाल शेष रहने पर क्षपकके ।	अपने-अपने वेदककालमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर क्षपकके ।
छह नोकषाय	क्षपक अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें ।	क्षपक अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें ।

ओघसे यह मोहनीयकी सब प्रकृतियोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा और उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके अधिकारीका ज्ञान करानेवाला कोष्टक है । इससे यह स्पष्ट ज्ञात हो जाता है कि जिस अवस्थासे युक्त जो-जो जीव मोहनीयकी मिथ्यात्व आदि प्रकृतियोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा करता है उसी अवस्थासे युक्त वही वही जीव उनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है । इस तथ्यको ठीक तरहसे समझनेके लिए उपशामना प्रकरण और क्षपणा प्रकरण पर सम्यक्रूपसे दृष्टिपात करना चाहिए । वहाँ बतलाया है कि अपूर्वकरणके प्रथम समयसे ही स्थितिकाण्डकघात, अप्रशस्त कर्मोंका अनुभागकाण्डकघात, गुणश्रेणि और गुणसंक्रम ये चार विशेषताएँ प्रारम्भ हो जाती हैं । अपूर्वकरणके प्रथम समयसे लेकर अन्तिम समय तक ये क्रियाएँ बराबर होती रहती हैं । इससे स्पष्ट है कि प्रत्येक समयमें वहाँ अप्रशस्त कर्मोंकी अनुभाग उदीरणा उत्तरोत्तर कम होती जाती है और प्रदेश उदीरणा बढ़ती जाती है । यही कारण है कि मिथ्यात्व आदि कर्मोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका जो जीव स्वामी होता है वही जीव उनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका भी स्वामी होता है । अर्थात् जो जीव मिथ्यात्व या अन्य कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा करता है वही जीव उस कर्मकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा भी करता है । यह नियम मोहनीय-के सब अवान्तर भेदों पर लागू होता है ।

यह तो अनुभाग उदीरणा और प्रदेश उदीरणाके सम्बन्धका विचार है । किन्तु मोहनीयके सब अवान्तर भेदोंकी उत्कृष्ट और जघन्य स्थिति उदीरणाका विचार भिन्न प्रकारका है । बात यह है कि जिनकी बन्धसे उत्कृष्ट स्थिति प्राप्त होती है उनकी तो उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होनेके एक आवलि बाद उत्कृष्ट स्थिति उदीरणा होती है और जो संक्रमसे उत्कृष्ट स्थितिवाली प्रकृतियाँ हैं उनकी संक्रमसे अपने-अपने योग्य उत्कृष्ट स्थितिको प्राप्त होनेके एक आवलि बाद उत्कृष्ट स्थिति उदीरणा सम्भव है । मात्र सम्यक्त्व और सम्य-ग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थिति उदीरणा ऐसे वेदक सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है जो मिथ्यादृष्टि मिथ्यात्वका उत्कृष्ट बन्ध कर उसका घात किये बिना अन्तर्मुहूर्तमें वेदक सम्यग्दृष्टि हो जाता है उसके दूसरे समयमें सम्यक्त्वकी और उसीके अन्तर्मुहूर्तमें सम्यग्मिथ्यादृष्टि हो जाने पर सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थिति-उदीरणा होती है । यह सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति उदीरणाका विचार है ।

जघन्य स्थिति उदीरणाके विषयमें ऐसा समझना चाहिए कि अनन्तानुबन्धी आदि बारह कषाय और छह नोकषाय इनकी जघन्य स्थिति उदीरणा एकेन्द्रिय जीवोंमें ही सम्भव है, अन्यत्र नहीं । कारण कि इनके उदयके साथ इनकी जघन्य स्थिति वहीं पर सम्भव है, अन्यत्र नहीं । मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, तीन वेद और चार संज्वलन इन कर्मोंकी जघन्य स्थिति उदीरणा एक स्थितिवाली यथासम्भव उपशमना या क्षपणाके समय बन जाती है । मात्र सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य स्थिति उदीरणा ऐसे सम्यग्मिथ्यादृष्टिके बनती है जो मिथ्यादृष्टि वेदक-प्रायोग्य जघन्य स्थिति सत्कर्मके साथ सम्यग्मिथ्यादृष्टि होकर उसके अन्तिम समयमें अवस्थित है ।

इस तुलनासे ज्ञात होता है कि उक्त प्रकारसे जो जीव मिथ्यात्व, तीन वेद और चार संज्वलनोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका और उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका स्वामी है वह तो इनकी जघन्य स्थिति उदीरणाका स्वामी हो ही सकता है, साथ ही अन्य प्रकारसे भी इन प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति उदीरणा बन जाती है। मात्र सम्यक्त्वकी जघन्य स्थिति उदीरणाका वही जीव स्वामी है जो इसकी जघन्य अनुभाग उदीरणा और उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका स्वामी है।

यह तुलनाके साथ सामान्यसे स्वामित्वका विचार है। इसी प्रकार अन्य सब प्ररूपणाका विचार कर लेना चाहिए। उसका विशेष विचार उस उस अनुयोगद्वारमें किया ही है, इसलिए यहाँ अलगसे ऊहापोह नहीं किया गया है।

७. चूलिका

कषायप्राभृतमें इस चूलिका अधिकारके पूर्व तक विभक्ति, संक्रम और वेदक इन महाधिकारोंका विवेचन हुआ है। इस चूलिका अधिकारका इन तीनोंसे सम्बन्ध है। इसमें मोहनीयकी २८ प्रकृतियोंके उदय, उदीरणा, बन्ध, संक्रम और सत्त्व इन पाँच पदोंका अवलम्बन लेकर अल्पबहुत्वका सविस्तर विचार किया गया है। यहाँ अन्य सब कथन तो सुगम है। मात्र उक्त पाँच पदोंके आश्रयसे जघन्य स्थिति अल्पबहुत्वका विचार करते हुए जो यत्स्थितिका निरूपण हुआ है वह अवश्य ही विचारणीय है। स्थिति दो प्रकारकी है— एक निषेकस्थिति और दूसरी कालस्थिति। कालकी अपेक्षा जहाँ जिस कर्मकी जो जघन्य स्थिति प्राप्त होती है उसकी यत्स्थिति संज्ञा है और वहाँ जितने निषेक हों तत्प्रमाण स्थिति हो निषेकस्थिति जाननी चाहिए। इस विषयका विशेष खुलासा हमने यथास्थान किया ही है।

विषय सूची

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विषय	पृ०
१. अनुभाग उदीरणा	
अनुभाग उदीरणा मूल गाथासूत्रानुसारी है इसकी सूचना पूर्वक उसके कथनकी प्रतिज्ञा	१
अन्य विषयमें अर्थ पदका निर्देश	२
अनुभाग प्ररूपणाका स्वरूप निर्देश	२
उसके समर्थन में आगमप्रमाण	२
जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण	३
स्पर्धकोंका अपकर्षण नहीं होता इस बातका निर्देश	३
शेष सब स्पर्धकोंका अपकर्षण होता है, इसका निर्देश	४
अनुभाग उदीरणाके दो भेदों का निर्देश	४
२. मूलप्रकृति अनुभाग उदीरणा	
मूलप्रकृति अनुभाग उदीरणामें २३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	४
संज्ञाके दो भेदोंका निर्देश	४
घाति संज्ञाके दो भेद	४
उत्कृष्ट घातिसंज्ञा	४
जघन्य घातिसंज्ञा	५
स्थान संज्ञाके दो भेद	५
उत्कृष्ट स्थान संज्ञा	५
जघन्य स्थान संज्ञा	५
सर्व उदीरणा-नो सर्वउदीरणा	६
सादी आदि ४	६
स्वामित्व-उत्कृष्ट और जघन्य	७
एक जीव की अपेक्षा काल-उत्कृष्ट और जघन्य	८
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर—उत्कृष्ट और जघन्य	१०
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	१३
भागाभागानुगम	१३
परिमाण—उत्कृष्ट और जघन्य	१४
क्षेत्र—उत्कृष्ट और जघन्य	१४
स्पर्शन—उत्कृष्ट और जघन्य	१५
काल—उत्कृष्ट और जघन्य	१८
अन्तर—उत्कृष्ट और जघन्य	१९
भावानुगम	१९
अल्पबहुत्व-उत्कृष्ट और जघन्य	२०
भुजगार	
१३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	२०
समुत्कीर्तना	२०
स्वामित्व	२०
एक जीवकी अपेक्षा काल	२१
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	२१
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	२३
भागाभाग	२३
परिमाण	२४
क्षेत्र	२४
स्पर्शन	२४
काल	२५
अन्तर	२६
भाव	२७
अल्पबहुत्व	२७
पदनिक्षेप	
३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	२७
समुत्कीर्तना—उत्कृष्ट और अघन्य	२७
स्वामित्व-उत्कृष्ट और जघन्य	२७
अल्पबहुत्व-उत्कृष्ट और जघन्य	२९
वृद्धि	
१३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	३०
समुत्कीर्तना	३०
स्वामित्व	३०
काल	३०
अन्तर	३१
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३२
भागाभाग	३२
परिमाण	३३
क्षेत्र	३३
स्पर्शन	३३
काल	३४

विषय	पृ०
अन्तर	३५
भाव	३५
अल्पबहुत्व	३५
अनुभाग उदीरणास्थान	३६

३. उत्तर प्रकृति अनुभाग उदीरणा

उसमें २४ अनुयोगद्वार और भुजगार आदि की सूचना	३६
संज्ञा उसके दो भेद	३७
दोनों संज्ञाओंका एक साथ सकारण निरूपण	३७
सर्व-नोसर्व उदीरणा	४५
उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट उदीरणा	४५
जघन्य-अजघन्य उदीरणा	४५
सादि आदि ४	४५
स्वामित्व-उत्कृष्ट और जघन्य	४५
उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाले और अनुत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मवाले दोनोंके होती है इसका ऊहापोह	४७
सर्वत्र उत्कृष्ट संक्लेशसे बहुत अनुभागकी हानि नहीं होती उसका खुलासा	४९
मनुष्यगति और देवगतिमें उत्कृष्ट वैदरूप संक्लेश नहीं होता इसका सप्रमाण समर्थन	५१
सम्यग्मिथ्यादृष्टि संयमको सीधा प्राप्त नहीं होता इसका सप्रमाण समर्थन	५४
एक जीवकी अपेक्षाकाल-उत्कृष्ट और जघन्य	६२
अनुभागबन्धाध्यवसाय स्थानोंकी दृष्टिसे उत्कृष्ट संक्लेशसे च्युत हुआ जीव एक समयके अन्तरसे पुनः उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाला हो सकता है इसका सप्रमाण समर्थन	६५
एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकाल—उत्कृष्ट और जघन्य	७४
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय आदि शेष अनुयोग द्वारोंके कथन करनेकी चूर्णि-सूत्र द्वारा मात्र सूचना	८७
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय—उत्कृष्ट और जघन्य	८७
भागाभाग—उत्कृष्ट और जघन्य	८८
परिमाण—उत्कृष्ट और जघन्य	८९
क्षेत्र—उत्कृष्ट और जघन्य	९१
स्पर्शन—उत्कृष्ट और जघन्य	९१
काल—उत्कृष्ट और जघन्य	९८
अन्तरकाल—उत्कृष्ट और जघन्य	१०१
सन्निकर्ष—उत्कृष्ट और जघन्य	१०५
अल्पबहुत्व—उत्कृष्ट और जघन्य	१२३

भुजगार

भुजगारके विषयमें १३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	१३५
समुत्कीर्तना	१३५
स्वामित्व	१३६
एक जीवकी अपेक्षा काल	१३७
एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकाल	१३८
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	१४६
भागाभाग	१४५
परिमाण	१४५
क्षेत्र	१४६
स्पर्शन	१४६
काल	१४९
अन्तरकाल	१५१
भाव	१५३
अल्पबहुत्व	१५३

पदनिक्षेप

पदनिक्षेपके विषयमें ३ अनुयोगद्वारों की सूचना	१५५
समुत्कीर्तना—उत्कृष्ट और जघन्य	१५५
स्वामित्व—उत्कृष्ट और जघन्य	१५६
अल्पबहुत्व—उत्कृष्ट और जघन्य	१६२

वृद्धि

इसमें १३ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	१६३
समुत्कीर्तना	१६३
स्वामित्व	१६४
एक जीवकी अपेक्षा काल	१६५
एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकाल	१६६
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंग विचय	१६८
भागाभाग	१६९
परिमाण	१७०
क्षेत्र	१७०
स्पर्शन	१७०
काल	१७१
अन्तरकाल	१७५
भाव	१७७

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विषय	पृ०
अल्पबहुत्व	१७७
स्थानप्ररूपणा	१८०
४. प्रदेश उदीरणा	
प्रदेश उदीरणाके दो भेद	१८१
मूलप्रदेश उदीरणा	
मूल प्रकृति प्रदेश उदीरणाके २३ अनुयोग द्वारोंकी सूचना	१८१
समुत्कीर्तना—उत्कृष्ट, जघन्य	१८१
सर्व-नोसर्व उदीरणा	१८२
उत्कृष्ट-अनुत्कृष्ट उदीरणा	१८२
जघन्य-अजघन्य उदीरणा	१८२
सादि आदि ४	१८२
स्वामित्व—उत्कृष्ट, जघन्य	१८३
काल—उत्कृष्ट, जघन्य	१८४
अन्तर—उत्कृष्ट, जघन्य	१८७
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय—उत्कृष्ट, जघन्य	१९०
भागाभाग—उत्कृष्ट, जघन्य	१९१
परिमाण—उत्कृष्ट, जघन्य	१९२
क्षेत्र—उत्कृष्ट, जघन्य	१९३
स्पर्शन—उत्कृष्ट, जघन्य	१९४
काल—उत्कृष्ट, जघन्य	१९७
अन्तर—उत्कृष्ट, जघन्य	१९८
भाव	२००
अल्पबहुत्व उत्कृष्ट, जघन्य	२००
भुजगारप्रदेश उदीरणा	
१३ अनुयोग द्वारोंकी सूचना	२००
समुत्कीर्तना	२००
स्वामित्व	२०१
एक जीवकी अपेक्षा काल	२०१
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर	२०२
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	२०३
भागाभाग	२०४
परिमाण	२०४
क्षेत्र	२०५
स्पर्शन	२०५
काल	२०६
अन्तर	२०६
भाव	२०७
अल्पबहुत्व	२०७
पदनिक्षेप और वृद्धिको जाननेकी सूचना	२०८
उत्तरप्रदेश उदीरणा	
समुत्कीर्तनादि २४ अनुयोगद्वारोंकी सूचना	२०८
समुत्कीर्तना—उत्कृष्ट जघन्य	२०८
सर्वउदीरणा आदि ६ अनुयोगद्वारोंके जाननेकी सामान्य सूचना	२०९
सादि आदि ४ अनुयोग द्वार	२०९
स्वामित्व—उत्कृष्ट, जघन्य	२०९
एक जीवकी अपेक्षा काल उत्कृष्ट, जघन्य	२२३
एक जीवकी अपेक्षा अन्तर उत्कृष्ट, जघन्य	२३९
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय उत्कृष्ट, जघन्य	२५४
भागाभाग उत्कृष्ट, जघन्य	२५४
परिमाण उत्कृष्ट, जघन्य	२५५
क्षेत्र उत्कृष्ट, जघन्य	२५७
स्पर्शन उत्कृष्ट, जघन्य	२५७
काल उत्कृष्ट, जघन्य	२६६
अन्तर उत्कृष्ट, जघन्य	२७०
सन्निकर्ष उत्कृष्ट, जघन्य	२७४
भाव	२८८
अल्पबहुत्व उत्कृष्ट, जघन्य	२८८
चूर्णिसूत्र और उच्चारणामें आनेवाले मतभेदका समाधान	२९३
भुजगारप्रदेश उदीरणा	
समुत्कीर्तना	३०१
स्वामित्व	३०२
एक जीवोंकी अपेक्षा काल	३०२
,, ,, अन्तर	३०३
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	३०९
भागाभाग	३१०
परिमाण	३११
क्षेत्र-स्पर्शके जानेकी सूचना	३११
काल	३१२

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विषय	सं०
अन्तर	३१३
भाव	३१६
अल्पबहुत्व	३१६
पदनिक्षेप और वृद्धिके जाननेकी सूचना	३१७
वेदक अनुयोगद्वारकी दूसरी गाथाके उत्तरार्धका विषयनिर्देश	३१८
वेदक अनुयोगद्वाराकी तृतीय गाथा भुजागार उदीरणासे प्रतिबद्ध है इसकी सूचना	३१८
वेदक अनुयोगद्वारकी चौथी गाथाका विषयनिर्देश	३२०
बन्धादि पाँच पदोंके प्रकृति आदि चारकी अपेक्षा उत्कृष्टका उत्कृष्टके साथ और जघन्यका जघन्यके साथ अल्पबहुत्वसूचन	३२१
प्रकृतिकी अपेक्षा बन्धादि पाँच पदोंका अल्पबहुत्व	३२२
स्थितिकी अपेक्षा बन्धादि पाँच पदोंका अल्पबहुत्व	३२४
अनुभागकी अपेक्षा बन्धादि पाँच पदोंका अल्पबहुत्व उत्कृष्ट	३३९
,, जघन्य	३४१
प्रदेशोंकी अपेक्षा पाँच पदोंका अल्पबहुत्व	३४८



मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सिरि-जइवसहाइरियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

क सा य पा हु डं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

वेदगो णाम सत्तमो अत्थाहियारो

* 'को व केय अणुभागे' त्ति अणुभागउदीरणा कायव्वा ।

§ १. को व केय अणुभागे त्ति वेदगमहाहियारपडिबद्धविदियगाहाए विदिया-

---

* 'को व केय अणुभागे' इस सूत्र वचनके अनुसार अनुभाग उदीरणा का कथन करना चाहिए ।

§ १. 'को व केय अणुभागे' यह वेदक महाधिकारसे सम्बन्धित दूसरी गाथाका

वयवभूदं जमत्थपदं तमवलंबणं कादूणाणुभागउदीरणा इदाणिं विहासियव्वा त्ति भणिदं होइ । संपहि अणुभागुदीरणाए सरूवविसेसजाणावणट्ठमट्ठपदं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं
मार्गदर्शक:—आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* तत्थ अट्ठपदं ।

§ २. तत्थाणुभागुदीरणावसरे अट्ठपदं ताव कस्सामो । किमट्ठपदं णाम ? जत्तो सोदाराणं पयदत्थविसए सम्ममवगमो समुप्पज्जइ तमट्ठस्स वाचयं पदमट्ठपदमिदि भण्णदे ।

* तं जहा ।

* अणुभागा पयोगेण ओकड्डियूण उदये दिज्जंति सा उदीरणा ।

§ ३. एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे—अणुभागा मूलुत्तरपयडीणमणंतभेयभिण्ण-फद्दयवग्गणाविभागपलिच्छेदसरूवा पयोगेण परिणामविसेसेण ओकड्डियूण अणंतगुण-हीणसरूवेण जमुदए दिज्जंति सा उदीरणा णाम । कुदो ? 'अपक्कपाचनमुदीरणे त्ति' वचनात् । तदो अणुभागुदीरणा ओकड्डणाविणाभाविणि त्ति कट्टु ओकड्डणाविसयमेत्थ किंचि अत्थपदं परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

दूसरा अवयवभूत अर्थपद है । उसका अवलम्बन कर इस समय अनुभाग उदीरणाका व्याख्यान करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब अनुभाग उदीरणा के स्वरूप विशेषका ज्ञान करानेके लिए अर्थपद की प्ररूपणा करते हुए आगेके सूत्र प्रबन्धको कहते हैं—

* उस विषयमें यह अर्थपद है ।

§ २. यहाँ अनुभाग उदीरणाके अवसर पर सर्वप्रथम अर्थपदका कथन करते हैं ।

शंका—अर्थपद किसे कहते हैं ?

समाधान—जिससे श्रोताओंको प्रकृत अर्थके विषयमें सम्यक् ज्ञान उत्पन्न होता है अर्थके वाचक उस पदको अर्थपद कहते हैं ।

* यथा—

* प्रयोगवश अनुभाग अपकर्षित कर उदयमें दिये जाते हैं वह उदीरणा है ।

§ ३. अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं—मूल और उत्तर प्रकृतियोंके अनन्त भेदोंको प्राप्त स्पर्धक, वर्गणा और अविभागप्रतिच्छेदस्वरूप अनुभाग प्रयोग वश अर्थात् परिणाम विशेषके कारण अपकर्षित कर अनन्तगुण हीनरूपसे जो उदयमें दिये जाते हैं उसकी उदीरणा संज्ञा है, क्योंकि अपक्वपाचनको उदीरणा कहते हैं ऐसा आगमवचन है । इसलिए अनुभाग उदीरणा अपकर्षणकी अविनाभाविनी है ऐसा समझकर यहाँ अपकर्षणाविषयक थोड़ेसे अर्थपदका प्ररूपण करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** तत्थ जं जिस्से आदिफद्दयं तं ण ओकड्डिज्जदि ।**

§ ४. कुदो ? तत्तो हेट्ठा अणुभागफद्दयाणमसंभवादो ।

*** एवमणंताणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति ।**

§ ५. कुदो ? णिरुद्धफद्दयादो हेट्ठा जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेवमेत्तफद्दएहिं विणा ओकड्डणाए संभवाणुवलंभादो ।

*** केत्तियाणि ? जत्तिगो जहण्णगो णिक्खेवो जहण्णिया च अइच्छावणा तत्तिगाणि ।**

§ ६. अणंताणि फद्दयाणि ण ओकड्डिज्जंति त्ति पुव्वसुत्ते परूविदं । ताणि केत्तियाणि त्ति पुच्छिदे जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेवमेत्ताणि त्ति तेसिं पमाणणिद्देसो कदो । एवमेदेण सुत्तेण जहण्णाइच्छावणा-णिक्खेवमेत्ताणं फद्दयाणमोकड्डणा णत्थि त्ति पदुप्पाइय संपहि एत्तो उवरिमफद्दयाणमोकड्डणाए पडिसेहो णत्थि त्ति पदुप्पा- यणट्ठमुत्तरं सुत्तमाह—

*** आदीदो पहुडि एत्तियमेत्ताणि फद्दयाणि अइच्छिदूण तं फद्दय- मोकड्डिज्जदि ।**

*** वहाँ जो जिस कर्म प्रकृतिका आदि स्पर्धक है उसका अपकर्षण नहीं होता ।**

§ ४. क्योंकि उससे नीचे अनुभाग स्पर्धकोंका होना असम्भव है ।

*** इसी प्रकार अनन्त स्पर्धक नहीं अपकर्षित होते ।**

§ ५. क्योंकि विवक्षित स्पर्धकसे नीचे जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपमात्र स्पर्धकोंके बिना अपकर्षण होना सम्भव नहीं है ।

*** वे (अपकर्षणके अयोग्य स्पर्धक) कितने हैं ? जितना जघन्य निक्षेप है और जघन्य अति स्थापना है उतने हैं ।**

§ ६. अनन्त स्पर्धक नहीं अपकर्षित होते हैं यह पूर्व सूत्रमें कहा है । वे कितने हैं ऐसा पूछने पर वे जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेप प्रमाण हैं, इस प्रकार इस सूत्र द्वारा उनका प्रमाणनिर्देश किया है । इस प्रकार इस सूत्रद्वारा जघन्य अतिस्थापना और जघन्य निक्षेपप्रमाण स्पर्धकोंका अपकर्षण नहीं होता ऐसा कथन करके अब इनसे ऊपरके स्पर्धकोंमें अपकर्षणका प्रतिषेध नहीं है इसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** आदि स्पर्धकसे लेकर इतने स्पर्धकोंको उल्लंघन कर जो स्पर्धक हैं उसका अपकर्षण होता है ।**

§ ७. सुगमं

*** तेण परमपडिसिद्धम् ।**

§ ८. सुगमं

*** एदेण अट्ठपदेण अणुभागुदीरणा दुविहा—मूलपयडिअणुभागउदीरणा च उत्तरपयडिअणुभागउदीरणा च ।**

§ ९. एदेणाणंतरपरूविदेण अट्ठपदेण जा अणुभागउदीरणा अहिकीरदे सा दुविहा होइ मूलुत्तरपयडिविसयाणुभागुदीरणाभेदेण । तत्थ ताव मूलपयडिअणुभागुदीरणा पुव्वं विहासियव्वा त्ति परूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

*** एत्थ मूलपयडिअणुभागउदीरणा भाणियव्वा ।**

§ १०. संखेवरुइसत्ताणुग्गहट्ठमेदं सुत्तं पयट्टं । तदो एदस्स वित्थारपरूवणमुच्चारणाहरियोवएसबलेण पयासइस्सामो । सं जहा—मूलपयडिअणुभागुदीरणाए तत्थ इमाणि तेवीसमणियोगद्दाराणि—सण्णा सव्वुदीरणा जाव अप्पाबहुए त्ति । भुजगारो पदणिक्खेवो वड्ढिउदीरणा चेदि ।

§ ११. तत्थ सण्णा दुविहा—घादिसण्णा ठाणसण्णा च । घादिसण्णा दुविहा—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । अणुगमो ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क०

§ ७. यह सूत्र सुगम है ।

*** उससे आगे प्रतिषेध नहीं है ।**

§ ८. यह सूत्र सुगम है ।

*** इस अर्थपदके अनुसार अनुभाग उदीरणा दो प्रकारकी है—मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणा और उत्तर प्रकृति अनुभाग उदीरणा ।**

§ ९. पूर्वमें कथित इस अर्थपदके द्वारा जो अनुभाग उदीरणा अधिकृत की गई है वह मूल और उत्तर प्रकृतिविषयक अनुभाग उदीरणाके भेदसे दो प्रकारकी है । उसमें सर्वप्रथम मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणाका व्याख्यान करना चाहिए इसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** यहाँ मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणा का व्याख्यान करना चाहिए ।**

§ १०. संक्षेप रुचिवाले जीवोंका अनुग्रह करनेके लिए यह सूत्र प्रवृत्त हुआ है । इसलिए इसका विस्तारसे कथन करनेके लिए उच्चारणाचार्यके उपदेशके बलसे उसका प्रकाशन करते हैं । यथा—मूल प्रकृति अनुभाग उदीरणाके विषयमें वे २३ अनुयोगद्वार हैं—संज्ञासे लेकर अल्पबहुत्वतक तथा भुजगार, पदनिक्षेप और वृद्धि उदीरणा ।

§ ११. उनमें से संज्ञा दो प्रकार की है—घाति संज्ञा और स्थान संज्ञा । घातिसंज्ञा दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है—निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और

सव्वघादी। अणुक्क० सव्वघादी वा देसघादी वा। एवं मणुसतिए। सेसगदीसु उक्क० अणुक्क० सव्वघादी। एवं जाव०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १२. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० देसघादी०। अजह० देसघादी वा सव्वघादी वा। एवं मणुसतिए। सेसगदीसु जह० अजह० अणुभागुदी० सव्वघादी। एवं जाव०।

§ १३. ठाणसण्णा दुविहा—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० चउट्ठाणिया। अणुक्क० चउट्ठाणिया वा तिट्ठाणिया० दुट्ठाणिया० एयट्ठाणिया वा। एवं मणुसतिए। आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अणुभागुदी० चउट्ठाणिया। अणुक्क० अणुभागु० चउट्ठा० तिट्ठाणिया० विट्ठाणिया वा। एवं सव्वणेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा भवणादि जाव सहस्सारा त्ति। आणदादि सव्वट्ठा त्ति मोह० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० विट्ठाणिया। एवं जाव।

§ १४. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० एगट्ठाणिया। अजह० एगट्ठा० बिट्ठा० तिट्ठा० चउट्ठाणिया

आदेश। ओघसे मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सर्वघाति है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सर्वघाति है और देशघाति है। इसीप्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। शेष गतियोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सर्वघाति है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ १२. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा देशघाति है। अजघन्य अनुभाग उदीरणा देशघाति है और सर्वघाति है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। शेष गतियोंमें जघन्य और अजघन्य अनुभाग उदीरणा सर्वघाति है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ १३. स्थानसंज्ञा दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय है, त्रिस्थानीय है, द्विस्थानीय है और एकस्थानीय है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा चतुःस्थानीय है, त्रिस्थानीय है और द्विस्थानीय है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए। आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मोहनीयकर्मकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा द्विस्थानीय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ १४. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा एकस्थानीय है। अजघन्य अनुभाग उदीरणा

वा। एवं मणुसतिए। आदेसेण णेर० मोह० जह० विट्ठाणि०। अजह० विट्ठाणि० तिट्ठा० चउट्ठा०। एवं सव्वणेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुस-अपज्ज०-देवा भवणादि जाव सहस्सारा त्ति। आणदादि सव्वट्ठा त्ति जह० अजह० अणुभागुदी० विट्ठाणिया। एवं जाव०।

§ १५. सव्वुदीरणा-णोसव्वुदीरणा उक्क० उदी० अणुक्क० उदी० जह० उदी० अजह० उदी० अणुभागविहत्तिभंगो।

§ १६. सादि०-अणादि०-धुव०-अद्धुवाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण उक्क० अणुक्क० जह० अणुभागुदी० किं सादि० ४? सादि० अद्धुवा। अजह० अणुभागु० किं सादि ४? सादिया वा अणादिया वा धुवा वा अद्धुवा वा। आदेसेण सव्वगदीसु उक्क० अणुक्क० जह० अजह० अणुभागुदी० किं सादि० ४? सादि० अद्धुवा०। एवं जाव०।

एकस्थानीय है, द्विस्थानीय है, त्रिस्थानीय है और चतुःस्थानीय है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा द्विस्थानीय है। अजघन्य अनुभाग उदीरणा द्विस्थानीय है, त्रिस्थानीय है और चतुःस्थानीय है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए। आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जघन्य और अजघन्य अनुभाग उदीरणा द्विस्थानीय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ १५. सर्वउदीरणा और नोसर्व अनुभाग उदीरणाकी अपेक्षा उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा, अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा और अजघन्य अनुभाग उदीरणाका भंग अनुभाग विभक्ति के समान है।

§ १६. सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव अनुभाग उदीरणाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट और जघन्य अनुभाग उदीरणा क्या सादि है, अनादि है, ध्रुव है या अध्रुव है? सादि और अध्रुव है। अजघन्य अनुभाग उदीरणा क्या सादि है, अनादि है, ध्रुव है या अध्रुव है? सादि है, अनादि है, ध्रुव है और अध्रुव है। आदेशसे सब गतियोंमें उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य अनुभाग उदीरणा क्या सादि है, अनादि है, ध्रुव है या अध्रुव है? सादि और अध्रुव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला जो जीव उत्कृष्ट संक्लेश परिणामसे मोहनीयकी अनुभाग उदीरणा कर रहा है उसके उस समय मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है। यतः यह कादाचित्क है, इसलिए इसे तथा इस पूर्वक होनेवाली अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाको ओघसे सादि और अध्रुव कहा है। क्षपकश्रेणिमें सकषाय जीवके एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणा होती है, इसलिए ओघसे इसे भी सादि और अध्रुव कहा है। किन्तु इसके पूर्व एक तो अनादि कालसे अजघन्य अनुभाग उदीरणा पाई जाती है, दूसरे उपशमश्रेणिसे गिरनेवाले जीवके यह सादि

§ १७. सामित्ताणु० दुविहो०—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० उक्कस्साणुभागसंतकम्मियस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स तस्स उक्क० अणुभागुदी० । एवं चदुगदीसु । णवरि पंचिं०-तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० मणुसस्स वा मणुसिणीए वा पंचिं० तिरिक्खजोणियस्स वा उक्कस्साणुभागं बंधिऊण अपज्जत्तएसु उवज्जिय तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । आणदादि उवरिमगेवज्जा त्ति मोह० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० जो दव्वलिंगी तप्पाओग्गउक्कस्साणुभागसंतकम्मिओ अप्पप्पणो देवेसु उववज्जिऊण तप्पाओग्गसंकिलिट्ठो जादो तस्स । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति मोह० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्ण० जो वेदयसम्माइट्ठी तप्पाओग्गउक्कस्साणुभागसंतकम्मिओ अप्पप्पणो देवेसु उववण्णो तस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । एवं जाव० ।

§ १८. जहण्णए पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० जहण्णाणु-भागुदी० कस्स० ? अण्णद० खवगस्स समयाहियावलियसकसायिस्स ।

होती है । साथ ही अभव्योंके ध्रुव और भव्योंके वह अध्रुव होती है, इसलिए ओघसे मोहनीयकी अजघन्य अनुभाग उदीरणा सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव चारों प्रकारकी कही है । शेष कथन सुगम है ।

§ १७. स्वामित्वानुयोगद्वार दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? जो अन्यतर उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला जीव उत्कृष्ट संक्लेशसे युक्त है उसके मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? जो अन्यतर मनुष्य या मनुष्यिनी या पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिक जीव उत्कृष्ट अनुभाग बाँधकर अपर्याप्तकोंमें उत्पन्न हो तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामोंसे युक्त है उसके मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है । आनत कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंमें मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला जो अन्यतर जीव अपने-अपने योग्य देवोंमें उत्पन्न होकर तत्प्रायोग्य संक्लेशपरिणामोंसे युक्त है उसके मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला जो अन्यतर वेदकसम्यग्दृष्टि जीव अपने-अपने योग्य देवोंमें उत्पन्न हुआ तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाले उस जीवके मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ १८. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? जिस सकषाय जीवके क्षपक

एवं मणुसतिए। आदेसेण णेरइय० मोह० जह० अणुभागुदी० कस्स० ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स। एवं सव्वणेरइय-सव्वदेवाणं। तिरिक्खेसु मोह० जह० अणुभागुदी० कस्स० ? अण्णद० संजदासंजदस्स सव्वविसुद्धस्स। एवं पंचिंदिय-तिरिक्खतिए। पंचि० तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० जह० अणुभागुदी० कस्स० ? अण्णद० तप्पाओग्गविसुद्धस्स। एवं जाव०।

§ १९. कालो दुविहो—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० केव० ? जह० एगस०, उक्क० बेसमया। अणुक्क० जह० एगस० उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं तिरिक्खा।

श्रेणिमें एक समय अधिक एक आवलिकाल शेष है उस अन्यतर जीवके मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा होती है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि सर्वविशुद्ध नारकीके होती है। इसी प्रकार सब नारकी और सब देवोंमें जानना चाहिए। तिर्यञ्चोंमें मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर संयतासंयत सर्वविशुद्ध तिर्यञ्चके होती है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीय कर्मकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर तत्प्रायोग्य विशुद्ध उक्त जीवोंके होती है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

§ १९. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीय कर्मके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—उत्कृष्ट संक्लेशका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। इसलिए यहाँ मोहनीय कर्मकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल दो समय कहा है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जघन्य काल एक समय इसलिए है, क्योंकि जो जीव उत्कृष्ट अनुभागबन्धके योग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामसे परिणमकर उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करके परिणाम वश एक समय तक अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करता है उसके मोहनीय कर्मकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जघन्य काल एक समय पाया जाता है। यद्यपि उत्कृष्ट संक्लेशसे प्रतिभग्न हुआ जीव अन्तर्मुहूर्त हुए बिना पुनः उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त नहीं होता ऐसा नियम है। परन्तु अनुभागबन्धाध्यवसान स्थानोंमें इस प्रकारका नियम नहीं है, इसलिए यहाँ अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जघन्य काल एक समय बन जाता है। इसका उत्कृष्टकाल असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर अनन्त काल है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि संज्ञी पञ्चेन्द्रियोंके योग्य उत्कृष्ट संक्लेशके बिना इतने काल तक एकेन्द्रियोंमें परिभ्रमण देखा जाता है। तिर्यञ्चोंमें यह ओघप्ररूपणा अविकल घटित हो जाती है, इसलिए उनमें ओघके समान जाननेकी सूचना की है। आगे आदेशप्ररूपणाको भी उक्त नियमोंको ध्यानमें रखकर

§ २०. आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अणुभागु० जह० एयस०, उक्क० बे समया। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमं। एवं सव्वणेरइय०। णवरि सगट्ठिदी। पंचिंदियतिरिक्खतिय-मणुसतियम्मि मोह० उक्क० अणुभागु० जह० एयस०, उक्क० बे समया। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० बे समया। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। देवेसु मोह० उक्क० जह० एगस० उक्क० बे समया। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो०। एवं सव्वदेवाणं। णवरि सगट्ठिदी। एवं जाव।

§ २१. जह० पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जहण्णाणुभाग० जह० उक्क० एगस०। अजह० तिण्णि भंगा। जो सो सादिओ सपज्जवसिदो जह० अंतोमु०। उक्क० उवड्ढपोग्गल०। मणुसतिये मोह० जह० अणुभाग० जह० उक्क० एगस०। अजह० जह० एग० उक्क० सगट्ठिदी। सेसगदीसु

घटित कर लेना चाहिए। मात्र अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाके उत्कृष्ट कालको अपनी-अपनी गतिके उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रखकर घटित कर लेना चाहिए। अन्य कोई विशेषता न होनेसे यहाँ हम उसका अलगसे निर्देश नहीं कर रहे हैं।

§ २०. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीय कर्मके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक और मनुष्यत्रिकमें मोहनीय कर्मके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल अपनी-अपनी स्थिति प्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागर है। इसी प्रकार सब देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ २१. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभाग उदीरकके तीन भंग हैं। उनमेंसे जो सादि-सान्त भंग है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्टकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके जघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है। अजघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थिति प्रमाण है।

---

१ ता० प्रतौ जह० उक्क० इति पाठः।

उक्कस्सभंगो। एवं जाव०।

§ २२. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्कस्साणुभागुदी० अंतरं जह० एगस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०।

शेषगतियोंमें उत्कृष्टके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणा क्षपकश्रेणिमें सकषाय भावके एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर एक समय तक होती है, इसलिए इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। जो जीव उपशमश्रेणिपर आरोहणकर अन्तर्मुहूर्त कालके बाद पुनः क्षपकश्रेणिपर आरोहण करता है उसके मोहनीयकी अजघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्यकाल अन्तर्मुहूर्त देखा जाता है और जो जीव उपशम श्रेणिसे उतरते हुए अजघन्य अनुभाग उदीरणाका प्रारम्भकर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक अजघन्य अनुभाग उदीरणा ही करता रहता है उसके कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन काल तक अजघन्य अनुभाग उदीरणा देखी जाती है, इसलिए ओघसे इसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण कहा है। मनुष्यत्रिकमें मोहनीयकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट एक समय काल ओघके समान ही घटित कर लेना चाहिए। अजघन्य अनुभाग उदीरणाके कालमें विशेषता है। बात यह है कि मनुष्यत्रिकमें से कोई एक जीव उपशम श्रेणिपर चढ़ा। पुनः वहाँसे उतरते हुए एक समय तक उसने मोहनीय कर्मकी अजघन्य अनुभाग उदीरणा की। इसके बाद मर कर वह देव हो गया। इस प्रकार इस तथ्यको ध्यानमें रखकर मनुष्यत्रिकमें मोहनीयकी अजघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्य काल एक समय कहा। उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थिति प्रमाण है यह स्पष्ट ही है। शेष गतियोंमें जैसे उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट काल घटित कर आये हैं उसी प्रकार जघन्य और अजघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट काल घटित कर लेना चाहिए।

§ २२. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर है। अनुत्कृष्ट अनुभागउदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—पहले ओघसे मोहनीयकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जो जघन्य और उत्कृष्ट काल बतला आये हैं वही यहाँ उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका क्रमसे जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल जानना चाहिए। तथा ओघसे मोहनीयकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा अपने स्वामित्वको देखते हुए कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त कालके अन्तरसे हो यह सम्भव है, इसलिए यहाँ उसका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। खुलासा इस प्रकार है कि मोहनीयकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करनेवाला जो जीव एक समय तक उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करके एक समयके बाद पुनः अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करने लगा उसके तो मोहनीयकी अनुत्कृष्ट

§ २३. आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अंतरं केव० ? जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० बे समया । एवं सव्वणेरइय० । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । तिरिक्खेसु मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस० उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० बे समया । पंचिंदियतिरिक्खतिये मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । अणुक्क० जह० एयस० । उक्क० बे समया । एवं मणुसतिए । णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० बे समया । देवेसु मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० अट्ठारससागरो० सादिरेयाणि । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० बे समया । एवं भवणादि जाव सव्वट्ठा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । एवं जाव० ।

मार्गदर्शक अनुभाग उदीरणाकी सूचित्वसमासकालहाएक समय प्राप्त होता है तथा अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करनेवाला जो जीव उपशमश्रेणिपर आरोहण कर और वहाँसे उतरकर पुनः अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा करने लगता है उसके अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होता है।

§ २३. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका अन्तरकाल कितना है ? जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तिर्यञ्चोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनके बराबर है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकों में मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। देवों में मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागर है। अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ २४. जह० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० णत्थि अंतरं । अज० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । एवं मणुसतिए । णवरि अजह० जह० उक्क० अंतोमु० ।

§ २५. आदेसेण सव्वणेरइय०-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्ज० उक्कस्सभंगो । देवेसु मोह० जह० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अजह० अणुक्कस्सभंगो । एवं भवणादि जाव सव्वट्ठा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । तिरिक्खेसु मोह० जह० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । अजह० जह० एगस०, उक्क० बे समया । एवं जाव० ।

विशेषार्थ—ओघसे मोहनीयकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका जो अन्तरकाल बतला आये हैं वह मनुष्यत्रिकमें बन जानेसे उस प्रकार घटित कर लेना चाहिए । सामान्यसे देवोंमें उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध बारहवें स्वर्ग तक ही सम्भव है, इसलिए उनमें मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागर कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ २४. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभाग उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अजघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—अजघन्य अनुभाग उदीरणा करनेवाला जो जीव उपशमश्रेणिपर चढ़कर और एक समयके लिए उसका अनुदीरक होकर दूसरे समयमें मरकर देव हो जाता है उसके मोहनीयकी अजघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय बन जानेसे वह उक्त काल प्रमाण कहा है । इसका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है । कारण कि उपशमश्रेणिमें इसका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त देखा जाता है । मनुष्यत्रिकमें इसका जघन्य अन्तर एक समय नहीं बनता । इसलिए इनमें मोहनीयकी अजघन्य अनुभाग उदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ २५. आदेशसे सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्कृष्टके समान भंग है । देवोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है । अजघन्य अनुभाग उदीरकका भंग अनुत्कृष्टके समान है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । तिर्यञ्चोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । अजघन्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ २६. णाणाजीवेहि भंगविचओ दुविहो जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्कस्साणु० सिया सव्वे अणुदीरगा, सिया अणुदीरगा च उदीरगो च, सिया अणुदीरगा च उदीरगा च । अणुक्कस्सियाए अणुभागुदी० सिया सव्वे उदीरगा, सिया उदीरगा च अणुदीरगो च, सिया उदीरगअणुदीरगा च । एवं चदुगदीसु [णवरि मणुसअपज्ज० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० अट्ठ भंगा । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं । एवं जाव० ।

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २७. भागाभागाणु० दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० सव्वजी० केवडिओ भागो ? अणंतभागो । अणुक्क० अणुभागुदी० अणंता भागा । एवं तिरिक्खा० । आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अणुभागुदी० सव्वजी० केव० ? असंखे० भागो । अणुक्क० असंखेज्जा भागा । एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुस-मणुसअपज्ज०-देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति । मणुसपज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवा मोह० उक्क० अणुभागुदी०

विशेषार्थ—अपने-अपने जघन्य अनुभाग उदीरणाके स्वामित्वको जानकर यह अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए । विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ हम उसका अलगसे स्पष्टीकरण नहीं कर रहे हैं ।

§ २६. नाना जीवोंकी अपेक्षा भंग विचय दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाके कदाचित् सब जीव अनुदीरक हैं, कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और एक जीव उदीरक है तथा कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और नाना जीव उदीरक हैं । अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाके कदाचित् सब जीव उदीरक हैं, कदाचित् नाना जीव उदीरक हैं और एक जीव अनुदीरक है तथा कदाचित् नाना जीव उदीरक हैं और नाना जीव अनुदीरक हैं । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्कृष्ट तथा अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाकी अपेक्षा आठ भंग होते हैं । इसी प्रकार जघन्यकी अपेक्षा भी जानना चाहिए । इस प्रकार अनाहारक मार्गणा तक ले जाना चाहिए ।

§ २७. भागाभागानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? अनन्तवें भागप्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव अनन्त बहुभाग प्रमाण हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव असंख्यात बहुभाग प्रमाण हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सामान्य मनुष्य, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भाग प्रमाण हैं ? संख्यातवें भाग प्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट अनुभागके

सव्वजी० केव० ? संखे०भागो । अणुक्क० अणुभागुदी० संखेज्जा भागा । एवं जाव० । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ २८. परिमाणं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० केत्तिया ? असंखेज्जा[1] । अणुक्क० के० ? अणंता । एवं तिरिक्खा० । आदेसेण णेरइय० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० केत्ति० ? असंखेज्जा । एवं सव्वणेर०—सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०—देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति । मणुसेसु मोह० उक्क० अणुभागुदी० केत्तिया ? संखेज्जा । अणुक्क० अणुभागुदी० केत्ति० ? असंखेज्जा । मणुसपज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवा मोह० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० केत्ति० संखेज्जा । एवं जाव० ।

§ २९. जहण्णए पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० केत्ति० ? संखेज्जा । अजह० के० ? अणंता । चदुगदीसु उक्कस्सभंगो । एवं जाव० ।

§ ३०. खेत्ताणु० दुविहं—जह० उक्क० । उक्क० पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण उक्क० अणुभागुदी० केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखे० भागे ।

सर्वार्थसिद्धिके देव तक जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार जघन्य भी ले जाना चाहिए।

§ २८. परिमाण दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव तथा भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्योंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ २९. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। चारों गतियोंमें उत्कृष्टके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ३०. क्षेत्रानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका

---

१ ता० प्रतौ संखेज्जा इति पाठः ।

अणुक्क० सव्वलोगे। एवं तिरिक्खा०। सेसगदीसु मोह० उक्क० अणुक्क० केवडि० लोग० असंखे० भागे। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं।

§ ३१. पोसणं दुविहं-जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० केवडि खेत्तं पोसिदं? लोग० असंखे० भागो अट्ठ-तेरह चोद्दस भागा। अणुक्कस्स० सव्वलोगो वा

आचार्यरत्न श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३२. आदेसेण णेरइय० मोह० उक्क० अणुक्क० लोगस्स असंखेभागो छ चोद्दस०। एवं विदियादि सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तं। तिरिक्खेसु मोह० उक्क० अणुभागुदी० केव० खेत्तं पो०? लोग० असंखे० भागो छ चोद्दस०। अणुक्क० सव्वलोगो। एवं पंचिं० तिरिक्खतिये। णवरि अणुक्क० लोग० असंखे० भागो सव्वलोगो वा। पंचिं० तिरिक्खपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे० भागो सव्वलोगो वा।

कितना क्षेत्र है? सर्वलोक प्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। शेष गतियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इसी प्रकार जघन्यको भी जानना चाहिए।

§ ३१. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम तेरह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—यहाँ नीचे कुछ कम छह राजु और ऊपर कुछ कम सात राजु मिलाकर त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम तेरह राजु स्पर्शन ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका जान लेना चाहिए। उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका शेष दो प्रकारका जो स्पर्शन बतलाया है वह सुगम है।

§ ३२. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरीसे लेकर सातवीं पृथ्वी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए। प्रथम पृथ्वीमें क्षेत्रके समान भंग है। तिर्यञ्चोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट अनुभाग के उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३३. मणुसतिए मोह० उक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे० भागो। अणुक्क० लोग० असंखे० भागो सव्वलोगो वा। देवेसु मोह० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस० दे०। एवं भवणादि जाव अच्चुदा त्ति। णवरि सगपोसणं। उवरि खेत्तभंगो। एवं जाव०।

§ ३४. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० लोग० असंखे० भागो। अजह० केवडि० पोसिदं? सव्वलोगो। आदेसेण णेरइय० मोह० जह० अणुभागुदी० केव० पोसिदं? लोग० असंखे० भागो। अजह० लोग० असंखे० भागो छ चोद्दस०। एवं बिदियादि जाव सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तं। तिरिक्खेसु मोह० जह० अणुभागुदी० लोग० असंखे०

विशेषार्थ—सामान्यसे नारकियोंका मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग प्रमाण स्पर्शन बन जानेके कारण इनमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका उक्त स्पर्शन कहा है। इसी प्रकार तिर्यञ्चत्रिकमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंकी अपेक्षा स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ ३३. मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोक प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर अच्युत कल्पतकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए। आगे क्षेत्रके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ सर्वत्र अपने-अपने स्वामित्व और स्पर्शनको जानकर यह स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। अन्य कोई विशेषता न होनेसे अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है।

§ ३४. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए। पहली पृथिवीमें क्षेत्रके समान भंग है। तिर्यञ्चोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके

भागो छ चोद्दस०, अजह० सव्वलोगो। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिए। णवरि अजह० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा।

§ ३५. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-सव्वमणुस० जह० खेत्तं। अजह० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। देवेसु मोह० जह० अणुभागुदी० लोग० असंखे०-भागो अट्ठचोद्दस०। अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस०। एवं सोहम्मी-साण०। भवण०-वाणवें०-जोदिसि० मोह० जह० लोग० असंखे०भागो अद्धट्ठ अट्ठ चोद्दस०। अजह० लोग० असंखे०भागो अद्धट्ठ अट्ठ णव चोद्दस०। सणक्कुमारादि जाव सहस्सार त्ति मोह० जह० अजह० अणुभागुदी० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस०। आणदादि अच्चुदा त्ति जह० अजह० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। उवार खेत्तभंगो। एव जावं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च-त्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—यहाँ अपने-अपने स्वामित्वको देखते हुए सामान्य तिर्यञ्चों और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण बन जानेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ३५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और सब मनुष्योंमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पमें जानना चाहिए। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें मोहनीयके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आनत कल्पसे लेकर अच्युत कल्पतकके देवोंमें मोहनीयके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आगे क्षेत्रके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ २६. कालो दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० केवचिरं ? जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अणुक्क० सव्वद्धा । एवं चदुगदीसु । णवरि मणुसतिए मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । अणुक्क० सव्वद्धा । एवं सव्वट्ठे । मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । एवं जाव० ।

§ २७. जह० पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । अजह० सव्वद्धा । एवं मणुसतिए । सेसगदीसु उक्कस्सभंगो । एवं जाव० ।

---

§ २६. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका काल सर्वदा है । इसीप्रकार सर्वार्थसिद्धिमें जानना चाहिए । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिक और सर्वार्थसिद्धिके देव संख्यात हैं । इसलिए इनमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक नाना जीवोंका उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है, क्योंकि अन्तर्मुहूर्त सन्तानकी अपेक्षा इनमें नाना जीव यदि निरन्तर उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करें तो उस कालका जोड़ संख्यात समय ही होगा । ओघसे और आदेशसे शेष गतियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक नाना जीव असंख्यातसे अधिक नहीं हो सकते, इसलिए इनमें उक्त न्यायके अनुसार उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक नाना जीवोंका उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । मनुष्य अपर्याप्त यह सान्तर मार्गणा है, इसलिए इसमें मोहनीयके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक नाना जीवोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे उक्त कालप्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ २७. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । शेष गतियोंमें उत्कृष्टके समान भंग है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ३८. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्क० पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं। एवं चदुगदीसु। णवरि मणुसअपज्ज० अणुक्क० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। एवं जाव०।

§ ३९. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० छम्मासं। अजह० णत्थि अंतरं। एवं मणुसतिए। णवरि मणुसिणी० वासपुधत्तं। सेसगदीसु उक्कस्सभंगो। एवं जाव०।

§ ४०. भावाणु० सव्वत्थ ओदइओ भावो।

विशेषार्थ—अधिकसे अधिक संख्यात जीव ही क्षपक श्रेणिमें पाये जाते हैं, इसलिए नाना जीव यदि लगातार मोहनीयके जघन्य अनुभागकी उदीरणा करें तो उस कालका कुल योग संख्यात समय ही होगा, इसलिए ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरकोंका उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ३८. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ जो मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण बतलाया है, उसका इतना ही तात्पर्य है कि यदि नाना जीव निरन्तर उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा न करें तो उक्त काल तक नहीं करते। इतने कालके बाद एक या नाना जीव नियमसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक हो जाते हैं। शेष कथन सुगम है।

§ ३९. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। अजघन्य अनुभागके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यनियोंमें जघन्य अनुभागके उदीरकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। शेष गतियोंमें उत्कृष्टके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—क्षपक श्रेणिका उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना प्रमाण होनेसे यहाँ ओघसे तथा मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक नाना जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना कहा है। मात्र कोई भी मनुष्यिनी जीव यदि क्षपकश्रेणि पर आरोहण न करे तो अधिकसे-अधिक वर्षपृथक्त्वकाल तक नहीं करता ऐसा नियम है, इसलिए इसमें मोहनीयके जघन्य अनुभागके उदीरक नाना जीवोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्व प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ४०. भावानुगमकी अपेक्षा सर्वत्र औदयिक भाव है।

§ ४१. अप्पाबहुआणु० दुविहो—जहण्ण० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण सव्वत्थोवा मोह० उक्क० अणुभागुदी० । अणुक्क० अणुभागुदी० अणंतगुणा । एवं तिरिक्खा० । आदेसेण णेरइय० सव्वत्थोवा मोह० उक्क० अणुभागुदी० । अणुक्क० अणुभागुदी० असंखे०गुणा । एवं सव्वणेरइय०-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुस-मणुसअपज्ज०-देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति । मणुसपज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवा सव्वत्थो० मोह० उक्क० अणुभागुदी० । अणुक्क० अणुभागुदी० संखेज्जगुणा । एवं जाव० । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ ४२. भुजगारउदीरणाए तत्थ इमाणि तेरस अणियोगद्दाराणि—समुक्कित्तणा जाव अप्पाबहुए त्ति । समुक्कित्तणाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अत्थि भुज०-अप्प०-अवट्ठि-अवत्त० । एवं मणुसतिए । आदेसेण णेरइय० अत्थि भुज०-अप्प०-अवट्ठि० । एवं सव्वणेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेवा त्ति । एवं जाव० ।

§ ४३. सामित्ताणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण भुज-अप्प०-अवट्ठि० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठिस्स वा । अवत्त० कस्स ? अण्णद० उवसामगस्स परिवदमाणगस्स पढमसमयदेवस्स वा । एवं मणुसतिए । णवरि पढमसमय-

§ ४१. अल्पबहुत्वानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव अनन्तगुणे हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सामान्य मनुष्य, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव संख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । इसी प्रकार जघन्यका भी कथन करना चाहिए ।

§ ४२. भुजगार उदीरणाका प्रकरण है । उसमें ये तेरह अनुयोगद्वार होते हैं—समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक । समुत्कीर्तनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव हैं । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । आदेशसे नारकियोंमें भुजगार, अल्पतर और अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव हैं । इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें जानना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ४३. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित अनुभागकी उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि या मिथ्यादृष्टिके होती है । अवक्तव्य उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर गिरनेवाले उपशामकके या उपशामकके मरने पर प्रथम समयवर्ती देवके होती है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना

देवस्से त्ति ण भाणिदव्वं। आदेसेण णेरइय० भुज-अप्प०-अवट्ठि० ओघं। एवं सव्व-णेरइय-तिरिक्खतिय-देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज०-अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सव्वपदा कस्स? अण्णद०। एवं जाव।

§ ४४. कालाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०-अप्प० जह०[1] एयस०, उक्क० अंतोमु०। अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० संखेज्जा समया। अवत्त० जह० उक्क० एगस०। आदेसेण णेरइय० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० ओघं। एवं सव्वणेरइय०—सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०—सव्वदेवा त्ति। मणुसतिये ओघं। एवं जाव०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४५. अंतराणु० दु० णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० भुज०-अप्प०

चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें 'प्रथम समयवर्ती देवके होती है' यह नहीं कहलाना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकी, तिर्यञ्चत्रिक, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त तथा नौ अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सब पद किसके होते हैं? अन्यतरके होते हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

§ ४४. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार और अल्पतर अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित अनुभागके उदीरकका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अवक्तव्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। आदेशसे नारकियोंमें भुजगार, अल्पतर और अवस्थित अनुभागके उदीरकका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्यत्रिकमें ओघके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—कोई एक जीव यदि मोहनीयके अनुभागकी भुजगार और अल्पतर उदीरणा करता है तो परिणामप्रत्यय वश कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तकाल तक करता है, इसलिए इन पदोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। मात्र अवस्थित उदीरणा अधिकसे अधिक संख्यात समय तक ही हो सकती है, इसलिए इस पदका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय कहा है। अवक्तव्य उदीरणा उपशमश्रेणिसे उतरते समय एक समय तक ही होती है या उपशमश्रेणिमें मोहनीयका अनुदीरक होकर मरकर देव होने पर प्रथम समयमें एक समय तक होती है, इसलिए इसकी अपेक्षा जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है। यह ओघसे कालका विचार है। इसी प्रकार यथासम्भव गति मार्गणाके अवान्तर भेदोंमें जान लेना चाहिए।

§ ४५. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके भुजगार और अल्पतर उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट

---

१. आ० प्रतौ भुज० जह० इति पाठः।

जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । एवं तिरिक्खेसु । णवरि अवत्त० णत्थि ।

§ ४६. आदेसेण णेरइय० भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सव्वणेरइय० । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । पंचिंदियतिरिक्खतिये भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठि० दे० । पंचिं०तिरिक्खअपज्ज० मणुसअपज्ज० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । मणुसतिए पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । देवेसु भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं भवणादि जाव सव्वट्ठा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । एवं जाव० ।

मार्गदर्शक :

अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है ।

विशेषार्थ—प्रत्येक जीवके मोहनीयकी भुजगार और अल्पतर उदीरणा कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे नियमसे होती रहती है, इसलिए इन पदोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कहा है । किन्तु अवस्थित पद यदि न हो तो अधिकसे अधिक असंख्यात लोकप्रमाण काल तक नहीं होता, इसलिए अवस्थित उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है । तथा एक जीवकी अपेक्षा उपशम श्रेणिके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर अवक्तव्य उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण कहा है । तिर्यञ्चोंमें उपशम श्रेणिका होना सम्भव नहीं, इसलिए इनमें अवक्तव्य उदीरणाका निषेध किया है ।

§ ४६. आदेशसे नारकियोंमें भुजगार और अल्पतर उदीरणाका भंग ओघके समान है । अवस्थित उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरप्रमाण है । इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें भुजगार और अल्पतर उदीरणाका भंग ओघके समान है । अवस्थित उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें भुजगार, अल्पतर और अवस्थित उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है । मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है । देवोंमें भुजगार और अल्पतर उदीरणाका भंग ओघके समान है । अवस्थित उदीरणाका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ४७. णाणाजीवेहि भंगविचयाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णियमा अत्थि, सिया एदे च अवत्तव्वगो च, सिया एदे च अवत्तव्वगा च। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्तव्वं णत्थि। आदेसेण णेरइय० भुज०-अप्प० णियमा अत्थि, सिया एदे च अवट्ठिदगो च, सिया एदे च अवट्ठिदगा च। एवं सव्वणेरइय०-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख०-सव्वदेवा त्ति। मणुसतिये भुज०-अप्प० णिय० अत्थि, सेसपदा भयणिज्जा। मणुसअपज्ज० सव्वपदा भयणिज्जा। एवं जाव०।

§ ४८. भागाभागाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०उदी० सव्वजी० केव० भागो? दुभागो सादि०। अप्प० दुभागो देसूणो। अवट्ठि० असंखे०-भागो। अवत्त० अणंतभागो। एवं सव्वणेरइय०-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति। णवरि अवत्त० णत्थि। एवं सव्वट्ठे। णवरि अवट्ठि० संखे० भागो। मणुसेसु भुज० दुभागो सादिरे०। अप्प० दुभागो देसू०। अवट्ठि०—अवत्त०

विशेषार्थ—यहाँ सर्वत्र, यथायोग्य अपनी-अपनी कायस्थिति और भवस्थितिको जानकर अवस्थित उदीरणाका उत्कृष्ट अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ ४७. नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचयानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवक्तव्य पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवक्तव्य पदके उदीरक जीव हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरक जीव नहीं हैं। आदेशसे नारकियोंमें भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवस्थित पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवस्थित पदके उदीरक जीव हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्यत्रिकमें भुजगार और अल्पतरपदके उदीरक जीव नियमसे हैं, शेष पद भजनीय हैं। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब पद भजनीय हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

§ ४८. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार पदके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतरपदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवक्तव्य पदके उदीरक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव तथा भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जान लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवस्थित पदके उदीरक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। मनुष्योंमें भुजगार पदके उदीरक जीव साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्य पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनु

असंखे०भागो। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु। णवरि संखेज्जं कायव्वं। एवं जाव०।

§ ४९. परिमाणाणु० दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केत्तिया? अणंता। अवत्त० केत्तिया? संखेज्जा। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि। आदेसेण णेरइय० सव्वपदा केत्ति०? असंखेज्जा। एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा जाव अवराइदा त्ति। मणुसेसु अवत्त० केत्ति०? संखेज्जा। सेसपदा केत्ति०? असंखेज्जा। मणुसपज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवा० सव्वपदा० केत्ति०? संखेज्जा। एवं जाव०।

§ ५०. खेत्ताणु० दुवि० णि०-ओघे० आ०। ओघेण भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केव० खेत्ते०? सव्वलोगे। अवत्त० लोगस्स असंखे०। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि। सेसगदीसु सव्वपदा० केव०? लोगस्स असंखे०। एवं जाव०।

§ ५१. पोसणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०-अप्प०-अवट्ठि० केवडि० पोसिदं? सव्वलोगो। अवत्त० केवडि० पोसिदं? लोग० असंखे०भागो। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि।

नियनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि असंख्यातवें भागके स्थानमें संख्यातवां भाग करना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ४९. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थितपदके उदीरक जीव कितने हैं? अनन्त हैं। अवक्तव्य पदके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरक जीव नहीं हैं। आदेशसे नारकियोंमें सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्योंमें अवक्तव्यपदके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५०. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके उदीरक जीवोंका कितना क्षेत्र है? सर्वलोकप्रमाण क्षेत्र है। अवक्तव्य पदके उदीरक जीवोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। शेष गतियोंमें सब पदोंके उदीरक जीवोंका कितना क्षेत्र है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५१. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित अनुभागके उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवक्तव्य अनुभागके उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है।

§ ५२. आदेसेण णेरइय० सव्वपद० केवडि० पोसिदं ? लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति । णवरि सगपोसणं । पढमाए खेत्तं । सव्वपंचिं०तिरिक्ख-मणुसअपज्ज० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा । एवं मणुसतिये । णवरि अवत्त० लोग० असंखे०भागो । देवेसु सव्वपद० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस० । एवं सोहम्मीसाणेसु । भवण०-वाण०-जोदिसि० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो अद्धट्ठा वा अट्ठ णव चोद्दस० । सणक्कुमारादि जाव सहस्सारे त्ति सव्वपद० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । आणदादि जाव अच्चुदा त्ति सव्वपद० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । उवरि खेत्तं । एवं जाव० ।

§ ५३. कालाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अवत्त० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । सेसपदा० सव्वद्धा । आदेसेण णेरइय० भुज०-अप्प० सव्वद्धा । अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । एवं

---

§ ५२. आदेशसे नारकियोंमें सब पदोंके उदीरक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतना विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए। पहली पृथिवीमें क्षेत्रके समान भंग है। सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब पदोंके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवोंमें सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें जानना चाहिए। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन भाग, कुछ कम आठ भाग और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आनतसे लेकर अच्युत कल्पतकके देवोंमें सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। ऊपर क्षेत्रके समान भंग है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—स्पर्शन विषयक स्पष्टीकरण सुगम है, इसलिए अलगसे खुलासा नहीं किया है। तात्पर्य यह है कि जहाँ जो स्पर्शन है उसे ध्यानमें रखकर स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए।

§ ५३. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। शेष पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है। आदेशसे नारकियोंमें भुजगार और अल्पतर पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च,

सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-देवा[1] भवणादि जाव अवराइदा त्ति। तिरिक्खा० सव्वपदा० सव्वद्धा। मणुसेसु णारयभंगो। णवरि अवत्त० जह० एयस०, उक्क संखेज्जा समया। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणी०। णवरि संखेज्जं कादव्वं। एवं सव्वट्ठे। णवरि अवत्त० णत्थि। मणुसअपज्ज० भुज०-अप्प० जह० एयस०, उक्क पलिदो० असंखे०-भागो। अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं जाव०।

§ ५४. अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णत्थि अंतरं। अवत्त० जह० एयस०, उक्क० वासपुधत्तं। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि। आदेसेण णेरइय० भुज०-अप्प० णत्थि अंतरं। अवट्ठि० जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा। एवं सव्वणेरइय-सव्वपंचिंदिय-तिरिक्ख-सव्वदेवा त्ति। मणुसतिये णारयभंगो। णवरि अवत्त० ओघं। मणुसअपज्ज०

देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। तिर्यञ्चोंमें सब पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है। मनुष्योंमें नारकियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि आवलिके असंख्यातवें भागके स्थानमें संख्यात समय कहना चाहिए। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ एक जीवकी अपेक्षा काल और ओघ तथा आदेशसे अपने-अपने परिमाणको जानकर नाना जीवोंकी अपेक्षा कालका विचार कर लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है।

§ ५४. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्यपद नहीं है। आदेशसे नारकियोंमें भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्यत्रिकमें नारकियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अव-

---

१ आ० ता०प्रत्योः तिरिक्खतिय देवा इति पाठः।

भुज०-अप्प० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। एवं जाव।

§ ५५. भावाणुगमेण सव्वत्थ ओदइओ भावो।

§ ५६. अप्पाबहुआणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० अणंतगुणा। अप्प० असंखे०गुणा। भुज० विसेसा०। एवं सव्व-णेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति। णवरि अवत्त० णत्थि। मणुसेसु सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० असंखे०गुणा। अप्प० असंखे०गुणा। भुज० विसेसा०। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणी०। णवरि संखेज्जगुणं कायव्वं। एवं सव्वट्ठे। णवरि अवत्त० णत्थि। एवं जाव०।

§ ५७. पदणिक्खेवे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि—समुक्कित्तणा सामित्तं अप्पाबहुए त्ति। समुक्कित्तणं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० अत्थि उक्क० वड्ढी हाणी अवट्ठा०। एवं चदुगदीसु। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं। एवं जाव।

§ ५८. सामित्ताणु० दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०-

---

स्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५५. भावानुगमकी अपेक्षा सर्वत्र औदयिक भाव है।

§ ५६. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अवक्तव्य पदके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थितपदके उदीरक जीव अनन्तगुणे हैं। उनसे अल्पतर पदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारपदके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। मनुष्योंमें सबसे स्तोक अवक्तव्य पदके उदीरक जीव हैं। उनसे अवस्थित पदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतरपदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे भुजगारपदके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५७ पदनिक्षेपका प्रकरण है। उसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व। समुत्कीर्तना दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान अनुभागके उदीरक जीव हैं। इसी प्रकार चारों गतियोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार जघन्यको भी जान लेना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५८. स्वामित्वानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है।

ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो उक्कस्साणुभागसंतकम्मि० उक्कस्ससंकिलेसं गदो, तदो उक्कस्साणुभागमुदीरिदो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० देवो उक्कस्साणुभागमुदीरेमाणो मदो एइंदिओ जादो, तदो तस्स पढमसमयउदीरगस्स उक्क० हाणी। उक्क० अवट्ठाणं कस्स ? अण्णद० उक्कस्साणुभागमुदीरेमाणो तप्पाओग्गजहण्णयमुदीरिदो तस्स से काले उक्क० अवट्ठा०।

§ ५९. आदेसेण णेरइय० उक्क० वड्ढी ओघं। उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० उक्क० अणुभागमुदीरेमाणो तप्पाओग्गविसोहीए पडिभग्गो तस्स उक्क० हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं। एवं सव्वणेरइय०-सव्वतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेवा त्ति। णवरि पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज०-आणदादि सव्वट्ठा त्ति तप्पाओग्गसंकिलेसो भाणियव्वो। एवं जाव०।

आगमज्ञानी आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ६०. जहण्णए पयदं। दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो उवसमसेढीदो ओदरमाणगो विदियसमयउदीरगो तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स ? अण्णद० खवगस्स समयाहियावलियसकसायस्स तस्स जह० हाणी। जह० अवट्ठाण० कस्स ? अण्ण० अधापवत्तसंजदस्स अणंतभागेण वड्ढिदूणावट्ठिदस्स तस्स जह० अवट्ठाणं। एवं मणुसतिये।

निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागके सत्कर्मवाला जो जीव उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ, उसके बाद उसने उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा की ऐसा जीव उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर देव मरा और एकेन्द्रिय हो गया, तदनन्तर प्रथम समयमें उदीरणा करनेवाला वह जीव उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर जीव तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागकी उदीरणा करने लगा वह तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है।

§ ५९. आदेशसे नारकियोंमें उत्कृष्ट वृद्धिका भंग ओघके समान है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर नारकी तत्प्रायोग्य विशुद्धिसे प्रतिभग्न हुआ वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें तत्प्रायोग्य संक्लेश कहना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ६०. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे उतरनेवाला जो अन्यतर जीव द्वितीय समयमें उदीरक है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक एक समय अधिक एक आवलि कालके शेष रहने पर सकषायभावसे स्थित है वह जघन्य हानिका स्वामी है। जघन्य अवस्थानका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर अधः

§ ६१. आदेसेण णेरइय० मोह० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स तप्पाओग्गअणंतभागेण वड्ढिऊण वड्ढी, हाइदूण हाणी, एगदरत्थावट्ठाणं। एवं सव्व-णेरइय०-सव्वदेवा०। तिरिक्खेसु मोह० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णद० संजदासंजदस्स तप्पाओग्गअणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एगदरत्थावट्ठाणं। एवं पंचिंदिय-तिरिक्खतिए। पंचिं०तिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० जह० वड्ढी कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गअणंतभागेण वड्ढिदूण वड्ढी हाइदूण हाणी एगदरत्थमवट्ठाणं। एवं जाव०।

§ ६२. अप्पाबहुआणु० दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वत्थोवा मोह० उक्क० वड्ढी। उक्क० अवट्ठाणं विसे०। उक्क हाणी विसे०। आदेसेण णेरइय० सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी। हाणी अवट्ठा० दो वि सरिसा विसेसा०। एवं सव्वणेरइय०-सव्वतिरिक्ख०-सव्वमणुस-सव्वदेवा त्ति। एवं जाव०।

§ ६३. जह० पयदं। दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० सव्वत्थोवा जह० हाणी। जह० वड्ढी अणंतगुणा। जह० अवट्ठा० विसे० [illegible] एवं जाव०

प्रवृत्तसंयत जीव अनन्तवें भाग वृद्धि करके अवस्थित है वह जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए।

§ ६१. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर सम्यग्दृष्टि नारकी तत्प्रायोग्य अनन्तवें भागरूपसे वृद्धि करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है, उतनी ही हानि करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एक जगह अवस्थान होने पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार सब नारकी और सब देवोंमें जानना चाहिए। तिर्यञ्चोंमें मोहनीयकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर संयतासंयत जीव अनन्तवें भागरूपसे वृद्धि करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है, उतनी ही हानि करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंसे किसी एक जगह अवस्थान होने पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर तत्प्रायोग्य अनन्तवें भागरूपसे वृद्धि करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है, उतनी ही हानि करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है तथा इनमेंमें किसी एक जगह अवस्थान होने पर जघन्य अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ६२. अल्पबहुत्वानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है। उससे उत्कृष्ट अवस्थान विशेष अधिक है। उससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है। आदेशसे नारकियोंमें उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है। उससे उत्कृष्ट हानि और अवस्थान दोनों ही समान होकर विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देवोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ६३. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी जघन्य हानि सबसे स्तोक है। उससे जघन्य वृद्धि अनन्तगुणी है। उससे जघन्य

मणुसतिये । आदेसेण णेरइय० जह० वड्ढी हाणी अवट्ठाणाणि तिण्णि वि सरिसाणि । एवं सव्वणेरइय०-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेवा त्ति । एवं जाव० ।

§ ६४. वड्ढिअणुभागुदीरणाए तत्थ इमाणि तेरस अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्तणा जाव अप्पाबहुए त्ति । समुक्कित्तणाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण अत्थि छवड्ढि-छहाणि-अवट्ठि०-अवत्त०अणुभागुदी० । एवं मणुसतिए । एवं चेव सव्व-णेरइय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेवा त्ति । णवरि अवत्त० णत्थि । एवं

आठ वर्षसे पूर्व सर्वोत्कृष्ट वेदरूप संक्लेश नहीं होता है इस बातका ज्ञान करानेके लिए उसके विशेषणरूपसे 'अष्टवर्षजात' यह वचन दिया है । करभके ही स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है इस बातका कथन करनेके लिए 'करभस्य' यह वचन दिया है । उसके भी उत्कृष्ट संक्लेशसे परिणत अवस्थाके होनेपर ही उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा होती है इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'सर्वसंक्लिष्टस्य' यह कहा है । इसलिए इस प्रकारके जीवके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है यह सिद्ध हुआ ।

*** नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ ११६. यह सूत्र सुगम है ।

*** सातवीं पृथिवीमें सबसे अधिक संक्लेश परिणामवाले जीवके होती है ।**

§ ११७. यहाँ सातवीं पृथिवीमें इन कर्मोंके उत्कृष्ट स्वामित्वके विधान करनेका अभिप्राय कहते हैं । यथा—ये प्रकृतियाँ अत्यन्त अप्रशस्तस्वरूप हैं, क्योंकि ये एकान्तसे दुःखके उत्पादन करनेकी स्वभाववाली हैं । इसलिए इनकी उदीरणाका सातवीं पृथिवीमें ही उत्कृष्ट स्वामित्व

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अण्णस्स[1] दुक्खणिहाणस्स तिहुवणभवणब्भंतरे कहिं पि अगुवलंभादो । तदुदीरणाकारण-बज्झदव्वाणं पि असुहयराणं तत्थेव बहुलं संभवोवलंभादो ।

*** हस्स-रदीणमुक्कस्साणुभागउदीरणा कस्स ?**

११८. सुगमं ।

*** सदार-सहस्सारदेवस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स ।**

११९. कुदो ? सदार-सहस्सारदेवेसु रागबहुलेसु हस्स-रदिकारणाणं बहूणमुवलंभादो । णेदमसिद्धं, उक्कस्सेण छम्मासमेत्तकालं तत्थ हस्स-रदीणमुदयो होदि त्ति परमागमोवएसबलेण सिद्धत्तादो । एवमोघेण उक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

१२०. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो । तं जहा—सामित्तं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । तत्थोघणिद्देसो जइ वि सुत्तसंबद्धो परूविदो, तो वि मंदबुद्धीणं सुहावगमणट्ठं ओघादो वत्तइस्सामो । ओघेण मिच्छ०-सोलसक० उक्कस्साणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० उक्कस्साणुभागसंतकम्मियस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । णवुंसय०-अरदि-सोग-भय-दुगुंछ० उक्क० कस्स ? अण्णद० सत्तमाए णेरइयस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । इत्थिवेद-पुरिसवेद० उक्क०

होता है, क्योंकि उससे दुःखका निधानभूत अन्य कोई स्थान तीन भुवनके भीतर कहीं भी उपलब्ध नहीं है। उनकी उदीरणाका कारण अशुभतर बाह्य द्रव्य भी वहीं पर बहुलतासे सम्भव है।

*** हास्य और रतिकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ ११८. यह सूत्र सुगम है ।

*** सबसे अधिक संक्लेश परिणामवाले शतार और सहस्रार कल्पके देवके होती है ।**

§ ११९. क्योंकि रागबहुल शतार और सहस्रार कल्पके देवोंमें हास्य और रतिके बहुत कारण पाये जाते हैं। यह असिद्ध नहीं है, क्योंकि उत्कृष्टसे छह माह तक वहाँ हास्य और रतिका उदय होता है इस परमागमके उपदेशसे यह सिद्ध है ।

इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ १२०. अब आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। वहाँ ओघसे निर्देश यद्यपि सूत्रमें पूरी तरहसे निरूपित कर दिया है तो भी मन्दबुद्धि शिष्योंको सुखपूर्वक ज्ञान करानेके लिए ओघसे बतलावेंगे। ओघसे मिथ्यात्व और सोलह कषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? जो उत्कृष्ट अनुभाग सत्कर्मवाला है और उत्कृष्ट संक्लेश परिणामसे युक्त है उसके होती है। नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर सातवीं पृथिवीके नारकीके होती है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा

१. आ० प्रतौ तत्तो अण्णदरस्स, ता० प्रतौ तदो अण्णस्स इति पाठः ।

कस्स ? अण्णद० पंचिंदियतिरिक्खजोणियस्स अट्ठवासजादस्स करभस्स । हस्स-रदि० उक्क० कस्स ? अण्णद० सहस्सारदेवस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । सम्म० उक्कस्साणु० कस्स ? अण्ण० मिच्छत्ताहिमुहस्स तप्पाओग्गुक्कस्ससंकिलिट्ठस्स चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स । सम्मामि० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० मिच्छत्ताहिमुहस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स चरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स ।

§ १२१. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–सोलसक०–हस्स-रदि० उक्क अणुभागुदी० कस्स ? अण्ण० मिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । सम्म०–सम्मामि०–णवुंसय०–अरदि-सोग-भय-दुगुंछा० ओघं । पढमादि जाव सत्तमा त्ति मिच्छ–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० मिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । सम्म०–सम्मामि० ओघं ।

यतिवृषभ :–आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १२२. तिरिक्खेसु ओघं । णवरि हस्स–रदि–अरदि–सोग-भय–दुगुंछा–णवुंसय० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्ण० मिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये । णवरि पज्जत्तएसु इत्थिवेदो णत्थि । जोणिणीसु पुरिस०–णवुंस० णत्थि । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०–मणुसअपज्ज० मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० अणुभा-

---

किसके होती है ? आठ वर्षकी आयुवाले पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चयोनिक ऊँटके होती है । हास्य और रतिकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर शतार-सहस्रार कल्पके देवके होती है । सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले मिथ्यात्वके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती अन्यतर सम्यग्दृष्टि जीवके होती है । सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले मिथ्यात्वके अभिमुख हुए अन्यतर अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवके होती है ।

§ १२१. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय, हास्य और रतिकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका भंग ओघके समान है । पहली पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है ।

§ १२२. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा और नपुंसकवेदकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्च पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है और योनिनियोंमें पुरुषवेद तथा नपुंसकवेद नहीं है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर जीवके होती है । मनुष्यत्रिकमें सब प्रकृतियों-

गुदी० कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गुक्कस्ससंकिलिट्ठस्स। मणुसतिये सव्वपय० उक्क० कस्स ? अण्णद० उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स मिच्छाइट्ठिस्स । णवरि सम्म०-सम्मामि० ओघं ।

§ १२३. देवेसु मिच्छ-सोलसक०-इत्थिवे०-पुरिसवे०-अरदि-सोग-भय-दुगुंछा० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स मिच्छा० । सम्म०-सम्मामि०-हस्स-रदि० ओघं । भवणादि जाव सहस्सारे त्ति अप्पणो पयडि० उक्क० कस्स ? अण्णद० मिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स । णवरि सम्म०-सम्मामि० ओघं । आणदादि णवगेवज्जा त्ति अप्पप्पणो पयडी० उक्क० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स मिच्छा० । सम्म०-सम्मामि० ओघं । णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति अप्पप्पणो पय० उक्क० कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वेदयसम्माइट्ठिस्स । एवं जाव० ।

*** एत्तो जहण्णिया उदीरणा ।**

§ १२४. एत्तो उवरि जहण्णिया उदीरणा अणुभागविसया सामित्तविसेसिदा कायव्वा त्ति भणिदं होइ ।

*** मिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागुदीरणा कस्स ?**

§ १२५. सुगमं

की उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है।

§ १२३. देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, हास्य और रतिका भंग ओघके समान है। भवनवासियोंसे लेकर सहस्रार कल्पतकके देवोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। आनतकल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवालेके होती है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाले अन्यतर वेदकसम्यग्दृष्टिके होती है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

*** इससे आगे जघन्य अनुभाग उदीरणाके स्वामित्वका अधिकार है ।**

§ १२४. इससे आगे स्वामित्व विशेषणसे युक्त अनुभागविषयक जघन्य उदीरणा करनी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १२५. यह सूत्र सुगम है।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ १२६. मिच्छाइट्ठी संजमाहिमुहो होदूण समयं पडि अणंतगुणविसोहीए विसुज्झमाणो गच्छइ जाव चरिमसमयो त्ति तेण तस्स संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वुक्कस्सविसोहीए विसुद्धस्स मिच्छत्ताणुभागुदीरणा जहण्णिया होदि । किं कारणं ? विसोहिपयरिसेण अप्पसत्थाणं कम्माणमणुभागो सुट्ठु ओहट्टिऊण हेट्ठिमाणंतिमभागसरूवेणुदीरिज्जदि त्ति । तदो सम्मत्तं संजमं च जुगवं गेण्हमाणचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स जहण्णसामित्तमेदं दट्ठव्वं ।

*** सम्मत्तस्स जहण्णाणुभागुदीरणा कस्स ?**

§ १२७. सुगमं

मार्गदर्शक *** खवयाहियावलियूणदंसणमोहणीयस्स ।**

§ १२८. कुदो ? दंसणमोहक्खवयतिव्वपरिणामेहि बहुअं खंडयघादं पाविदूण पुणो अंतोमुहुत्तमेत्तकालमणुसमओवट्टणाए सुट्ठु ओहट्टिऊण ट्ठिदसम्मत्ताणुभागविसयउदीरणाए तत्थ जहण्णभावसिद्धीए णिब्बाहमुवलंभादो । एसा समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयस्स जहण्णाणुभागुदीरणा एयट्ठाणिया । एत्तो पुव्विल्लासेसअणुभागुदीरणाओ एयट्ठाणिय-विट्ठाणियसरूवाओ जहाकममणंतगुणाओ । तदो तप्परिहारेणेत्थेव जहण्णसामित्तं गहिदं ।

*** संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ १२६. मिथ्यादृष्टि जीव संयमके अभिमुख होकर प्रति समय अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होता हुआ मिथ्यात्व गुणस्थानके अन्तिम समय तक जाता है, इसलिए संयमके अभिमुख हुए तथा सर्वोत्कृष्ट विशुद्धिसे विशुद्ध हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा होती है, क्योंकि विशुद्धिके प्रकर्षसे अप्रशस्त कर्मोंका अनुभाग बहुत कम होकर अन्तिम अनन्तवें भागरूपसे उदीरित होता है । इसलिए सम्यक्त्व और संयमको युगपत् ग्रहण करनेवाले अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके यह जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए।

*** सम्यक्त्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ।**

§ १२७. यह सूत्र सुगम है ।

*** जिसके अभी दर्शनमोहनीयकी क्षपणा सम्पन्न नहीं हुई, किन्तु उसमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष है उसके होती है ।**

§ १२८. क्योंकि दर्शनमोहनीयके क्षपकके तीव्र परिणामोंसे बहुत काण्डकघातोंको प्राप्त कर पुनः अन्तर्मुहूर्तकाल तक प्रति समय अपवर्तनाके द्वारा अच्छी तरह घटाकर स्थित हुए सम्यक्त्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा वहाँ पर जघन्यरूपसे निर्बाध पाई जाती है । जिसके अभी दर्शनमोहनीयकी क्षपणा पूरी नहीं हुई, किन्तु उसमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष है उसके यह जघन्य अनुभाग उदीरणा एकस्थानीय होती है । इससे पूर्वकी एकस्थानीय और द्विस्थानीय समस्त अनुभाग उदीरणायें क्रमसे अनन्तगुणी हैं, इसलिए उनके निराकरण द्वारा यहाँ पर ही जघन्य स्वामित्व ग्रहण किया है ।

*** सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णाणुभागुदीरणा कस्स ।**

§ १२९. सुगमं ।

*** सम्मत्ताहिमुहचरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ १३०. एत्थ संजमाहिमुहचरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्से त्ति किण्ण वुच्चदे ? ण, सम्मामिच्छाइट्ठिस्स संजमगुणपडिवत्तीए अच्चंताभावेण पडिसिद्धत्तादो । तम्हा सम्मत्ताहिमुहचरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स तप्पाओग्गसव्वुक्कस्सविसोहीए विसुद्धस्स पयदजहण्णसामित्तमिदि घेत्तव्वं ।

*** अणंताणुबंधीणं जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

§ १३१. सुगमं ।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ १३२. एदस्स सुत्तस्स मिच्छत्तजहण्णसामित्तसुत्तस्सेव अत्थपरूवणा कायव्वा, विसेसाभावादो ।

*** अपच्चक्खाणकसायस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

§ १३३. सुगमं ।

*** सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १२९. यह सूत्र सुगम है ।

*** सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ १३०. शंका—यहाँपर संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है ऐसा क्यों नहीं कहते ?

समाधान—नहीं, क्योंकि सम्यग्मिथ्यादृष्टिके संयमगुणकी प्राप्ति अत्यन्ताभावरूपसे निषिद्ध है ।

इसलिए सम्यक्त्वके अभिमुख हुए तत्प्रायोग्य सर्वोत्कृष्ट विशुद्धिसे विशुद्ध अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके प्रकृत जघन्य स्वामित्व होता है ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

*** अनन्तानुबन्धियोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १३१. यह सूत्र सुगम है ।

*** संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ १३२. मिथ्यात्वके जघन्य स्वामित्वविषयक सूत्रके समान इस सूत्रके अर्थका कथन करना चाहिए, क्योंकि इन दोनोंके कथनमें कोई विशेषता नहीं है ।

*** अप्रत्याख्यानावरण कषायकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १३३. यह सूत्र सुगम है ।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ १३४. संजमाहिमुहो असंजदसम्माइट्ठी संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिविसोहीदो अणंतगुणाए विसोहीए विसुज्झमाणो समयं पडि अणंतगुणहीणमपच्चक्खाणकसायाणुभागमुदीरेदि जाव अंतोमुहुत्तमेत्तविसोहिकालचरिमसमयो त्ति तदो विसयंतरपरिहारेणेत्थेव पयदजहण्णसामित्तमवहारेयव्वं ।

*** पच्चक्खाणकसायस्स जहण्णाणुभागमुदीरणा कस्स ?**

§ १३५. सुगमं ।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयसंजदासंजदस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ १३६. एत्थ विसेसगुणट्ठाणपरिहारेण संजदासंजदम्मि सामित्तविहाणस्स कारणं पुव्वं व वत्तव्वं ।

*** कोधसंजलणस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

मार्गदर्शक :- [illegible]

§ १३७. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयकोधवेदगस्स ।**

§ १३८. जो खवगो कोधोदएण खवगसेढिमारूढो अट्ठकसाए खविय पुणो जहाकममंतरकरणं समाणिय णवुंसय०-इत्थिवेद-छण्णोकसाए पुरिसवेदं च जहावुत्तेण

*** संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती असंयतसम्यग्दृष्टिके होती है ।**

§ १३४. संयमके अभिमुख हुआ असंयत सम्यग्दृष्टि जीव संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीवकी विशुद्धिसे अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्धिको प्राप्त होता हुआ प्रति समय अनन्तगुणे हीन अप्रत्याख्यान कषायके अनुभागको अन्तर्मुहूर्तमात्र विशुद्धिकालके अन्तिम समय तक उदीरित करता है। इसलिए विषयान्तरके परिहार द्वारा यहीं पर प्रकृत जघन्य स्वामित्वका निश्चय करना चाहिए ।

*** प्रत्याख्यानावरण कषायकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १३५. यह सूत्र सुगम है ।

*** संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतके होती है ।**

§ १३६. यहाँपर विशेषगुणस्थानके परिहारद्वारा संयतासंयतके जो स्वामित्वका विधान किया है उसका कारण पहलेके समान कहना चाहिए ।

*** क्रोधसंज्वलनकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १३७. यह सूत्र सुगम है ।

*** अन्तिम समयवर्ती क्रोधवेदक क्षपकके होती है ।**

§ १३८. क्रोधके उदयसे क्षपकश्रेणिपर आरूढ हुआ जो क्षपक आठ कषायोंका क्षय कर पुनः क्रमसे अन्तरकरण समाप्तकर नपुंसकवेद, स्त्रीवेद, छह नोकषाय और पुरुषवेदका यथोक्त क्रमसे नाशकर तदनन्तर अश्वकर्णकरण और कृष्टिकरण कालको बिताकर क्रोधकी

कमेण णिण्णासिय तदो अस्सकण्णकरण-किट्टीकरणद्धाओ गमिय कोहतिण्णिसंगह-किट्टीओ वेदेमाणो तदियसंगहकिट्टीवेदयपढमट्ठिदीए समयाहियावलियमेत्तसेसाए चरिम-समयकोहवेदगो जादो, तस्स कोहसंजलणविसया जहण्णाणुभागुदीरणा होदि, हेट्ठिमासेस-उदीरणाहिंतो एदिस्से उदीरणाए अणंतगुणहीणत्तदंसणादो ।

*** माणसंजलणस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

§ १३९. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयमाणवेदगस्स ।**

§ १४०. एदस्स वि सुत्तस्सत्थो अणंतरादिक्कंतस्स सामित्तसुत्तस्सेव वक्खाणेयव्वो । णवरि कोह-माणाणमण्णदरोदएण खवगसेढिमारूढस्स चरिमसमयमाणवेदगावत्थाए वट्टमाणस्स पयदजहण्णसामित्तं होदि त्ति वत्तव्वं ।

*** मायासंजलणस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

§ १४१. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयमायावेदगस्स ।**

§ १४२. एत्थ वि कोह-माण-मायाणमुदएण सेढिमारूढस्स पयदजहण्णसामित्त-मवगंतव्वं ।

*** लोहसंजलणस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

तीन संग्रह कृष्टियोंका वेदन करता हुआ तृतीय संग्रहकृष्टिवेदककी प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक एक आवलिमात्र कालके शेष रहने पर अन्तिम समयवर्ती क्रोधवेदक हो गया उसके क्रोधसंज्वलनविषयक जघन्य अनुभाग उदीरणा होती है, क्योंकि अधस्तन समस्त उदीरणाओंसे इस उदीरणाका अनन्तगुणा हीनपना देखा जाता है ।

*** मान संज्वलनकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १३९. यह सूत्र सुगम है ।

*** अन्तिम समयवर्ती मानवेदक क्षपकके होती है ।**

§ १४०. इस सूत्रके अर्थका भी अनन्तर अतिक्रान्त हुए स्वामित्वविषयक सूत्रके समान व्याख्यान करना चाहिए । इतनी विशेषता है कि क्रोध और मानमेंसे अन्यतरके उदयसे क्षपक श्रेणिपर आरूढ हुए तथा मानवेदकके अन्तिम समयमें होनेवाली अवस्थामें विद्यमान हुए जीवके प्रकृत जघन्य स्वामित्व होता है ऐसा यहाँ कहना चाहिए ।

*** मायासंज्वलनकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १४१. यह सूत्र सुगम है ।

*** अन्तिम समयवर्ती मायावेदक क्षपकके होती है ।**

§ १४२. यहाँपर भी क्रोध, मान और मायाके उदयसे श्रेणिपर चढ़े हुए जीवके प्रकृत जघन्य स्वामित्व जानना चाहिए ।

*** लोभसंज्वलनकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १४३. सुगमं ।

*** खवयस्स समयाहियावलियचरिमसमयसकसायस्स ।**

§ १४४. कुदो ? समयाहियावलियचरिमसमयवट्टमाणसुहुमसांपराइयखवगस्स सुहुमकिट्टिसरूवाणुभागोदीरणाए सुट्ठु जहण्णभावोववत्तीदो ।

*** इत्थिवेदस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

§ १४५. सुगमं ।

*** इत्थिवेदखवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयसवेदस्स ।**

*** पुरिसवेदस्स जहण्णाणुभागउदीरणा कस्स ?**

*** पुरिसवेदखवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयसवेदस्स ।**

*** णवुंसयवेदस्स जहण्णाणुभागुदीरणा कस्स ?**

*** णवुंसयवेदखवयस्स समयाहियावलियचरिमसमयसवेदस्स ।**

§ १४६. एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि, अप्पप्पणो उदएण खवगसेढिमारूढसमयाहियावलियचरिमसमयसवेदं मोत्तूणण्णत्थेदेसिमणुभागुदीरणाए जहण्णभावाणुवलद्धीदो ।

---

§ १४३. यह सूत्र सुगम है ।

*** एक समय अधिक आवलिके उदीरणासम्बन्धी अन्तिम समयमें स्थित सकषाय क्षपक जीवके होती है ।**

§ १४४. क्योंकि समयाधिक आवलिके उदीरणासम्बन्धी अन्तिम समयमें विद्यमान सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक जीवके सूक्ष्मकृष्टिस्वरूप अनुभाग उदीरणाका अत्यन्त जघन्यपना बन जाता है ।

*** स्त्रीवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १४५. यह सूत्र सुगम है ।

*** समयाधिक आवलिके उदीरणाविषयक अन्तिम समयवर्ती सवेदी स्त्रीवेदी क्षपकके होती है ।**

*** पुरुषवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

*** समयाधिक आवलिके उदीरणाविषयक अन्तिम समयवर्ती सवेदी पुरुषवेदी क्षपकके होती है ।**

*** नपुंसकवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

*** समयाधिक आवलिके उदीरणाविषयक अन्तिम समयवर्ती सवेदी नपुंसकवेदी क्षपकके होती है ।**

§ १४६. ये सूत्र सुगम हैं, क्योंकि अपने-अपने उदयसे क्षपकश्रेणिपर आरूढ हुए समयाधिक आवलिके उदीरणाविषयक अन्तिम समयवर्ती सवेद भावको छोड़कर अन्यत्र इनकी उदीरणाका जघन्यपना नहीं उपलब्ध होता ।

*** छण्णोकसायाणं जहण्णाणुभागुदीरणा कस्स ?**

§ १४७. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयअपुव्वकरणे वट्टमाणस्स ।**

§ १४८. कुदो ? तत्थेदेसिमपुव्वकरणचरिमविसोहीए हेट्ठिमासेसविसोहीहिंतो अणंतगुणाए उदीरिज्जमाणाणुभागस्स सुट्ठु जहण्णभावोववत्तीदो ।

एवमोघेण जहण्णसामित्तं समत्तं ।

§ १४९. संपहि आदेसपरूवणट्ठमेत्थुच्चारणाणुगमं वत्तइस्सामो । तं जहा—जहण्णए पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छत्त-अणंताणु०४ जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० संजमाहिमुहस्स सव्वविसुद्धस्स चरिमसमय-मिच्छाइट्ठिस्स । सम्म० जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० समयाहियावलिय-चरिमसमयअक्खीणदंसणमोहस्स । सम्मामि० जह० कस्स ? अण्णद० सम्मत्ताहिमुहस्स चरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । अपच्चक्खाण०४ जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० संजमाहिमुहस्स चरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । एवं पच्चक्खाण०४ । णवरि चरिमसमयसंजदासंजदस्स । कोहसंजल० जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० खवगस्स चरिमसमयउदीरेमाणगस्स । एवं माण-माया-लोभसंजलणाणं ।

*** छह नोकषायोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ?**

§ १४७. यह सूत्र सुगम है ।

*** अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान क्षपकके होती है ।**

§ १४८. क्योंकि अधस्तन समस्त विशुद्धियोंसे अनन्तगुणी अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें पाई जानेवाली विशुद्धिके कारण वहाँपर इन कर्मोंके उदीर्यमाण अनुभागका अत्यन्त जघन्यपना पाया जाता है ।

इस प्रकार ओघसे जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ १४९. अब आदेशका कथन करनेके लिए यहाँ उच्चारणानुगमको बतलाते हैं । यथा—जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? संयमके अभिमुख हुए सर्व विशुद्ध अन्तिम समयवर्ती अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है । सम्यक्त्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? समयाधिक आवलिके उदीरणासम्बन्धी अन्तिम समयवर्ती अक्षीण दर्शनमोही अन्यतर सम्यग्दृष्टिके होती है । सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभागउदीरणा किसके होती है ? सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती अन्यतर सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है । अप्रत्याख्यानकषायचतुष्ककी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती अन्यतर असंयतसम्यग्दृष्टिके होती है । इसी प्रकार प्रत्याख्यान कषायचतुष्ककी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतके कहनी चाहिए । क्रोधसंज्वलनकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्तिम समयमें उदीरणा करनेवाले अन्यतर क्षपकके होती है । इसी प्रकार मान,

पुरिसवेद० जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० खवगस्स समयाहियावलियपढमट्ठिदि-मुदीरेमाणस्स । एवमित्थिवेद-णवुंस० । छण्णोक० जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णद० चरिमसमयअपुव्वकरणखवगस्स सव्वविसुद्धस्स । एवं मणुसतिए । णवरि वेदा जाणियव्वा ।

§ १५०. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० जह० कस्स ? अण्णद० पढमसम्मत्ताहि-मुहस्स समयाहियावलियचरिमसमयमुदीरेमाणगस्स । एवमणंताणु० । णवरि चरिम-समयमुदीरेमाणगस्स । सम्म०-सम्मामि० ओघं । बारसक०-सत्तणोक० जह० अणु-भागुदी० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । एवं पढमाए । विदियादि जाव सत्तमा त्ति एवं चेव । णवरि सम्म० जह० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।

§ १५१. तिरिक्खेसु मिच्छ०-अणंताणु०४ जह० कस्स ? अण्णद० संजमा-संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । सम्म०-सम्मामि० ओघं । अपच्च-क्खाण०४ जह० अणुभागुदी० कस्स ? अण्णदरस्स संजमासंजमाहिमुहचरिमसमयवेदग-सम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । अट्ठक०-णवणोक० जह० अणुभागुदी०[1] कस्स ?

माया और लोभसंज्वलनकी अपेक्षा जानना चाहिए। पुरुषवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? समयाधिक आवलि कालवाली प्रथम स्थितिकी उदीरणा करनेवाले अन्यतर क्षपकके होती है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। छह नो-कषायोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्तिम समयवर्ती सर्वविशुद्ध अन्यतर अपूर्वकरण क्षपकके होती है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि जिसके जो वेद हो उसे जान लेना चाहिए।

§ १५०. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? समयाधिक आवलिके उदीरणासम्बन्धी अन्तिम समयमें उदीरणा करनेवाले प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख हुए अन्यतर नारकीके होती है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धीकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अन्तिम समयमें उदीरणा करनेवालेके कहना चाहिए। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। बारह कषाय और सात नोकषायोंकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्वविशुद्ध सम्यग्दृष्टिके होती है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वकी जघन्य अनुभाग उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्वविशुद्ध सम्यग्दृष्टिके होती है।

§ १५१. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी जघन्य अनुभागउदीरणा किसके होती है ? संयमासंयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सर्वविशुद्ध अन्यतर मिथ्या-दृष्टिके होती है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। अप्रत्याख्यान-कषायचतुष्ककी जघन्य अनुभागउदीरणा किसके होती है ? संयमासंयमके अभिमुख हुए अन्तिम

---

१. आ०प्रतौ णवणोक० अणुभागुदी० इति पाठः ।

अण्णद० संजदासंजदस्स सव्वविसुद्धस्स। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिए। णवरि वेदा जाणियव्वा। जोणिणीसु सम्म० अट्ठकसायभंगो। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० जह० अणुभागुदी० कस्स? अण्णद० तप्पाओग्गविसुद्धस्स।

§ १५२. देवाणं णारयभंगो। णवरि इत्थवेद-पुरिसवेद० बारसकसायभंगो। णवुंस० णत्थि। एवं सोहम्मीसाण०। एवं सणक्कुमारादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि इत्थिवेदो णत्थि। भवण०-वाणवें०-जोदिसि० देवोघं। णवरि सम्म० बारसकसायभंगो। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो। एवं जाव०।

*** एगजीवेण कालो।**

§ १५३. सुगममेदं सुत्तं, अहियारसंभालणफलत्तादो।

*** मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि?**

§ १५४. सुगमं।

*** जहण्णेण एयसमओ।**

§ १५५. तं जहा—अणुक्कस्साणुभागुदीरगो सण्णिमिच्छाइट्ठी एगसमयउक्कस्स-

---

समयवर्ती सर्वविशुद्ध अन्यतर वेदकसम्यग्दृष्टिके होती है। आठ कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा किसके होती है? सर्वविशुद्ध अन्यतर संयतासंयतके होती है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना वेद जान लेना चाहिए। योनिनियोंमें सम्यक्त्वका भंग आठ कषायोंके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी जघन्य अनुभागउदीरणा किसके होती है? अन्यतर तत्प्रायोग्य विशुद्धके होती है।

§ १५२. देवोंमें नारकियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और पुरुषवेदका भंग बारह कषायोंके समान है। देवोंमें नपुंसकवेद नहीं है। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पमें जानना चाहिए। इसी प्रकार सनत्कुमारसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्रीवेद नहीं है। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सामान्य देवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनतकल्पके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

*** एक जीवकी अपेक्षा कालका अधिकार है।**

§ १५३. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि इसका फल अधिकारकी सम्हाल करना है।

*** मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है?**

§ १५४. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य काल एक समय है।**

§ १५५. यथा—अनुत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव एक

संकिलेसेण परिणमिय उक्कस्साणुभागुदीरगो जादो विदियसमए उक्कस्ससंकिलेसक्खएणाणुक्कस्सभावमुवगओ लद्धो जहण्णेण मिच्छत्तुक्कस्साणुभागुदीरणजहण्णकालो एगसमयमेत्तो।

*** उक्कस्सेण बे समया।**

§ १५६. तं कथं ? अणुक्कस्साणुभागुदीरगो उक्कस्ससंतकम्मिओ उक्कस्ससंकिलेसमावूरिय दोसु समएसु मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागुदीरगो जादो। तदो से काले संकिलेसपरिक्खएणाणुक्कस्सभावे णिवदिदो लद्धो मिच्छत्तुक्कस्साणुभागुदीरगस्स उक्कस्सकालो विसमयमेत्तो, तत्तो परमुक्कस्ससंकिलेसस्सावट्ठाणाभावादो।

*** अणुक्कस्साणुभागुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १५७. मिच्छत्तस्से त्ति अहियारसंबंधो। सुगममण्णं।

*** जहण्णेण एगसमओ।**

§ १५८. तं जहा—उक्कस्सट्ठिदिबंधकारणुक्कस्सज्झवसाणस्सासंखेज्जलोगमेत्ताणि अणुभागबंधपाओग्गज्झवसाणट्ठाणाणि होंति। पुणो तत्थुक्कस्साणुभागबंधपाओग्गुक्कस्ससंकिलेसेण परिणमिय उक्कस्साणुभागमुदीरेमाणो परिणामवसेणेगसमयमणुक्कस्साणुभागमुदीरिय पुणो वि से काले उक्कस्ससंकिलेसपडिलंभेणुक्कस्साणुभागुदीरगो जादो। लद्धो

समयके लिए उत्कृष्ट संक्लेश परिणामसे परिणमकर उत्कृष्ट अनुभागका उदीरक हो गया तथा दूसरे समयमें उत्कृष्ट संक्लेशके क्षयसे अनुत्कृष्टभावको प्राप्त हो गया इस प्रकार मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणाका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो गया।

*** उत्कृष्ट काल दो समय है।**

§ १५६. **शंका**—वह कैसे ?

समाधान—अनुत्कृष्ट अनुभागका उदीरक उत्कृष्ट सत्कर्मवाला जीव उत्कृष्ट संक्लेशको पूरित कर दो समय तक मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागका उदीरक हो गया। इसके बाद तदनन्तर समयमें संक्लेशका क्षय होनेसे अनुत्कृष्टभावको प्राप्त हुआ। इस प्रकार मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट काल दो समय प्राप्त हो गया, क्योंकि उसके आगे उत्कृष्ट संक्लेशके अवस्थानका अभाव है।

*** अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

§ १५७. 'मिथ्यात्वके' इस प्रकार अधिकारका सम्बन्ध है। अन्य कथन सुगम है।

*** जघन्य काल एक समय है।**

§ १५८. **यथा**—उत्कृष्ट स्थितिबन्धके कारणभूत उत्कृष्ट अध्यवसानके असंख्यात लोकप्रमाण अनुभागबन्धप्रायोग्य अध्यवसानस्थान होते हैं। पुनः वहाँ उत्कृष्ट अनुभागबन्धप्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशसे परिणमकर उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला परिणामवश एक समयके लिए अनुत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा कर फिर भी तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट संक्लेशकी प्राप्ति होनेसे उत्कृष्ट अनुभागका उदीरक हो गया। इस प्रकार मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके

मिच्छत्ताणुक्कस्साणुभागुदीरगस्स जहण्णकालो एगसमयमेत्तो। कधमुक्कस्ससंकिलेसादो पडिभग्गस्स अंतोमुहुत्तेण विणा एगसमयेणेव पुणो उक्कस्ससंकिलेसावूरणसंभवो त्ति णेहासंकणिज्जं, अणुभागबंधज्झवसाणट्ठाणेसु तहाविहणियमाणब्भुवगमादो।

*** उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।**

§ १५९. कुदो ? पंचिंदिएहिंतो एइंदिएसु पइट्ठस्स उक्कस्ससंकिलेसपडिलंभेण विणा आवलि० असंखे०भागमेत्तपोग्गलपरियट्टेसु परिब्भमणदंसणादो।

*** सम्मत्तस्स उक्कस्साणुभागुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १६०. सुगमं।

*** जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ।**

§ १६१. कुदो ? मिच्छत्ताहिमुहसव्वसंकिलिट्ठासंजदसम्मादिट्ठिचरिमसमयं मोत्तूण णत्थ सम्मत्तुक्कस्साणुभागुदीरणाभावादो। श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** अणुक्कस्साणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १६२. सुगमं।

*** जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।**

उदीरकका जघन्य काल एक समय प्राप्त हो गया।

शंका—उत्कृष्ट संक्लेशसे च्युत हुए जीवके अन्तर्मुहूर्त हुए विना एक समयके बाद ही पुनः उत्कृष्ट संक्लेशकी आपूर्ति कैसे सम्भव है ?

समाधान—यहाँ ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अनुभागबन्धाध्यवसानस्थानोंमें उस प्रकारका नियम नहीं स्वीकार किया गया है।

*** उत्कृष्ट काल असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।**

§ १५९. क्योंकि पञ्चेन्द्रियोंमेंसे एकेन्द्रियोंमें प्रविष्ट हुए जीवके उत्कृष्ट संक्लेशकी प्राप्ति हुए विना आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण पुद्गल परिवर्तनोंमें परिभ्रमण देखा जाता है।

*** सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

§ १६०. यह सूत्र सुगम है।

जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ १६१. क्योंकि मिथ्यात्वके अभिमुख हुए सर्व संक्लेश परिणामवाले असंयतसम्यग्दृष्टिके अन्तिम समयको छोड़कर अन्यत्र सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा सम्भव नहीं है।

*** अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

§ १६२. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।**

§ १६३. कुदो ? वेदगसम्मत्तं घेत्तूण सव्वजहण्णंतोमुहुत्तेण कालेण मिच्छत्तं पडिवण्णम्मि अणुक्कस्सजहण्णकालस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो ।

*** उक्कस्सेण छावट्ठिसागरोवमाणि आवलियूणाणि ।**

§ १६४. कुदो ? वेदगसम्मत्तउक्कस्सकालस्सावलियूणस्स पयदुक्कस्सकालत्तेणावलंबियत्तादो । कुदो आवलियूणत्तमिदि चे[1] ? छावट्ठिसागरोवमाणमवसाणे अंतोमुहुत्तसेसे दंसणमोहणीयं खवेंतस्स सम्मत्तपढमट्ठिदीए समयाहियावलियमेत्तसेसाए सम्मत्तुदीरणाए पज्जवसाणं होइ, तेणावलियूणत्तमेत्थ दट्ठव्वमिदि ।

*** सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १६५. सुगमं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** जहण्णुक्कस्सेण एयसमयो ।**

§ १६६. किं कारणं ? सव्वुक्कस्ससंकिलेसेण मिच्छत्तं पडिवज्जमाणसम्मामिच्छाइट्ठिचरिमसमए चेव सम्मामिच्छत्तुक्कस्साणुभागुदीरणादंसणादो ।

*** अणुक्कस्साणुभागुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

---

§ १६३. क्योंकि वेदक सम्यक्त्वको ग्रहणकर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा मिथ्यात्वको प्राप्त होनेपर अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

*** उत्कृष्ट काल एक आवलिकम छयासठ सागरोपम है ।**

§ १६४. क्योंकि वेदकसम्यक्त्वके एक आवलिकम उत्कृष्ट कालका प्रकृत उत्कृष्ट कालरूपसे अवलम्बन लिया है ।

शंका—एक आवलि कम कैसे ?

समाधान—छयासठ सागरोपमके अन्तमें अन्तर्मुहूर्त शेष रहनेपर दर्शनमोहनीयकी क्षपणा करनेवाले जीवके सम्यक्त्वकी प्रथम स्थितिके समयाधिक आवलिमात्र शेष रहनेपर सम्यक्त्वकी उदीरणाका पर्यवसान होता है, इसलिए एक आवलिप्रमाण न्यूनता यहाँपर जानना चाहिए ।

*** सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

§ १६५. यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।**

§ १६६. क्योंकि सर्वोत्कृष्ट संक्लेशसे मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाले सम्यग्मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें ही सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा देखी जाती है ।

*** अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

---

१. आ०प्रतौ वे इति पाठः, ता०प्रतौ वे (चे) इति पाठः ।

§ १६७. सुगमं ।

*** जहण्णुक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।**

§ १६८. कुदो ? जहण्णुक्कस्ससम्मामिच्छत्तगुणकालस्स तप्पमाणत्तादो ।

*** सेसाणं कम्माणं मिच्छत्तभंगो ।**

§ १६९. जहा मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुक्कस्साणुभागुदीरगजहण्णुक्कस्सकालपरूवणा कदा तहा सोलसकसाय-णवणोकसायाणं पि कायव्वा, विसेसाभावादो । णवरि एदेसिं कम्माणमणुक्कस्साणुभागुदीरगउक्कस्सकालगओ विसेसो अत्थि त्ति तप्पदुप्पायणट्ठमाह--

*** णवरि अणुक्कस्साणुभागुदीरगउक्कस्सकालो पयडिकालो कादव्वो ।**

§ १७०. एदेसिं कम्माणं पयडिउदीरणाए जो उक्कस्सकालो सो चेव एत्थाणुक्कस्साणुभागुदीरगस्स णिरवसेसेण कायव्वो त्ति भणिदं होइ ।

§ १७१. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थस्स विवरणट्ठमादेसपरूवणट्ठं च उच्चारणाणुगममेत्थ कस्सामो । तं जहा—

§ १७२. कालो दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-णवुंस० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० वे

---

§ १६७. यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।**

§ १६८. क्योंकि जघन्य और उत्कृष्ट सम्यग्मिथ्यात्व गुणस्थानका काल तत्प्रमाण होता है ।

*** शेष कर्मोंका भंग मिथ्यात्वके समान है ।**

§ १६९. जिस प्रकार मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवके जघन्य और उत्कृष्ट कालका कथन किया है उसी प्रकार सोलह कषाय और नौ नोकषायोंका भी करना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है । इतनी विशेषता है कि इन कर्मोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरककी उत्कृष्ट कालगत विशेषता है, इसलिए उसके कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट काल प्रकृति उदीरणाके उत्कृष्ट कालके समान करना चाहिए ।**

§ १७०. इन प्रकृतियोंकी प्रकृति उदीरणाका जो उत्कृष्ट काल है वही यहाँपर अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरकका निरवशेषरूपसे करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ १७१. अब इस सूत्रके द्वारा सूचित हुए अर्थका विवरण करनेके लिए और आदेशका कथन करनेके लिए यहाँ पर उच्चारणाका अनुगम करते हैं । यथा—

§ १७२. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका

समया। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं सोलसक०–भय-दुगुंछ०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। एवं हस्स–रदि–अरदि–सोग०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि। एवमित्थिवेद–पुरिसवेद०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं। सम्म० उक्क० अणुभागुदी० जह० उक्क० एयस०। अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरो० आवलियूणाणि। सम्मामि० उक्क० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जहण्णुक्क० अंतोमुहुत्तं।

§ १७३. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–णवुंस०–अरदि–सोग० उक्क० जह० एयस०, उक्क० बे समया। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। एवं[1] सोलसक०–चदुणोक०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। सम्म० उक्क० जह० उक्क० एयस०। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि।

जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। इसी प्रकार सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके विषयमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार हास्य, रति, अरति और शोककी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल हास्य और रतिका छह महीना तथा अरति और शोकका साधिक तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे सौ पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण और सौ सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल एक आवलि कम छयासठ सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकके जघन्य और उत्कृष्ट कालका स्पष्टीकरण चूर्णिसूत्रोंमें किया ही है, इसलिए अलगसे खुलासा नहीं कर रहे हैं। आगे चारों गतियों सम्बन्धी उक्त कालका खुलासा भी सुगम है। इसलिए यदि कहीं किसी प्रकारका विशेष स्पष्टीकरण आवश्यक होगा तो मात्र उसका अलगसे निर्देश करेंगे।

§ १७३. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, अरति और शोकके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सोलह कषाय और चार नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अनुकृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट

---

१. ता०प्रतौ सागरोवमाणि देसूणाणि। एवं इति पाठः।

सम्मामि० ओघं। एवं सत्तमाए। णवरि सम्म० अणुक्क० जह० अंतोमु०। एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति। णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा। अरदि-सोगं हस्सभंगो। पढमाए खइय अणुक्क० जह० एगस०।

§ १७४. तिरिक्खेसु मिच्छ०–णवुंस०–सम्मामि० ओघं। सम्म० उक्क० जह० उक्क० एगस०[1]। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। सोलसक०–छण्णोक० पढमपुढविभंगो। इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० वे समया। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडि-पुधत्तेणब्भहियाणि। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि मिच्छ० इत्थिवेदभंगो। णवुंस० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। पज्जत्त० इत्थिवेदो णत्थि। जोणिणीसु पुरिस०–णवुंस० णत्थि। सम्म० अणुक्क०[2] जह० अंतोमु०।

अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार पहली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। अरति और शोकका भंग हास्यके समान है। तथा पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है।

विशेषार्थ—मात्र सातवीं पृथिवीमें अरति और शोककी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा किसी नारकीके अपने पर्याय तक निरन्तर होती रहती है, इसलिए वहाँ इनकी अनुत्कृष्ट अनुभाग उदीरणाका उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम कहा है। अन्य पृथिवियोंमें तो यह काल हास्य और रतिके समान ही प्राप्त होता है, इसलिए वहाँ उसे हास्य और रतिके समान जाननेकी सूचना की है। शेष कथन सुगम है।

§ १७४. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, नपुंसकवेद और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्योपम है। सोलह कषाय और छह नोकषायोंका भंग पहली पृथिवीके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि-पृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है मिथ्यात्वका भंग स्त्रीवेदके समान है। नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। तिर्यञ्च पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है और योनिनियोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—भोगभूमिमें नपुंसकवेदी पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च नहीं होते यह उक्त कालप्ररूपणासे सूचित होता है। यही कारण है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्तकोंमें नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट

---

१. आ०ता०प्रत्योः जह० एगस० इति पाठः।

२. ता०प्रतौ सम्म० उक्क० अणुक्क० इति पाठः।

§ १७५. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपय० उक्क० जह० एयस०, उक्क० वे समया । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो । णवरि सम्म० अणुक्क० जह० अंतोमु० । पज्जत्त० जह० एगस० ।

§ १७६. देवेसु मिच्छ० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० वे समया । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरोव० । एवं पुरिसवेद० । णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि । एवमित्थिवेद० । णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पणवण्णं पलिदोवमाणि । सम्मामि०-हस्स-रदि० ओघं । सोलसक०-अरदि-सोग- भय-दुगुंछा० पढमाए भंगो । सम्म० उक्क० जहण्णुक्क० एगसमओ । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी । हस्स-रदि० अरदि-सोगभंगो । णवरि भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सम्म०

अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट काल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण कहा है। मनुष्य पर्याप्तकोंमें भी नपुंसकवेदकी अपेक्षा इसी प्रकार जान लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ १७५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है तथा मनुष्यपर्याप्तकोंमें जघन्य काल एक समय है।

विशेषार्थ—मनुष्यपर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय कैसे घटित होता है इसका स्पष्टीकरण इसी प्रसंगसे प्रकृति उदीरणा अनुयोगद्वारमें किया है, इसलिए उसे वहाँसे जान लेना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ १७६. देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागरोपम है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार स्त्रीवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पचवन पल्योपम है। सम्यग्मिथ्यात्व, हास्य और रतिका भंग ओघके समान है। सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका भंग पहली पृथिवीके समान है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयकतकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान है। इतनी विशेषता है कि भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य

अणुक्क० जह० अंतोमु० । इत्थिवेद० अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पलिदो० सादिरे० पलिदो० सादिरे० । सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं । उवरि मणुसभंगो । सहस्सारे हस्स-रदीणमोघं ।

§ १७७. अणुद्दिसादि० सव्वट्ठा त्ति सम्म०-पुरिसवे० उक्क० अणुभागुदी० जह० एगस०, उक्क० बे समया । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी । बारसक०-छण्णोक० उक्क० जह० एगस०, उक्क० बे समया । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । एवं जाव० ।

*** एत्तो जहण्णगो कालो ।**

§ १७८. अहियारसंभालणवक्कमेदं ।

*** सव्वासिं पयडीणं जहण्णाणुभागउदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १७९. सुगमं ।

*** जहण्णुक्कस्सेण एगसमओ ।**

§ १८०. तं जहा—मिच्छत्तस्स सम्मत्ताभिमुहसंजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिम्मि जहण्णसामित्तं जादं । एवं सम्मामिच्छादीणं पि णेदव्वं । तदो चरिमविसोहीए पडिलद्ध-जहण्णसामित्ताणमेदेसिं जहण्णाणुभागुदीरणकालो जहण्णुक्कस्सेणेगसमयमेत्तो चेवे त्ति

काल अन्तर्मुहूर्त है । स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है । सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है । आगेके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है । सहस्रारकल्पमें हास्य और रतिका भंग सामान्य देवोंके समान है ।

§ १७७. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है । बारह कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

*** इससे आगे जघन्य कालका अधिकार है ।**

§ १७८. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्रवचन है ।

*** सब प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका कितना काल है ?**

§ १७९. यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।**

§ १८०. यथा—सम्यक्त्वविशुद्ध संयमके अभिमुख अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्वका जघन्य स्वामित्व है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्व आदिका भी जानना चाहिए । इसलिए अन्तिम विशुद्धिसे जिन्होंने जघन्य स्वामित्व प्राप्त किया है ऐसी इन प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागकी उदीरणाका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समयमात्र ही होता है यह सिद्ध हुआ ।

सिद्धं । संपहि सव्वेसिमजहण्णाणुभागुदीरणाए जहण्णुक्कस्सकालपमाणावहारणट्ठमुत्तर-सुत्तमाह—

* अजहण्णाणुभागुदीरणा पयडिउदीरणाभंगो ।

§ १८१. पयडिउदीरणाकालादो एदेसिमजहण्णाणुभागुदीरणाकालस्स भेदाभावादो । तदो सुत्तसमप्पिदत्थविसए सुहावगमुप्पायणट्ठमादेसपरूवणट्ठं च उच्चाणाणु-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

गममेत्थ कस्सामो । त जहा—जहण्णए पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ० जह० अणुभागुदी० जह० उक्क० एयस० । अजह० तिण्णि भंगा । जो सो सादि० सपज्जव० तस्स जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । सोलस-क०—भय-दुगुंछ० जह० जहण्णुक्क० एगस० । अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतो-मुहुत्तं । इत्थिवे०—पुरिसवे०—णवुंस० जह० जहण्णुक्क० एगस० । अजह० जह० एगस० अंतोमु० एगस०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं अणंतकाल-मसंखे०पो०परि० । हस्स-रदि-अरदि-सोग० जह० जहण्णुक्क० एगस० । अजह० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि । सम्म०—सम्मामि० जह० अजह० उक्कस्साणुक्कस्सभंगो ।

अब सब प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागकी उदीरणाके जघन्य और उत्कृष्ट कालके प्रमाणका अवधारण करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

* अजघन्य अनुभाग उदीरणाकी कालविषयक प्ररूपणा प्रकृति उदीरणाके समान है ।

§ १८१. क्योंकि प्रकृति उदीरणाके कालसे इनके अजघन्य अनुभागउदीरणाके कालमें कोई अन्तर नहीं है । यतः सूत्र द्वारा प्राप्त अर्थके विषयमें सुखपूर्वक ज्ञान होजाय अतः और आदेशका कथन करनेके लिए यहाँ पर उच्चारणाका अनुगम करते हैं । यथा—जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दोप्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य अनुभागके उदीरकके तीन भंग हैं । उनमें जो सादि- सान्त भंग है उसका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है । सोलह कषाय, भय और जुगुप्साके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल क्रमसे एक समय, अन्तर्मुहूर्त और एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे सौ पल्यो-पम पृथक्त्वप्रमाण, सौ सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण और अनन्त काल है, यह अनन्त काल असं-ख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है । हास्य, रति, अरति और शोकके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे छह महीना और साधिक तेतीस सागरोपम है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकके कालका भंग उत्कृष्ट और अनुत्कृष्टके समान है ।

§ १८२. आदेसेण णेरइय० णवुंस०-अरदि-सोग० जह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो०। एवं बारसक०-हस्स-रदि-भय-दुगुंछा०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। सम्म० जह० जह० उक्क० एगस०। अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। सम्मामि०-अणंताणु०४ ओघं। मिच्छ० जह० जहण्णुक्क० एगस०। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोव०। एवं सत्तमाए। णवरि सम्म० जह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति। णवरि सगट्ठिदीओ। अरदि-सोगं हस्स-रदिभंगो। णवरि पढमाए सम्म० जह० जहण्णुक्क० एगस०।

§ १८३. तिरिक्खेसु मिच्छ० जह० अणुभागुदी० जह० उक्क० एयस०। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। सम्म० जह० जहण्णुक्क० एगस०। अजह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। सम्मामि०-अट्ठकसाय० ओघं। अट्ठक०-छण्णोक० पढमपुढविभंगो। इत्थिवे०-पुरिसवे०-णवुंस०

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १८२ आदेशसे नारकियोंमें नपुंसकवेद, अरति और शोकके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार बारह कषाय, हास्य, रति, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है। मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। इसी प्रकार पहलीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। अरति और शोकका भंग हास्य और रतिके समान है। इतनी विशेषता है कि पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ १८३. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्योपम है। सम्यग्मिथ्यात्व और आठ कषायोंका भंग ओघके समान है। आठ कषाय और छह नोकषायोंका भंग पहली पृथिवीके समान है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसक वेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक

जह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। अजह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुध० अणंतकालमसंखेज्जा०। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि मिच्छ० सगट्ठिदी। णवुंस० उक्क० पुव्वकोडिपुध०। वेदा जाणियव्वा। जोणिणीसु सम्म० जह० एगस०, उक्क० वेसमया। सेसं तं चेव। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्व-पयडी० जह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०।

§ १८४. मणुसतिए पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो। णवरि सव्वपयडी० जह० जहण्णुक्क० एगस०। सम्म० अजह० जह० अंतोमु०, पज्ज० एगस०।

§ १८५. देवेसु मिच्छ० जह० जहण्णुक्क० एयस०। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरोवमाणि। सम्म० जह० जहण्णुक्क० एगस०। अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो०। सम्मामि०-सोलसक०-छण्णोक० पढमाए भंगो। णवरि हस्स-रदि० अज० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं। इत्थिवेद-पुरिसवेद० जह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। अजह० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णं पलिदो०

समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो वेदोंका पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है और नपुंसक-वेदका अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अजघन्य अनुभागके उदीरक-का उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। नपुंसकवेदके अजघन्य अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। जिसके जो वेद है उसे जान लेना चाहिए। योनिनियों में सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। शेष काल वही है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १८४. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सब प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। सम्यक्त्वके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। मनुष्यपर्याप्तकोंमें एक समय है।

§ १८५. देवोंमें मिथ्यात्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागरोपम है। सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंका भंग पहली पृथिवीके समान है। इतनी विशेषता है कि हास्य और रतिके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह महीना है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य

तेत्तीसं सागरो० । एवं भवणादि णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदीओ । हस्स-रदि० अरदि-सोगभंगो । सहस्सारे हस्स-रदि० देवोघं । भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सम्म० जह० जह० एयस०, उक्क० वे समया । अजह० जह० एयस०, उक्क० सगसगट्ठिदी देसूणा । इत्थिवे० अजह० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पलिदो० सादिरेयाणि प० सा० । सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं । उवरि इत्थिवेदो णत्थि । अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सम्म०-बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो । णवरि सगट्ठिदी० । एवं जाव० ।

* अंतरं ।

§ १८६. एगजीवविसयमंतरमेत्तो भणिस्सामो त्ति अहियारपरामरसवक्कमेदं ।

* मिच्छत्तस्स उक्कस्साणुभागुदीरगंतरं केवचिरं कालादो होदि ?

§ १८७. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

* जहण्णेण एगसमओ ।

§ १८८. कुदो ? उक्कस्सादो अणुक्कस्सभावं गंतूणेगसमयमंतरिय पुणो वि विदियसमए उक्कस्सभावमुवगयम्मि तदुवलंभादो ।

अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे पचवन पल्योपम और तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान जानना चाहिए। मात्र सहस्रारकल्पमें हास्य और रतिका भंग सामान्य देवोंके समान जानना चाहिए। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। स्त्रीवेदके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है। आगेके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनत कल्पके समान है। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

* अन्तरकालका अधिकार है ।

§ १८६. यहाँसे एक जीवविषयक अन्तरकालको कहेंगे। इस प्रकार अधिकारका परामर्श करनेवाला यह सूत्रवचन है।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना अन्तरकाल है ?

§ १८७ यह पृच्छावाक्य सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।

§ १८८. क्योंकि उत्कृष्टसे अनुत्कृष्टपनेको प्राप्त होकर तथा एक समयके लिए अन्तर करके फिर भी दूसरे समयमें उत्कृष्टभावके प्राप्त होने पर एक समयप्रमाण उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है।

*** उक्कस्सेण असंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा ।**

§ १८९. कुदो ? सण्णिपंचिंदिएसुक्कस्ससंकिलेसेणुक्कस्साणुभागुदीरणाए आदिं कादूणंतरिय एइंदिएसु पविसिय तदुक्कस्सट्ठिदिमेत्तमुक्कस्संतरमणुपालिय पुणो वि पडिणियत्तिय तसेसु आगंतूण पडिवण्णतब्भावम्मि तदुवलंभादो ।

*** अणुक्कस्साणुभागुदीरगंतरं केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १९०. सुगमं ।

*** जहण्णेण एगसमओ ।**

§ १९१. अणुक्कस्सादो उक्कस्सभावं गंतूणेगसमयमंतरिय पुणो वि तदणंतरसमये अणुक्कस्सभावेण परिणदम्मि तदुवलद्धीदो ।

*** उक्कस्सेण बे छावट्ठिसागरोवमाणि सादिरेयाणि ।**

§ १९२. तं जहा—मिच्छत्ताणुक्कस्साणुभागुदीरेमाणो पढमसम्मत्ताहिमुहो होदूण मिच्छत्तपढमट्ठिदीए आवलियमेत्तसेसाए अणुदीरगभावेणंतरिय तदो सम्मत्तमुप्पाइय सव्वुक्कस्समुवसमसम्मत्तकालं वोलाविय वेदगसम्मत्तं पडिवज्जिय पढमछावट्ठिमंतोमुहुत्तूणमणुपालिय तदवसाणे सम्मामिच्छत्तेणंतोमुहुत्तमंतरिदो पुणो वि वेदगसम्मत्तं पडिलंभेण विदियछावट्ठिं परिभमिय तदवसाणे अंतोमुहुत्तमेत्तसेसे मिच्छत्तं गंतूण मिच्छा-

---

*** उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है ।**

§ १८९. क्योंकि संज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें उत्कृष्ट संक्लेशवश उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणाका प्रारम्भ कर तथा उसे अन्तरितकर और एकेन्द्रियोंमें प्रवेश कर एकेन्द्रियकी उत्कृष्ट स्थिति प्रमाण काल तक उत्कृष्ट अन्तरका अनुपालनकर फिर भी प्रतिनिवृत्त होकर त्रसोंमें आकर उत्कृष्ट संक्लेशपूर्वक उत्कृष्ट उदीरणाके प्राप्त होने पर उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है ।

*** अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल कितना है ?**

§ १९० यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य अन्तरकाल एक समय है ।**

§ १९१. अनुत्कृष्टसे उत्कृष्टभावको प्राप्त होकर एक समयके लिए अन्तरित कर फिर भी तदनन्तर समयमें अनुत्कृष्टभावसे परिणत होने पर उक्त अन्तरकाल प्राप्त होता है ।

*** उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपम है ।**

§ १९२. यथा—मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जीव प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख होकर मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिमें आवलिमात्र शेष रहने पर अनुदीरकभावसे अन्तरकर तदनन्तर सम्यक्त्वको उत्पन्न कर सबसे उत्कृष्ट उपशमसम्यक्त्वके कालको बिताकर वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त कर तथा अन्तर्मुहूर्तकम प्रथम छयासठसागर काल तक उसका पालन कर उसके अन्तमें सम्यग्मिथ्यात्वके द्वारा अन्तर्मुहूर्त काल तक वेदकसम्यक्त्वको अन्तरित कर फिर भी वेदकसम्यक्त्वकी प्राप्तिद्वारा द्वितीय छयासठ सागर काल तक परिभ्रमण कर

---

१. आ०प्रतौ -णुक्कस्सादो भागुदीरणाए इति पाठः, ता०प्रतौ -णुक्कस्सादो.....भागुदीरणाए इति पाठः ।

इट्ठिपढमसमए मिच्छत्ताणुक्कस्साणुभागुदीरगो जादो, लद्धमंतरं। संपहि सेसाणं पि कम्माणमेसा चेव परूवणा थोवयरविसेसाणुविद्धा कायव्वा त्ति पदुप्पायणट्ठमप्पणासुत्तमाह—

*** एवं सेसाणं कम्माणं सम्मत्त-सम्मामिच्छत्तवज्जाणं।**

§ १९३. एत्थ सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं किमट्ठं परिवज्जणं कीरदे ? ण, तेसिमुक्कस्साणुक्कस्साणुभागुदीरगंतरस्स मिच्छंतरपरूवणादो अइविलक्खणत्तेण साहम्मियाभावादो। तदो ताणि मोत्तूण सेसाणं कम्माणं मिच्छत्तस्सेव पयदंतरपरूवणा कायव्वा, भेदाभावादो। णवरि अणुक्कस्साणुभागुदीरगस्स उक्कस्संतरगओ विसेसो अत्थि त्ति तप्पदुप्पायणट्ठमाह—

*** णवरि अणुक्कस्साणुभागुदीरगंतरं पयडिअंतरं कादव्वं ?**

§ १९४. एदेसिमणुक्कस्साणुभागुदीरगस्स उक्कस्सं जहा पयडिउदीरणाए उक्कस्संतरं परूविदं तहा परूवेयव्वमविसेसादो त्ति भणिदं होदि।

*** सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्साणुक्कस्साणुभागुदीरगंतरं केवचिरं कालादो होदि ?**

उसके अन्तमें अन्तर्मुहूर्तमात्र शेष रहने पर मिथ्यात्वमें जाकर मिथ्यादृष्टि गुणस्थानके प्रथम समयमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट अनुभागका उदीरक हो गया। इसप्रकार उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त हुआ। अब शेष कर्मोंकी भी स्तोक विशेषतासे युक्त यही प्ररूपणा करनी चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए अर्पणा सूत्रको कहते हैं—

*** सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर इसी प्रकार शेष कर्मोंकी अपेक्षा जानना चाहिए।**

§ १९३. **शंका**—यहाँ पर सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका निषेध किसलिए किया जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकके अन्तरकालकी मिथ्यात्वकी अन्तरप्ररूपणाके साथ अत्यन्त विलक्षणता होनेसे साम्य नहीं पाया जाता, इसलिए उन्हें छोड़कर शेष कर्मोंके प्रकृत अन्तरकालकी प्ररूपणा मिथ्यात्वके समान करनी चाहिए, क्योंकि इनकी प्ररूपणामें कोई भेद नहीं है। इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकके उत्कृष्ट अन्तरकालगत विशेष है, इसलिए उसका कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल प्रकृति उदीरणाके अन्तरकालके समान करना चाहिए।**

§ १९४. जिस प्रकार प्रकृति उदीरणाका उत्कृष्ट अन्तरकाल कहा है उसी प्रकार इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कहना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई भेद नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका कितना अन्तरकाल है ?**

मार्गदर्शक :-आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १९५. सुगमं।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

* उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

§ १९६. एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि। संपहि सुत्तसूचिदत्थविसये णिण्णय-जणणट्ठमुच्चारणाणुगमं कस्सामो। तं जहा—

§ १९७. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०—अणंताणु०४ उक्क० अणुभागुदी० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० वेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। एवमट्ठकसाय०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। एवं चदुसंजलण-भय-दुगुंछ०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवं हस्स-रदि०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि। एवमरदि-सोग०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० छम्मासा। एवं णवुंस०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। इत्थिवेद-

§ १९५. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।

§ १९६. ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं। अब चूर्णिसूत्रके द्वारा सूचित हुए अर्थके विषयमें निर्णय उत्पन्न करनेके लिए उच्चारणाका अनुगम करेंगे। यथा—

§ १९७. अन्तरकाल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनके बराबर है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छ्यासठ सागरोपम है। इसी प्रकार आठ कषायोंकी अपेक्षा जान लेना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। इसी प्रकार चार संज्वलन, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। इसी प्रकार हास्य और रतिकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार अरति और शोककी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीनाप्रमाण है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागर पृथक्त्वप्रमाण है। स्त्रीवेद और

पुरिसवेद० उक्क० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। सम्म०-सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

§ १९८. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-अणंताणु०४-हस्स-रदि० उक्क० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। सम्म०-सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। बारसक०-अरदि-सोग-भय-दुगुंछाणं मिच्छत्तभंगो। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवं

पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनके बराबर है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।

विशेषार्थ—संयतासंयत और संयतका उत्कृष्ट काल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है, इसीलिए यहाँ मध्यकी आठ कषायोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण कहा है, क्योंकि संयतासंयत अप्रत्याख्यान कषायचतुष्कके और संयत जीव प्रत्याख्यानकषायचतुष्कके अनुदीरक होते हैं। चार संज्वलन और भय-जुगुप्साकी उपशमश्रेणिमें अपनी-अपनी उदीरणाव्युच्छित्तिके बाद लौट कर वहाँ आनेतक उदीरणा नहीं होती। यतः इस कालका योग अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। सातवें नरकमें तथा वहाँ जानेके पूर्व और आनेके बाद अन्तर्मुहूर्त तक हास्य-रतिकी उदीरणा न हो यह सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागरोपम कहा है। सहस्रार कल्पमें छह महीना तक अरति-शोककी उदीरणा न हो यह सम्भव है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल छह माहप्रमाण कहा है। सौ सागरपृथक्त्व काल तक कोई जीव नपुंसकवेदी न हो ऐसा कालप्ररूपणासे ज्ञात होता है, इसलिए नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागरपृथक्त्वप्रमाण कहा है। जीवके नपुंसकवेदी रहते हुए स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उदीरणा नहीं होती, अतः उस कालको जानकर स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तर काल अनन्त कालप्रमाण कहा है, जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। एक बार सम्यग्दृष्टि होनेके बाद यह जीव उपार्धपुद्गलपरियर्तनप्रमाण काल तक मिथ्यादृष्टि बना रह सकता है, इसलिए सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्त कालप्रमाण कहा है। शेष स्पष्टीकरण चूर्णिसूत्रोंसे ही हो जाता है। आगे गतिमार्गणाके उत्तर भेदोंमें भी जहाँ जो अन्तरकाल कहा है उसे इसी न्यायसे घटित कर लेना चाहिए। कहीं कोई विशेष वक्तव्य होगा तो उसका स्पष्टीकरण अवश्य करेंगे।

§ १९८. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, हास्य और रतिके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। बारह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका भंग मिथ्यात्वके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल

णवुंस० । णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० वे समया । एवं सत्तमाए । एवं पढमाए जाव छट्ठि त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । हस्स-रदि० अरदि-सोगभंगो ।

§ १९९. तिरिक्खेसु ओघं । णवरि मिच्छ०-अणंताणु०४ अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि । अट्ठक०-छण्णोक० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । णवुंस० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं ।

§ २००. पंचिंदियतिरिक्खतिये मिच्छ०-सोलसक०-छण्णोक० उक्क० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । अणुक्क० तिरिक्खोघं । सम्म०-सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि । तिण्णिवेद० उक्क० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुध० । वेदा जाणियव्वा । णवरि जोणिणीसु इत्थिवेद० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० वेसमया ।

§ २०१. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-णवुंस० उक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० वेसमया । सोलस-

---

एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार पहलीसे लेकर छटी पृथिवीतक जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए । इन पृथिवियोंमें हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान है ।

§ १९९. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है । आठ कषाय और छह नोकषायोंके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है ।

§ २००. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि-पृथक्त्वप्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है । तीन वेदोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है । किसके कौन वेद है यह जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि योनिनी तिर्यञ्चोंमें स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तर-काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है ।

§ २०१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व और नपुंसक-वेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल

क०—छण्णोक०मणुसगइभंगो अणुक्कस्सजह० खुद्दाभवग्गहणूणं, उक्क० पल्लासंखे०भागूणं० ।

§ २०२. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो । णवरि पच्चक्खाण०४ अणुक्क० ओघं । मणुसिणीसु इत्थिवेद० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० ।

§ २०३. देवेसु मिच्छ०—अणंताणु०४ उक्क० जह० एगस०, उक्क० अट्ठारस सागरो० सादिरेयाणि । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं बारसक०—छण्णोक० । णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । अरदि-सोग० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं । एवं पुरिसवेद० । णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० वेसमया । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि । इत्थिवेद० उक्क० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णपलिदो० देसूणाणि । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० वेसमया । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि समट्ठिदी देसूणा । अरदि-सोग० हस्स-रदिभंगो ।

अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ २०२. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि प्रत्याख्यानचतुष्कके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका भंग ओघके समान है । मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ २०३. देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागरोपम है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है । इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । तथा अरति और शोकके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है । इसी प्रकार पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है । स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम पचवन पल्योपम है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिए । अरति और शोकका भंग हास्य और रतिके समान है । सहस्रारकल्पमें अरति और शोकका भंग सामान्य देवोंके समान है । इतनी

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सहस्सारे अरदि-सोग० देवोघं। णवरि भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० उक्क० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि पलिदो० सादिरे० प० सा० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि। उवरि इत्थिवेदो णत्थि।

§ २०४. अणुदिसादि० सव्वट्ठा त्ति सम्म०-पुरिसवेद० उक्क० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० वे समया। एवं बारसक०-छण्णोक०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवं जाव०।

*** जहण्णाणुभागुदीरगंतरं केसिंचि अत्थि, केसिंचि णत्थि।**

§ २०५. कुदो? खवगसेढीए दंसणमोहक्खवणाए च लद्धजहण्णसामित्ताणमंतराभावणियमदंसणादो सेसाणमंतरसंभवोवलंभादो। संपहि एदस्स विवरणमुच्चारणाणुहेण वत्तइस्सामो। तं जहा—

§ २०६. जह० पयदं। दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-अणंताणु०४ जह० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादिरेयाणि। णवरि अणंताणु०४ अजह० जह० एगस०।

विशेषता है कि भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्म-ऐशान कल्पके देवोंमें स्त्रीवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल क्रमसे कुछ कम तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और कुछ कम पचपन पल्योपम है। ऊपर स्त्रीवेद नहीं है।

§ २०४. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

*** जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल किन्हींके होता है और किन्हींका नहीं होता।**

§ २०५. क्योंकि क्षपकश्रेणिमें और दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें जिनका जघन्य स्वामित्व प्राप्त हुआ है उनके अन्तराभावका नियम देखा जाता है। शेषके अन्तरकालका सम्भव उपलब्ध होता है। अब इस सूत्रका विवरण उच्चारणाके अनुसार करते हैं। यथा—

§ २०६. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपम है। इतनी विशेषता है कि अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है। इसीप्रकार आठ कषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता

एवमट्ठकसाय० । णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । सम्मामि० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । एवं सम्म० । णवरि जह० णत्थि अंतरं । चदुसंजल०-भय-दुगुंछ० जह० णत्थि अंतरं । अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । हस्स-रदि-अरदि-सोग० जह० णत्थि अंतरं । अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि छम्मासं । इत्थिवे०- पुरिसवे०-णवुंस० जह० णत्थि अंतरं । अजह० जह० अंतोमु०, पुरिसवेद० एगसमओ; उक्क० अणंतकाल-मसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा, णवुंस० सागरोवमसदपुधत्तं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०७. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० अणंताणु०४ जह० अजह० जह० पलिदो० असंखे०भागो अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । सम्मामि० जह० अजह०

है कि इनके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। चार संज्वलन, भय और जुगुप्साके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। हास्य, रति, अरति और शोकके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल क्रमसे साधिक तेतीस सागरोपम और छह महीना है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल दोका अन्तर्मुहूर्त और पुरुषवेदका एक समय है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल दोका अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है और नपुंसकवेदका सौ सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण है।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी जघन्य अनुभाग उदीरणा संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टिके होती है, अतः संयमके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर यहाँ उक्त प्रकृतियोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्धपुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। तथा मिथ्यात्वके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर यहाँ उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपम कहा है। मात्र मिथ्यादृष्टिके अनन्तानुबन्धीचतुष्कमेंसे किसी एक प्रकृतिकी एक समयके अन्तरसे उदीरणा सम्भव है, इसलिए इनके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय कहा है। इसी प्रकार आगे भी अपने-अपने स्वामित्व आदिको जानकर सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है।

§ २०७. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्वके

जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सम्म० । णवरि जह० णत्थि अंतरं । बारसक०-चदुणोक० जह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । एवं णवुंस० । णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० वे समया । हस्स-रदि० जह० अजह० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सत्तमाए । णवरि सम्म० हस्स-रदिभंगो । एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । हस्स-रदि० अरदि-सोगभंगो । पढमाए सम्म० जह० णत्थि अंतरं । अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० सागरो० देसूणं ।

§ २०८. तिरिक्खेसु मिच्छ०-अणंताणु०४ ओघं । णवरि अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि । सम्म०-सम्मामि० ओघं । अपच्चक्खाण०४ जह० ओघं । अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० एयपुव्वकोडी देसूणा । अट्ठक०-छण्णोक०

जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । बारह कषाय और चार नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है । इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है । हास्य और रतिके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यहाँ सम्यक्त्वका भंग हास्य और रतिके समान है । इसी प्रकार पहलीसे लेकर छठी पृथिवी तक जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । यहाँ हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान है । पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक सागरोपम है ।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी जघन्य अनुभाग उदीरणा प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध जीवके यथासमयमें होती है, यतः प्रथम सम्यक्त्वका जघन्य अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इनके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है जो अपने अपने स्वामित्वको जानकर ले आना चाहिए ।

§ २०८. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है । अप्रत्याख्यानचतुष्कके जघन्य अनुभागके उदीरकका भंग ओघके समान है । अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट

जह० जह० एगस०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। एवमित्थिवेद-पुरिसवेद०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं णवुंस०। णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०९. पंचिंदियतिरिक्खतिये मिच्छ०-अट्ठक० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। णवरि अजह० तिरिक्खोघं। सम्मामि० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। एवं सम्म०। णवरि जह० णत्थि अंतरं। अट्ठक०-छण्णोक० जह० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। तिण्णिवेद० जह० अजह० जह० एगस०,[1] उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं।

अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल-परिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें आठ कषाय और नौ नोकषायोंके जघन्य अनुभागकी उदीरणा सर्वविशुद्ध संयतासंयतके होती है। यह एक समयके अन्तरसे भी सम्भव है, इसलिए इन सबके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय कहा है। तथा संयमासंयमगुणके उत्कृष्ट अन्तरको ख्यालमें रख कर इन सबके अजघन्य अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ २०९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि-पृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि अजघन्य अनुभागके उदीरकका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी अपनी स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। तीन वेदोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्च-पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा स्त्रीवेद-

---

१. आ०ता०प्रत्योः अजह० एगस० इति पाठः।

णवरि पज्जत्त० इत्थिवेदो णत्थि। जोणिणीसु पुरिसवेद-णवुंसयवेद० णत्थि। इत्थिवेद० अजह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। सम्म० जह० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। अजह० जह० एग०, उक्क० सगट्ठिदी०।

§ २१०. पंचिं०तिरिक्खअप०-मणुसअप० मिच्छ०-णवुंसय० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अजह० जह० एग०, उक्क० वे समया। सोलसक०-छण्णोक० जह० अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०।

§ २११. मणुसतिए मिच्छ०-अणंताणु०४-सम्म०-सम्मामि० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। अट्ठक० जह० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। चदुसंजल०-छण्णोक० जह० णत्थि अंतरं। अजह० जह० उक्क० अंतोमु०। तिण्णिवेद० जह० णत्थि अंतरं। अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि। मणुसिणीसु पुरिसवे०-णवुंस०

के अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है।

विशेषार्थ—योनिनी तिर्यञ्चोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न नहीं होते, इसलिए उनमें सम्यक्त्वके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण बन जानेसे वह उक्त कालप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ २१०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। सोलह कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ २११. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग पञ्चेन्दिय तिर्यञ्चोंके समान है। आठ कषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। चार संज्वलन और छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। तीन वेदोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा स्त्रीवेदके अजघन्य अनुभागके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है।

णत्थि। इत्थिवेद० अजह०[1] उक्क० अंतोमु०।

§ २१२. देवेसु मिच्छ०–अणंताणु०४ जह० अजह० जह० पलिदो० असंखे०-भागो अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। सम्मामि० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। एवं सम्म०। णवरि जह० णत्थि अंतरं। बारसक०–छण्णोक० जह० जह०[2] एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। णवरि अरदि-सोग० अजह० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं। एवं पुरिसवे०। णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। इत्थिवे० जह० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि। अजह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। एवं भवण०–वाणवें०–जोदिसियादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। अरदि-सोग० हस्स-रदिभंगो। सहस्सारे

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विशेषार्थ—मनुष्यिनी द्रव्यपुरुषके स्त्रीवेदके उदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़ने पर जब सवेदभागमें एक समय अधिक एक आवलि काल शेष बचता है तब स्त्रीवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणा होती है ऐसा स्वामित्वसूत्रसे स्पष्ट ज्ञात होता है, इसलिए मनुष्यिनीके स्त्रीवेदकी जघन्य अनुभाग उदीरणाका अन्तरकाल नहीं बनता यह स्पष्ट ही है। शेष कथन सुगम है।

§ २१२. देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि अरति और शोकके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम पचवन पल्योपम है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इनमें अरति और शोकका भंग हास्य और रतिके समान है। सहस्रार कल्पमें अरति और शोकके अजघन्य अनुभागके उदीरकका

१. आ०-का०प्रत्योः इत्थिवेद० जह० अजह० इति पाठः।

२. आ०-ता०प्रत्योः जह० अजह० इति पाठः।

अरदि-सोग० अजह० देवोघं। णवरि भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सम्म० अजह० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। इत्थिवेद० जह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि पलिदो० सादिरे० पलिदो० सादिरे०। सोधम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं। उवरि इत्थिवेदो णत्थि।

§ २१३. अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सम्म० जह० अजह० णत्थि अंतरं। बारसक०-सत्तणोक० जह० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। णवरि पुरिसवेद० अजह० जह० एगस०, उक्क० वे समया। एवं जाव०।

*** णाणाजीवेहि भंगविचओ भागाभागो परिमाणं खेत्तं फोसणं कालो अंतरं सण्णियासो च एदाणि कादव्वाणि।**

§ २१४ एवमेदाणि अणियोगद्दाराणि एत्थुद्देसे सवित्थरं परूवेयव्वाणि त्ति भणिदं होइ। संपहि एदेण बीजपदेण समप्पिदाणमेदेसिमणियोगद्दाराणमुच्चारणाइरियोवएस-बलेण परूवणं वत्तइस्सामो। तं जहा—

§ २१५. णाणाजीवेहि भंगविचओ[1] दुविहो—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं।

भंग सामान्य देवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। स्त्रीवेदके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल क्रमसे कुछ कम तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है। ऊपर देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है।

§ २१३. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धितकके देवोंमें सम्यक्त्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके अजघन्य अनुभागके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

*** नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल, अन्तर और सन्निकर्ष इन अनुयोगद्वारोंकी प्ररूपणा करनी चाहिए।**

§ २१४. इस प्रकार ये अनुयोगद्वार इस स्थलपर विस्तारके साथ कहने चाहिए यह उक्त सूत्रका तात्पर्य है। अब इस बीजपदके अनुसार मुख्यताको प्राप्त हुए इन अनुयोगद्वारोंका उच्चारणाचार्यके उपदेशानुसार प्ररूपण करेंगे। यथा—

§ २१५. नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकारका है—जघन्यय और उत्कृष्ट।

---

१. ता०प्रतौ भंगविचयाणुगमेण इति पाठः।

दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सम्म०–णवणोक० उक्क० अणुभागुदीरणाए सिया सव्वे अणुदीरगा, सिया अणुदीरगा च उदीरगो च, सिया अणुदीरगा च उदीरगा च। एवमणुक्क०। णवरि उदीरगा पुव्वं वत्तव्वं[1]। सम्मामि० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० अट्ठ भंगा। सव्वणिरय–सव्वतिरिक्ख–मणुसतिय–सव्वदेवा त्ति जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं। मणुसअपज्ज० सव्वपयडी० उक्क० अणुक्क० अट्ठ भंगा। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २१६. भागाभागाणु० दुविहो—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०–ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० सव्वजी० केव०? अणंतभागो। अणुक्क० अणंता भागा। सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवे०–पुरिसवे० उक्क० सव्वजी० केव०? असंखे०भागो। अणुक्क० असंखेज्जा भागा। एवं तिरिक्खा०।

§ २१७. सव्वणिरय०–सव्वपंचिंदियतिरिक्ख–मणुसअपज्ज०–देवा जाव अपराजिदा त्ति सव्वपय० उक्क० अणुभागुदी० असंखे०भागो। अणुक्क० असंखे०भागा।

उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सम्यक्त्व और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणाके कदाचित् सब जीव अनुदीरक हैं, कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और एक जीव उदीरक है, कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और नाना जीव उदीरक हैं। इसी प्रकार अनुत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणाकी अपेक्षा कहना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पहले उदीरक हैं ऐसा कहना चाहिए। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंके आठ भंग हैं। सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्यत्रिक और सब देव जिन प्रकृतियोंकी उदीरणा करते हैं उनका भंग ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंके आठ भंग हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इसी प्रकार जघन्यको भी जानना चाहिए।

§ २१६. भागाभागानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? अनन्तवें भागप्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव अनन्त बहुभागप्रमाण हैं। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ २१७. सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं।

---

१. आ०प्रतौ पुव्वं व वत्तव्वं इति पाठः। ता०प्रतौ पुव्वं [व] वत्तव्वं इति पाठः।

§ २१८. मणुसेसु मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० अणुभागु० असंखे०-भागो। अणुक्क० असंखे०भागा। सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० अणु०-भागु० संखे०भागो। अणुक्क० संखेज्जा भागा। मणुसपज्ज०–मणुसिणी०–सव्वट्ठदेवा० सव्वपय० उक्क० अणुभागुदी० सव्वजी० संखे०भागो। अणुक्क० संखे०भागा। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं।

§ २१९. परिमाणाणु० दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०-ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० अणुभागुदी० केत्तिया? असंखेज्जा। अणुक्क० केत्तिया? अणंता। सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० अणुक्क० के०? असंखेज्जा। एवं तिरिक्ख०।

§ २२०. सव्वणिरय०–सव्वपंचिंदियतिरिक्ख–मणुसअपज्ज०–देवा जाव अवरा-जिदा त्ति सव्वपय० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदीर० केत्तिया? असंखेज्जा। मणुसेसु मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० के०? संखेज्जा। अणुक्क० के०? असंखेज्जा। सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवे०–पुरिस० उक्क० अणुक्क० के०? संखेज्जा। मणुसपज्ज०–मणुसिणी–सव्वट्ठदेवा० सव्वपय० उक्क० अणुक्क० अणुभागुदी० के०? संखेज्जा।

§ २१८. मनुष्योंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके असंख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके संख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव सब जीवोंके संख्यातवें भागप्रमाण हैं तथा अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार जघन्यको भी जानना चाहिए।

§ २१९. परिमाण दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? अनन्त हैं। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ २२०. सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। मनुष्योंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीव

एवं जाव० ।

§ २२१. जह० पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० जह० अणुभागु० के० ? संखेज्जा । अजह० के० ? अणंता । सम्म०—इत्थिवेद—पुरिस० जह० अणुभागु० के० ? संखेज्जा । अजह० के० ? असंखेज्जा । सम्मामि० जह० अजह० अणुभागु० के० ? असंखेज्जा ।

§ २२२. आदेसेण णेरइय० सम्म० ओघं । सेसाणं जह० अजह० केत्ति० ? असंखेज्जा । एवं पढमपुढवि-पंचिंदियतिरिक्ख०३-देवगदिभंगो सोहम्मादि जाव सव्वट्ठसिद्धि त्ति । विदियादि जाव सत्तमा त्ति सव्वपय० जह० अजह० केत्ति० ? असंखेज्जा । एवं जाव० । तिरिक्खेसु मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० जह० अजह० केत्ति० ? असंखेज्जा । पंचिं०तिरि०अपज्ज०—मणुसअपज्ज०—भवण०—वाणवें०—जोदिसि० सव्वपय० जह० अजह० के० ? असंखेज्जा । तिरिक्खेसु मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० जह० केत्ति० ? असंखेज्जा । अजह० के० ? अणंता । सम्म० ओघं । सम्मामि०—इत्थिवेद—पुरिसवे० जह० अजह० के० ? असंखेज्जा । पंचिं०तिरिक्खदुगे सम्म० ओघं । सेसपय० जह० अजह० के० ? असंखेज्जा ।

§ २२३. मणुसेसु मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० जह० संखेज्जा । अजह० असंखेज्जा । सम्म०—सम्मामि०—इत्थिवे०—पुरिसवे० जह० अजह० के० ? संखेज्जा ।

कितने हैं ? संख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ २२१. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । सम्यक्त्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ।

§ २२२. आदेशसे नारकियोंमें सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए । दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकी, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च-योनिनी, पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त, भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है । सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चद्विकमें सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ।

§ २२३. मनुष्योंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरक जीव संख्यात हैं । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव असंख्यात हैं । सम्यक्त्व सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ?

मणुसपज्ज०-मणुसिणी०-सव्वट्ठदेवा सव्वपय० जह० अजह० केत्ति० ? संखेज्जा । देवा सोहम्मीसाणादि अवराजिदा त्ति सम्म० ओघं । सेसपय० जह० अजह० के० ? असंखेज्जा । एवं जाव० ।

§ २२४. खेत्तं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० उक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे०भागे । अणुक्क० सव्वलोगे । सम्म०-सम्मामि०-इत्थिवेद-पुरिसवे० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागे । एवं तिरिक्खा० । सेसगदीसु सव्वपय० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागे । एवं जाव० ।

§ २२५. जह० पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० जह० लोग० असंखे०भागे । अजह० सव्वलोगे । सम्म०-सम्मामि०-इत्थिवेद-पुरिस० जह० अजह० लोग० असंखे०भागे । एवं तिरिक्खा० । सेसगदीसु सव्वपय० जह० अजह० लोग० असंखे०भागे । एवं जाव० ।

§ २२६. पोसणं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सोलसक० उक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे०भागो

संख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । देव और सौधर्म-ऐशान कल्पके देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ २२४. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र सर्वलोकप्रमाण है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । शेष गतियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ २२५. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र सर्वलोकप्रमाण है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । शेष गतियोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य अनुभागके उदीरक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ २२६. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और सोलह कषायोंके उत्कृष्ट

अट्ठ तेरह चोद्दस० भागा वा देसूणा । अणुक्क० सव्वलोगो । सम्म०–सम्मामि० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा । इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा । णवुंस०–अरदि-सोग-भय-दुगुंछ० उक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा । अणुक्क० सव्वलोगो । हस्स-रदि० उक्क० अणुभागुदी० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा । अणुक्क० सव्वलोगो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग, त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग और कुछ कम तेरह भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने सर्व लोक-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असं-ख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व और सोलह कषायोंके उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा संज्ञी पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त मिथ्यादृष्टि उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले जीवोंके होती है। इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग तथा मारणान्तिक समुद्घातकी अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम तेरह भागप्रमाण है। यहाँ ६ राजु नीचे और ७ राजु ऊपर इस प्रकार त्रसनालीका कुल कुछ कम तेरह राजु क्षेत्र लिया है। इसीलिए यहाँ उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका उक्त क्षेत्रप्रमाण स्पर्शन कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन है यह स्पष्ट ही है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा वेदक सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके अपने-अपने स्वामित्वके समय होती है। यतः इन जीवोंका इनकी उदीरणाके समय वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण ही बनता है, अतः यह स्पर्शन उक्त क्षेत्रप्रमाण कहा है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंके स्वामित्वको देखते हुए उनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण बननेसे यह उक्त क्षेत्रप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्सा के उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक सर्वोत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले सातवीं पृथिवीके नारकी

§ २२७. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। सम्म०-सम्मामि० खेत्तं। एवं विदियादि सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तं।

§ २२८. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० उक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। अणुक्क० सव्वलोगो। सम्म० उक्क० अणुभागु० खेत्तं। अणुक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। सम्मामि० उक्क० अणुक्क० खेत्तं। इत्थिवेद-पुरिस० ओघं। पंचिंदियतिरिक्खतिये सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खोघं। सेसपयडि० उक्क० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। अणुक्क० लोग० असंखे०भागो

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

होते हैं, अतः उनके वर्तमान और अतीत स्पर्शनको ध्यानमें रखकर उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका स्पर्शन सर्वलोकप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरक सर्व संक्लेश परिणामवाले शतार-सहस्रार कल्पके देव हैं, अतः इनके वर्तमान और अतीत स्पर्शनको ध्यानमें रखकर इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। आगे गति मार्गणाके उत्तर भेदोंमें अपने-अपने स्वामित्व और मार्गणाओंके स्पर्शनको ध्यानमें रखकर उक्त न्यायसे प्रकृत स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे अलगसे स्पष्टीकरण नहीं करेंगे।

§ २२७. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए। पहली पृथिवीमें क्षेत्रके समान स्पर्शन है।

§ २२८. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा भंग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और

सव्वलोगो वा। पंचिं०तिरिक्ख०अपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपयडि० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा।

§ २२९. मणुसतिये सम्म०-सम्मामि० खेत्तं। सेसपय० उक्क० लोग० असंखे०भागो। अणुक्क० लोग० असं०भागो सव्वलोगो वा।

§ २३०. देवेसु सम्म०-सम्मामि० ओघं। मिच्छ०-सोलसक०-अट्ठणोक० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस० देसूणा। णवरि हस्स-रदीणं उक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा।

§ २३१. भवण०-वाणवें-जोदिसि० मिच्छ०-सोलसक०-अट्ठणोक० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठदो वा अट्ठ णव चोद्दस० देसूणा। सम्म०-सम्मामि० [illegible] असंखे०भागो अट्ठदो वा अट्ठ चोद्दस० देसूणा।

§ २३२. सोहम्मीसाण० मिच्छ०-सोलसक०-अट्ठणोक० उक्क० अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस भागा वा देसूणा। सम्म०-सम्मामि० ओघं।

सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकों-में सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ २२९. मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इनके अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ २३०. देवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा भंग ओघके समान है। मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि हास्य और रतिके उत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ २३१. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रस-नालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन भाग, कुछ कम आठ भाग और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट अनुभागके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन भाग और कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ ३८२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर पदका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपमप्रमाण है। अवस्थित पदके अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अवक्तव्य पदके अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके, अवक्तव्य उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपमप्रमाण है। आठ कषायोंके अवस्थित अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे दोका एक समय और और अन्तिमका अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। चार संज्वलन, भय और जुगुप्साके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे दोका एक समय और अन्तिमका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित उदीरकका भंग मिथ्यात्वके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके तीन पदरूप अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है, अवक्तव्य अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है तथा सब उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। नपुंसकवेदके भुजगार और अल्पतर अनुभाग उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण है। इसके अवक्तव्यका भंग स्त्रीवेदके समान है। अवस्थित भंग मिथ्यात्वके समान है। हास्य और रतिके भुजगार अल्पतर उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे दोका एक समय और अन्तिमका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागरोपम है। अवस्थित भंग मिथ्यात्वके समान है। अरति और शोकके भुजगार और अल्पतर उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। अवक्तव्य और अवस्थित

छम्मासं। अवत्त०-अवट्ठि० हस्सभंगो। सम्म०-सम्मामि० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० अवत्त० जह० एगस० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं।

पदका भंग हास्यके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे तीनका एक समय और अन्तिमका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है।

विशेषार्थ—यद्यपि मिथ्यादृष्टिका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम दो छयासठ सागरोपम कहा है, परन्तु जो मिथ्यादृष्टि जीव सम्यक्त्वको प्राप्त करता है उसके मिथ्यात्व छूटनेके अन्तिम अन्तर्मुहूर्त कालमें नियमसे मिथ्यात्वकी अल्पतर उदीरणा होती है और जो जीव सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वमें आता है उसके मिथ्यात्वको प्राप्त करनेके प्रथम अन्तर्मुहूर्तमें नियमसे मिथ्यात्वकी भुजगार उदीरणा होती है। इस तथ्यको ध्यानमें रखकर यहाँ मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर पद के उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपम कहा है। मिथ्यात्वका अवस्थित पद यह जीव अधिकसे अधिक असंख्यात लोकप्रमाण काल तक नहीं करता, इसलिए यहाँ मिथ्यात्वके इस पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। मिथ्यात्वमें दो बार आकर दो बार अवक्तव्य उदीरणा करनेके मध्य जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है इसलिए तो यहाँ इसके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा जिस जीवने संसारका अर्ध पुद्गल परिवर्तन काल शेष रहनेपर सम्यक्त्व प्राप्त किया, पुनः अन्तर्मुहूर्तमें मिथ्यादृष्टि होकर उसने अवक्तव्य पद किया। पुनः अन्तमें जब संसारमें रहनेका अपने योग्य स्वल्पकाल शेष रह जाय तब पुनः सम्यक्त्वको प्राप्तकर अन्तर्मुहूर्तके बाद पुनः मिथ्यादृष्टि होकर उसने अवक्तव्य पद किया। इस प्रकार मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। अनन्तानुबन्धी चतुष्कका अन्य सब भंग तो मिथ्यात्वके समान है। मात्र इसके अवक्तव्य पदके उदीरकके उत्कृष्ट अन्तरकालमें फरक है। बात है कि मिथ्यात्वका जो उत्कृष्ट अन्तरकाल है उसे अन्तर्मुहूर्त अधिक करनेपर अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होता है, क्योंकि तीसरे और चौथे गुणस्थानमें मिथ्यात्वका उदय-उदीरणा नहीं होती। यही कारण है कि यहाँपर इसके अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक दो छयासठ सागरोपम कहा है। यहाँपर भी प्रारम्भमें और अन्तमें दो बार अवक्तव्य पद प्राप्तकर यह अन्तरकाल लाना चाहिए। संयमासंयम और संयमका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि प्रमाण होनेसे यहाँ मध्यकी आठ कषायोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण कहा है। उपशम श्रेणिका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है, इसे ध्यानमें रखकर यहाँ चार संज्वलन, भय और जुगुप्साके भुजगार अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। स्त्रीवेदी और पुरुषवेदीके उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर यहाँ स्त्रीवेद और पुरुषवेदके तीन पदोंके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल प्रमाण कहा है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके कालके बराबर है। नपुंसकवेदीका उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागरोपम पृथक्त्वप्रमाण है, इसलिए यहाँ नपुंसकवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल उक्तकाल प्रमाण कहा है। इसका अवक्तव्य पद पञ्चेन्द्रिय जीवके ही सम्भव है और ऐसे जीवका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है, इसलिए इसके अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल स्त्रीवेदके समान कहा है। हास्य और रतिकी उदीरणा तथा उदय सातवें

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३८३. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–सम्म०–सम्मामि०–अणंताणु०४–हस्सरदि० तिण्णिपदा० जह० एयस०, अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। एवमरदि-सोग० णवरि भुज०अप्प०अवत्त० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवं बारसक०–भय-दुगुंछ०। णवरि अवत्त० जह० उक्क० अंतोमु०। एवं सत्तमाए। एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। हस्स-रदि-अरदि–सोग० बारसकसायभंगो।

§ ३८४. तिरिक्खेसु मिच्छ० ओघं। णवरि भुज०–अप्प० जह० एगस, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। एवमणंताणु०४। णवरि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि। अपच्चक्खाणचउक्क० सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–

नरकमें जीवन भर तथा वहाँ जानेके पूर्व और निकलनेके बाद अन्तर्मुहूर्तकाल तक न हो यह सम्भव है, इसलिए इनके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागरोपम कहा है। शतार-सहस्रार कल्पमें अधिकसे अधिक छह माह तक अरति और शोकका उदय-उदीरणा नहीं होती है, इसलिए इनके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना कहा है। शेष कथन सुगम है। यहाँ सर्वत्र प्रत्येक प्रकृतिके विवक्षित पदके उदीरकका अन्तरकाल लाते समय जहाँ जिस प्रकार बने उस प्रकार उस उस पदको अन्तरकालके प्रारम्भ होनेके पूर्व एक बार और अन्तरकालके समाप्त होनेपर एक बार कराकर अन्तरकाल लाना चाहिए। सर्वत्र सोलह कषायोंके अवक्तव्य पदके उदीरकका जो जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है सो विचार कर जान लेना चाहिए। तात्पर्य यह है कि चारों क्रोधोंका मरणसे तथा शेष कषायोंका व्याघात और मरणसे यद्यपि एक समय अन्तरकाल बन जाता है, पर इनके अवक्तव्य पदके दो बार प्राप्त होनेमें कमसे कम अन्तर्मुहूर्त काल लगनेसे इनके अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। शेष कथन सुगम है। आगे गति मार्गणाके भेद प्रभेदोंमें भी इसी न्यायसे अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए।

§ ३८३. आदेश से नारकियों में मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, हास्य और रतिके तीन पदों के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल एक समय है, अवक्तव्य पद के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागर है। इसी प्रकार अरति और शोक की अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके भुजगार और अल्पतर पद के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार बारह कषाय, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य पद के उदीरक का जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवी में जानना चाहिए। पहली पृथिवी से लेकर छठी पृथिवी तक के नारकियों में इसी प्रकार जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इनमें हास्य, रति, अरति, शोक का भंग बारह कषायों के समान है।

§ ३८४. तिर्यञ्चों में मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इसके भुजगार और अल्पतर पद के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धीचतुष्क की अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य पद के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है

पुरिसवेद० ओघं। अट्ठक०–छण्णोक० भुज०–अप्प०–अवत्त० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। अवट्ठि० ओघं। णवुंस० भुज०– अप्प० जह० एगस, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। अवट्ठि०–अवत्त० ओघं।

§ ३८५. पंचिंदियतिरिक्खतिए मिच्छ० तिरिक्खोघं। णवरि अवट्ठि–अवत्त० जह० एगस० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। एवमणंताणु०४। णवरि अवत्त० तिरिक्खोघं। एवं बारसक०–छण्णोक०। णवरि भुज०–अप्प०–अवत्त० तिरिक्खोघं। सम्म०–सम्मामि० भुज०–अप्प०–अवट्ठि०–अवत्त० जह० एयस० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। इत्थिवेद–पुरिसवेद० भुज०–अप्प०–अवत्त० जह० एगस० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी। णवुंस० तिण्णिपदा० जह० एयस०, अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि। जोणिणीसु पुरिसवे०–णवुंस० णत्थि। भुज०–अप्प० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। इत्थिवेदस्स अवत्तव्वपदं णत्थि

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है। अप्रत्याख्यानावरण चतुष्क, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदका भंग ओघके समान है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदका भंग ओघके समान है। नपुंसकवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अवस्थित और अवक्तव्य पदका भंग ओघके समान है।

§ ३८५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्वका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इसके अवस्थित और अवक्तव्यपदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्यपदका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्यपदके उदीरकका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्यपदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल तीन का एक समय और अवक्तव्यपदका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरक का जघन्य अन्तरकाल दो का एक समय और अवक्तव्यपदका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। अवस्थितपदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। नपुंसकवेदके तीन पदोंके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और अवक्तव्य पदका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा योनियोंमें भुजगार और अल्पतरपदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इनमें स्त्रीवेदका अवक्तव्य पद नहीं है।

§ ३८६. पंचिंदियतिरि०अपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-णवुंस० तिण्णिपदा० जह० एगस, उक्क० अंतोमु० । एवं सोलसक०-छण्णोक० । णवरि अवत्त० जह० उक्क० अंतोमु० ।

§ ३८७. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो । णवरि पच्चक्खाणचउक्क० भुज०अप्प०-अवत्त० ओघं । मणुसिणीसु इत्थिवेद० अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं ।

§ ३८८. देवेसु मिच्छ०-सम्मामि०-अणंताणु०४ तिण्णि पदा जह० एगसमओ अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कतीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सम्म० । णवरि अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । बारसक०-छण्णोक० भुज०-अप्प०-अवत्त० जह० एगस० अंतोमु०, उक्क० अंतोमु० । अवट्ठि० सम्मत्तभंगो णवरि अरदि-सोग० भुज०-अप्प०-अवत्त० जह० एगस० अंतोमु० हस्स-रदि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० सव्वेसिं छम्मासं । पुरिसवेद० तिण्णिपदा० बारसकसायभंगो । इत्थिवेद० भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि । एवं

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३८६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके तीन पदोंके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार सोलह कषाय और छह नोकषायों की अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ ३८७. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि इनमें प्रत्याख्यान चतुष्कके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका भंग ओघके समान है । मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है ।

§ ३८८. देवों में मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी के तीन पदों के उदीरक का जघन्य अन्तरकाल एक समय है, अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अवस्थित पदके उदीरक का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । बारह कषाय और छह नोकषायों के भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे दो का एक समय और अवक्तव्य पदके उदीरकका अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित पदका भंग सम्यक्त्वके समान है । इतनी विशेषता है कि अरति और शोकके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे दो का एक समय और अन्तिमका अन्तर्मुहूर्त है तथा हास्य और रतिके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल सबका छह महीना है । पुरुषवेदके तीन पदोंके उदीरकका भंग बारह कषायोंके समान है । स्त्रीवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ

भवणादि णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं भय-दुगुंछभंगो। सहस्सारे चदुणोक० देवोघं। णवरि अवट्ठि० सगट्ठिदी देसूणा। भवण०-वाणवें०-जोदिसि०-सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० भुज०-अप्प० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। अवट्ठि० जह० एगस, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि पलिदो० सादिरे० प० सा० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि। उवरि इत्थिवेदो णत्थि।

§ ३८९. अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म० भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० अंतोमुहुत्तं। अवट्ठि० देवोघं। अवत्त० णत्थि अंतरं। एवं पुरिसवे०। णवरि अवत्त० णत्थि। एवं बारसक०-छण्णोक०। णवरि अवत्त० जहण्णुक्क० अंतोमु०। एवं जाव।

§ ३९०. णाणाजीवेहि भंगविचयाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-णवुंस० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णियमा अत्थि, सिया एदे च अवत्तव्वगो च, सिया एदे च अवत्तव्वगा च। सम्म०-इत्थिवेद-पुरिसवेद० भुज०-

कम पचवन पल्योपम है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। हास्य, रति, अरति और शोकका भंग भय-जुगुप्साके समान है। सहस्रार कल्पमें चार नोकषायोंका भंग सामान्य देवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि यहाँ इनके अवस्थित पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी स्थितिप्रमाण है। भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी तथा सौधर्म-ऐशान कल्पके देवों में स्त्रीवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल क्रमसे कुछ कम तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और कुछ कम पचवन पल्योपम है। ऊपरके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है।

§ ३८९. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्वके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित पदके उदीरकका भंग सामान्य देवोंके समान है। अवक्तव्य पदके उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार पुरुषवेदके उदीरककी अपेक्षा अन्तरकाल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसका अवक्तव्य पद नहीं है। इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंके उदीरककी अपेक्षा अन्तरकाल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ३९०. नाना जीवोंका आश्रय कर भंग विचयानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवक्तव्य पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवक्तव्य पदके उदीरक जीव हैं। सम्यक्त्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरक जीव भजनीय

अप्प० णिय० अत्थि, सेसपद० भयणिज्जा। सम्मामि० सव्वपदा० भयणिज्जा। सोलसक०-छण्णोक० सव्वपदा० णिय० अत्थि। एवं तिरिक्खा०।

§ ३९१. आदेसेण णेरइय० मिच्छ-सम्म०-सोलसक०-छण्णोक० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि। सेसपदा० भयणिज्जा। सम्मामि० ओघं। णवुंस० भुज०-अप्पद० णिय० अत्थि, सिया एदे च अवट्ठिदो च, सिया एदे च अवट्ठिदा च। एवं सव्वणिरय०।

§ ३९२. पंचिंदियतिरिक्खतिये सम्मामि० ओघं। सेसपयडी० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि। सेसपदा० भयणिज्जा। पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० सव्वपय० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि, सेसपदा० भयणिज्जा।

§ ३९३. मणुसतिये सम्मामि० ओघं। सेसपय० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि। सेसपदा० भयणिज्जा। मणुसअपज्ज० सव्वपय० सव्वपदा० भयणिज्जा।

§ ३९४. देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति सम्मामि० ओघं। सेससगपय० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि, सेसपदा० भयणिज्जा। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सगसव्वपय० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि। सेसपदा० भयणिज्जा। एवं जाव०।

मार्गदर्शक हैं। अनुदिश आदिके देवोंमें अपनी-अपनी सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरक जीव नियमसे हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ ३९१. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। नपुंसकवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवस्थित पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवस्थित पदके उदीरक जीव हैं। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए।

§ ३९२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं।

§ ३९३. मनुष्यत्रिकमें सम्यग्मिथ्यात्वके उदीरकोंका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं।

§ ३९४. सामान्य देव तथा भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सम्यग्मिथ्यात्वके उदीरकोंका भंग ओघके समान है। शेष अपनी-अपनी प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें अपनी-अपनी सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव भजनीय हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ३९५. भागाभागाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०—णवुंस० भुज० दुभागो सादि०। अप्प० दुभागो देसूणो। अवट्ठि० असंखे०भागो। अवत्त० अणंतभागो। एवं सम्म०—सम्मामि०—सोलसक०—णवणोक०। णवरि अवत्त० असंखे०भागो। एवं तिरिक्खा०।

§ ३९६. सव्वणिरय०—सव्व—पंचिंदियतिरिक्ख०—मणुसअपज्ज०—देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति सव्वपयडी० भुज० दुभागो सादिरे०। अप्प० दुभागो देसूणो। सेसपदा० असंखे०भागो। मणुसेसु पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि सम्म०—सम्मामि०—इत्थिवेद-पुरिसवेद० अवट्ठि०—अवत्त० संखे०भागो। मणुसपज्ज०—मणुसिणी—सव्वट्ठदेवा० सव्वपय० भुज० दुभागो सादिरेयो। अप्प० दुभागो देसूणो। सेसपदा० संखे०भागो। एवं जाव०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३९७. परिमाणाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०—णवुंस० तिण्णि पदा० अणंता। अवत्त० असंखेज्जा। सम्म०—सम्मामि०—इत्थिवेद—पुरिसवेद० सव्वपदा० केत्तिया? असंखेज्जा। सोलसक०—छण्णोक० सव्वपदा० के०? अणंता। एवं तिरिक्खा०।

---

§ ३९५. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके भुजगार पदके उदीरक जीव साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अवक्तव्य पदके उदीरक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ ३९६. सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार पदके उदीरक जीव साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। सामान्य मनुष्योंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग हैं। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अवस्थित और अवक्तव्य पदके उदीरक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार पदके उदीरक जीव साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ३९७. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके तीन पदोंके उदीरक जीव अनन्त हैं। अवक्तव्य पदके उदीरक जीव असंख्यात हैं। सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। सोलह कषाय और छह नोकषायोंके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? अनन्त हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

§ ३९८. सव्वणिरय–सव्वपंचिंदियतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०–देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति सव्वपय० सव्वपदा० केत्तिया ? असंखेज्जा । मणुसेसु पंचिंदियतिरिक्ख-भंगो । णवरि मिच्छ०–णवुंस० अवत्त० सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–पुरिसवेद० सव्वपदा० केत्तिया ? संखेज्जा । मणुसपज्ज० मणुसिणी–सव्वट्ठदेवा० सव्वपय० सव्वपदा० केत्तिया ? संखेज्जा । अणुदिसादि अवराजिदा त्ति सव्वपय० सव्वपदा० असंखेज्जा । णवरि सम्म० अवत्त० संखेज्जा । एवं जाव० ।

§ ३९९. खेत्ताणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०–णवुंस०–तिण्णिपदा० केवडि खेत्ते ? सव्वलोगे । अवत्त० लोग० असंखे०भागे । सोलसक०–छण्णोक० सव्वपदा केवडि खेत्ते ? सव्वलोगे । सम्म–सम्मामि०–इत्थिवेद-पुरिसवेद० सव्वपदा० केवडि खेत्ते ? लोग० असंखेभागे । एवं तिरिक्खा० । सेसगदीसु सव्वपयडीणं सव्वपदा० केव० लोग० असंखे०भागे । एव जाव० ।

§ ४००. पोसणाणुगमेण दुविहो णिद्दसो–ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छत्त० तिण्णिपद० के० पोसिदं ? सव्वलोगो । अवत्त० लोग० असंखे०भागो अट्ठ बारह

---

§ ३९८. सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सामान्य मनुष्योंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरक जीव तथा सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुदिशसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरक जीव असंख्यात हैं । इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्वके अवक्तव्य पदके उदीरक जीव संख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ३९९. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके तीन पदोंके उदीरकोंका कितना क्षेत्र है ? सर्व लोकप्रमाण क्षेत्र है । अवक्तव्य पदके उदीरकोंका लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंका कितना क्षेत्र है ? सर्वलोकप्रमाण क्षेत्र है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरकोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है । इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । शेष गतियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंका कितना क्षेत्र है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्र है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ४००. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके तीन पदोंके उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम बारह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार नपुंसकवेदके उदीरकोंकी अपेक्षा स्पर्शन जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि

चोद्दस० । एवं णवुंस० । णवरि अवत्त० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा । सम्म०-सम्मामि० सव्वपदा० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । सोलसक०-छण्णोक० सव्वपदा० सव्वलोगो । इत्थिवेद-पुरिसवेद०-तिण्णिपदा० लोग० असंखे० भागो अट्ठ चोद्दस० सव्वलोगो वा । अवत्त० लोग० असंखेभागो सव्वलोगो वा ।

§ ४०१. आदेसेण णेरइय० सव्वपय० सव्वपदा० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । णवरि मिच्छ० अवत्त० लोग० असंखे०भागो पंच चोद्दस० । सम्म०-

---

इसके अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद और पुरुषवेदके तीन पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग तथा सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—जो सम्यग्दृष्टि जीव मिथ्यात्वको प्राप्त कर प्रथम समयमें उसका अवक्तव्य पद करते हैं उनका विहारवत्स्वस्थान आदि की अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका तथा मारणान्तिक समुद्घात और उपपाद पदकी अपेक्षा त्रसनालीके चौदह भागोंमें से नीचे पाँच और ऊपर सात इस प्रकार कुछ कम बारह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है, इसलिए यहाँ मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका उक्त क्षेत्र-प्रमाण भी स्पर्शन कहा है । नपुंसकवेदका अवक्तव्यपद अन्य वेदसे आकर अपने जन्मके प्रथम समयमें एकेन्द्रिय जीव भी करते हैं और वे अतीत कालकी अपेक्षा सर्व लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इसके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका सर्व लोकप्रमाण भी स्पर्शन कहा है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व की उदीरणा यथायोग्य चारों गतियोंमें संभव है, किन्तु उन सबका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही बनता है । मात्र विहारवत्स्वस्थान आदिकी अपेक्षा अतीत स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण भी बन जाता है, इसलिए इस अपेक्षासे उक्त प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंका स्पर्शन त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम आठ भागप्रमाण कहा है । मुख्यतासे जो एकेन्द्रिय जीव मर कर स्त्रीवेदी और पुरुषवेदियोंमें उत्पन्न होते हैं उनका अतीत स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण बन जानेसे इनके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका सर्व लोकप्रमाण भी स्पर्शन कहा है । शेष कथन सुगम होनेसे यहाँ उसका स्पष्टीकरण नहीं किया है । इसी न्यायसे गतिमार्गणाके भेद-प्रभेदोंमें अपने-अपने स्पर्शनका स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए ।

§ ४०१. आदेशसे नारकियोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम पाँच भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार दूसरी

सम्मामि० खेत्तभंगो। एवं विदियादि सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। सत्तमाए मिच्छ० अवत्त० खेत्तं। पढमाए खेत्तं।

§ ४०२. तिरिक्खेसु ओघं। णवरि मिच्छ० अवत्त० लोग० असंखे०भागो सत्त चोद्दस०। सम्म० तिण्णिपद० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। अवत्त० खेत्तं। सम्मामि० खेत्तं। इत्थिवे०-पुरिस० सव्वपद० लोग० असंखेभागो सव्वलोगो वा।

§ ४०३. पंचिंदियतिरिक्खतिये मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। णवरि मिच्छ० अवत्त० सत्तचोद्दस०। तिण्णिवेद० अवत्त० खेत्तं। सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खोघं। णवरि वेदा जाणिदव्वा।

§ ४०४. पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपय० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो। णवरि सम्म० खेत्तं। मणुसिणी० इत्थिवेद० अवत्त० खेत्तं।

§ ४०५. देवेसु सव्वपयडी० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस०।

पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है। तथा पहली पृथिवी में सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है।

§ ४०२. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भंग है इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमें से कुछ कम सात भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्वके तीन पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंके कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

§ ४०३. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंने त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम सात भागप्रमाण क्षेत्रका अतीतकालमें स्पर्शन किया है। तीन वेदोंके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अपने-अपने वेद जान लेने चाहिए।

§ ४०४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है। मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग क्षेत्रके समान है।

§ ४०५. देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन

मार्गदर्शक : आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

णवरि सम्म०-सम्म०-सम्मामि० सव्वपय० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । एवं सोहम्मीसाणे० ।

मार्गदर्शक : आचार्यरत्न श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४०६. भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सव्वपय० सव्वपद० लोग० असंखे०-भागो अद्धट्ठा वा अट्ठ णव चोद्दस० । णवरि सम्म०-सम्मामि० सव्ववद० लोग० असंखे०भागो अद्धट्ठा वा अट्ठ चोद्दस० ।

§ ४०७. सणक्कुमारादि सहस्सारा त्ति सव्वपय० सव्वपदा० लोग० असंखे०-भागो अट्ठ चोद्दस० । आणदादि अच्चुदा त्ति सव्वपय० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । उवरि खेत्तं । एवं जाव० ।

§ ४०८. कालणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-णवुंस० अवत्त० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । सेसपदा० सव्वद्धा । सम्म०-इत्थिवे०-पुरिसवे० भुज०-अप्प० सव्वद्धा । सेसपदा० जह० एगस, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । एवं सम्मामि० । णवरि भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सोलसक०-छण्णोक० सव्वपदा० सव्वद्धा ।

किया है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पमें जानना चाहिए ।

§ ४०६. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

§ ४०७. सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आनत कल्पसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । आगेके देवोंमें स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ४०८. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । शेष पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है । सम्यक्त्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका काल सर्वदा है । शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्टकाल आवलिके असंख्यातवें भाग-प्रमाण है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका काल जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्यकाल एक समय है और

एवं तिरिक्खा० ।

§ ४०९. सव्वणिरय०–सव्वपंचिंदियतिरिक्ख० देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति सम्मामि० ओघं । सेसपय० भुज०–अप्प० सव्वद्धा । सेसपदा० जह० एगसमओ, उक्क० आवलि० असंखे०भागो ।

§ ४१०. मणुसेसु पंचिं०तिरिक्खभंगो । णवरि मिच्छ–णवुंस० अवत्त० सम्म०–इत्थिवे०–पुरिसवे० अवट्ठि–अवत्त०जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । सम्मामि० भुज०–अप्पद० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । सेसपदा० जह० एगस, उक्क० संखेज्जा समया । मणुसपज्ज०–मणुसिणी० सम्मामि० मणुसोघं । सेसपयडी० भुज०–अप्प० सव्वद्धा । सेसपदा० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । मणुसअपज्ज०

उत्कृष्टकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकों काल सर्वदा है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—एक जीवकी अपेक्षा मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अवस्थित पदके समान है, विशेषता इतनी है कि यहां पर उत्कृष्ट कालको देखते हुए ऐसे जीव यदि लगातार इन प्रकृतियोंकी अवक्तव्य उदीरणा करें तो कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक ही अवक्तव्य उदीरणा करते हैं, इसलिए इनके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्टकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । इनके शेष पदोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है । सम्यक्त्व आदि चार प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा शेष दो पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा यथासम्भव उक्तप्रकारसे ही जान लेना चाहिए । सम्यग्मिथ्यात्व यह सान्तर मार्गणा है, इसलिए सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । शेष सब कथन स्पष्ट ही है । इसी न्यायसे गतिमार्गणाके भेद-प्रभेदोंमें कालका विचार कर लेना चाहिए ।

§ ४०९. सब नारकी सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका काल सर्वदा है । शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ४१०. मनुष्योंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका तथा सम्यक्त्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अवस्थित और अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्यकाल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंका भंग सामान्य मनुष्योंके समान है । शेष प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका काल सर्वदा है । शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

सव्वपय० भुज०-अप्पद० जह० एयसमओ, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। सेसपदा० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो।

§ ४११. अणुद्दिसादि[1] सव्वट्ठा त्ति सव्वपय० भुज०-अप्प० सव्वद्धा[2]। सेसपदा० जह० एगस, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। णवरि सम्म० अवत्त० जह० एयस०, उक्क० संखेज्जा समया। णवरि सव्वट्ठे संखेज्जा समया। एवं जाव०।

§ ४१२. अंतराणुगमेण दुविहो णिद्देसो ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-सोलसकसाय-सत्तणोक० सव्वपदाणं णत्थि अंतरं। णवरि मिच्छ० अवत्त० जह० एयस०, उक्क० सत्तरादिंदियाणि। णवुंसय० अवत्त० जह० एयस०, चउवीसमुहुत्तं। सम्म० भुज०-अप्पद० णत्थि अंतरं। अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अवत्त० मिच्छत्तभंगो। सम्मामि० भुज०-अप्प०-अवत्त० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। अवट्ठि० सम्मत्तभंगो। इत्थिवेद-पुरिस० सम्मत्तभंगो।

काल सर्वदा है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है। शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

§ ४११. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका काल सर्वदा है। शेष पदोंके उदीरकोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कालके स्थानमें संख्यात समय काल है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ४१२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सात दिन-रात है। नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल चौबीस मुहूर्त है। सम्यक्त्वके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अवक्तव्य पदके उदीरकोंका भंग मिथ्यात्वके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके भुजगार, अल्पतर और अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित पदके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग सम्यक्त्वके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग सम्यक्त्वके समान

---

१. ता०प्रतौ भागो। णवरि अणुद्दिसादि इति पाठः। २. आ०प्रतौ अप्प० जह० एगस० सव्वद्धा इति पाठः।

णवरि अवत्त० णवुंस० भंगो। एवं तिरिक्खा०।

§ ४१३. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० भुज०-अप्प० णत्थि० अंतरं। अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अवत्त० ओघं। एवं सोलसक०-सत्तणोक०। णवरि अवत्त० जह० एयसमओ, उक्क० अंतोमु०। णवुंसय० अवत्त० णत्थि। सम्म०-सम्मामि० ओघं। एवं सव्वणेरइय०। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि णवुंस० अवत्त० ओघं। इत्थिवेदपुरिस० ओघं। णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि जोणिणीसु पुरिसवेद-णवुंस० णत्थि। इत्थिवेद० अवत्त० णत्थि।

§ ४१४. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० णारयभंगो। णवरि मिच्छ० अवत्त० णत्थि।

§ ४१५. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो। मणुसिणीसु इत्थिवे० अवत्त०

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

है। इतनी विशेषता है कि इसके अवक्तव्य पदके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग नपुंसकवेदके समान है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—इस अन्तरकाल प्ररूपणासे मालूम होता है कि वेदक सम्यक्त्वसे च्युत होकर कोई जीव अधिकसे अधिक सात दिन-रात तक मिथ्यादृष्टि नहीं होता और मिथ्यात्व को त्यागकर अधिकसे अधिक सात दिन-रात तक कोई जीव वेदक सम्यग्दृष्टि नहीं होता। इसी प्रकार अन्य वेदवाला कोई जीव मरकर यदि नपुंसकवेदी, स्त्रीवेदी या पुरुषवेदियोंमें नहीं उत्पन्न हो तो अधिकसे अधिक चौबीस मुहूर्त तक नहीं उत्पन्न होता। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ ४१३. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अवक्तव्य पदके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सोलह कषाय और सात नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंका अन्तरकाल जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेदका अवक्तव्य पद नहीं है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके सब पदोंके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग ओघके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके सब पदोंके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है और योनिनियोंमें स्त्रीवेद तथा पुरुषवेद नहीं है। तथा योनिनियोंमें स्त्रीवेदका अवक्तव्य पद नहीं है।

§ ४१४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है।

§ ४१५. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और

जह० एगस०, उक्क० वासपुधत्तं । मणुसअपज्ज० सव्वपय० सव्वपदा० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । णवरि अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

§ ४१६. देवा० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि णवुंस० णत्थि । इत्थिवेद-पुरिसवेद० अवत्त० णत्थि । एवं भवण०-वाणवें-जोदिसि०-सोहम्मीसा० । एवं सणक्कुमारादि जाव णवगेवज्जा[1] त्ति । णवरि इत्थिवेदो णत्थि । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो । णवरि सम्म० अवत्त० जह० एगस०, उक्क० वासपुधत्तं पलिदो० संखे०भागो । एवं जाव० ।

§ ४१७. भावाणुगमेण सव्वत्थ ओदइओ भावो ।

§ ४१८. अप्पाबहुआणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण, मिच्छ०-णवुंस० सव्वत्थोवा अवत्त०अणुभागुदी० । अवट्ठि० अणंतगुणा । अप्प० असंखे०गुणा । भुज० विसेसाहिया । सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-अट्ठणोक०

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके सब पदोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है ।

§ ४१६. देवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि इनमें नपुंसकवेद नहीं है । तथा इनमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदका अवक्तव्य पद नहीं है । इसी प्रकार भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी तथा सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें जानना चाहिए । इसी प्रकार सनत्कुमार कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्रीवेद नहीं है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंके सब पदोंके उदीरकोंके अन्तरकालका भंग आनत कल्पके समान है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल नौ अनुदिश तथा चार अनुत्तर विमानोंमें वर्षपृथक्त्वप्रमाण तथा सर्वार्थसिद्धिमें पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ ४१७. भावानुगमकी अपेक्षा सर्वत्र औदयिक भाव है ।

§ ४१८. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव अनन्तगुणे हैं । उनसे अल्पतर अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे भुजगार अनुभागके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे अल्पतर

१. आ०प्रतौ सणक्कुमारादि णवगेवज्जा इति पाठः ।

सव्वत्थोवा अवट्ठि० । अवत्त० असंखे०गुणा । अप्प० असंखे०गुणा । भुज० विसे० । एवं तिरिक्खा० ।

§ ४१९. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० सव्वत्थोवा अवत्त० । अवट्ठि० असंखे०-गुणा । सेसमोघं । सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-सत्तणोक० ओघं । णवरि णवुंस० अवत्त० णत्थि । एव सव्वणिरय० ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४२०. पंचिंदियतिरिक्खतिये ओघं । णवरि मिच्छ०-णवुंस० सव्वत्थोवा अवत्त० । अवट्ठि० असंखे०गुणा । सेसमोघं । णवरि पज्जत्तएसु इत्थिवेदो णत्थि । णवुंस० पुरिस०भंगो । जोणिणीसु पुरिसवेद-णवुंस० णत्थि । इत्थिवेद० अवत्त० णत्थि ।

§ ४२१. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि मिच्छ०-णवुंस० अवत्त० णत्थि ।

§ ४२२. मणुसेसु मिच्छ-सोलसक०-सत्तणोक० पंचिं०तिरि०भंगो । सम्म०-सम्मामि०-इत्थिवेद-पुरिस० सव्वत्थोवा अवट्ठि० । अवत्त० संखे०गुणा । अप्प० संखे०गुणा । भुज० विसे० । एवं मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु । णवरि संखे०गुणा ।

अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे भुजगार अनुभागके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए ।

§ ४१९. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष भंग ओघके समान है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंका भंग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें नपुंसकवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव नहीं हैं । इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए ।

§ ४२०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ओघके समान भंग हैं । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष भंग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है । तथा इनमें नपुंसकवेदका भंग पुरुषवेदके समान है । योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है । तथा इनमें स्त्रीवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव नहीं हैं ।

§ ४२१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंका भंग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव नहीं हैं ।

§ ४२२. मनुष्योंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंका भंग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे अल्पतर अनुभागके उदीरक जीव संख्यातगुणे हैं । उनसे भुजगार अनुभागके उदीरक

पज्जत्त० इत्थिवे० णत्थि । णवुंस० पुरिसवेदभंगो । मणुसिणीसु पुरिस०-णवुंस० णत्थि । इत्थिवेद० मिच्छत्तभंगो ।

§ ४२३. देवेसु पंचिं०तिरिक्खभंगो । णवरि णवुंस० णत्थि । इत्थिवेद-पुरिसवेद० अवत्त० णत्थि । एवं भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सोहम्मीसाण० । एवं सणक्कुमारादि णवगेवज्जा त्ति । णवरि इत्थिवेदो णत्थि । अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सम्म० सव्वत्थोवा अवत्त० । अवट्ठि० असंखे०गुणा । अप्प० असंखे०गुणा । भुज० विसे० । बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो । णवरि सव्वट्ठे संखेज्जगुणं कायव्वं । एवं जाव० ।

एवं भुजगारो समत्तो ।

§ ४२४. पदणिक्खेवे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्तणा सामित्तमप्पाबहुअं च । तत्थ समुक्कित्तणा दुविहा—जह० उक्क० । उक्क० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण सव्वपयडी० अत्थि उक्क० वड्ढी हाणी अवट्ठा० । सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेवा त्ति जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं । एवं जाव० । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

जीव विशेष अधिक हैं । इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि संख्यातगुणा करना चाहिए । पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है । इनमें नपुंसकवेदका भंग पुरुषवेदके समान है । मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है । इनमें स्त्रीवेदका भंग मिथ्यात्वके समान है ।

§ ४२३. देवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेद नहीं है । तथा स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक नहीं हैं । इसी प्रकार भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी तथा सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें जानना चाहिए । इसी प्रकार सनत्कुमार कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्रीवेद नहीं है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्वके अवक्तव्य अनुभागके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं । उनसे अवस्थित अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे अल्पतर अनुभागके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं । उनसे भुजगार अनुभागके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं । बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनत कल्पके समान है । इतनी विशेषता है कि सर्वार्थसिद्धिमें संख्यातगुणा करना चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार भुजगार समाप्त हुआ ।

§ ४२४. पदनिक्षेपका प्रकरण है । उसमें ये तीन अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व । उनमेंसे समुत्कीर्तना दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, हानि और अवस्थान अनुभाग उदीरणा है । सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देव जिन प्रकृतियोंकी उदीरणा करते हैं उनका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । इसी प्रकार जघन्यको भी जानना चाहिए ।

§ ४२५. सामित्तं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०-सोलसक० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० मिच्छाइट्ठिस्स जो उक्कस्ससंतकम्मिगो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० जो उक्कस्साणुभागमुदीरेंतो आदेसाणं [illegible] तस्स उक्क० हाणी । उक्क० अवट्ठा० कस्स ? अण्णद० जो उक्कस्साणुभागमुदीरेंतो तप्पाओग्गविसोहीए पदिदो तस्स से काले उक्क० अवट्ठाणं ।

§ ४२६. सम्म०— सम्मामि० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स मिच्छत्ताहिमुहस्स चरिमसमये वट्टमाणस्स तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० जो तप्पाओग्गउक्कस्साणुभागमुदीरेंतो तप्पाओग्गविसोहीए पदिदो तस्स उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं ।

§ ४२७. इत्थिवेद-पुरिसवेद० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो अट्ठवस्सिगो करहो तप्पाओग्गजहण्णमुदीरेंतो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी० कस्स ? अण्णद० सो चेव उक्कस्साणुभागमुदीरेंतो तप्पाओग्गविसोहीए पदिदो तस्स उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठा० । एवं णवुंस०-अरदि-सोग-भय-

---

§ ४२५. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और सोलह कषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? जो उत्कृष्ट सत्कर्मवाला जीव उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ ऐसे अन्यतर मिथ्यादृष्टिके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? जो उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला अन्यतर जीव मरा और बादर एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न हो गया उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । उत्कृष्ट अवस्थान किसके होता है ? जो उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला अन्यतर जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ उसके उनका तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

§ ४२६. सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयमें विद्यमान जो अन्यतर जीव है उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । तथा उसीके तदनन्तर समयमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है ।

§ ४२७. स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर आठ वर्षका करभ उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है । उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर वही करभ तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है । तथा उसीके तदनन्तर समयमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है । इसी प्रकार नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है

दुगुंछ० । णवरि सत्तमपुढवीए णेरइयस्स भाणिदव्वं । एवं हस्स-रदीणं । णवरि सहस्सारे देवस्स भाणिदव्वं ।

§ ४२८. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० उक्क० वड्ढी कस्स ? अण्णद० जो तप्पाओग्गजह०अणुभागमुदीरेंतो उक्कस्ससंकिलेसं गदो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स ? अण्णद० जो उक्क० अणुभागमुदीरेंतो तप्पाओग्गविसोहिए पदिदो तस्स उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठा० । णवरि णवुंस-अरदि-सोग-भय-दुगुंछ० सत्तमाए णेरइयस्स भाणिदव्वं । सम्म०-सम्मामि० ओघं । एवं सव्वणेरइय० ।

§ ४२९. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-सम्म०-सम्मामि० पढमाए भंगो । इत्थिवे०-पुरिसवेद० ओघं । एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये । णवरि वेदा जाणियव्वा । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक० सत्तणोक० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि तप्पाओग्गसंकिलेस-विसोही भाणियव्वा । मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो[1] । णवरि इत्थिवेद-पुरिसवेद० मिच्छत्तभंगो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४३०. देवेसु मिच्छ०-सोलसक०-सम्म०-सम्मामि०-इत्थिवेद-पुरिसवेद-

---

कि सातवीं पृथिवीके नारकीके कहलाना चाहिए। इसी प्रकार हास्य और रतिकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सहस्रार कल्पके देवके कहलाना चाहिए।

§ ४२८. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट वृद्धि किसके होती है ? तत्प्रायोग्य जघन्य अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर जीव उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त हुआ उसके उनकी उत्कृष्ट वृद्धि होती है। उत्कृष्ट हानि किसके होती है ? उत्कृष्ट अनुभागकी उदीरणा करनेवाला जो अन्यतर जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त हुआ उसके उनकी उत्कृष्ट हानि होती है। तथा उसीके तदनन्तर समयमें उनका उत्कृष्ट अवस्थान होता है। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा सातवीं पृथिवीके नारकीके कहलाना चाहिए। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिए।

§ ४३. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकों-का काल सर्वदा है। इसी प्रकार सब नारकी सब तिर्यञ्च, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असं-ख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ४४. जह० पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० जह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अजह० सव्वद्धा। एवं सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-सव्वदेवा त्ति। मणुसतिये एवं चेव। मणुसअपज्ज० मोह० जह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अजह० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो। एवं जाव०।

§ ४५. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० उक्क० पदे० जह० एयस०, उक्क० छम्मासं। अणुक्क० णत्थि अंतरं। एवं मणुसतिये। णवरि मणुसिणीसु वासपुधत्तं। आदेसेण णेरइय०

विशेषार्थ—इन मार्गणाओंमें मोहनीयकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाले जीवोंका उत्कृष्ट प्रमाण असंख्यात है, इसलिए अत्रुट्यत् सन्तानकी अपेक्षा मोहनीयकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जाता है। शेष कथन सुगम है।

§ ४४. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्यत्रिकमें इसी प्रकार कालप्ररूपणा है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—पहले एक जीवकी अपेक्षा कालका निर्देश करते हुए मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग-प्रमाण बतला आये हैं, वह काल यहाँ भी उसी प्रकार बन जाता है। कारण कि नाना जीव मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंकी उदीरणा एक समयमें करके दूसरे समयमें अजघन्य प्रदेशोंकी उदीरणा करने लगें और कोई अन्य जीव जघन्य प्रदेशोंकी उदीरणा न करें यह भी सम्भव है और अत्रुट्यत् सन्तानरूपसे निरन्तर आवलिके असंख्यातवें भाग काल तक क्रमसे नाना जीव मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंकी उदीरणा करें यह भी सम्भव है। इस प्रकार विचार करने पर मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही प्राप्त होता है, इसलिए वह उतना कहा है। शेष कथन सुगम है। यहाँ आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण आवलिके असंख्यातवें भागोंका योग भी आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण ही होगा इतना विशेष जानना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ ४५. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकों-का अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें वर्षपृथक्त्व है। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

मोह० उक्क० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं। एवं सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-सव्वदेवा त्ति। मणुसअपज्ज० मोह० उक्क० णिरयभंगो। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो। एवं जाव०।

§ ४६. जह० पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघे० मोह० जह० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अजह० णत्थि अंतरं। एवं सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-मणुसतिय-सव्वदेवा त्ति। मणुसअपज्ज० मोह० जह० जह० एगस०, उक्क० असंखे० लोगा। अजह० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो। एवं जाव०।

जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका भंग नारकियोंके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ क्षपकश्रेणिके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रख कर ओघसे और मनुष्यत्रिकमें उक्त अन्तरकाल कहा है। मात्र मनुष्यिनियोंमें क्षपकश्रेणिका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है, इसलिए इनमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। शेष गतियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंकी उदीरणाके योग्य परिणामोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रख कर मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ४६. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्यत्रिक और सब देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—यहाँ मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंकी उदीरणाके योग्य परिणामोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रख कर सर्वत्र ओघसे और चारों गतियोंमें मोहनीयके जघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ४७. भावाणु० मोह० उक्क० अणुक्क० जह० अजह० पदेसुदी० ओदइओ भावो। एवं जाव०।

§ ४८. अप्पाबहुअं दुविहं—जह० उक्क०। उक्क० पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० सव्वत्थो० उक्क० पदेसुदी०। अणुक्क० पदे० अणंतगुणा। एवं तिरिक्खोघं। आदेसेण णेरइय० मोह० सव्वत्थोवा उक्क० पदे०। अणुक्क० असंखे०गुणा। एवं सव्वणिरय–सव्वपंचिं०तिरिक्ख–मणुस–मणुसअपज्ज०–देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति। मणुसपज्जत्त–मणुसिणी–सव्वट्ठदेवा० सव्वत्थो० मोह० उक्क० पदे०। अणुक्क० पदे० संखे०गुणा। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं। णवरि जह० अजह० माणिदव्वं। एवं जाव०।

§ ४९. एत्तो भुजगारपदेसुदीरणाए तत्थ इमाणि तेरस अणिओगद्दाराणि—समुक्कित्तणा जाव अप्पाबहुए त्ति। समुक्कित्तणाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० अत्थि भुज०–अप्प०–अवट्ठि०–अवत्त०पदे०उदीरणा। एवं मणुसतिये। आदेसेण णेरइय० मोह० अत्थि भुज०–अप्प०–अवट्ठि०। एवं सव्वणिरय–सव्व-तिरिक्ख–मणुसपज्ज० सव्वदेवा–त्ति। एवं जाव०।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४७. भावानुगमकी अपेक्षा मोहनीयके उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेशोंके उदीरकोंका औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ४८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव अनन्तगुणे हैं। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, सामान्य मनुष्य, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें मोहनीयके उत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव संख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार जघन्य अल्पबहुत्व भी जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उत्कृष्ट और अनुत्कृष्टके स्थान पर जघन्य और अजघन्य कहना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ४९. आगे भुजगार प्रदेश उदीरणाका प्रकरण है। वहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार हैं—समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक। समुत्कीर्तनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी भुजगार, अल्पतर, अवस्थित और अवक्तव्य प्रदेश उदीरणा है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयकी भुजगार, अल्पतर और अवस्थित प्रदेश उदीरणा है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

१. आ०प्रतौ –णिरयतिरिक्ख इति पाठः।

§ ५०. सामित्ताणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स वा मिच्छाइट्ठि०। अवत्त० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स। एवं मणुसतिये। आदेसेण णेरइय० मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठि० मिच्छाइट्ठि०। एवं सव्वणिरय-सव्व-तिरिक्ख-देवा भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि पंचिं०तिरि०अपज्ज० मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० कस्स ? अण्ण०। एवं मणुसअपज्ज०-अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति। एवं जाव०।

§ ५१. कालाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अवत्त० जह० उक्क० एगस०। एवं मणुसतिये। एवं सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेवा त्ति। णवरि अवत्त० णत्थि। एवं जाव०।

---

§ ५०. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयकी भुजगार, अल्पतर और अवस्थित उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके होती है। अवक्तव्यउदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टिके होती है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयकी भुजगार, अल्पतर और अवस्थित उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सम्यग्दृष्टि और मिथ्यादृष्टिके होती है। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें मोहनीयकी भुजगार, अल्पतर और अवस्थित उदीरणा किसके होती है ? अन्यतरके होती है। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५१. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके भुजगार और अल्पतर उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित प्रदेशोंके उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवक्तव्यपदके उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य उदीरणा नहीं है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—भुजगार और अल्पतर प्रदेशोंकी उदीरणाके योग्य परिणामोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त होनेके कारण यहाँ मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। अवस्थित उदीरणा कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक बननेके कारण इसके उदीरकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। अवक्तव्यपद उपशमश्रेणिसे उतरते समय

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ५२. अंतराणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपो० परियट्टं । एवं तिरिक्खा० । णवरि अवत्त० णत्थि ।

§ ५३. आदेसेण णेरइय० मोह० भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । एवं सव्वणिरय० । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । पंचिंदियतिरिक्खतिये मोह० भुज०-अप्प० ओघं । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क०

या मोहनीय अनुदीरकके मरकर देव होने पर एक समयके लिए होता है, इसलिए इसका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय कहा है । मनुष्यत्रिकमें यह काल प्ररूपणा इसी प्रकार बन जानेसे उसे ओघके समान जाननेकी सूचना की है । शेष गतियोंमें अवक्तव्य पद नहीं है । शेष प्ररूपणा वहाँ भी ओघके समान बन जानेसे उसे भी ओघके समान जाननेकी सूचना की है ।

§ ५२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है ।

विशेषार्थ—भुजगार और अल्पतर प्रदेशोंकी उदीरणाके योग्य परिणामोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त होनेके कारण यहाँ भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है । अवस्थित पदके योग्य परिणाम कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक असंख्यात लोकप्रमाण कालके अन्तरसे हों यह सम्भव है, इसलिए ओघसे अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है । एक जीवके उपशमश्रेणिके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको देख कर अवक्तव्य पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण कहा है । तिर्यञ्चोंमें मोहनीयका अवक्तव्य पद नहीं होता, इसके सिवाय अन्य सब प्ररूपणा सामान्य तिर्यञ्चोंमें ओघके समान बन जानेसे उनमें उसे ओघके समान जाननेकी सूचना की है ।

§ ५३. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतरपदका भंग ओघके समान है । अवस्थित पदका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सब नारकियोंमें जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदका भंग ओघके समान है । अवस्थितपदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरकका

सगट्ठिदी देसूणा। एवं मणुसतिये। णवरि अवत्त० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। देवाणं णारयभंगो। एवं भवणादि जाव सव्वट्ठा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। एवं जाव०।

§ ५४. णाणाजीवेहि भंगविचयाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० भुज०-अप्प०-अवट्ठि० णिय० अत्थि, सिया एदे च अवत्तव्वगो च, सिया एदे च अवत्तव्वगा च। आदेसेण णेरइय० मोह० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि, सिया एदे च अवट्ठिदउदीरगो च, सिया एदे च अवट्ठिदउदीरगा च। एवं सव्वणिरय-सव्वपंचिं०तिरि०-सव्वदेवा त्ति। तिरिक्खेसु सव्वपदा णियमा अत्थि। मणुसतिये मोह० भुज०-अप्प० णिय० अत्थि। सेसपदा भयणिज्जा। मणुसअपज्ज० सव्वपदा भयणिज्जा। भंगा सव्वत्थ वत्तव्वा। एवं जाव०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि पृथक्त्वप्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदके उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। सामान्य देवोंमें नारकियोंके समान भंग है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवस्थित पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण कहना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नारकियों और देवोंमें अपनी-अपनी भवस्थिति तक ही उस उस पर्यायमें रहना बनता है। किन्तु तिर्यञ्चों और मनुष्योंमें अपनी-अपनी कायस्थिति तक पुनः पुनः वही-वही पर्याय प्राप्त होनेसे उस उस पर्यायमें निरन्तर रहना बन जाता है। यही कारण है कि यहाँ सर्वत्र अवस्थित पदके उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ ५४. नाना जीवोंका अवलम्बन लेकर भंगविचयानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके भुजगार, अल्पतर और अवस्थित पदोंके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवक्तव्य पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवक्तव्य पदके उदीरक जीव हैं। आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरक जीव नियमसे हैं, कदाचित् ये नाना जीव हैं और एक अवस्थित पदका उदीरक जीव है, कदाचित् ये नाना जीव हैं और नाना अवस्थित पदके उदीरक जीव हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और सब देवोंमें जानना चाहिए। तिर्यञ्चोंमें सब पदोंके उदीरक जीव नियमसे हैं। मनुष्यत्रिकमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदोंके उदीरक जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब पद भजनीय हैं। भंग सर्वत्र कहने चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५५. भागाभागाणु० दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० भुज० दुभागो देसूणो। अप्प० दुभागो सादिरेओ। अवट्ठि० असंखे०भागो। अवत्त० अणंतभागो। एवं सव्वणिरय–सव्वतिरिक्ख–मणुसअपज्ज०–देवा भवणादि जाव अवराजिदा त्ति। णवरि अवत्त० णत्थि। मणुसेसु ओघं। णवरि अवत्त० असंखे०भागो। एवं मणुसपज्ज०–मणुसिणी०। णवरि अवट्ठि०–अवत्त० संखे०भागो। सव्वट्ठे देवोघं। णवरि अवट्ठि० संखे०भागो। एवं जाव०।

§ ५६. परिमाणाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० अवत्त० केत्तिया? संखेज्जा। सेसपदा के०? अणंता। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि। सव्वणिरय–सव्वपंचिं०तिरिक्ख–मणुसअपज्ज०–देवा जाव अवराजिदा त्ति मोह० सव्वपदा के०? असंखेज्जा। एवं मणुसा०। णवरि अवत्त० केत्ति०? संखेज्जा। मणुस-

---

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें चार पद होते हैं। उनमेंसे भुजगार और अल्पतर ये दो पद ध्रुव हैं तथा अवस्थित और अवक्तव्य ये दो पद भजनीय हैं। इन्हें ध्रुवपदके साथ इन दोनों भजनीय पदोंके एक जीव और नाना जीवोंकी अपेक्षा कुल आठ भंग होते हैं तथा इनके सिवा एक ध्रुव भंग और होता है, जो अवस्थित और अवक्तव्य पदके अभावमें भी पाया जाता है। अतएव मनुष्यत्रिकमें कुल नौ भंग हुए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें भुजगार, अल्पतर और अवस्थित ये तीन पद हैं जो सभी भजनीय हैं, अतः इनमें एक जीव और नाना जीवोंकी अपेक्षा कुल छब्बीस भंग होते हैं। मनुष्य अपर्याप्त यह सान्तर मार्गणा है, इसलिए इसमें सभी पद भजनीय कहे हैं। शेष कथन सुगम है।

§ ५५. भागाभागानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके भुजगार पदके उदीरक जीव कुछ कम द्वितीय भागप्रमाण हैं। अल्पतर पदके उदीरक जीव साधिक द्वितीय भागप्रमाण हैं। अवस्थित पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं और अवक्तव्य पदके उदीरक जीव अनन्तवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और भवनवासियोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। मनुष्योंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदके उदीरक जीव असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवस्थित और अवक्तव्य पदके उदीरक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सामान्य देवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि इनमें अवस्थित पदके उदीरक जीव संख्यातवें भागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५६. परिमाणानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरक जीव कितने हैं? संख्यात हैं। शेष पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? अनन्त हैं। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें मोहनीयके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं? असंख्यात हैं। इसी प्रकार सामान्य मनुष्योंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें

पज्ज०-मणुसिणी-सव्वट्ठदेवा० मोह० सव्वपदा के० ? संखेज्जा। एवं जाव०।

§ ५७. खेत्ताणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० अवत्त० केव० ? लो० असंखे०भागे[1]। सेसपदा० सव्वलोगे। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि। सेसगदीसु मोह० सव्वपदा० लोग० असंखे०भागे[2]। एवं जाव०।

§ ५८. पोसणाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० अवत्त० लोग० असंखे०भागो। सेसपदा० सव्वलोगो। एवं तिरिक्खा०। णवरि अवत्त० णत्थि।

मुमुक्षुके :— आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ५९. आदेसेण णेरइय० मोह० सव्वपदा० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति। णवरि सगपोसणं। पढमाए खेत्तं। सव्वपंचिंदिय-तिरिक्ख०-मणुसअपज्ज० सव्वपदा० लोगस्स असंखे०भागो सव्वलोगो वा। एवं मणुसतिये। णवरि अवत्त० खेत्तं। देवेसु मोह० सव्वपद० लोग० असंखे०भागो अट्ठ णव चोद्दस०।

अवक्तव्य पदके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थ-सिद्धिके देवोंमें मोहनीयके सब पदोंके उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५७. क्षेत्रानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका क्षेत्र कितना है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। शेष पदोंके उदीरकोंका क्षेत्र सर्व लोकप्रमाण है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। शेष गतियोंमें मोहनीयके सब पदोंके उदीरकोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ५८. स्पर्शनानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष पदोंके उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है।

§ ५९. आदेशसे नारकियोंमें मोहनीयके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम छह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए। पहली पृथिवीमें क्षेत्रके समान भंग है। सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदका भंग क्षेत्रके समान है। सामान्य देवोंमें मोहनीयके सब पदोंके उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके चौदह भागोंमेंसे कुछ कम आठ भाग और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार

---

१. आ०प्रतौ असंखे०भागो इति पाठः।

२. आ०प्रतौ असंखे०भागो इति पाठः।

एवं भवणादि जाव अचुदा त्ति । णवरि सगपोसणं । उवरि खेत्तभंगो । एवं जाव० ।

§ ६०. कालाणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० अवत्त० जह० एयसमओ, उक्क० संखेज्जा समया । सेसपदा० सव्वद्धा । एवं तिरिक्खा० । णवरि अवत्त० णत्थि । सव्वणिरय—सव्वपंचिंदियतिरिक्ख—देवा जाव अवराजिदा त्ति मोह० भुज०—अप्प० सव्वद्धा । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०-भागो । एवं मणुसा० । णवरि अवत्त० ओघं । एवं पज्जत्त—मणुसिणीसु । एवं सव्वट्ठे । णवरि अवत्त० णत्थि । मणुसअपज्ज० मोह० भुज०—अप्प० जह० एयस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो ।

§ ६१. अंतराणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मोह० अवत्त० जह० एयस०, उक्क० वासपुधत्तं । सेसपदाणं णत्थि अंतरं । एवं तिरिक्खा० । णवरि अवत्त० णत्थि । सव्वणिरय—सव्वपंचिं०तिरिक्ख—सव्वदेवा त्ति भुज०—अप्प०

भवनवासियोंसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए । ऊपर क्षेत्रके समान स्पर्शन है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—स्वामित्व और स्पर्शनको ध्यानमें रखकर प्रकृतमें ओघ और चारों गतियों तथा उनके अवान्तर भेदोंकी अपेक्षा स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए । अन्य कोई विशेषता न होनेसे यहाँ खुलासा नहीं किया ।

§ ६०. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । शेष पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है । सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदोंके उदीरकोंका काल सर्वदा है । अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार मनुष्योंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदोंके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ ६१. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर-काल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । शेष पदोंके उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है । सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च और सब देवोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

णत्थि अंतरं। अवट्ठि० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। एवं मणुसतिये। णवरि अवत्त० ओघं। मणुसअपज्ज० मोह० भुज०-अप्प० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। अवट्ठि० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। एवं जाव०।

§ ६२. भावाणु० सव्वत्थ ओदइओ भावो।

§ ६३. अप्पाबहुआणु० दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मोह० सव्वत्थोवा अवत्त०। अवट्ठि० अणंतगुणा। भुज० असंखे०गुणा। अप्प० विसेसाहिया। एवं सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-देवा जाव अवराजिदा त्ति। णवरि अवत्त० णत्थि। मणुसेसु ओघं। णवरि अवट्ठि० असंखेज्जगुणा। एवं मणुसपज्ज०-मणुसिणीसु। णवरि संखेज्जगुणं कायव्वं। एवं सव्वट्ठे। णवरि अवत्त० णत्थि। एवं जाव०।

एवं भुजगारो समत्तो।

अन्तरकाल नहीं है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पदका भंग ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मोहनीयके भुजगार और अल्पतर पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अवस्थित पदके उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ ६२. भावानुगमकी अपेक्षा सर्वत्र औदयिक भाव है।

§ ६३. अल्पबहुत्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मोहनीयके अवक्तव्य पदके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थित पदके उदीरक जीव अनन्तगुणे हैं। उनसे भुजगार पदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। उनसे अल्पतर पदके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य पद नहीं है। सामान्य मनुष्योंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है इनमें अवस्थित पदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्यपद नहीं है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सब देवोंमें अवक्तव्य पदके सिवाय तीन ही पद होते हैं। इसलिए मूलमें निर्दिष्ट सब नारकी आदि जिन मार्गणाओंमें एवं कह कर ओघके समान जाननेकी सूचना की है वहाँ उस कथनका यह आशय समझना चाहिए कि उक्त मार्गणाओंमें अवस्थित पदके उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे भुजगार पदके उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं और उनसे अल्पतर पदके उदीरक जीव विशेष अधिक हैं। शेष कथन सुगम है।

इस प्रकार भुजगार अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।

§ ६४. पदणिक्खेवो वड्ढी वि जाणिऊण भाणियव्वा।

एवं मूलपयडिपदेसुदीरणा समत्ता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* तदो उत्तरपयडिपदेसुदीरणा च समुक्कित्तणादि अप्पाबहुअंतेहि अणिओगद्दारेहि मग्गियव्वा।

§ ६५. तदो मूलपयडिपदेसुदीरणविहासणादो अणंतरमिदाणिमुत्तरपयडिपदेसुदीरणा समुक्कित्तणादि अप्पाबहुअपज्जंतेहि अणिओगद्दारेहि विहासियव्वा त्ति भणिदं होइ। एत्थ ताव सामित्तादो हेट्ठिमाणमणियोगद्दाराणं सुगमत्तादो चुण्णिसुत्तयारेण मुत्तकंठमपरूविदाणमुच्चारणामुहेण विवरणं कस्सामो। तं जहा—

§ ६६. समुक्कित्तणा दुविहा—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण अट्ठावीसं पयडीणं अत्थि उक्क० पदेसुदीरणा। सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-सव्वमणुस-सव्वदेवा त्ति अप्पप्पणो पयडी० अत्थि उक्क० पदेसुदीरणा। एवं जाव०। एवं जहण्णयं पि णेदव्वं। एवं जाव।

---

§ ६४. पदनिक्षेप और वृद्धिका भी जान कर कथन कराना चाहिए।

इस प्रकार मूल प्रकृति पदेश उदीरणा समाप्त हुई।

* इसके बाद समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तकके अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे उत्तरप्रकृतिप्रदेश उदीरणाका विशेष व्याख्यान करना चाहिए।

§ ६५. 'तदो' अर्थात् मूलप्रकृतिप्रदेश उदीरणाके व्याख्यानके बाद इस समय उत्तरप्रकृतिप्रदेशउदीरणाका समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तकके अनुयोगद्वारोंके आश्रयसे विशेष व्याख्यान करना चाहिए यह उक्त सूत्रवचनका तात्पर्य है। यहाँ स्वामित्वसे पूर्वके अनुयोगद्वार सुगम होनेसे सूत्रकारके द्वारा मुक्तकण्ठ होकर नहीं गये हैं, इसलिए उच्चारणा द्वारा उनका व्याख्यान करेंगे। यथा—

§ ६६. समुत्कीर्तना दो प्रकारकी है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे अट्ठाईस प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा है। सब नारकी, सब तिर्यञ्च, सब मनुष्य और सब देव इनमें अपनी-अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। इसी प्रकार जघन्य समुत्कीर्तना भी जाननी चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—नारकियोंमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उदय-उदीरणा सम्भव नहीं। तिर्यञ्च अपर्याप्तकों और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सम्यग्मिथ्यात्व, सम्यक् प्रकृति मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उदय-उदीरणा नहीं होती। ऐशान कल्प तकके देवोंमें नपुंसकवेदकी उदय-उदीरणा नहीं होती। आगे नौवें ग्रैवेयक तकके देवोंमें स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी उदय-उदीरणा नहीं होती तथा नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तर विमानवासी देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी उदय-उदीरणा नहीं होती। इनके सिवाय जहाँ जितनी प्रकृतियाँ

§ ६७. सव्वुदीर० णोसव्वुदीर० उक्कस्सउदीर० अणुक्क०उदीर० जहण्णुदी० अजहण्णुदी० अणुभागुदीरणाए भंगो ।

§ ६८. सादि०-अणादि०-ध्रुव-अद्धुवाणुगमेण दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ० उक्क० जह० अजह० किं सादि०४ ? सादि० अद्धुवा । अणुक्क० सादि० अणादि० धुवा अद्धुवा वा । सेसपयडी० उक्क० अणुक्क० जह० अजह० सादि० अद्धुवा । चदुगदीसु उक्क० अणुक्क० जह० अजह० सव्वपयडि० सादि० अद्धुवा । एवं जाव० ।

* तत्थ सामित्तं ।

उदय-उदीरणा योग्य हैं वहाँ उनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा जाननी चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

§ ६७. सर्व उदीरणा, नोसर्व उदीरणा, उत्कृष्ट उदीरणा, अनुत्कृष्ट उदीरणा, जघन्य उदीरणा और अजघन्य उदीरणाका भंग अनुभागउदीरणाके समान जानना चाहिए ।

§ ६८. सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुवानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरणा क्या सादि है, अनादि है, ध्रुव है या अध्रुव है ? सादि और अध्रुव है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सादि, अनादि, ध्रुव और अध्रुव है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरणा सादि और अध्रुव है । चारों गतियोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट, अनुत्कृष्ट, जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरणा सादि और अध्रुव है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—मोहनीयकी २८ प्रकृतियोंमें एक मिथ्यात्व प्रकृति ही ऐसी है जिसका मिथ्यात्व गुणस्थानमें निरन्तर उदय बना रहता है । शेष सब प्रकृतियाँ ऐसी नहीं हैं । इसलिए यहाँ मिथ्यात्वको छोड़ कर शेष सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्टादि चारों प्रकारकी प्रदेश उदीरणा सादि और अध्रुव कही है । अब शेष रही मिथ्यात्व प्रकृति सो इसकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा ऐसे जीवके होती है जो संयमके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि है । यही कारण है कि इसके पूर्व इसकी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा होती रहती है, इसलिए वह अनादि है और सम्यग्दृष्टि या संयमी जीवके पुनः मिथ्यादृष्टि होने पर जो अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा होती है वह सादि है । तथा भव्योंकी अपेक्षा वह अध्रुव है और अभव्योंकी अपेक्षा ध्रुव है । इसकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सादि और अध्रुव है यह पूर्वोक्त स्वामित्व विचारसे ही स्पष्ट है । इसकी जघन्य प्रदेश उदीरणा उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले या ईषत् मध्यम परिणामवाले संज्ञी मिथ्यादृष्टिके होती है, इसलिए उक्त स्वामित्वके अनुसार कादाचित्क होनेसे यह भी सादि और अध्रुव है । तथा अजघन्य प्रदेश उदीरणा जघन्य प्रदेश उदीरणा पूर्वक होनेके कारण सादि और अध्रुव है यह स्पष्ट ही है । चारों गतियाँ और उनके अवान्तर भेद कादाचित्क होनेसे इनमें सभी प्रकृतियोंकी चारों प्रकारकी उदीरणा सादि और अध्रुव है यह स्पष्ट ही है ।

* प्रकृतमें स्वामित्वका अधिकार है ।

§ ६९. तत्थ उत्तरपयडिपदेसुदीरणाए चउवीसअणिओगद्दारेसु एगजीवेण सामित्तमिदाणिं वत्तइस्सामो त्ति पइण्णावक्कमेदं। तं पुण सामित्तं दुविहं जहण्णुक्कस्सभेदेण। तत्थुक्कस्ससामित्तमोघेण परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ—

*** मिच्छत्तस्स उक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ७०. सुगमं।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स से काले सम्मत्तं संजमं च पडिवज्जमाणगस्स।**

§ ७१. जो मिच्छाइट्ठी अण्णदरकम्मंसिओ वेदगसम्मत्तपाओग्गो अधापवत्तापुव्वकरणाणि कादूण संजमाहिमुहो जादो तस्स अंतोमुहुत्तमणंतगुणाए विसोहिए विसुज्झिदूण चरिमसमयमिच्छाइट्ठिभावेणावट्ठिदस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ, से काले सम्मत्तेण सह संजमं पडिवज्जमाणस्स तस्स सव्वुक्कस्सविसोहिदंसणादो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स समुदायत्थो। एत्थ पदेसुदीरणा बहुत्तमिच्छिय गुणिदकम्मंसियत्तं किण्ण इच्छिज्जदे ? ण, परिणामतारतम्माणुविहाइणीए उदीरणाए दव्वविसेसाणवेक्खत्तादो। जइ पदेसुदीरणाए परिणामविसेसो चेव कारणं तो उवसमसम्मत्तेण सह संजमं पडिवज्जमाणमिच्छा-

§ ६९. 'तत्थ' अर्थात् उत्तर प्रकृति प्रदेश उदीरणाके चौबीस अनुयोगद्वारोंमें इस समय एक जीवकी अपेक्षा स्वामित्वको बतलाते हैं इस प्रकार यह प्रतिज्ञावाक्य है। जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे वह स्वामित्व दो प्रकारका है। उनमेंसे ओघसे उत्कृष्ट स्वामित्वका कथन करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ७०. यह सूत्र सुगम है।

*** जो अनन्तर समयमें सम्यक्त्व और संयमको प्राप्त होनेवाला है ऐसे संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है।**

§ ७१. अन्यतर कर्मांशिक वेदक सम्यक्त्वप्रायोग्य जो मिथ्यादृष्टि जीव अधःकरण और अपूर्वकरण करके संयमके अभिमुख हुआ, अन्तर्मुहूर्त काल तक अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध होकर मिथ्यादृष्टि भावसे अवस्थित हुए उसके अन्तिम समयमें प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि तदनन्तर समयमें सम्यक्त्वके साथ संयमको प्राप्त होनेवाले उसके सबसे उत्कृष्ट विशुद्धि देखी जाती है यह इस सूत्रका समुच्चय अर्थ है।

शंका—प्रकृतमें प्रदेश उदीरणाके बहुत्वकी इच्छासे गुणितकर्मांशिकता क्यों नहीं स्वीकार की गई ?

समाधान—नहीं, क्योंकि परिणामोंके तारतम्यका अनुविधान करनेवाली उदीरणा द्रव्यविशेषोंकी अपेक्षासे रहित होती है।

शंका—यदि प्रदेश उदीरणामें परिणामविशेष ही कारण है तो इस उपशम सम्यक्त्वके

इट्ठिस्स मिच्छत्तपढमट्ठिदीए समयाहियावलियमेत्तसेसाए पयदुक्कस्ससामित्तं गेण्हामो, पुव्विल्लसंजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स अपुव्वकरणुक्कस्सविसोहीदो एत्थतणविसोहीए अणियट्टिकरणमाहप्पेणाणंतगुणत्तदंसणादो ? एत्थ परिहारो वुच्चदे—एदम्हादो पुव्विल्लो चेव अपुव्वकरणपरिणामो विसुद्धयरो, संजमपच्चासत्तिबलेण समुवलद्धमाहप्पत्तादो। तदो विसयंतरपरिहारेण सुत्तुद्दिट्ठविसये चेव पयदुक्कस्ससामित्तमवहारेयव्वं।

§ ७२. संपहि सम्मत्तस्स पयदुक्कस्ससामित्तविसयावहारणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** सम्मत्तस्स उक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ?**

§ ७३. सुगमं।

*** समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयस्स।**

§ ७४. जो दंसणमोहणीयक्खवगो अण्णदरकम्मंसिओ अणियट्टिअद्धाए संखेज्जेसु भागेसु गदेसु असंखेज्जाणं समयपबद्धाणमुदीरणमाढविय मिच्छत्त-सम्मामिच्छत्ताणि जहाकमं खविय तदो सम्मत्तं खवेमाणो अणियट्टिकरणचरिमसमये सम्मत्तचरिमफालिं णिवादिय कदकरणिज्जो होदूणंतोमुहुत्तं समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहणीयभावे-

---

साथ संयमको प्राप्त होनेवाले मिथ्यादृष्टिके मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक एक आवलिमात्र शेष रहने पर प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वको स्वीकार करते हैं, क्योंकि पहलेके संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके अपूर्वकरणसम्बन्धी उत्कृष्ट विशुद्धिसे यहाँ की विशुद्धि अनिवृत्तिकरणके माहात्म्यसे अनन्तगुणी देखी जाती है ?

समाधान—अब यहाँ इस शंकाके परिहारका कथन करते हैं—इस परिणामसे पहलेका ही अपूर्वकरण परिणामविशुद्धतर है, क्योंकि वह संयमकी प्रत्यासत्तिके बलसे माहात्म्यको लिये हुए है। इसलिए विषयान्तरका परिहार कर सूत्र कथित अधिकारीके ही प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व निश्चित करना चाहिए।

§ ७२. अब सम्यक्त्वके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वके अधिकारीका निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ७३. यह सूत्र सुगम है।

*** एक समय अधिक एक आवलि कालसे युक्त अक्षीण दर्शनमोही कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके होती है।**

§ ७४. अन्यतर कर्मांशिक जो दर्शनमोहनीयका क्षपक जीव अनिवृत्तिकरणके कालमें संख्यात बहुभाग जाने पर असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणाका आरम्भकर तथा मिथ्यात्व और सम्यग्मिथ्यात्वका क्रमसे क्षयकर तदनन्तर सम्यक्त्वका क्षय करता हुआ अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें सम्यक्त्वकी अन्तिम फालिका पतन कर तथा कृतकृत्य होकर अन्तर्मुहूर्तके बाद जब एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण कालसे युक्त अक्षीण दर्शनमोहनीयरूपसे अवस्थित हो जाता है तब उसके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि उसके एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण गुणश्रेणि गोपुच्छाएँ अन्तिम स्थितिमेंसे उदीर्यमाण असंख्यात

णावट्ठिदो तस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ। जो सो समयाहियावलियमेत्तगुणसेढि-गोवुच्छाणं चरिमट्ठिदीदो उदीरिज्जमाणाणमसंखेज्जाणं समयपबद्धाणं हेट्ठिमासेसपदेसुदीरणाहिंतो असंखेज्जगुणत्तदंसणादो। समयाहियावलियअक्खीदंसणमोहणीयं मोत्तूण हेट्ठा अणियट्टिकरणचरिमसमए पयदुक्कस्ससामित्तं दाहामो, तत्थतणाणियट्टिपरिणामस्स कदकरणिज्जुक्कस्सविसोहीदो वि अणंतगुणत्तदंसणादो। एत्थ परिहारो वुच्चदे—सच्चमेदमणियट्टिचरिमपरिणामो बहुओ त्ति। किंतु एसो कदकरणिज्जो संकिलिस्सदु विसुज्झदु वा तो वि अंतोमुहुत्तमेत्तसगकालब्भंतरे असंखेज्जगुणमसंखेज्जगुणं दव्वमोकड्डिदूण समयं पडि उदीरेदि। तम्हा विसयंतरपरिहारेणेत्थेव पयदसामित्तमवहारेयव्वमिदि।

§ ७५. संपहि सम्मामिच्छत्तस्स पयदुक्कस्ससामित्तविसयावहारणट्ठमाह—

*** सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ ७६. सुगमं।

*** सम्मत्ताहिमुहचरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स।**

§ ७७. जो सम्मत्ताहिमुहो चरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठी सव्वविसुद्धो तस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ। किं कारणं? उक्कस्सविसोहिपरिणामेण विणा पदेसुदीरणाए उक्कस्सभावाणुववत्तीदो।

समयप्रबद्धोंकी अधस्तन अशेष प्रदेश उदीरणासे असंख्यातगुणी देखी जाती है।

शंका—इस एक समय अधिक एक आवलि कालसे युक्त अक्षीण दर्शनमोहीको छोड़ कर इसके पूर्व अनिवृत्तिकरणके अन्तिम समयमें प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व देते हैं, क्योंकि वहाँका अनिवृत्तिकरण परिणाम कृतकृत्यकी उत्कृष्ट विशुद्धिसे भी अनन्तगुणा देखा जाता है?

समाधान—यहाँ उक्त शंकाके परिहारका कथन करते हैं—यह सत्य है कि अनिवृत्तिकरणसम्बन्धी अन्तिम परिणाम विशुद्धिकी अपेक्षा बहुत है। किन्तु यह कृतकृत्य जीव संक्लिष्ट होओ अथवा विशुद्ध होओ तो भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अपने कालके भीतर असंख्यातगुणे द्रव्यका अपकर्षण कर प्रत्येक समयमें उसकी उदीरणा करता है, इसलिए विषयान्तरका परिहार कर यहाँ ही प्रकृत स्वामित्वका निश्चय करना चाहिए।

७५. अब सम्यग्मिथ्यात्वके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वके स्थानका निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है?**

§ ७६. यह सूत्र सुगम है।

*** सम्यक्त्वके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सर्व विशुद्ध सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है।**

§ ७७. जो सम्यक्त्वके अभिमुख हुआ अन्तिम समयवर्ती सर्व विशुद्ध सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव है उसके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि उत्कृष्ट विशुद्धिरूप परिणामके बिना प्रदेश उदीरणाका उत्कृष्टपना नहीं बन सकता।

*** अणंताणुबंधीणं उक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ ७८. सुगमं ।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ।**

§ ७९. एदस्स सुत्तस्स मिच्छत्तसामित्तसुत्तस्सेव वक्खाणं कायव्वं, सामित्तविसयभेदाभावादो ।

*** अपच्चक्खाणकसायाणमुक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ?**

§ ८०. सुगमं ।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा ।**

§ ८१. जो असंजदसम्माइट्ठी अण्णदरकम्मंसिओ संजमाहिमुहो होदूण अणंतगुणाए विसोहीए अंतोमुहुत्तकालं विसुद्धो तस्स चरिमसमये वट्टमाणगस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होइ, एत्तो अण्णत्थापच्चक्खाणपदेसुदीरणापाओग्गुक्कस्सविसोहीए अणुवलंभादो । तस्स पुण विसेसणंतरमेदं सव्वविसुद्धस्से त्ति हेट्ठिमासेसविसोहीहिंतो अणंतगुणाए चरिमुक्कस्सविसोहीए परिणदस्से त्ति भणिदं होदि । ण केवलमेसो एयवियप्पो चेव परिणामो उक्कस्सपदेसुदीरणाए कारणं, किंतु अण्णो वि परिणामवियप्पो अत्थि त्ति कट्टु पयट्टो महाराज माह—ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा । एतदुक्तं भवति—संजमाहिमुहचरिमसमय-

---

*** अनन्तानुबन्धियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ७८. यह सूत्र सुगम है ।

*** संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सर्वविशुद्ध मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ ७९. इस सूत्रका मिथ्यात्वके स्वामित्व विषयक सूत्रके समान ही व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि इन दोनोंमें स्वामित्वविषयक भेद नहीं पाया जाता ।

*** अप्रत्याख्यानावरण कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ८०. यह सूत्र सुगम है ।

*** सर्वविशुद्ध अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती असंयतसम्यग्दृष्टिके होती है ।**

§ ८१. जो असंयतसम्यग्दृष्टि अन्यतर कर्मांशिक जीव संयमके अभिमुख होकर अन्तर्मुहूर्त काल तक अनन्तगुणी विशुद्धिसे विशुद्ध हुआ है उसके अन्तिम समयमें प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, क्योंकि इसके सिवाय अन्यत्र अप्रत्याख्यानावरण कषायोंकी प्रदेश उदीरणाके योग्य उत्कृष्ट विशुद्धि नहीं पाई जाती । तथा उसका दूसरा विशेषण यह है—सव्वविसुद्धस्स—'अधस्तन समस्त विशुद्धियोंसे अनन्तगुणी अन्तिम उत्कृष्ट विशुद्धिसे परिणत हुए जीवके' यह उक्त कथनका तात्पर्य है । केवल यह एक प्रकारका ही परिणाम उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका कारण नहीं है, किन्तु अन्य भी परिणाम विकल्प हैं इस बातका कथन करनेके लिए सूत्रमें कहा है—ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा । इसका यह तात्पर्य है कि संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती

असंजदसम्माइट्ठिस्स असंखेज्जलोगमेत्ताणि विसोहिट्ठाणाणि जहण्णट्ठाणप्पहुडि छवड्ढि-सरूवेणावट्ठिदाणि अत्थि, तेसिमायामे आवलियाए असंखेज्जभागमेत्तभागहारेण खंडिदे तत्थ चरिमखंडसव्वपरिणामेहिं असंखेज्जलोगभेयभिण्णेहिं उक्कस्सिया पदेसुदीरणा ण विरुज्झदि त्ति। तक्खंडचरिमपरिणामो सव्वविसुद्धपरिणामो णाम। तत्थेव जहण्णपरिणामो ईसिपरिणामो णाम। सेसासेसपरिणामा मज्झिमपरिणामा त्ति भणंते। कथमेदेहिं भिण्णपरिणामेहिं उक्कस्सपदेसुदीरणलक्खणकज्जस्साभिण्णसरूवस्स सिद्धी ण विरुज्झदि त्ति णासंकणिज्जं, कत्थ वि भिण्णकारणेहिंतो वि अभिण्णकज्जुप्पत्तीए बाहाणुवलंभादो। तदो सव्वविसुद्धस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा संजमाहिमुहचरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स पयदुक्कस्ससामित्तमिदि ण किंचि विरुद्धं।

*** पच्चक्खाणकसायाणमुक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ ८२. सुगमं।

*** संजमाहिमुहचरिमसमयसंजदासंजदस्स सव्वविसुद्धस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ८३. एदस्स सुत्तस्स अत्थो अणंतरादीदसामित्तसुत्तस्सेव वक्खाणेयव्वो, विसेसाभावादो। णवरि तत्थ संजमाहिमुहचरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिस्स उक्कस्ससामित्तं

असंयतसम्यग्दृष्टिके जघन्य स्थानसे लेकर छह वृद्धिरूपसे अवस्थित असंख्यात लोकप्रमाण विशुद्धिस्थान हैं। उनके आयाममें आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण भागहारका भाग देने पर वहाँ जो अन्तिम खण्डके परिणाम प्राप्त हों, असंख्यात लोकप्रमाण भेदरूप उन सब अन्तिम खण्डके परिणामोंके द्वारा उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा विरोधको प्राप्त नहीं होती है। उस खण्डका जो अन्तिम परिणाम है वह सर्वविशुद्ध परिणाम संज्ञावाला है और उसी खण्डमें जघन्य परिणाम है, उसकी ईषत् परिणाम संज्ञा है। उनके सिवाय शेष अशेष परिणाम मध्यम परिणाम कहलाते हैं।

शंका—इन भिन्न परिणामोंसे अभिन्नस्वरूप उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा लक्षण कार्यकी सिद्धि कैसे विरोधको प्राप्त नहीं होती ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि कहीं भी भिन्न कारणोंसे भी अभिन्न कार्योंकी उत्पत्ति होनेमें बाधा नहीं पाई जाती। इसलिए सर्वविशुद्ध अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती असंयतसम्यग्दृष्टि जीवके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, इसमें कुछ भी विरुद्ध नहीं है।

*** प्रत्याख्यानावरण कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ८२. यह सूत्र सुगम है।

*** सर्व विशुद्ध अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतके होती है।**

§ ८३. अनन्तर अतीत हुए स्वामित्व सूत्रके समान इस सूत्रके अर्थका व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि उसके व्याख्यानसे इसके व्याख्यानमें कोई विशेषता नहीं है। इतनी विशेषता

जादं । एत्थ पुण तव्विसोहीदो अणंतगुणसंजमाहिमुहचरिमसमयसंजदासंजदविसोहीए उक्कस्ससामित्तमिदि एत्तियो भेदो सुत्तणिद्दिट्ठो दट्ठव्वो ।

*** कोहसंजलणस्स उक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ।**

§ ८४. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयकोधवेदगस्स ।**

§ ८५. एत्थ खवगणिद्देसो अक्खवगपडिसेहफलो । किमट्ठं तप्पडिसेहो कीरदे ? ण, हेट्ठिमासेसविसोहीओ पेक्खियूणाणंतगुणाए खवगविसोहीए असंखेज्जाणं समयपबद्धाणमुदीरणं घेत्तूणं पयदसामित्तविहाणट्ठं तप्पडिसेहकरणादो । दुचरिमादिसमयकोहवेदगपडिसेहट्ठं चरिमसमयकोहवेदगस्से त्ति णिद्देसो । तदो अण्णदरकम्मंसियलक्खणेणागंतूणण्णदरवेद-कोहसंजलणाणमुदएण खवगसेढिमारुहिय कोहसंजलणपढमट्ठिदिं पढमविदिय-तदियसंगहकिट्टिवेदगकालाणुसंधाणेण लद्धमाहप्पं थोवावसेसं गालिय जाधे समयाहियावलियमेत्तपढमट्ठिदीए चरिमसमयकोहवेदगकालेसु ट्ठिदो ताधे तस्स पढमट्ठिदिचरिमगुणसेढिगोवुच्छादो उदीरिज्जमाणासंखेज्जसमयपबद्धे घेत्तूण पयदसामित्तसंबंधो

है कि वहाँ संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती असंयत सम्यग्दृष्टिके उत्कृष्ट स्वामित्व प्राप्त हुआ है, किन्तु यहाँ उस विशुद्धिकी अपेक्षा संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतकी अनन्तगुणी विशुद्धिसे उत्कृष्ट स्वामित्व प्राप्त हुआ है इस प्रकार सूत्रमें निर्दिष्ट किया गया इतना ही भेद जानना चाहिए ।

*** क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ।**

§ ८४. यह सूत्र सुगम है ।

*** अन्तिम समयवर्ती क्रोधवेदक क्षपकके होती है ।**

§ ८५. यहाँ सूत्रमें क्षपक पदके निर्देशका फल अक्षपकका निषेध करना है ।

शंका—उसका निषेध किसलिए करते हैं ?

समाधान—नहीं, क्योंकि नीचेकी समस्त विशुद्धियोंको देखते हुए उनसे अनन्तगुणी क्षपकसम्बन्धी विशुद्धिसे असंख्यात समयप्रबद्धोंकी उदीरणाको ग्रहण कर प्रकृत स्वामित्वका विधान करनेके लिए उसका प्रतिषेध किया है । तथा द्विचरम आदि समयवर्ती क्रोधवेदकका प्रतिषेध करनेके लिए 'चरमसमयकोहवेदगस्स' इस पदका निर्देश किया है । इसलिए अन्यतर कर्मांशिक लक्षणसे आकर, अन्यतर वेद और क्रोधसंज्वलनके उदयसे क्षपकश्रेणिपर आरोहण कर तथा प्रथम, द्वितीय और तृतीय संग्रहकृष्टिके वेदककालके अनुसन्धान द्वारा जिसने माहात्म्य प्राप्त किया है ऐसी क्रोधसंज्वलनसम्बन्धी प्रथम स्थितिके कुछ भागको छोड़कर शेष सब भागको गलाकर जब एक समय अधिक एक आवलिमात्र प्रथम स्थितिके अन्तिम समयमें क्रोधवेदकभावसे अवस्थित होता है तब उसके प्रथम स्थिति सम्बन्धी अन्तिम गुणश्रेणि

---

१. ता०प्रतौ –मुदीरणं च घेत्तूण इति पाठः ।

२. आ०प्रतौ –विदियसंगह– इति पाठः ।

कायव्वो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स समुदायत्थो ।

प्रतिलिपि :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** एवं माण-मायासंजलणाणं ।**

§ ८६. सुगममेदमप्पणासुत्तं । णवरि कोध-माणाणमुदएण खवगसेढिं चढिदस्स चरिमसमयमाणवेदगस्स माणसंजलणविसयमुक्कस्ससामित्तं कायव्वं । कोह-माण-मायाणमुदएण सेढिमारूढस्स चरिमसमयमायावेदगस्स मायासंजलणपदेसुदीरणाविसयमुक्कस्स-सामित्तं होदि त्ति एसो[1] विसेसो एत्थ दट्ठव्वो ।

*** लोहसंजलणस्स उक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ ८७. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

*** खवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयसकस्सायस्स ।**

§ ८८. जो खवगो अण्णदरकम्मंसियलक्खणेणागदो अण्णदरवेद-संजणाणमुदएण सेढिमारुहिय जहाकममपुव्वाणियट्टिकरणगुणट्ठाणाणि वोलिय सुहुमसांपराइयो होदूण तत्थ समयाहियावलियसकसायभावेणवट्ठिदो तक्कालोदीरिज्जमाणासंखेज्जसमयपबद्धे घेत्तूण पयदुक्कस्ससामित्तसंबंधो कायव्वो, हेट्ठिमासेसपदेसुदीरणाहिंतो एत्थतणपदेसुदीरणाए

गोपुच्छामेंसे उदीर्यमाण असंख्यात समयप्रबद्धोंको ग्रहण कर प्रकृत स्वामित्वका सम्बन्ध करना चाहिए, यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है ।

*** इसी प्रकार मानसंज्वलन और मायासंज्वलनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका स्वामित्व जानना चाहिए ।**

§ ८६. यह अर्पणासूत्र सुगम है । इतनी विशेषता है कि क्रोध और मानके उदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़े हुए अन्तिम समयवर्ती मानवेदकके मानसंज्वलन सम्बन्धी उत्कृष्ट स्वामित्व करना चाहिए । तथा क्रोध, मान और माया संज्वलनके उदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़े हुए अन्तिम समयवर्ती मायावेदकके मायासंज्वलनसम्बन्धी प्रदेश उदीरणाविषयक उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, इस प्रकार यह विशेष यहाँ पर जानना चाहिए ।

*** लोभसंज्वलनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ।**

§ ८७. यह पृच्छावाक्य सुगम है ।

*** जो एक समय अधिक एक आवलि कालके अन्तिम समय तक सकषायभावसे अवस्थित है उस क्षपकके होती है ।**

§ ८८. अन्यतर कर्मांशिक लक्षणसे आया हुआ जो क्षपक अन्यतर वेद और अन्यतर संज्वलनके उदयसे क्षपकश्रेणि पर आरोहण कर, क्रमसे अपूर्वकरण और अनिवृत्तिकरण गुणस्थानोंको बिताकर तथा सूक्ष्मसाम्परायिक होकर जो एक समय अधिक एक आवलि काल तक सकषायभावसे अवस्थित है उसके उस कालमें उदीर्यमाण असंख्यात समयप्रबद्धोंको ग्रहण कर प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वका सम्बन्ध करना चाहिए, क्योंकि नीचेकी समस्त प्रदेश

---

१. आ०प्रतौ होदि एसो इति पाठः ।

विसोहिपाहम्मेणासंखेज्जगुणत्तदंसणादो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स समुच्चयत्थो ।

*** इत्थिवेदस्स उक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ?**

§ ८९. सुगमं ।

*** खवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयइत्थिवेदगस्स ।**

§ ९०. जो खवगो अण्णदरकम्मंसियलक्खणेणागंतूणित्थिवेदोदएण खवगसेढिं चढिय अंतरकरणाणंतरं णवुंसयवेदमंतोमुहुत्तेण खविय तदो इत्थिवेदं खवेमाणो समयाहियावलियचरिमसमयइत्थिवेदगभावेणावट्ठिदो तस्स तक्कालोदीरिज्जमाणासंखेज्जसमयपबद्धे घेत्तूण पयदुक्कस्ससामित्तं होइ त्ति सुत्तत्थसंबंधो ।

*** पुरिसवेदस्स उक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ?**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ९१. सुगमं ।

*** खवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयपुरिसवेदगस्स ।**

९२. एत्थ वि पुव्वं व सुत्तस्स संबंधो कायव्वो । सुगममण्णं ।

*** णवुंसयवेदस्स उक्कस्सिया पदेसउदीरणा कस्स ?**

९३. सुगमं ।

उदीरणाओंसे यहाँकी प्रदेश उदीरणा विशुद्धिके माहात्म्यवश असंख्यातगुणी देखी जाती है इस प्रकार यह इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है ।

*** स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ८९ यह सूत्र सुगम है ।

*** जो एक समय अधिक एक आवलि कालके अन्तिम समय तक स्त्रीवेदी है उस क्षपकके होती है ।**

§ ९०. जो क्षपक अन्यतर कर्मांशिकलक्षणसे आकर और स्त्रीवेदके उदयसे क्षपकश्रेणि पर चढ़कर अन्तरकरणके बाद नपुंसकवेदका अन्तर्मुहूर्तमें क्षपण कर उसके बाद स्त्रीवेदका क्षपण करता हुआ समयाधिक आवलि काल शेष रहने पर उदीरणाके अन्तिम समयमें स्त्रीवेदके भावसे अवस्थित है उसके तत्काल उदीर्यमाण असंख्यात समयप्रबद्धोंको ग्रहण कर प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है, ऐसा इस सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है ।

*** पुरुषवेदकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ९१. यह सूत्र सुगम है ।

*** जो समयाधिक एक आवलि कालके अन्तिम समय तक पुरुषवेदी है उस क्षपकके होती है ।**

§ ९२. यहाँ भी पहलेके समान सूत्रका सम्बन्ध करना चाहिए । अन्य कथन सुगम है ।

*** नपुंसकवेदकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ९३. यह सूत्र सुगम है ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** खवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयणवुंसयवेदगस्स ।**

९४. समयाहियावलियमेत्तकालेण जो चरिमसमयणवुंसयवेदो भविस्सदि सो समयाहियावलियचरिमसमयणवुंसयवेदो त्ति भण्णदे । तस्स खवगविसेसणविसिट्ठस्स पयदुक्कस्ससामित्ताहिसंबंधो होइ, हेट्ठिमासेसपदेसुदीरणाणमेत्तो असंखेज्जगुणहीणत्तदंसणादो ।

*** छण्णोकसायाणमुक्कस्सिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

९५. सुगमं ।

*** खवगस्स चरिमसमयअपुव्वकरणे वट्टमाणगस्स ।**

९६. जो खवगो अण्णदरकम्मंसिओ तस्स चरिमसमयअपुव्वकरणे वट्टमाणगस्स पयदुक्कस्ससामित्तं होदि त्ति सुत्तत्थसमुच्चयो ।

एवमोघेणुक्कस्ससामित्तं समत्तं ।

§ ९७. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणाणुगमे कीरमाणे ओघपुरस्सरं वत्तइस्सामो । तं जहा—सामित्तं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णि०—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—अणंताणु०४ उक्कस्सपदेसुदीरणा कस्स ? अण्णद० सव्वविसुद्धस्स संजमाहिमुहस्स चरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स । सम्म० उक्क० पदेसुदी०

*** जो समयाधिक एक आवलिकालके अन्तिम समय तक नपुंसकवेदी है उस क्षपकके होती है ।**

§ ९४. समयाधिक आवलिमात्र कालके द्वारा जो अन्तिम समयवर्ती नपुंसकवेदी होगा वह समयाधिक आवलि-अन्तिम समयवर्ती नपुंसकवेदी कहलाता है । क्षपक विशेषण विशिष्ट उस क्षपकके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्वका अभिसम्बन्ध होता है, क्योंकि नीचेकी अशेष प्रदेश उदीरणाएँ इससे असंख्यातगुणी हीन देखी जाती हैं ।

*** छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ ९५. यह सूत्र सुगम है ।

*** अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान क्षपकके होती है ।**

§ ९६. अन्यतर कर्मांशिक जो क्षपक है, अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान उस क्षपकके प्रकृत उत्कृष्ट स्वामित्व होता है यह सूत्रार्थसमुच्चय है ।

इस प्रकार ओघसे उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ ९७. अब आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाका अनुगम करने पर ओघ पूर्वक बतलाते हैं । यथा—स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्व विशुद्ध संयमके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है । सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? जो समयाधिक एक आवलि काल तक अक्षीण-दर्शनमोही है ऐसे अन्यतर कृतकृत्यवेदकके होती

कस्स ? अण्णद० समयाहियावलियअक्खीणदंसणमोहस्स। सम्मामि० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० सम्मत्ताहिमुहस्स सव्वविसुद्धस्स चरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स। अपच्चक्खाण०४ उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० संजमाहिमुहस्स सव्वविसुद्धस्स चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स। एवं पच्चक्खाण०४। णवरि चरिमसमयसंजदासंजदस्स। चदुसंजलण-तिण्णिवेद० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० खवगस्स समयाहियावलियचरिमसमयउदीरगस्स। छण्णोक० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० चरिमसमयअपुव्वकरणस्स सव्वविसुद्धस्स। एवं मणुसतिये। णवरि वेदा जाणियव्वा।

§ ९८. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० पढमसम्मत्ताहिमुहस्स समयाहियावलियचरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स तस्स उक्क० पदेसुदी०। अणंताणु०४ उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० पढमसम्मत्ताहिमुहस्स चरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स। सम्म०-सम्मामि० ओघं। बारसक०-सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० सम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा। एवं पढमाए। विदियादि सत्तमा त्ति एवं चेव। णवरि सम्म० बारसक०भंगो।

§ ९९. तिरिक्खेसु मिच्छत्त-अणंताणु०४ उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद०

होती है। सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती अन्यतर सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है। अप्रत्याख्यानावरण चार कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके होती है। इसी प्रकार प्रत्याख्यानावरण चार कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका स्वामित्व जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अन्तिम समयवर्ती संयतासंयतके कहना चाहिए। चार संज्वलन और तीन वेदोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? समयाधिक आवलिके शेष रहने पर अन्तिम समयवर्ती उदीरक अन्यतर क्षपकके होती है। छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अपूर्वकरणके अन्तिम समयमें विद्यमान अन्यतर सर्वविशुद्ध क्षपकके होती है। इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना वेद जान लेना चाहिए।

§ ९८. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? जो प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख है, मिथ्यात्वके एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर जो अन्तिम समयवर्ती उदीरक है उस अन्यतर मिथ्यादृष्टिके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा होती है। अनन्तानुबन्धी चतुष्ककी उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरणा किसके होती है ? प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख अन्यतर अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। बारह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्व विशुद्ध अथवा तत्प्रायोग्य विशुद्ध सम्यग्दृष्टिके होती है। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक इसी प्रकार है। इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान है।

§ ९९. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? संयमासंयमके अभिमुख हुए सर्व विशुद्ध अन्यतर अन्तिम समयवर्ती

संजमासंजमाहिमुहस्स चरिमसमयमिच्छाइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । एवमपच्चक्खाण०४ । णवरि चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स सव्वविसुद्धस्स । सम्म०-सम्मामि० ओघं । अट्ठक०-णवणोक० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० संजदासंजदस्स सव्वविसुद्धस्स तप्पाओग्ग-विसुद्धस्स वा । एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये । णवरि वेदा जाणियव्वा । जोणिणीसु सम्म० अट्ठकसायभंगो । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० सव्वविसुद्धस्स तप्पाओग्गविसुद्धस्स वा ।

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १००. देवेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-सोलसक०-छण्णोक० णारयभंगो । इत्थिवेद-पुरिसवेद० बारसकसायभंगो । एवं सोहम्मीसाण० । एवं सणक्कुमारादि णवगेवज्जा त्ति । णवरि इत्थिवेदो णत्थि । भवण०-वाणवें०-जोदिसि० देवोघं । णवरि सम्म० बारसक०भंगो । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो । एवं जाव० ।

*** जहण्णसामित्तं ।**

§ १०१. उक्कस्ससामित्ताणंतरमेत्तो जहण्णसामित्तमहिकयं दट्ठव्वमिदि अहियार-परामरसवक्कमेदं ।

मिथ्यादृष्टिके होती है । इसी प्रकार अप्रत्याख्यानावरण चार कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा-का स्वामित्व जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सर्वविशुद्धअन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके यह उत्कृष्ट स्वामित्व होता है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है । आठ कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्वविशुद्ध अथवा तत्प्रायोग्य विशुद्ध संयतासंयतके होती है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपना-अपना वेद जान लेना चाहिए । योनिनियोंमें सम्यक्त्व-का भंग आठ कषायोंके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर सर्वविशुद्ध अथवा तत्प्रायोग्य विशुद्धके होती है ।

§ १००. देवोंमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नो-कषायोंका भंग नारकियोंके समान है । स्त्रीवेद और पुरुषवेदका भंग बारह कषायोंके समान है । इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पमें जानना चाहिए । इसी प्रकार सनत्कुमारसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यहाँ स्त्रीवेद नहीं है । भवन-वासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सामान्य देवोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनतकल्पके समान है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

*** जघन्य स्वामित्वका अधिकार है ।**

§ १०१. उत्कृष्ट स्वामित्वके अनन्तर यहाँ से जघन्य स्वामित्व अधिकृत जानना चाहिए इस प्रकार अधिकारका परामर्श करनेवाला यह वाक्य है ।

*** मिच्छत्तस्स जहण्णिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ १०२. सुगमं ।

*** सण्णिमिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा ।**

§ १०३. एत्थ सण्णिणिद्देसो असण्णिपडिसेहफलो । तत्थ जहण्णपदेसुदीरणाणिबंधणसंकिलेसबहुत्ताणुवलंभादो । ण च संकिलेसबहुत्तेण विणा पदेसुदीरणाए जहण्णभावो होदि, विप्पडिसेहादो । अदो चेव मिच्छाइट्ठिविसेसणं समंजसं, सेसगुणट्ठाणसंकिलेसादो मिच्छाइट्ठिसंकिलेसस्साणंतगुणत्तदंसणादो । तस्सेव संकिलेसबहुत्तस्स विसेसियूण परूवणट्ठमिदमाह—'उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा' त्ति । एतदुक्तं भवति—सामित्तसमए मिच्छाइट्ठिस्स असंखेज्जलोगमेत्ताणि संकिलेसट्ठाणाणि उक्कस्सट्ठिदिबंधपाओग्गाणि अत्थि, तेसु आवलि० असंख० भागमेत्तखंडीकयेसु जो चरिमखंडो असंखेज्जलोगमेत्तपरिणामट्ठाणपूरिदो, तत्थतणसव्वपरिणामेहिं जहण्णिया पदेसुदीरणा ण विरुज्झदि त्ति । एत्थ चरिमखंडपमाणागमणट्ठमावलि० असंखे० भागमेत्तो भागहारो होदि त्ति कुतो णव्वदे ? सुत्ताविरुद्धपुव्वाइरियवक्खाणादो ।

*** सम्मत्तस्स जहण्णिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागरजी महाराज

*** मिथ्यात्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणा किसके होती है ।**

§ १०२. यह सूत्र सुगम है ।

*** उत्कृष्ट संक्लिष्ट परिणामवाले अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले संज्ञी मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ १०३. यहाँ संज्ञी पदका निर्देश असंज्ञियोंका निषेध करनेके लिए किया है, क्योंकि असंज्ञियोंमें जघन्य प्रदेश उदीरणाके कारणभूत संक्लेशबहुत्वका अभाव है । और संक्लेश बहुत्वके बिना प्रदेश उदीरणाका जघन्यपना बनता नहीं, क्योंकि इसका विप्रतिषेध है । और इसीलिए मिथ्यादृष्टि यह विशेषण सुसम्बद्ध है, क्योंकि शेष गुणस्थानोंके संक्लेशसे मिथ्यादृष्टिका संक्लेश अनन्तगुणा देखा जाता है । उसी संक्लेशबहुत्वकी विशेषताका कथन करनेके लिए यह कहा है—'उत्कृष्ट संक्लेशवालेके अथवा ईषत् मध्यम परिणामवालेके ?' उक्त कथनका यह तात्पर्य है कि स्वामित्वके समय मिथ्यादृष्टिके असंख्यात लोकप्रमाण संक्लेशस्थान उत्कृष्ट स्थितिके बन्धके योग्य होते हैं । उनके आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण खण्ड करनेपर असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंसे आपूरित जो अन्तिम खण्ड प्राप्त होता है उसमेंके सब परिणामोंसे जघन्यप्रदेश उदीरणा विरोधको नहीं प्राप्त होती ।

शंका—यहाँ अन्तिम खण्डके लानेके लिए आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण भागहार है, यह किस प्रमाणसे जाना जाता है ?

समाधान—सूत्रके अविरुद्ध कथन करनेवाले पूर्वाचार्योंके व्याख्यानसे जाना जाता है ।

*** सम्यक्त्वकी जघन्य प्रदश उदीरणा किसके होती है ?**

§ १०४. सुगमं ।

*** मिच्छत्ताहिमुहचरिमसमयसम्माइट्ठिस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १०५. एत्थ मिच्छत्ताहिमुहणिद्देसो सत्थाणसम्माइट्ठिपडिसेहफलो । चरिमसमयसम्माइट्ठिणिद्देसो दुचरिमादिहेट्ठिमसमयसम्माइट्ठिपडिसेहट्ठो, तत्थ सव्वुक्कस्ससंकिलेसाभावादो । सव्वसंकिलिट्ठस्से त्ति णिद्देसो सव्वुक्कस्ससंकिलेसाणुविद्धपडिवादट्ठाणगहणट्ठो, उक्कस्ससंकिलेससंबंधेण विणा पदेसुदीरणाए जहण्णभावाणुववत्तीदो । णवरि तप्पाओग्गाणुक्कस्सपडिवादट्ठाणेहि वि जहण्णसामित्तमविरुद्धं ति जाणावणट्ठमीसिमज्झिमपरिणामस्स वा त्ति णिद्देसो कओ । सेसं सुगमं ।

*** सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णिया पदेसुदीरणा कस्स ?**

§ १०६. सुगमं ।

*** मिच्छत्ताहिमुहचरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स सव्वसंकिलिट्ठस्स ईसिमज्झिमपरिणामस्स वा ।**

§ १०७. एयं पि सुत्तं सुगमं, अणंतरसामित्तसुत्तेण समाणवक्खाणत्तादो ।

*** सोलसकसाय-णवणोकसायाणं जहण्णिया पदेसुदीरणा मिच्छत्तभंगो ।**

---

§ १०४. यह सूत्र सुगम है ।

*** सर्व संक्लेश परिणामवाले अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले मिथ्यात्वके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके होती है ।**

§ १०५. स्वस्थान सम्यग्दृष्टिका प्रतिषेध करनेके लिए यहाँ सूत्रमें 'मिथ्यात्वके अभिमुख हुए' पदका निर्देश किया है । द्विचरम आदि अधस्तन समयवर्ती सम्यग्दृष्टिका निषेध करनेके लिए 'अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टि' पदका निर्देश किया है, क्योंकि सम्यग्दृष्टिके द्विचरम आदि समयोंमें सबसे उत्कृष्ट संक्लेशका अभाव है । सबसे उत्कृष्ट संक्लेशसे अनुविद्ध प्रतिपातस्थानके ग्रहण करनेके लिए 'सबसे उत्कृष्ट संक्लेशवालेके' पदका निर्देश किया है, क्योंकि उत्कृष्ट संक्लेशके सम्बन्धके बिना प्रदेश उदीरणाका जघन्यपना नहीं बन सकता । किन्तु इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्य अनुत्कृष्ट प्रतिपात स्थानोंके द्वारा भी जघन्य स्वामित्व अविरुद्ध है इसका ज्ञान करानेके लिए 'ईषत् मध्यम परिणामवालेके' यह निर्देश किया है । शेष कथन सुगम है ।

*** सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणा किसके होती है ?**

§ १०६. यह सूत्र सुगम है ।

*** सर्व संक्लेश परिणामवाले अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले मिथ्यात्वके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है ।**

§ १०७. यह भी सूत्र सुगम है, क्योंकि अनन्तर पूर्व सूत्रके समान इसका व्याख्यान है ।

*** सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणाके स्वामित्वका भंग मिथ्यात्वके समान है ।**

§ १०८. जहा मिच्छत्तस्स जहण्णपदेसुदीरणासामित्तं कदं तहा एदेसिं पि कम्माणं कायव्वं, विसेसाभावादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

एवमोघो समत्तो ।

§ १०९. संपहि आदेसपरूवणट्ठमुच्चारणाणुगममिह कस्सामो । तं जहा—जहण्णए पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—सोलसक०—णवणोक० जह० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० मिच्छाइट्ठिस्स उक्कस्ससंकिलिट्ठस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स वा । सम्मामि० जह० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० मिच्छत्ताहिमुहस्स तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स चरिमसमयसम्मामिच्छाइट्ठिस्स । एवं सम्मत्तस्स । णवरि चरिमसमयसम्माइट्ठिस्स । सव्वणिरय-तिरिक्ख-पंचिंदियतिरिक्खतिय-मणुसतिय-देवा जाव सहस्सारे त्ति जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं । पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०—मणुसअपज्ज०—अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सव्वपयडी० जह० पदेसुदी० कस्स ? अण्णद० तप्पाओग्गसंकिलिट्ठस्स । आणदादि जाव णवगेवज्जा त्ति सणक्कुमारभंगो । एवं जाव ।

* एयजीवेण कालो ।

§ ११०. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं ।

§ १०८. जिस प्रकार मिथ्यात्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणाका स्वामित्व किया है उसी प्रकार इन कर्मोंकी भी जघन्य प्रदेश उदीरणका स्वामित्व करना चाहिए, उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है ।

इस प्रकार ओघ स्वामित्व समाप्त हुआ ।

§ १०९. अब आदेशका कथन करनेके लिए उच्चारणाका अनुगम यहाँ पर करेंगे । यथा—जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले या तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाले अन्यतर मिथ्यादृष्टिके होती है । सम्यग्मिथ्यात्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? मिथ्यात्वके अभिमुख हुए तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाले अन्तिम समयवर्ती अन्यतर सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणाका स्वामित्व जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अन्तिम समयवर्ती सम्यग्दृष्टिके कहना चाहिए । सब नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक, मनुष्यत्रिक और सामान्य देवोंसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें जिन प्रकृतियोंकी उदीरणा होती है उनका भंग ओघके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त और अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा किसके होती है ? अन्यतर तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवालेके होती है । आनत कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें सनत्कुमार कल्पके समान भंग है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

* एक जीवकी अपेक्षा कालका अधिकार है ।

§ ११०. अधिकारकी सम्हाल करनेवाला यह सूत्र सुगम है ।

*** मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १११. सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

*** जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।**

§ ११२. कुदो ? संजमाहिमुहमिच्छाइट्ठिचरिमसमए चेव तदुवलंभादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** अणुक्कस्सपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ ११३. सुगमं ।

*** एत्थ तिण्णि भंगा ।**

§ ११४. एत्थाणुक्कस्सपदेसुदीरगकालणिद्देसावसरे तिण्णि भंगा दट्ठव्वा—अणादिओ अपज्जवसिदो अणादिओ सपज्जवसिदो सादिओ सपज्जवसिदो त्ति । तत्थादिल्लदुगं सुगमं । संपहि तदियवियप्पस्स जहण्णुक्कस्सकालावहारणट्ठमाह—

*** जहण्णेण अंतोमुहुत्तं ।**

§ ११५. कुदो ? सम्मत्तादो मिच्छत्तमुवगंतूण सव्वजहण्णंतोमुहुत्तेण पडिणियत्तम्मि तदुवलद्धीदो ।

*** उक्कस्सेण उवड्ढपोग्गलपरियट्टं ।**

§ ११६. कुदो ? अद्धपोग्गलपरियट्टादिसमये पढमसम्मत्तमुप्पाइय सव्वलहुं

*** मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ १११. यह पृच्छावाक्य सुगम है ।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।**

§ ११२. क्योंकि संयमके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें ही उसकी उपलब्धि होती है ।

*** अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ ११३. यह सूत्र सुगम है ।

*** इस विषयमें तीन भंग हैं ।**

§ ११४. यहाँ अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकके कालका निर्देश करनेके विषयमें तीन भंग जानना चाहिए—अनादि-अपर्यवसित, अनादि-सपर्यवसित और सादि-सपर्यवसित । उनमेंसे आदिके दो भंग सुगम हैं । अब तीसरे विकल्पके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निश्चय करनेके लिए कहते हैं—

*** जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है ।**

§ ११५. क्योंकि सम्यक्त्वसे मिथ्यात्वको प्राप्त होकर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा प्रतिनिवृत्त होनेपर उसकी उपलब्धि होती है ।

*** उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है ।**

§ ११६. क्योंकि अर्धपुद्गल परिवर्तनप्रमाण कालके प्रथम समयमें प्रथम सम्यक्त्वको

मिच्छत्तमुवणमिय तत्थ पयदकालस्सादिं कादूण पुणो देसूणद्धपोग्गलपरियट्टं परिभमिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तमेत्तसेसे सिज्झदव्वए त्ति पडिवण्णसम्मत्तपज्जायम्मि तदुवलंभादो ।

*** सेसाणं कम्माणमुक्कस्सपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ ११७. सुगमं । मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।**

§ ११८. कुदो ? सव्वेसिमप्पप्पणो सामित्तविसये चरिमविसोहिए समुवलद्धजहण्णभावत्तादो ।

*** अणुक्कस्सपदेसुदीरगो पयडिउदीरणाभंगो ।**

§ ११९. जहा पयडिउदीरणाए जहण्णुक्कस्सकालणिद्देसो एदेसिं कम्माणं कओ तहा एत्थ वि अणुक्कस्सपदेसुदीरणाए कायव्वो, विसेसाभावादो त्ति भणिदं होदि । संपहि आदेसपरूवणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमणुसरामो—

*** णिरयगदीए मिच्छत्त-सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणंताणुबंधीणमुक्कस्स पदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १२०. सुगमं ।

*** जहण्णुक्कस्सेण एयसमओ ।**

उत्पन्न कर और अतिशीघ्र मिथ्यात्वको प्राप्त होकर वहाँ प्रकृत कालका प्रारम्भ कर पुनः कुछ कम अर्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण काल तक परिभ्रमण कर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्तमात्र कालके शेष रहने पर सिद्ध होगा, इसलिए सम्यक्त्व पर्यायके प्राप्त करने पर उक्त कालकी उपलब्धि होती है ।

*** शेष कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका कितना काल है ?**

§ ११७. यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।**

§ ११८. क्योंकि सभीके अपनी-अपनी स्वामित्व विषयक अन्तिम विशुद्धिका जघन्यपना अर्थात् मात्र एक समय काल तक अस्तित्व पाया जाता है ।

*** अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका भंग प्रकृति उदीरणाके समान है ।**

§ ११९. इन कर्मोंकी प्रकृति उदीरणाके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निर्देश जिस प्रकार किया है उसी प्रकार यहाँ भी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका करना चाहिए, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । अब आदेशका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धका अनुसरण करते हैं—

*** नरकगतिमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ १२०. यह सूत्र सुगम है ।

जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

१२१. कुदो ? मिच्छत्ताणंताणुबंधीणमुवसमसम्मत्ताहिमुहमिच्छाइट्ठिस्स समयाहियावलियचरिमसमए दुचरिमसमए च जहाकमेणुक्कस्ससामित्तपडिलंभादो। सम्मत्तस्स कदकरणिज्जसमयाहियावलियाए सम्मामिच्छत्तस्स वि सम्मत्ताहिमुहसम्मामिच्छाइट्ठिचरिमविसोहीए विसयंतरपरिहारेणुक्कस्ससामित्तदंसणादो। संपहि एदेसिमणुक्कस्सपदेसुदीरगजहण्णुक्कस्सकालावहारणट्ठमाह—

*** अणुक्कस्सपदेसुदीरगो पयडिउदीरणाभंगो ।**

§ १२२. एदेसिं कम्माणमणुक्कस्सपदेसुदीरगस्स जहण्णुक्कस्सकाला पयडिउदीरणाभंगेणाणुगंतव्वा, तत्थतणजहण्णुक्कस्सकालेहिंतो भेदाभावादो । संपहि वुत्तसेसाणं कम्माणमुक्कस्साणुक्कस्सपदेसुदीरगजहण्णुक्कस्सकालसंभालणट्ठमाह—महाराज

*** सेसाणं कम्माणमित्थि-पुरिसवेदवज्जाणमुक्कस्सिया पदेसुदीरणा केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १२३. एत्थित्थि-पुरिसवेदाणं परिवज्जणं, णिरयगईए तेसिमुदीरणाभावादो त्ति घेत्तव्वं । अवसेसं सुगमं ।

---

§ १२१. क्योंकि उपशमसम्यक्त्वके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टिके एक समय अधिक एक आवलि कालके शेष रहने पर उदीरणा विषयक अन्तिम समयमें और द्विचरम समयमें क्रमसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका उत्कृष्ट स्वामित्व प्राप्त होता है। तथा सम्यक्त्वका कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके एक समय अधिक एक आवलि काल शेष रहने पर और सम्यग्मिथ्यात्वका भी सम्यक्त्वके अभिमुख हुए सम्यग्मिथ्यादृष्टिकी अन्तिम विशुद्धिके प्राप्त होने पर अन्य स्थानको छोड़कर उक्त स्थानों पर उत्कृष्ट स्वामित्व देखा जाता है। अब इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंकी उदीरणा करनेवालेके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निश्चय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका भंग प्रकृति उदीरणाके समान है ।**

§ १२२. इन कर्मोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल प्रकृति उदीरणाके कालके समान जानना चाहिए, क्योंकि वहाँके जघन्य और उत्कृष्ट कालसे प्रकृत कालमें कोई भेद नहीं पाया जाता। अब उक्त कर्मोंसे बाकी बचे हुए कर्मोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवालेके जघन्य और उत्कृष्ट कालका विचार करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** स्त्रीवेद और पुरुषवेदको छोड़कर शेष कर्मोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका कितना काल है ?**

§ १२३. नरकगतिमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उदीरणा नहीं होती, इसलिए यहाँ स्त्रीवेद और पुरुषवेदका निषेध किया है ऐसा यहाँ जानना चाहिये। शेष कथन सुगम है।

---

१. ता०प्रतौ चरिमसमए जहाकमेण इति पाठः।

२. ता०प्रतौ एत्थतण- इति पाठः।

* जहण्णेण एगसमओ ।

§ १२४. कुदो ? सत्थाणसम्माइट्ठिस्स सव्वुक्कस्सविसोहीए ईसिमज्झिमपरिणामेण वा एगसमयं परिणमिय बिदियसमये परिणामंतरं गदस्स तदुवलंभादो ।

* उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।

§ १२५. कुदो ? उक्कस्सपदेसुदीरणापाओग्गचरिमखंडज्झवसाणट्ठाणेसु असंखेज्ज-लोगमेत्तेसु अवट्ठाणकालस्स उक्कस्सेण तप्पमाणत्तोवएसादो ।

* अणुक्कस्सपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?

§ १२६. सुगमं ।

* जहण्णेण एगसमओ ।

§ १२७. कुदो ? उक्कस्सादो अणुक्कस्सभावं गंतूण एगसमएण पुणो वि परिणाम-वसेणुक्कस्सभावेण परिणदम्मि सव्वेसिमेगसमयमेत्ताणुक्कस्सजहण्णकालोवलंभादो ।

* उक्कस्सेण अंतोमुहुत्तं ।

§ १२८. कुदो ? कसाय-णोकसायाणं पयडिउदीरणाए उक्कस्सकालस्स तप्पमाण-त्तोवलंभादो । एदेण सामण्णणिद्देसेण णवुंसयवेदारइ-सोगाणं पि अंतोमुहुत्तमेत्तुक्कस्स-कालाइप्पसंगे तप्पडिसेहमुहेण तत्तो बहुअकालपरूवणट्ठमाह

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* जघन्य काल एक समय है ।

§ १२४. क्योंकि स्वस्थान सम्यग्दृष्टिके सबसे उत्कृष्ट विशुद्धिरूपसे या ईषत् मध्यम परिणामरूपसे एक समय तक परिणम कर दूसरे समयमें दूसरे परिणामको प्राप्त होने पर एक समयप्रमाण जघन्य काल प्राप्त होता है ।

* उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ १२५. क्योंकि उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके योग्य अन्तिम खण्डसम्बन्धी असंख्यात लोक-प्रमाण अध्यवसानस्थानोंमें ठहरनेके कालका उपदेश उत्कृष्टरूपसे तत्प्रमाण ही पाया जाता है ।

* अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?

§ १२६. यह सूत्र सुगम है ।

* जघन्य काल एक समय है ।

§ १२७. क्योंकि उत्कृष्टसे अनुत्कृष्टपनेको प्राप्त कर एक समयके बाद फिर भी परिणाम-वश उत्कृष्टपनेके प्राप्त होने पर सभीकी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका जघन्य काल एक समय पाया जाता है ।

* उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ १२८. क्योंकि कषाय और नोकषायोंकी प्रकृति उदीरणाका उत्कृष्ट काल तत्प्रमाण पाया जाता है । इस सामान्य निर्देशसे नपुंसकवेद, अरति और शोकका भी उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है ऐसा अतिप्रसंग प्राप्त होने पर उसके प्रतिषेधद्वारा उससे बहुत कालके कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** णवरि णवुंसयवेद-अरइ-सोगाणमुदीरगो उक्कस्सादो तेत्तीसं सागरोवमाणि ।**

§ १२९. कुदो ? एदेसिं कम्माणं पयडिउदीरणुक्कस्सकालस्स णिरयगईए तप्पमाणोवलंभादो । एवं णिरयोघो समत्तो । संपहि एदेणाणुभाणेण सेसासु वि गदीसु उक्कस्साणुक्कस्सपदेसुदीरगकालो साहेयव्वो त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तं भणइ—

*** एवं सेसासु गदीसु उदीरगो साहेयव्वो ।**

§ १३०. सुगममेदमत्थसमप्पणासुत्तं । णवरि उदीरगो साहेयव्वो त्ति वुत्ते पदेसुदीरगकालो साहेयव्वो त्ति पयरणवसेणाहिसंबंधो कायव्वो । संपहि एदेण सुत्तपबंधेण सूचिदत्थविसये सुहावगमुप्पायणट्ठमोघादेसेहिं विसेसियूण उच्चारणाणुगममिह कस्सामो । तं जहा—

§ १३१. कालो दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ० उक्क० पदेसुदी० जहण्णुक्क० एगस० । अणुक्क० तिण्णि भंगा । जो सो सादिओ सपज्जवसिदो, तस्स जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । सम्म० उक्क० पदेसुदी० जहण्णुक्क० एयस० । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरो० देसूणाणि । सम्मामि० उक्क० पदेसुदी० जहण्णुक्क० एगस० ।

*** इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेद, अरति और शोकके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है ।**

§ १२९. क्योंकि नरकगतिमें इन कर्मोंकी प्रकृति उदीरणाका उत्कृष्ट काल तत्प्रमाण पाया जाता है । इस प्रकार सामान्य नारकियोंके प्रदेश उदीरणाका काल समाप्त हुआ । अब इस विधिसे शेष गतियोंमें भी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरकका काल साध लेना चाहिए इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इसी प्रकार शेष गतियोंमें भी उदीरकको साध लेना चाहिए ।**

§ १३०. अर्थका समर्पण करनेवाला यह सूत्र सुगम है । इतनी विशेषता है कि 'उदीरगो साहेयव्वो' ऐसा कहनेपर प्रदेश-उदीरकका काल साध लेना चाहिए ऐसा प्रकरणवश सम्बन्ध कर लेना चाहिए । अब इस सूत्रप्रबन्ध द्वारा सूचित किये गये अर्थका सुखपूर्वक ज्ञान करानेके लिए ओघ और आदेश सहित उच्चारणाका अनुगम यहाँ पर करेंगे । यथा—

§ १३१. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकके तीन भंग हैं । उनमेंसे जो सादि-सान्त भंग है उसकी अपेक्षा जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम छयासठ

अणुक्क० जहण्णुक्क० अंतोमु०[1]। एवं सोलसक०-भय-दुगुंछ०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। तिण्हं वेदाणं उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एयसमओ। अणुक्क० जह० एगस०, पुरिसवेद० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। हस्स-रदि-अरदि-सोग० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० छम्मासं तेत्तीसं सागरो० सादिरेयाणि।

§ १३२. आदेसेण णेरइय० मिच्छ० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि। सम्मामि० ओघं। अणंताणु०४ उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। एवं बारसक०-हस्स-रदि-भय-दुगुंछाणं। णवरि उक्क० पदेसुदी०

सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सोलह कषाय, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तीन वेदोंके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल स्त्रीवेद और नपुंसकवेदका एक समय है, पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट काल क्रमसे सौ पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण, सौ सागरोपमपृथक्त्व-प्रमाण और अनन्तकाल है जो अनन्तकाल असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनोंके बराबर है। हास्य, रति, अरति और शोकके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल हास्य-रतिका छह महीना तथा अरति-शोकका साधिक तेतीस सागरोपम है।

विशेषार्थ—ओघसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल मूल चूर्णिसूत्रोंमें ही बतलाया है, इसलिए यहाँ अलगसे स्पष्टीकरण नहीं किया है। इसी न्यायसे गतिमार्गणाके अवान्तर भेदोंमें भी जान लेना चाहिए। मूल चूर्णि-सूत्रोंमें इसका भी निर्देश किया है। जो नहीं कहा है वह उक्त कथनसे ही ज्ञात हो जाता है।

§ १३२. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार बारह कषाय, हास्य, रति, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके उत्कृष्ट प्रदेश-उदी-

---

१. ता०प्रतौ अणुक्क० जह० एगस० [उक्क०] अंतोमु० इति पाठः।

जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं णवुंस०-अरदि-सोग०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि। एवं सत्तमाए। णवरि सम्म० उक्क० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति। णवरि सगट्ठिदी। अरदि-सोगाणं हस्स-रदिभंगो। णवरि पढमाए सम्म० उक्क० पदेसुदी० जहण्णुक्क० एयस०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १३३. तिरिक्खेसु मिच्छ० उक्क०पदेसुदी० जह० उक्क० एगस०। अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एयस०। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो-वमाणि देसूणाणि। सम्मामि०-अट्ठक० ओघं। अट्ठक०-छण्णोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवमित्थिवेद-पुरिसवेद०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पुव्वकोडिपुधत्तं। एवं णवुंस०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि मिच्छ०

रकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार नपुंसकवेद, अरति और शोककी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार पहली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इन पृथिवियोंमें अरति और शोकका भंग हास्य और रतिके समान है। इतनी और विशेषता है कि पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

§ १३३. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्योपम है। सम्यग्मिथ्यात्व और आठ कषायोंका भंग ओघके समान है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनोंके बराबर है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी

अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी । णवुंस० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । णवरि पज्जत्त० इत्थिवेदो णत्थि । जोणिणीसु पुरिस० णवुंस० णत्थि । सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो ।

§ १३४. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपयडी० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० ।

§ १३५. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खतियभंगो[1] । णवरि सव्वपयडी० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । सम्म० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि । णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि । सम्म० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० तं चेव । मणुसिणीसु पुरिसवेद-णवुंस० णत्थि ।

§ १३६. देवेसु मिच्छ० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीस सागरोवमाणि । सम्मामि०-अणंताणु०४ ओघं । सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क०

विशेषता है कि इनमें मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है । नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्व कोटिपृथक्त्वप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है । योनिनियोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

§ १३४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ १३५. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेशउदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्योपम है । इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है । तथा इनमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल वही है । मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है ।

§ १३६. देवोंमें मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागरोपम है । सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेश

---

१. आ०प्रतौ तिरिक्खभंगो इति पाठः ।

तेत्तीसं सागरोवमाणि । एवं पुरिसवेद० । णवरि उक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । एवं बारसक०-छण्णोक० । णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । हस्स-रदि० अणुक्क० जह० एगसमओ, उक्क० छम्मासं । एव-मित्थिवेद० । णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पणवण्णं पलिदोवमं । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी । हस्स-रदि० अरदि-सोगभंगो । सहस्सारे हस्स-रदि० देवोघं । भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सम्म० पुरिसवेदभंगो । इत्थिवेद० अणुक्क०जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पलिदो० सादिरेय० प० सा० । सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं । उवरि इत्थिवेदो णत्थि । अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो । णवरि सगट्ठिदी । एवं जाव० ।

उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार पुरुष-वेदकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके उत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात मुहूर्त है । हास्य और रतिके अनुत्कृष्ट प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह महीना है । इसी प्रकार स्त्रीवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पचवन पल्योपम है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । इनमें हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान है । तथा सहस्रार कल्पमें हास्य और रतिका भंग सामान्य देवोंके समान है । भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वका भंग पुरुषवेदके समान है । स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है । सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है । आगेके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनत कल्पके समान है । इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—गति मार्गणाके अवान्तर भेदोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय दो प्रकारसे प्राप्त होता है । एक तो मनुष्य गतिको छोड़ कर गति मार्गणाके अन्य जिन अवान्तर भेदोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मर कर उत्पन्न होता है उनमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय बन जाता है । यथा—सामान्य नारकी, प्रथम पृथिवीके नारकी, सामान्य तिर्यञ्च, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त, सामान्य देव और सौधर्मादि कल्पके देव । दूसरे जिन मार्गणाओंमें सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका स्वामी बारह या आठ कषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके स्वामीके समान है उनमें जो जीव सम्यक्त्वका उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक होकर अगले समयमें एक समय तक अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक हो जाता है और उससे अगले समयमें परिणाम प्रत्ययवश पुनः उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक हो जाता

*** एत्तो जहण्णपदेसुदीरगाणं कालो ।**

§ १३७. सुगममेदमहियारसंभालणसुत्तं[1] । तस्स दुविहो णिद्देसो ओघादेसभेदेण । तत्थोघपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** सव्वकम्माणं जहण्णपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १३८. सुगमं ।

*** जहण्णेण एगसमओ ।**

§ १३९. तं कथं ? सण्णिमिच्छाइट्ठी उक्कस्ससंकिलेसेण परिणमिय एगसमयजहण्णपदेसुदीरगो जादो । पुणो विदियसमए अजहण्णभावेण परिणदो । लद्धो सव्वेसिं कम्माणं जहण्णपदेसुदीरगकालो जहण्णेणेयसमयमेत्तो ।

*** उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो ।**

है उसकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय बन जाता है। यथा द्वितीयादि नरकोंके नारकी, योनिनी तिर्यञ्च तथा भवनत्रिक देव। मात्र मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके जघन्य कालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि दर्शनमोहनीयकी क्षपणाका प्रारम्भ मनुष्यगतिमें ही होता है, इसलिए तो सामान्य मनुष्य और मनुष्यिनियोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्तसे कम नहीं बनता, अतः इनमें वह उक्तप्रमाण कहा है। अब रहे मनुष्य पर्याप्त सो जो मनुष्यिनी जीव सम्यक्त्वकी उदीरणामें दो समय काल शेष रहने पर कृतकृत्यवेदकका सम्यक्त्वके साथ उत्तम भोगभूमिके मनुष्य पर्याप्तकोंमें उत्पन्न होता है उसकी अपेक्षा मनुष्य पर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वकी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाका जघन्य काल एक समय बन जानेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

*** इससे आगे जघन्य प्रदेश उदीरकोंके कालका अधिकार है ।**

§ १३७. अधिकारकी सम्हाल करने वाला यह सूत्र सुगम है। उसका निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। उनमेंसे ओघका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** सब कर्मोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ १३८. यह सूत्र सुगम है।

*** जघन्य काल एक समय है ।**

§ १३९. वह कैसे ? संज्ञी मिथ्यादृष्टि उत्कृष्ट संक्लेशरूपसे परिणम कर एक समय तक जघन्य प्रदेश उदीरक हो गया। पुनः दूसरे समयमें अजघन्य रूपसे परिणत हुआ। इस प्रकार सब कर्मोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समयमात्र प्राप्त हुआ।

*** उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।**

---

१. आ०-ता०प्रत्योः -सुत्तभेदं इति पाठः ।

§ १४०. कुदो ? जहण्णपदेसुदीरणकारणपरिणामेसु असंखेज्जलोगमेत्तेसु एगजीवविसयउक्कस्सावट्ठाणकालस्स तप्पमाणत्तोवलंभादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागरजी महाराज

*** अजहण्णपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १४१. सुगमं ।

*** जहण्णेण एयसमओ ?**

§ १४२. कुदो ? जहण्णपदेसुदीरणादो एगसमयमजहण्णभावमुवणमिय पुणो विदियसमये जहण्णभावेण परिणदम्मि सव्वेसिमेगसमयमेत्तजहण्णकालोवलंभादो ।

*** उक्कस्सेण पयडिउदीरणाभंगो ।**

§ १४३. कुदो ? मिच्छत्त-णवुंसयवेदाणमजहण्णपदेसुदी० उक्क० अणंतकाल-मसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा इच्चादिणा भेदाभावादो । संपहि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं वि एदम्मि जहण्णाजहण्णपदेसुदीरणकालणिद्देसे अविसेसेण पसत्ते तत्थ विसेस-परूवणट्ठमाह—

*** णवरि सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणं जहण्णपदेसुदीरगो केवचिरं कालादो होदि ?**

§ १४४. सुगमं ।

---

§ १४०. क्योंकि जघन्य प्रदेश उदीरणाके कारणभूत असंख्यात लोकप्रमाण परिणामोंमें एक जीव विषयक उत्कृष्ट अवस्थान काल तत्प्रमाण उपलब्ध होता है ।

*** अजघन्य प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ १४१. यह सूत्र सुगम है ।

*** जघन्य काल एक समय है ।**

§ १४२. क्योंकि जघन्य प्रदेश उदीरणाके बाद एक समय तक अजघन्य भावको प्राप्त होकर पुनः दूसरे समयमें जघन्यभावसे परिणत होने पर सभी कर्मोंका जघन्य काल एक समयमात्र उपलब्ध होता है ।

*** उत्कृष्ट कालका भंग प्रकृति उदीरणाके समान है ।**

§ १४३. क्योंकि मिथ्यात्व और नपुंसकवेदकी अजघन्य प्रदेश उदीरणाका उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनोंके बराबर है इत्यादिरूपसे प्रकृति उदीरणाके उत्कृष्ट कालसे प्रकृत उत्कृष्ट कालमें कोई भेद नहीं है । अब सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके भी इस जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरणाके कालके कथनके बिना भेदके प्राप्त होने पर उनके कालमें जो विशेषता है उसका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका कितना काल है ?**

§ १४४. यह सूत्र सुगम है ।

* जहण्णुक्कस्सेण एयसमयो ।

§ १४५. कुदो ? सम्माइट्ठि-सम्मामिच्छाइट्ठीणं मिच्छत्ताहिमुहाणं चरिमसमय-संकिलेसेण लद्धजहण्णभावत्तादो ।

* अजहण्णपदेसुदीरगो जहा पयडिउदीरणाभंगो ।

§ १४६. कुदो ? सम्मत्तस्स जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरो० देसूणाणि । सम्मामि० जहण्णुक्क० अंतोमुहुत्तमिच्चेदेण भेदाभावादो । एत्तोघेण सव्वेसिं कम्माणं जहण्णाजहण्णपदेसुदीरगकालेणुगमो समत्तो ।

§ १४७. संपहि एत्थेव णिण्णयजणणट्ठमादेसपरूवणट्ठं च उच्चारणाणुगममेत्थ कस्सामो तं जहा—जह० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—णवुंस० जह० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अजह० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । एवं बारसक० भय-दुगुंछा० । णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । एवमित्थिवेद-पुरिसवेद० । णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं सागरोवमसदपुधत्तं । एवं हस्स-रदि-अरदि-सोगाणं । णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० छम्मासं तेत्तीसं सागरो०

* जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है ।

§ १४५. क्योंकि मिथ्यात्वके अभिमुख हुए सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें संक्लेशवश उक्त कर्मोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा पाई जाती है ।

* अजघन्य प्रदेश उदीरकका भंग प्रकृति उदीरणाके समान है ।

§ १४६. क्योंकि सम्यक्त्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम छयासठ सागरोपम है तथा सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है इससे विवक्षित कालमें कोई भेद नहीं है । इस प्रकार ओघसे सब कर्मोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकके कालका अनुगम समाप्त हुआ ।

§ १४७. अब यहीं पर निर्णय उत्पन्न करनेके लिए तथा आदेशका कथन करनेके लिए यहाँ उच्चारणाका अनुगम करेंगे । यथा—जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है । इसी प्रकार सोलह कषाय, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे सौ पल्योपमपृथक्त्वप्रमाण और सौ सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण है । इसी प्रकार हास्य, रति, अरति और शोककी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अज-

सादिरेयाणि । सम्म० जह० पदेसुदी० जह उक्क० एयस० । अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० छावट्ठिसागरो० देसूणाणि । सम्मामि० जह० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । अजह० जह० उक्क० अंतोमु० ।

§ १४८. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–णवुंस०–अरदि-सोग० जह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि । एवं सोलसक०–हस्स-रदि-भय-दुगुंछ० । णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । सम्म० जह० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । सम्मामि० ओघं । एवं सत्तमाए । णवरि सम्म० अजह० जह० अंतोमु० । एवं पढमादि जाव छट्ठि त्ति । णवरि अरदि–सोग० हस्सभंगो । पढमाए सम्म० अजह० जह० एयस० ।

§ १४९. तिरिक्खेसु मिच्छ०–णवुंस० ओघं । सम्म० जह० पदेसुदी० जह० उक्क० एगस० । अजह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि । सम्मामि०–सोलसक०–छण्णोक० पढमपुढविभंगो । इत्थिवेद–पुरिसवेद० जह०

घन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल हास्य और रतिका छह महीना तथा अरति और शोकका साधिक तेतीस सागरोपम है । सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल कुछ कम छयासठ सागरोपम है । सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है तथा अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

§ १४८. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, नपुंसकवेद, अरति और शोकके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सोलह कषाय, हास्य, रति, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जान लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार पहली पृथिवीसे लेकर छटी पृथिवी तकके नारकियों-में जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अरति और शोकका भंग हास्यके समान है । पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है ।

§ १४९. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदका भंग ओघके समान है । सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अजघन्य प्रदेश-उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल कुछ कम तीन पल्योपम है । सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंका भंग पहली पृथिवीके समान है । स्त्रीवेद और पुरुषवेदके

पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अजह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि पुव्वकोडिपुधत्तेणब्भहियाणि। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि णवुंस० अजह० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। मिच्छ० अजह० जह० एगस०, उक्क० सगट्ठिदी। णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि। जोणिणीसु पुरिसवेद-णवुंस० णत्थि। सम्म० अजह० जह० अंतोमु०।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १५०. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपय० जह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०।

§ १५१. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि सम्म० अजह० जह० अंतोमु०। पज्जत्तएसु इत्थिवेदो णत्थि। सम्म० अजह० जह० एगस०। मणुसिणीसु पुरिसवेद-णवुंस० णत्थि।

जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है और योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा योनिनियोंमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है।

विशेषार्थ—कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मर कर तिर्यञ्च योनिनियोंमें नहीं उत्पन्न होते, इसलिए इनमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय न होकर अन्तर्मुहूर्त कहा है। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें भी सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त इसी प्रकार घटित कर लेना चाहिए। आगे मनुष्यिनियोंमें, भवनत्रिक देवोंमें तथा सौधर्म-ऐशान कल्पकी देवियोंमें भी सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त इसी प्रकार जानना चाहिए। अन्य सब कथन सुगम होनेसे उसका स्पष्टीकरण नहीं किया है।

§ १५०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १५१. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। तथा पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है। तथा इनमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है। मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है।

विशेषार्थ—यहाँ पर सामान्य मनुष्योंमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त कहा है सो उसका कारण यह है कि क्षायिक सम्यक्त्वकी उत्पत्तिका

§ १५२. देवेसु मिच्छ० जह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो० । अजह० जह० एयस०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरोवमाणि । एवं पुरिस० । णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० । एवं सम्म० । णवरि जह० जहण्णुक्क० एगस० । सम्मामि०-सोलसक०-छण्णोक० पढमाए भंगो । णवरि हस्स-रदि० अजह० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं । इत्थिवेद० ओघं । णवरि अज० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णं पलिदोवमाणि । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी । हस्स-रदि० अरदिभंगो । सहस्सारे हस्स-रदि० देवोघं । भवण०-वाणवें०-जोदिसि० सम्म० अजह० जह० अंतोमु०, इत्थिवेद० अजह० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० पलिदो० सादिरेयं प० सा० सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं ।

प्रारम्भ मनुष्यगतिमें ही होता है। अब यदि कोई मनुष्य मनुष्यायुका बन्ध करनेके बाद जीवनके अन्तमें सम्यग्दृष्टि होकर अन्तर्मुहूर्तके भीतर क्षायिक सम्यक्त्वको उत्पन्न करता हुआ कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि होकर और मर कर उत्तम भोगभूमिके मनुष्योंमें उत्पन्न होता है तो भी उसके सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त ही प्राप्त होता है, इससे कम नहीं, इसलिए यहाँ सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। परन्तु कोई मनुष्यिनी (भावसे स्त्रीवेदी और द्रव्यसे पुरुषवेदी मनुष्य) कृतकृत्यवेदक सम्यक्त्वके कालमें एक समय शेष रहने पर मर कर उत्तम भोगभूमिके मनुष्य पर्याप्तकोंमें (द्रव्य-भावसे पुरुषवेदी मनुष्योंमें) जन्म लेता है तो मनुष्य पर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय बन जाता है। यही कारण है कि यहाँ मनुष्य पर्याप्तकोंमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय विशेषरूपसे कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १५२. देवोंमें मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल इकतीस सागरोपम है। इसी प्रकार पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। सम्यग्मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंका भंग प्रथम पृथिवीके समान है। इतनी विशेषता है कि हास्य और रतिके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल छह महीना है। स्त्रीवेदका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पचवन पल्योपम है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा इनमें हास्य और रतिका भंग अरतिके समान है। मात्र सहस्रार कल्पमें हास्य और रतिका भंग सामान्य देवोंके समान है। तथा भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है। स्त्रीवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल क्रमसे तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है। आगेके देवोंमें स्त्रीवेद

उवरि इत्थिवेदो णत्थि। अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-पुरिसवे० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अजह० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी। बारसक०-छण्णोक० आणदभंगो। एवं जाव०।

* एगजीवेण अंतरं।

§ १५३. सुगममेदमहियारपरामरसवक्कं।

* मिच्छत्तुक्कस्सपदेसुदीरगंतरं केवचिरं कालादो होदि?

§ १५४. सुगमं।

* जहण्णेण अंतोमुहुत्तं।

§ १५५. तं कथं? अण्णदरकम्मंसियलक्खणेणागदसंजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिणा उक्कस्सविसोहिपरिणदेणुक्कस्सपदेसुदीरणाए कदाए आदी दिट्ठा। तदो संजमं गंतूणंतरिय सव्वजहण्णंतोमुहुत्तेण पुणो मिच्छत्तं पडिवज्जिय जहण्णंतराविरोहेण विसोहिमावूरिय संजमाहिमुहो होदूण मिच्छाइट्ठिचरिमसमये उक्कस्सपदेसुदीरगो जादो।

नहीं है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। बारह कषाय और छह नोकषायोंका भंग आनत कल्पके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देव नियमसे सम्यग्दृष्टि होते हैं, इसलिए इनमें सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जाता है। कारण कि यहाँ पर सम्यक्त्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणाके कारणभूत जो असंख्यात लोकप्रमाण परिणाम हैं उनमें एक जीवका अधिकसे अधिक आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक अवस्थान बन जाता है। शेष कथन सुगम है।

* एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकालका अधिकार है।

§ १५३. अधिकारका परामर्श करानेवाला यह सूत्रवाक्य सुगम है।

* मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल कितना है?

§ १५४. यह सूत्र सुगम है।

* जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है।

§ १५५. वह कैसे? अन्यतर कर्मांशिक लक्षणसे आकर संयमके अभिमुख हुए उत्कृष्ट विशुद्धिसे परिणत अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके द्वारा उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके करने पर उसकी आदि दिखलाई दी। उसके बाद संयमको प्राप्त कर और उसका अन्तर कर सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त काल द्वारा पुनः मिथ्यात्वको प्राप्त कर जघन्य अन्तरकालके अविरोधरूपसे विशुद्धिको पूरा कर संयमके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक हो गया। इस प्रकार मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज

लद्धमंतरं। एदं चेव सुत्तं जाणावयं, जहा उक्कस्सपदेसुदीरणा परिणाममेत्तमवेक्खदे[1] दव्वविसेसं णावेक्खदि त्ति।

* उक्कस्सेण अद्धपोग्गलपरियट्टं देसूणं।

§ १५६. कुदो? पुव्वं व आदिं कादूणंतरिय देसूणद्धपोग्गलपरियट्टमेत्तकालेण पुणो वि पढमसम्मत्तमुप्पाइय मिच्छत्तं गंतूणंतोमुहुत्तेण संजमाहिमुहो होदूण मिच्छाइट्ठिचरिमसमए उक्कस्सपदेसुदीरणाए परिणदम्मि तदुवलंभादो।

* सेसेहिं कम्मेहिं अणुमग्गिय्ण णेदव्वं।

§ १५७. सुगममेदमत्थसमप्पणासुत्तं। संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थविवरणट्ठमुच्चारणाणुगममेत्थ कस्सामो। त जहा—

§ १५८. अंतरं दुविहं—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-अणताणु०४ उक्क० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। अणुक्क० जह० एगस०, मिच्छ० अंतोमु०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० देसूणाणि। एवमट्ठक०। णवरि अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा।

प्राप्त हुआ। यहाँ इस सूत्रसे मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके जघन्य अन्तरकालका ज्ञापन होता है वहाँ इसी सूत्रसे यह भी जाना जाता है कि उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा परिणाममात्रकी अपेक्षा करती है, द्रव्यविशेषकी अपेक्षा नहीं करती।

* उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम उपार्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है।

§ १५६. क्योंकि पहलेके समान मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाको आदि करके और अन्तर करके कुछ कम अर्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण कालके बाद फिर भी प्रथम सम्यक्त्वको उत्पन्न कर और मिथ्यात्वमें जाकर अन्तर्मुहूर्तमें संयमके अभिमुख होकर मिथ्यादृष्टिके अन्तिम समयमें उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणारूपसे परिणत होने पर उक्त अन्तरकालकी प्राप्ति होती है।

* शेष कर्मोंका विचार कर अन्तरकाल जानना।

§ १५७. अर्थका समर्पण करनेवाला यह सूत्र सुगम है। अब इस सूत्र द्वारा सूचित हुए अर्थका विवरण करनेके लिए उच्चारणाका अनुगम यहाँ पर करेंगे। यथा—

§ १५८. अन्तरकाल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अनन्तानुबन्धीचतुष्कका एक समय है, मिथ्यात्वका अन्तर्मुहूर्त है और दोनोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम दो छयासठ सागरोपम है। इसी प्रकार आठ कषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश

---

१. आ०-ता०प्रत्योः —मुवेक्खदे इति पाठः।

सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं । एवं सम्म० । णवरि उक्क० पदेसुदी० णत्थि अंतरं । चदुसंजल०-भय-दुगुंछा० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । इत्थिवेद-पुरिसवेद० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० अंतोमु०, पुरिसवेद० जह० एगस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा । णवुंस० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं । हस्स-रदि-अरदि-सोग० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि अरदि-सोग० छम्मासं ।

§ १५९. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०-अणंताणु०४ उक्क० पदेसुदी० जह० पलिदो० असं०भागो, अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० दोण्हं पि तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । एवं सम्म० । णवरि उक्क० णत्थि अंतरं । बारसक०-सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि ।

उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तन-प्रमाण है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । चार संज्वलन, भय, और जुगुप्साके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल स्त्रीवेदका अन्तर्मुहूर्त है और पुरुषवेदका जघन्य अन्तरकाल एक समय है तथा दोनोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है । नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण है । हास्य, रति, अरति और शोकके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल हास्य और रतिका साधिक तेतीस सागरोपम तथा अरति और शोकका छह महीना है ।

विशेषार्थ—सम्यक्त्व, चार संज्वलन तथा नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा उस-उस प्रकृतिकी क्षपणा करते समय यथास्थान प्राप्त होती है, इसलिए इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके अन्तरकालका निषेध किया है । शेष कथन सुगम है ।

§ १५९. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल पल्यके असंख्यातवें भागप्रमाण है, अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और दोनोंका ही उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । बारह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक

अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । णवरि हस्स-रदि० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । णवुंस०[1] अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असं०भागो । एवं सत्तमाए । णवरि सम्मत्त० हस्स-रदिभंगो । एवं पढमादि० छट्ठि त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा । हस्स-रदि० अरदिभंगो । पढमाए सम्म० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० सागरो० देसूणं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि हास्य और रतिके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वका भंग हास्य और रतिके समान है। इसी प्रकार पहली पृथिवीसे लेकर छटी पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इनमें हास्य और रतिका भंग अरतिके समान है। पहली पृथिवीमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम एक सागरोपम है।

विशेषार्थ—नारकियोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका स्वामित्व प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टि जीवके यथास्थान होता है, यतः सामान्य नारकियोंमें उपशम सम्यक्त्वका जघन्य अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है, इसलिए यहाँ उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम कहा है। उक्त प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम एक जीवविषयक प्रकृति उदीरणाके अन्तरकालके समान बन जानेसे उसे तत्प्रमाण कहा है। सम्यग्मिथ्यात्वकी दूसरी बार प्राप्ति नारकियोंमें कमसे कम अन्तर्मुहूर्तके अन्तरसे और अधिकसे अधिक कुछ कम तेतीस सागरोपमके अन्तरसे प्राप्त होना सम्भव है, इसलिए यहाँ इसके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम कहा है। सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा क्षपणाके समय यथास्थान होती है, इसलिए इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके अन्तरकालका निषेध किया है। इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल सम्यग्मिथ्यात्वके समान है यह स्पष्ट ही है। नारकियोंमें अप्रत्याख्यानावरण आदि बारह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सर्वविशुद्ध या तत्प्रायोग्य विशुद्ध सम्यग्दृष्टिके होती है, यतः ऐसी योग्यता कमसे कम

---

१. आ०प्रतौ णवरि हस्स-रदि अणुक्क० जह० एयस० उक्क० तेत्तीस सागरोवमाणि देसूणाणि अणुक्क० जह० एयस० उक्क० अंतो णवरि हस्सरदि अणुक्क० जह० एयस० उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि णवुंस० इति पाठः।

§ १६०. तिरिक्खेसु मिच्छ०–अणंताणु४ ओघं। णवरि अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। सम्म०–सम्मामि० ओघं। अपचक्खाण०४ ओघं। अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। अट्ठक०–छण्णोक० उक्क० पदे० जह० एयस०, उक्क० अद्धपोग्गल० देसूणं। अणुक्क० जह० एगस०,

---

एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक कुछ कम तेतीस सागरोपमके अन्तरसे प्राप्त होना सम्भव है, इसलिए तो यहाँ इन प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम कहा है। तथा इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है यह स्पष्ट ही है। मात्र हास्य, रति और नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके उत्कृष्ट अन्तरकालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि सातवें नरकमें निरन्तर अरति और शोककी उदीरणा होती रहे यह सम्भव है, इसलिए जो जीव सातवें नरकमें उत्पन्न होनेके बाद यथायोग्य उसके प्रारम्भ और अन्तमें हास्य और रतिका उदीरणा करता है और मध्यमें अरति-शोककी कुछ कम तेतीस सागरोपम काल तक उदीरणा करता रहता है उसकी अपेक्षा सामान्य नारकियोंमें हास्य और रतिके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम बन जानेसे वह तत्प्रमाण कहा है। तथा नरकमें नपुंसकवेदकी निरन्तर उदीरणा होती रहती है, इसलिए यहाँ इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके जघन्य और उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रख कर अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। सातवें नरकके नारकियोंको छोड़कर अन्य सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका यह अन्तरकाल इसी प्रकार बन जाता है, इसलिए उसे सामान्य नारकियोंके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र सातवें नरकमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि उत्पन्न नहीं होते, इसलिए वहाँ सम्यक्त्वका भंग हास्य और रतिके समान बन जानेसे उसके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको हास्य और रतिके एतद्विषयक अन्तरकालके समान जाननेकी सूचना की है। दूसरी पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तकके नारकियोंमें अन्य सब प्ररूपणा सातवीं पृथिवीके समान ही है। मात्र दो बातोंमें फरक है। एक तो इनकी अपनी-अपनी भवस्थिति जुदी-जुदी है, इसलिए जहाँ जो उत्कृष्ट स्थिति हो, कुछ कम तेतीस सागरोपमके स्थानमें कुछ कम वह कहनी चाहिए। दूसरे सातवें नरकमें अरति और शोकके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट जो अन्तरकाल प्राप्त होता है वह इन नरकोंमें हास्य और रतिका बन जानेके कारण उसे अरतिके समान कहना चाहिए। पहली पृथिवीमें भी इसी प्रकार जानना चाहिए। मात्र उसमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि मर कर उत्पन्न हो सकता है, इसलिए उसमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल प्राप्त नहीं होनेसे उसका निषेध किया है। शेष स्पष्ट ही है।

§ १६०. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कका भंग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। अप्रत्याख्यानचतुष्कका भंग ओघके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और

उक्क० अंतोमुहुत्तं। एवमित्थिवेद-पुरिसवेद०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। एवं णवुंस०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं।

§ १६१. पंचिंदियतिरिक्खतिये मिच्छ०-अट्ठक० उक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणुक्क० तिरिक्खोघं। सम्मामि० उक्क० अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी। एवं सम्म०। णवरि उक्क० णत्थि अंतरं। अट्ठक०-छण्णोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। तिण्हं वेदाणमुक्क० अणुक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। णवरि पज्जत्त० इत्थिवे० णत्थि। जोणिणीसु पुरिस०-णवुंस० णत्थि। इत्थिवे० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। सम्म० उक्क०

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अर्ध पुद्गल परिवर्तनप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तनोंके बराबर है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें अन्तिम आठ कषायों और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट स्वामित्वका जो निर्देश किया है उसे ध्यानमें रख कर यहाँ उनके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए। इसी प्रकार अन्य प्ररूपणा भी स्वामित्व और काल आदिका विचार कर घटित कर लेनी चाहिए। विशेष स्पष्टीकरण जिस प्रकार नरकगतिमें एक जीवकी अपेक्षा अन्तरकालका विचार करते समय कर आये हैं उसी न्यायसे यहाँ भी कर लेना चाहिए।

§ १६१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। तीन वेदोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा योनिनियोंमें स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

पदेसुदी० जह० एयसमओ, उक्क० पुव्वकोडिपुध० । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी ।

§ १६२. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-णवुंस० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । सोलसक०-छण्णोक० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० ।

§ १६३. मणुसतिये मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ पंचिं०तिरिक्ख-भंगो । अट्ठक० उक्क० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । चदुसंजलण-छण्णोक० उक्क० णत्थि

आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अपनी स्थितिप्रमाण है ।

विशेषार्थ—यहाँ तिर्यञ्च पर्याप्तकोंमें जो पुरुषवेद और नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण कहा है सो कर्मभूमिकी अपेक्षा अपनी स्थितिके प्रारम्भ और अन्तमें पुरुषवेद या नपुंसकवेदके साथ रखकर मध्यमें तदितर वेदके साथ रखने पर उक्त अन्तर काल कुछ कम पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है । तथा तिर्यञ्च योनिनियोंमें सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न नहीं होता, इसलिए उनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल बन जानेसे उसका अलगसे उल्लेख किया है । शेष कथन सुगम है ।

§ १६२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—उक्त दोनों प्रकारके जीवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाकी स्वामित्वसम्बन्धी विशेषता न होने पर भी सोलह कषायों और छह नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रख कर यहाँ इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है । तथा ये परिवर्तमान प्रकृतियाँ है, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त बन जानेसे उसे भी अन्तर्मुहूर्तप्रमाण कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

§ १६३. मनुष्यत्रिकमें मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी-चतुष्कका भंग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । आठ कषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि-प्रमाण है । चार संज्वलन और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं

अंतरं । अणुक्क० जह० उक्क० अंतोमु० । तिण्हं वेदाणं उक्क० पदे० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जहण्णुक्क० अंतोमु०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । णवरि वेदा जाणियव्वा । मणुसिणीसु इत्थिवे० उक्क० णत्थि अंतरं । अणुक्क० जह० उक्क० अंतोमु० ।

§ १६४. देवेसु मिच्छ०-अणंताणु०४ उक्क० अणुक्क० पदे० जह० पलिदो० असंखे०भागो अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि । एवं सम्म० । णवरि उक्क० णत्थि अंतरं । बारसक०-सत्तणोक० उक्क० पदे० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरो० देसूणाणि । अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । णवरि अरदि-सोग० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० छम्मासं । पुरिसवेद० अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । इत्थिवेद० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि । अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति । णवरि सगट्ठिदी देसूणा ।

है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । तीन वेदोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि वेद जान लेने चाहिए । मनुष्यिनियोंमें स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—मनुष्य पर्याप्तकोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके उत्कृष्ट अन्तरकालको पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान घटित कर लेना चाहिए । मनुष्यिनियोंमें उपशमश्रेणिकी अपेक्षा स्त्रीवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है । शेष कथन स्पष्ट ही है ।

§ १६४. देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल क्रमसे पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है । इसी प्रकार सम्यक्त्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है । बारह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । इतनी विशेषता है कि अरति और शोकके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है । पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम पचवन पल्योपमप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इनमें

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अरदि-सोग० हस्स-रदिभंगो। सहस्सारे अरदि-सोग० अणुक्क० देवोघं। भवण-वाणवें०-जोदिसि० मम्म० उक्क० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। इत्थिवेद० उक्क० पदेसुदी० जह० एयग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि पलिदोवमसादिरे० प० सा०। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०-भागो। सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं। उवरि इत्थिवेदो णत्थि।

§ १६५. अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म० उक्क० अणुक्क० पदे० णत्थि अंतरं। बारसक०-सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। णवरि पुरिसवेद० अणुक्क० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं जाव०।

कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति जाननी चाहिए। अरति और शोकका भंग हास्य और रतिके समान है। किन्तु सहस्रार कल्पमें अरति और शोकके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका भंग सामान्य देवोंके समान है। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। स्त्रीवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल क्रमसे कुछ कम तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है। आगेके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है।

विशेषार्थ—यहाँ देवोंमें नपुंसकवेद नहीं होता, इसलिए इनमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है। इतना अवश्य है कि जहाँ जो विशेषता है उसे समझकर यथास्थान अन्तरकाल घटित करना चाहिए।

§ १६५. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका अन्तरकाल नहीं है। बारह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—अनुदिश आदिके देवोंमें नियमसे सम्यग्दृष्टि जीव ही जन्म लेते हैं। तथा जो द्वितीय उपशम सम्यग्दृष्टि जीव मर कर वहाँ उत्पन्न होते हैं उनका उपशम सम्यक्त्वका काल पूरा होने पर नियमसे वेदक सम्यग्दृष्टि हो जाते हैं और जो कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टियोंको छोड़कर अन्य वेदक सम्यग्दृष्टि जीव वहाँ जन्म लेते हैं वे जीवन भर वेदक सम्यग्दृष्टि ही बने रहते हैं। यही कारण है कि इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकके अन्तरकालका निषेध किया है। शेष सब कथन स्पष्ट ही है।

§ १६६. जहण्णंतरं पि एदेणेव देसामासियसुत्तेण सूचिदमिदि तदुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—जहण्णए पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०-अणंताणु०४ जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा। अजह० जह० एयस०, उक्क० वेछावट्ठिसागरोवमाणि देसूणाणि। एवमट्ठक०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा। एवं चदुसंज०-छण्णोक०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। णवरि हस्स-रदि० अजह० जह० एगस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि सादिरेयाणि। अरदि-सोग० अजह० जह० एगस०, उक्क० छम्मास। एवं णवुंस०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० सागरोवमसदपुधत्तं। सम्म०-सम्मामि० जह० अजह० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० उवड्ढपोग्गलपरियट्टं। इत्थिवेद-पुरिसवेद० जह० अजह० पदेसुदीर० जह० एयस०, उक्क० अणंतकालमसंखेज्जा पोग्गलपरियट्टा।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

---

§ १६६. इसी देशामर्षक सूत्र द्वारा जघन्य अन्तरकालका भी सूचन हो जाता है, इसलिए उसकी उच्चारणाको बतलावेंगे। यथा—जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम दो छयासठ सागरोपम है। इसी प्रकार आठ कषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है। इसी प्रकार चार संज्वलन और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसमें भी इतनी विशेषता है कि हास्य और रतिके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक तेतीस सागरोपम है। अरति और शोकके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। इसी प्रकार नपुंसकवेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सौ सागरोपमपृथक्त्वप्रमाण है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल उपार्ध पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण है।

विशेषार्थ—ओघसे प्रत्येक प्रकृतिके जघन्य प्रदेश उदीरकका जो जघन्य स्वामित्व बतलाया है उसके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको तथा अपने-अपने उदय योग्य स्थानके अन्तरकालको ध्यानमें रखकर उक्त अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए। उदाहरणार्थ मिथ्यात्व और नपुंसकवेदकी जघन्य प्रदेश उदीरणा उत्कृष्ट संक्लेश परिणामवाले अथवा ईषत् मध्यम परिणामवाले संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीवके होती है। यतः इस जीवके ये परिणाम कमसे कम एक समयके अन्तरसे और अधिकसे अधिक असंख्यात पुद्गलपरिवर्तनप्रमाण अनन्तकालके

§ १६७. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–अणंताणु०४–हस्स-रदि० जह० अजह० जह० एयस०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। एवं बारसक०–अरदि-सोग-भय-दुगुंछा०। णवरि अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु०। एवं णवुंस०। णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। सम्म०–सम्मामि० जह० अजह० पदेसुदी० जह० अंतोमु०, उक्क० तेत्तीसं सागरोवमाणि देसूणाणि। एवं सत्तमाए। एवं पढमाए जाव छट्ठि त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। हस्स-रदि० अरदि-सोग०भंगो।

अन्तरसे होते हैं, इसलिए तो इन प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अनन्तकाल कहा है। वह अनन्तकाल असंख्यात पुद्गल-परिवर्तनप्रमाण है। तथा मिथ्यात्वका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम दो छयासठ सागरोपम है, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तर-काल कुछ कम दो छयासठ सागरोपमप्रमाण कहा है। इसी प्रकार अन्य प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको घटित कर लेना चाहिए। इसी न्यायसे आगे कहे जानेवाले गतिमार्गणाके अवान्तर भेदोंमें अन्तरकाल घटित कर लेना चाहिए।

§ १६७. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धीचतुष्क, हास्य और रतिके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर-काल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार बारह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार नपुंसक-वेदकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम है। इसी प्रकार सातवीं पृथिवीमें जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार पहली पृथिवीसे लेकर छठी पृथिवी तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। तथा इनमें हास्य और रतिका भंग अरति और शोकके समान है।

विशेषार्थ—एक तो सम्यग्मिथ्यात्व और सम्यक्त्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणाका स्वामी तत्प्रायोग्य संक्लेश परिणामवाला मिथ्यात्वके अभिमुख हुआ क्रमसे सम्यग्मिथ्यादृष्टि और सम्यग्दृष्टि जीव है, दूसरे मिथ्यात्वका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है, इसलिए तो इन दोनों प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। तथा जो सातवें नरकका नारकी जीव भवके प्रारम्भमें और अन्तमें अपने योग्य कालमें उक्त प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरणा करता है, किन्तु मध्यके कालमें मिथ्यादृष्टि बना रहता है उसकी अपेक्षा यहाँ उक्त प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तेतीस सागरोपम कहा है। शेष कथन सुगम है। अपने-अपने स्वामित्व आदिको ध्यानमें लेकर उसे घटित कर लेना चाहिए।

---

१. आ०प्रतौ अजह० एयस० इति पाठः।

§ १६८. तिरिक्खाणमोघं। णवरि मिच्छ–अणंताणु०४ अजह० जह० एगस०, उक्क० तिण्णि पलिदोवमाणि देसूणाणि। अट्ठक०–छण्णोक० अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। णवुंस० अज० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। एवं पंचिंदिय-तिरिक्खतिये। णवरि मिच्छ०–सोलसक०–छण्णोक० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। सम्म०–सम्मामि० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। तिण्हं वेदाणं जह० अजह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। णवरि पज्जत्त० इत्थिवेदो णत्थि। जोणिणीसु पुरिस०–णवुंस० णत्थि। इत्थिवेद० अजह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

---

§ १६८. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भंग हैं। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम है। आठ कषाय और छह नोकषायोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। तीन वेदोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटि-पृथक्त्वप्रमाण है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा योनिनियोंमें पुरुष-वेद और नपुंसकवेद नहीं है। तथा योनिनियोंमें स्त्रीवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—कोई सम्यग्दृष्टि तिर्यञ्च मरकर तिर्यञ्चोंमें उत्पन्न होता नहीं, इसलिए यहाँ उनमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम बन जानेसे उक्तप्रमाण कहा है। तिर्यञ्चों में प्रत्याख्यान कषायचतुष्क और संज्वलनकषायचतुष्क तथा छह नोकषायोंकी उदीरणा कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक अन्तर्मुहूर्त काल तक नहीं होती, क्योंकि ये अध्रुवोदयी प्रकृतियाँ हैं, इसलिए इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है। एक तो भोगभूमियाँ जीव नपुंसकवेदी नहीं होते, दूसरे कर्मभूमिज तिर्यञ्चोंमें नपुंसकवेदका उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण ही बन सकता है, इसलिए इन दो तथ्योंको और इसके जघन्य प्रदेश उदीरणाके जघन्य कालको ध्यानमें रख कर यहाँ नपुंसकवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण कहा है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिककी उत्कृष्ट कायस्थिति यद्यपि पूर्वकोटि-पृथक्त्व अधिक तीन पल्योपम है। परन्तु भोगभूमिमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और छह नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणाका स्वामित्व नहीं बन सकता, इसलिए वहाँ उक्त प्रकृतियों-के जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम

§ १६९. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० मिच्छ०-णवुंस० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० । अजह० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । सोलसक०-छण्णोक० जह० अजह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु० ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १७०. मणुसतिये पंचिंदियतिरिक्खभंगो । पच्चक्खाण०४ अजह० जह० एगस०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणा । णवरि पज्ज० इत्थिवेदो णत्थि । मणुसिणीसु पुरिस०-णवुंस० णत्थि । इत्थिवेद० अजह० जह० एयस०, उक्क० अंतोमु० ।

§ १७१. देवेसु मिच्छ०-अणंताणु०४ जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क०

पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण कहा है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें तीन वेदोंका जघन्य प्रदेश स्वामित्व कर्मभूमिमें ही बनता है, दूसरे भोगभूमिमें नपुंसकवेद नहीं होता, इन दोनों तथ्योंको ध्यानमें रखकर यहाँ इनके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पूर्वकोटिपृथक्त्वप्रमाण कहा है । यहाँ इतना विशेष जानना चाहिए कि योनिनी तिर्यञ्चोंमें एकमात्र स्त्रीवेदकी ही उदीरणा होती है, इसलिए इनमें स्त्रीवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण ही कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ १६९. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सोलह कषाय और छह नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—उक्त जीवोंमें मिथ्यात्व और नपुंसकवेदका निरन्तर उदय है, शेष प्रकृतियाँ परावर्तमान हैं । इन तथ्योंको ध्यानमें रख कर इनमें उक्त अन्तरकालकी प्ररूपणा की है । यह विचार कर घटित कर लेनी चाहिए ।

§ १७०. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि प्रत्याख्यान कषायचतुष्कके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटिप्रमाण है । इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा मनुष्यिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है । स्त्रीवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें संयमकी प्राप्ति सम्भव है, इसलिए इनमें प्रत्याख्यान कषायचतुष्कके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम एक पूर्वकोटि बन जानेसे उक्त प्रमाण कहा है । तथा मनुष्यिनियोंमें उपशमश्रेणिमें स्त्रीवेदका अधिकसे अधिक अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त प्राप्त होनेसे यहाँ इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त कहा है । जघन्य अन्तरकाल एक समय स्पष्ट ही है ।

§ १७१. देवोंमें मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागरोपम है ।

अट्ठारस सागरो० सादिरेयाणि। अजह० जह० एगस०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। एवं बारसक०-सत्तणोक०। णवरि अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। अरदि-सोग० अजह० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं। पुरिसवेद० अजह० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। सम्म०-सम्मामि० जह० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० एक्कत्तीसं सागरो० देसूणाणि। इत्थिवेद० जह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसूणाणि। अजह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। एवं भवणादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि सगट्ठिदी देसूणा। अरदि-सोग० इस्सभंगो। भवण०-वाणवें०-जोदिसि० इत्थिवेद० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसूणाणि पलिदो० सादिरेय० प० सा०। अजह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। सोहम्मीसाण० इत्थिवेद० देवोघं। उवरि इत्थिवेदो णत्थि। सहस्सारे अरदि-सोग० देवोघं।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है। इसी प्रकार बारह कषाय और सात नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अरति और शोकके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है। पुरुषवेदके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम है। स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम पचवन पल्योपम है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कुछ कम अपनी-अपनी स्थिति कहनी चाहिए। इनमें अरति और शोकका भंग हास्यके समान है। तथा भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें स्त्रीवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम तीन पल्योपम, साधिक एक पल्योपम और साधिक एक पल्योपम है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सौधर्म और ऐशान कल्पमें स्त्रीवेदका भंग सामान्य देवोंके समान है। इनसे ऊपरके देवोंमें स्त्रीवेद नहीं है। सहस्रार कल्पमें अरति और शोकका भंग सामान्य देवोंके समान है।

विशेषार्थ—सामान्यसे देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणाके योग्य परिणाम सहस्रार कल्पमें होते हैं, इसलिए सामान्यसे देवोंमें इन प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल साधिक अठारह सागरोपम कहा है। तथा मिथ्यात्व गुण नौवें ग्रैवेयक तक ही होता है, इसलिए मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम इकतीस सागरोपम कहा है। यहाँ कुछ

§ १७२. अणुदिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म०-पुरिसवेद० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० सगट्ठिदी देसूणा। अजह० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०-भागो। एवं बारसक० सत्तणोक० अणाहारि० अजह० जह० एगस०, उक्क० अंतोमु०। एवं जाव०।

*** णाणाजीवेहि भंगविचयो भागाभागो परिमाणं खेत्तं पोसणं कालो अंतरं च एदाणि भाणिदव्वाणि।**

§ १७३. एदाणि अणियोगद्दाराणि णाणाजीवविसयाणि एगजीवविसयसामित्त-

कम इकतीस सागरोपम काल तक मध्यमें सम्यग्दृष्टि रख कर यह उत्कृष्ट अन्तरकाल ले आना चाहिए। जघन्य अन्तरकाल एक समय स्पष्ट ही है। शेष सब प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालका समझकर स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। तथा इसी प्रकार भवनत्रिकसे लेकर नौवें ग्रैवेयक तकके देवोंमें पृथक्-पृथक् अपनी-अपनी विशेषता-को समझ कर अन्तरकालका स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। विशेष वक्तव्य न होनेसे यहाँ खुलासा नहीं किया गया है।

§ १७२. अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्व और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल आवलि असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार बारह कषाय और छह नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये।

विशेषार्थ—अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा एक समयके अन्तरसे हो यह भी सम्भव है और अपनी-अपनी भवस्थितिके आदिमें और अन्तमें यथास्थान हो यह भी सम्भव है। यही कारण है कि यहाँ सम्यक्त्व, बारह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल कुछ कम अपनी-अपनी स्थितिप्रमाण कहा है। इन सब प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकका जघन्य अन्तरकाल एक समय है यह स्पष्ट ही है। मात्र इनके अज-घन्य प्रदेश उदीरकके उत्कृष्ट अन्तरकालमें कुछ विशेषता है। बात यह है कि जो वेदक सम्य-ग्दृष्टि (कृतकृत्यवेदक नहीं) या द्वितीयोपशम सम्यग्दृष्टि मर कर वहाँ उत्पन्न होते हैं उनके यथायोग्य जीवन भर सम्यक्त्व प्रकृतिकी उदीरणा होती रहती है तथा पुरुषवेदकी भी उनके निरन्तर उदीरणा होती रहती है, इसलिए इनके जघन्य प्रदेश उदीरकका आवलिके असं-ख्यातवें भागप्रमाण जो उत्कृष्ट काल है वही यहाँ इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। मात्र इन दो प्रकृतियोंके अतिरिक्त शेष प्रकृ-तियाँ परावर्तमान हैं, इसलिए उनके अजघन्य प्रदेश उदीरकका उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त बन जानेसे वह तत्प्रमाण कहा है।

*** नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय, भागाभाग, परिमाण, क्षेत्र, स्पर्शन, काल और अन्तर इनका कथन कराना चाहिए।**

§ १७३. नाना जीव विषयक इन अनुयोगद्वारोंको एक जीवविषयक स्वामित्व, काल

कालंतरेहिंतो साहियूण भाणियव्वाणि, अत्थि समप्पणापरमेदं सुत्तं ।

§ १७४. संपहि एदेण सुत्तेण सूचिदत्थविहासणट्ठमुच्चारणाणुगममेत्थ कस्सामो । तं जहा—णाणाजीवेहिं भंगविचओ दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—सम्म०—सोलसक०—णवणोक० उक्कस्सपदेसस्स सिया सव्वे अणुदीरगा, सिया अणुदीरगा च उदीरगो च, सिया अणुदीरगा च उदीरगा च । एवमणुक्क० तिण्णि भंगा । णवरि उदीरगा पुव्वा कादव्वा । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० अट्ठ भंगा । सव्वासु गदीसु जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं । णवरि मणुसअपज्ज० उक्क० अणुक्क० अट्ठ भंगा । एवं जाव० । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ १७५. भागाभागाणु० दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण ~~मिच्छ० सोलसक० णवणोक० जहण्णपदे~~ पदेसुदी० सव्वजी० केव० भागो ? अणंतभागो । अणुक्क० अणंता भागा । सम्म०—सम्मामि०—इत्थिवेद—पुरिसवेद० उक्क० पदे० केव० ? असंखे० भागो । अणुक्क० असंखेज्जा भागा । एवं तिरिक्खा० ।

और अन्तरसे साध कर कहलाना चाहिए । इस प्रकार यह समर्पणापरक सूत्र है ।

§ १७४. अब इस सूत्र द्वारा सूचित हुए अर्थका विशेष स्पष्टीकरण करनेके लिए उच्चारणाका अनुगम यहाँ पर करेंगे । यथा—नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेशके कदाचित् सब जीव अनुदीरक हैं, कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और एक जीव उदीरक है, कदाचित् नाना जीव अनुदीरक हैं और नाना जीव उदीरक हैं । इसी प्रकार अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाकी अपेक्षा तीन भंग जानने चाहिए । इतनी विशेषता है कि उदीरकोंको पहले करना चाहिए । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाकी अपेक्षा आठ भंग होते हैं । सब गतियोंमें जिन प्रकृतियोंकी उदीरणा है उनका भंग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाकी अपेक्षा आठ भंग हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार जघन्यका भी कथन करना चाहिए ।

§ १७५. भागाभागानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण है ? अनन्तवें भागप्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव अनन्त बहुभागप्रमाण हैं । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव असंख्यात बहुभागप्रमाण हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए ।

§ १७६. सव्वणिरय–सव्वपंचिं०तिरिक्ख-मणुसअपज्ज०–देवा जाव अवराजिदा त्ति सव्वपय० उक्क० पदे० केव० ? असंखे०भागो । अणुक्क० असंखेज्जा भागा । मणुसाणं णारयभंगो । णवरि सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवे०–पुरिसवेद० उक्क० पदे० संखे०-भागो । अणुक्क० संखेज्जा भागा । मणुसपज्ज०–मणुसिणी–सव्वट्ठदेवा० सव्वपय० उक्क० संखे०भागो मार्गअणुक्क० असंखेज्जा भागाविसाएवं जावअणाहारए एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ १७७. परिमाणाणु० दुविहं––जह० उक्क० । उक्क० पयदं । दुविहो णिद्देसो––ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० केत्ति० ? संखेज्जा । अणुक्क० के० ? अणंता । सम्म०–इत्थिवे०–पुरिसवे० उक्क० के० ? संखेज्जा । अणुक्क० पदे० के० ? असंखेज्जा । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदे० उदी० के० ? असंखेज्जा ।

§ १७८. आदेसेण णेरइय० पढमाए तिरिक्खदुगे देवा सोहम्मीसाणादि जाव अवराजिदा त्ति सम्म० ओघं । सेसपयडी० उक्क० अणुक्क० पदे० के० ? असंखेज्जा । विदियादि सत्तमा त्ति जोणिणी–पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०–मणुसअपज्ज०–भवण०–

§ १७६. सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सामान्य देव और अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव सब जीवोंके कितने भागप्रमाण हैं ? असंख्यातवें भागप्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव असंख्यात बहुभाग-प्रमाण हैं। मनुष्योंमें नारकियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व, सम्य-ग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव सब जीवोंके संख्यातवें भागप्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। मनुष्य पर्याप्त, मनु-ष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव संख्यातवें भाग-प्रमाण हैं। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव संख्यात बहुभागप्रमाण हैं। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार जघन्यको भी जान लेना चाहिए।

§ १७७. परिमाणानुगम दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। सम्यक्त्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्टप्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं।

§ १७८. आदेशसे सामान्य नारकी, प्रथम पृथिवीके नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चद्विक, सामान्य देव तथा सौधर्म और ऐशान कल्पसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी, पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त, मनुष्य अपर्याप्त, भवनवासी, व्यन्तर और

वाण०–जोदिसि० सव्वपय० उक्क० अणुक्क० पदे० उदीर० केत्ति० ? असंखेज्जा ।

§ १७९. तिरिक्खेसु मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदे० केत्ति० ? असंखेज्जा । अणुक्क० के० ? अणंता । सम्मत्त० ओघं । सम्मामिच्छत्त–इत्थिवे०–पुरिसवे० उक्क० अणुक्क० के० ? असंखेज्जा । मणुसेसु मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदे० के० ? संखेज्जा । अणुक्क० पदे० के० ? असंखेज्जा । सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० अणुक्क० पदे० के० संखेज्जा । पज्जत्त-मणुसिणी–सव्वट्ठ-देवा० सव्वपयडी० उक्क० अणुक्क० पदे० के० ? संखेज्जा । एवं जाव० ।

§ १८०. जह० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० जह[1] पदे० के० ? असंखेज्जा । अजह० के० ? अणंता । सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवेद–पुरिसवेद० जह० अजह० पदे० के० ? असंखेज्जा । एवं तिरिक्खा० । सव्वणिरय–सव्वपंचिंदियतिरिक्ख–मणुसअपज्ज०–देवा जाव अवरा-जिदा त्ति सव्वपय० जह० अजह० के० ? असंखेज्जा । मणुसतिय–सव्वट्ठदेवा० उक्कस्सभंगो । एवं जाव० ।

ज्योतिषी देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ।

§ १७९. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है । सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सामान्य मनुष्योंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त, मनुष्यिनी और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

§ १८०. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । अजघन्य प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । सब नारकी, सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त और सामान्य देवोंसे लेकर अपराजित विमान तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं । मनुष्यत्रिक और सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें उत्कृष्टके समान भंग है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

---

१. आ०-ता०प्रत्योः उक्क० इति पाठः ।

मार्गदर्शक :- ~~आदेसेण णेरइएसु मिच्छ०~~ जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदे० लोग० असंखे०-भागो । अणुक्क० सव्वलोगो । सम्म०–सम्मामि०–इत्थिवे०–पुरिसवे० उक्क० अणुक्क० पदे० उदीर० लोग० असं०भागो । एवं तिरिक्खा० । सेसगदीसु सव्वपय० उक्क० अणुक्क पदे० उदी० लोग० असंखे० भागो । एवं जाव० । एवं जहण्णयं पि णेदव्वं ।

§ १८२. पोसणं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो–ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदे० उदी० केव० पोसिदं ? लोग० असंखे०भागो । अणुक्क० केव० पोसिदं ? सव्वलोगो । सम्म० उक्क० खेत्तं । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस भागा वा । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदे० केव० पोसि० ? लोग० असं०भागो अट्ठ चोद्दस० । इत्थिवेद–पुरिसवेद० उक्क० पदे० खेत्तं । अणुक्क० केव० पोसि० ? लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० सव्वलोगो वा ।

---

§ १८१. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका सर्व लोकप्रमाण क्षेत्र है । सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार तिर्यञ्चोंमें जानना चाहिए । शेष गतियोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार जघन्यको भी जानना चाहिए ।

§ १८२. स्पर्शन दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेद और पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है । लोकके असंख्यातवें भाग, त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—ओघसे मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्ककी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सम्यक्त्वके साथ संयमके अभिमुख हुए सर्वविशुद्ध अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टिके होती है, यतः इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीवोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन लोकके असंख्यातवें

§ १८३. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०–सोलसक०–सत्तणोक० उक्क० पदे० केव० पोसिदं ? खेत्तं । अणुक्क० पदेसुदी० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । सम्म०–सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० खेत्तं । एवं विदियादि सत्तमा त्ति । णवरि सगपोसणं । पढमाए खेत्तभंगो ।

भागप्रमाण ही प्राप्त होता है, अतः वह तत्प्रमाण कहा है। इसी प्रकार शेष बारह कषाय और सात नोकषायोंका उक्त स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए, क्योंकि इनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके जो स्वामी हैं उनका इतना ही स्पर्शन प्राप्त होता है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव सर्व लोकमें पाये जाते हैं, इसलिए इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका सर्व लोकप्रमाण स्पर्शन है यह स्पष्ट ही है। सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय यथास्थान होती है, इसलिए इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन क्षेत्रके समान लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे वह तत्प्रमाण कहा है। यतः वेदक सम्यग्दृष्टियोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है तथा विहारवत्स्वस्थान, वेदना, कषाय, वैक्रियिक और मारणान्तिक पदोंकी अपेक्षा अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण है, अतः इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन विहारवत्स्वस्थानकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण है, अतः सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका दोनों प्रकारका स्पर्शन उक्तप्रमाण बन जानेसे उस प्रकार कहा है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा क्षपकश्रेणिमें यथास्थान होती है, अतः क्षपकोंके अतीत और वर्तमान स्पर्शनको ध्यानमें रख कर उक्त दोनों वेदोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान और अतीत स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा स्त्रीवेदी और पुरुषवेदियोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और अतीत स्पर्शन वेदना, कषाय और वैक्रियिक पदोंकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग तथा मारणान्तिक और उपपाद पदकी अपेक्षा सर्व लोकप्रमाण है, इसलिए इन दोनों वेदोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग और सर्व लोकप्रमाण कहा है।

§ १८३. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? क्षेत्रके समान स्पर्शन है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन जानना चाहिए। पहली पृथिवीमें स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—द्वितीयादि पृथिवियोंमें एक तो मरकर सम्यग्दृष्टियोंकी उत्पत्ति नहीं होती; दूसरे छटी पृथिवी तकके जो सम्यग्दृष्टि नारकी मरण करते हैं वे मनुष्य पर्याप्तकोंमें ही उत्पन्न होते हैं, तीसरे सातवें नरकके जो सम्यग्दृष्टि हैं वे नियमसे मिथ्यादृष्टि हो कर ही मरण करते हैं, इसलिए तो सामान्यसे नारकियोंमें और द्वितीयादि नरकके नारकियोंमें सम्यक्त्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है। इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदी-

§ १८४. तिरिक्खेसु मिच्छ०—अट्ठक० उक्क० पदेसुदी० खेत्तं। अणुक्क० सव्वलोगो। सम्म० उक्क० पदे० उदी० खेत्तं। अणुक्क० पदे० केव० पोसिदं? लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। अट्ठक०—णवणोक० उक्क० पदेसुदी० केव० पोसि०? लोग० असंखे० छ चोद्दस०। अणुक्क० पदे० सव्वलोगो[1]। णवरि इत्थिवेद—पुरिसवेद० अणुक्क० पदे० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा। सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० खेत्तं।

रकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है यह स्पष्ट ही है। तथा सम्यग्मिथ्यात्व गुणके साथ मरण ही नहीं होता और न सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीव मारणान्तिक समुद्घात ही करते हैं, इसलिए सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन भी क्षेत्रके समान बन जाता है। शेष कथनसुगम है।:— आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ १८४. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और आठ कषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आठ कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व और प्रारम्भकी आठ कषायोंकी उदीरणाके स्वामीको देखते हुए इनकी अपेक्षा स्पर्शनका भंग क्षेत्रके समान लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे उसे क्षेत्रके समान जाननेकी सूचना की है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है यह स्पष्ट ही है। सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय यथास्थान प्राप्त होती है, इसलिए इसके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण प्राप्त होनेसे उसे क्षेत्रके समान बतलाया है। तथा वेदकसम्यग्दृष्टि तिर्यञ्चोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण प्राप्त होनेसे उसे उक्तप्रमाण बतलाया है। आठ कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सर्वविशुद्ध या तत्प्रायोग्य विशुद्ध संयतासंयतके होती है, यतः ऐसे जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण बन जाता है, इसलिए उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। मात्र स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंका वर्तमान निवास लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण ही है, इसलिए स्त्रीवेद और पुरुष-

---

१. आ०प्रतौ सम्म० उक्क० पदे० उदी० खेत्तं। अणुक्क० पदे० केव० पोसिदं? लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। अणुक्क० पदे० सव्वलोगो।

§ १८५. पंचिंदियतिरिक्खतिये सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खोघं । मिच्छ०-अट्ठक० उक्क० पदे० खेत्तं । अणुक्क० पदेसुदी० केव० पोसिदं ? लोग० असंखे०-भागो सव्वलोगो वा । एवमट्ठक०-णवणोक० । णवरि उक्क० पदे० लोग० असंखे०-भागो छ चोद्दस० । णवरि वेदा जाणियव्वा ।

§ १८६. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपय० उक्क० पदे० खेत्तं । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा ।

§ १८७. मणुसतिये सम्म०-सम्मामि० खेत्तं । सेस० पय० उक्क० खेत्तं । अणुक्क० पदेसुदी० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा ।

वेदके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण कहा है। इनमें सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान ही है यह स्पष्ट ही है।

§ १८५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। मिथ्यात्व और आठ कषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार आठ कषाय और नौ नोकषायोंकी अपेक्षा जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना वेद जान लेना चाहिए।

विशेषार्थ—पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन मारणान्तिक और उपपादपदकी अपेक्षा सर्व लोकप्रमाण है, इसी तथ्यको ध्यानमें रखकर मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका उक्त क्षेत्र प्रमाण स्पर्शन कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १८६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—उक्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सर्वविशुद्ध अथवा तत्प्रायोग्य विशुद्ध जीवोंके होती है, यह जानकर सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। तथा उक्त जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन मारणान्तिक और उपपाद पदकी अपेक्षा सर्व लोकप्रमाण है, इसलिए यहाँ उक्त सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका उक्त क्षेत्रप्रमाण स्पर्शन कहा है।

§ १८७. मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—यहाँ भी स्वामित्व और मनुष्यत्रिकके स्पर्शनको जानकर यह स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। इसी प्रकार आगे भी समझ लेना चाहिए।

§ १८८. देवेसु सम्म० उक्क० पदे० खत्तं । अणुक्क० पदेसुदी० केव० पोसि० ? लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । सम्मामि० उक्क० अणुक्क० पदे० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । सेसपय० उक्क० पदे० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० । अणुक्क० लोग० असंखे०भागो अट्ठ-णव चोद्दस० भागा वा देसूणा । एवं सोहम्मीसाणेसु ।

§ १८९. भवण०-वाणवें[illegible] लोग० असंखे०भागो अट्ठ-णव चोद्दस० देसूणा ।

---

§ १८८. देवोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पमें जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—सामान्य देवोंके वर्तमान और अतीत स्पर्शनको ख्यालमें लेकर यहाँ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर शेष प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण, विहारवत्स्वस्थान, वेदना कषाय और वैक्रियिक पदोंकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और मारणान्तिक पदकी अपेक्षा मेरुमूलसे ऊपर कुछ कम सात राजु और नीचे कुछ कम दो राजु कुल त्रसनालीके नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष कथन सुगम है । सौधर्म और ऐशान कल्पमें यह स्पर्शन इसी प्रकार बन जानेसे उसे सामान्य देवोंके समान जाननेकी सूचना की है ।

§ १८९. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

विशेषार्थ—भवनत्रिकमें सम्यग्दृष्टि जीव मर कर उत्पन्न नहीं होते, इसलिए इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंके स्पर्शनके समान बन जानेसे दोनोंका स्पर्शन एक समान कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ १९०. सणक्कुमारादि जाव सहस्सारे त्ति सव्वपय० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० लोग० असं०भागो अट्ठ चोद्दस० देसूणा। णवरि सम्म० उक्क० खेत्तं। आणदादि जाव अच्चुदा त्ति सव्वपय० उक्क० अणुक्क० पदेसुदी० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। णवरि सम्म० उक्क० पदे० खेत्तं। उवरि खेत्तभंगो। एवं जाव०।

§ १९१. जह० पयदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० जह० लोग० असंखे०भागो अट्ठ तेरह चोद्दस०। अजह० सव्वलोगो। णवरि णवुंस० जह० पदे० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा। सम्म०—सम्मामि० जह० अजह० लोग० असं०भागो अट्ठ चोद्दस०। इत्थिवेद—पुरिस-

---

§ १९०. सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। आनत कल्पसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इनसे ऊपरके देवोंमें स्पर्शनका भंग क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—बारहवें कल्प तकके देवोंका गमन तीसरी पृथिवी तक और तेरहवें कल्पसे लेकर सोलहवें कल्प तकके देवोंका गमन मेरुके मूल भाग तक ही सम्भव है। इसी कारण यहाँ सनत्कुमारसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण तथा विहार आदि सम्भव पदोंकी अपेक्षा अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। तथा आरणादि चार कल्पोंके देवोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन विहार आदि सम्भव पदोंकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। किन्तु यहाँ सर्वत्र सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है यह स्पष्ट ही है। इसी प्रकार नौ ग्रैवेयक आदिके सभी देवोंमें स्पर्शन क्षेत्रके समान है यह भी स्पष्ट है।

§ १९१. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम तेरह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि नपुंसकवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम तेरह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके

वेद० जह० पदेसुदी० लोग० असंखे०भागो अट्ठ तेरह चोद्दस० । अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस० सव्वलोगो वा ।

§ १९२. आदेसेण णेरइय० सम्म०-सम्मामि० खेत्तं । सेसपय० जह० अजह० लोग० असं०भागो छ चोद्दस० । एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति । णवरि सगपोसणं । पढमाए खेत्तभंगो ।

§ १९३. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सोलसक-सत्तणोक० जह० लोग० असंखे०भागो

असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा उत्कृष्ट या ईषत् मध्यम संक्लेश परिणामवाले संज्ञी मिथ्यादृष्टि जीव करते हैं। यतः ऐसे जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और यथा सम्भव पदोंकी अपेक्षा अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम तेरह बटे चौदह भागप्रमाण होनेसे यह उक्त प्रमाण कहा है। इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण है यह स्पष्ट ही है। यहाँ नपुंसक वेदके विषयमें इतना विशेष जानना चाहिए कि नपुंसकवेदके उदीरक देव नहीं होते, इसलिए इसके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष कथन सुगम है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन उक्त प्रमाण कहा है। वेदकसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टियोंके वर्तमान और अतीत स्पर्शनको ध्यानमें रख कर यहाँ सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकोंके स्पर्शनका खुलासा मिथ्यात्व आदि पूर्वोक्त प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंके स्पर्शनके समान ही है। मात्र इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंके स्पर्शनमें कुछ अन्तर है। बात यह है कि ऐसे जीवोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन स्वस्थान विहार आदि यथा सम्भव पदोंकी अपेक्षा त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण और मारणान्तिक तथा उपपाद पदकी अपेक्षा सर्व लोकप्रमाण बन जानेसे वह उक्त प्रमाण कहा है।

§ १९२. आदेशसे नारकियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार दूसरी पृथिवीसे लेकर सातवीं पृथिवी तकके नारकियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अपना-अपना स्पर्शन कहना चाहिए। पहली पृथिवीमें क्षेत्रके समान भंग है।

विशेषार्थ—यहाँ सामान्यसे नारकियोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके अतिरिक्त शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण मारणान्तिक पदकी अपेक्षा कहा है तथा अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण मारणान्तिक और उपपाद पदकी अपेक्षा कहा है। शेष कथन स्पष्ट ही है।

§ १९३. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके जघन्य प्रदेश

छ चोद्दस० । अजह० सव्वलोगो । सम्म० जह० खेत्तं । अजह० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । सम्मामि० खेत्तं । इत्थिवेद-पुरिसवेद० जह० पदे० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० । अजह० लोग० असं०भागो सव्वलोगो वा ।

१९४. पंचिंदियतिरिक्खतिये सम्म०-सम्मामि० तिरिक्खोघं । सेसपय० जह० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस० देसूणा । अजह० पदे लोग० असंखे०भागो सव्व-लोगो वा । पंचिं०तिरिक्खअपज्ज०-मणुसअपज्ज० सव्वपय० जह० अजह० लोग० असंखे०भागो सव्वलोगो वा ।

१९५. मणुसतिये सम्म०-सम्मामि० खेत्तं । सेसपय० जह० पदे० लोग० असंखे०भागो । अजह० लोग० असं०भागो सव्वलोगो वा ।

उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग क्षेत्रके समान है। स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भाग-प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—सामान्य तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा नीचे सातवीं पृथिवी तक मारणान्तिक समुद्घात करते समय बन जाती है, इसलिए यहाँ इनके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण कहा है। इसी प्रकार स्त्रीवेद और पुरुषवेदके जघन्य प्रदेश उदीरकोंकी अपेक्षा उक्त स्पर्शन जानना चाहिए। शेष कथन सुगम है।

§ १९४. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त और मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदी-रकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्व लोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

विशेषार्थ—पूर्वमें सामान्य तिर्यञ्चोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंके स्पर्शनका जो स्पष्टीकरण किया है वह पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च-त्रिककी अपेक्षा ही घटित होनेसे इसे उक्त प्रकारसे समझ लेना चाहिए। इनका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और अतीत स्पर्शन सर्व लोकप्रमाण बन जानेसे यहाँ उक्त प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन उक्त रूपसे कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १९५. मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सर्वलोकप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

१९६. देवेसु मिच्छ०–सोलसक०–अट्ठणोक० जह० अजह० लोग० असंखे-भागो अट्ठ णव चोद्दस० देसूणा। सम्म०–सम्मामि० जह० अजह० लोग० असंखे०-भागो अट्ठ चोद्दस०। एवं सोहम्मीसाण०।

§ १९७. भवण–वाणवें–जोदिसि० मिच्छ०–सोलसक०–अट्ठणोक० जह० अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठुद्वा वा अट्ठ णव चोद्दस० देसूणा। सम्म०–सम्मामि० जह० अजह० लोग० असंखे०भागो अट्ठद्वा वा अट्ठ चोद्दस०। सणक्कुमारादि जाव सहस्सारा त्ति सव्वपय० जह० अजह० पदेसुदी० लोग० असंखे०भागो अट्ठ चोद्दस०। आणदादि जाव अच्चुदा त्ति सव्वपय० जह० अजह० लोग० असंखे०भागो छ चोद्दस०। उवरि खेत्तभंगो। एवं जाव०।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकका परिणाम संख्यात है। यद्यपि इनके नीचे सातवीं पृथिवी तक मारणान्तिक समुद्घात करते समय सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वको छोड़कर शेष प्रकृतियोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा बन जाती है, परन्तु उस सब क्षेत्रका योग लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे यहाँ वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ १९६. देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम आठ और कुछ कम नौ भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्पके देवोंमें जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सामान्यसे देवोंके और सौधर्म ऐशान कल्पके देवोंके प्रकृतमें उपयोगी स्पर्शनको जानकर मिथ्यात्व आदि २५ प्रकृतियोंकी अपेक्षा यह स्पर्शन घटित कर लेना चाहिए। मात्र सम्यग्दृष्टि देव एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घात नहीं करते, इसलिए इनमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका वर्तमान स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग और अतीत स्पर्शन त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण कहा है।

§ १९७. भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और आठ नोकषायोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन, कुछ कम आठ और कुछ कम नौ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग तथा त्रसनालीके कुछ कम साढ़े तीन और कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सनत्कुमार कल्पसे लेकर सहस्रार कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम आठ बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। आनत कल्पसे लेकर अच्युत कल्प तकके देवोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंने लोकके असंख्यातवें भाग और त्रसनालीके कुछ कम छह बटे चौदह भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। ऊपरके देवोंमें स्पर्शनका भंग क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

§ १९८. कालो दुविहो—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण सव्वपय० उक्क० केवचिरं० ? जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । अणुक्क० सव्वद्धा । णवरि सम्मामि० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असं०भागो । अणुक्क० जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो ।

§ १९९. आदेसेण णेरइय० मिच्छ०—सोलसक०—सत्तणोक० उक्क० पदे० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असं०भागो । अणुक्क० सव्वद्धा । सम्म०—सम्मामि० ओघं । एवं पढमाए । विदियादि जाव सत्तमा त्ति एवं चेव । णवरि सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो ।

विशेषार्थ—भवनत्रिकोंके एकेन्द्रियोंमें मारणान्तिक समुद्घातके समय सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वकी उदीरणा सम्भव नहीं है । इस बातको ध्यानमें रख कर यहाँ उक्त दोनों प्रकृतियोंके जघन्य और अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका स्पर्शन कहा है । शेष सब कथन सुगम है ।

§ १९८. काल दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है । इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा सम्यक्त्वके अभिमुख हुए अन्तिम समयवर्ती सम्यग्मिथ्यादृष्टिके होती है । ऐसे जीव कमसे कम एक समय तक हों और दूसरे समयमें न हों यह भी सम्भव है और अत्यन्त सन्तानरूपसे आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक हों यह भी सम्भव है । यही कारण है कि यहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । तथा सम्यग्मिथ्यात्वका नाना जीवोंकी अपेक्षा जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । यही कारण है कि यहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । अब रही शेष प्रकृतियाँ सो उनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके स्वामित्वको देखते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय प्राप्त होनेसे वह उक्त प्रमाण कहा है । इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है ।

§ १९९. आदेशसे नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है । सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए । दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक इसी प्रकार जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २००. तिरिक्खेसु मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक० उक्क० पदे० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अणुक्क० सव्वद्धा। सम्म०-सम्मामि० ओघं। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि पज्ज० इत्थिवे० णत्थि। जोणिणीसु पुरिस-णवुंस० णत्थि। सम्म० उक्क० पदे० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। पंचिं०तिरि०अपज्ज० सव्वपय० उक्क० पदे० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अणुक्क० सव्वद्धा।

§ २०१. मणुसतिये सम्मामि० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया। अणुक्क० जह० उक्क० अंतोमु०। सेसपय० उक्क० पदे० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो संखे० समया वा। अणुक्क० सव्वद्धा। मणुसअपज्ज०

विशेषार्थ—नारकियोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके उपक्रमका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण होनेसे यहाँ इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है। तथा सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है यह भी स्पष्ट है। पहली पृथिवीमें यह प्ररूपणा इसी प्रकार बन जाती है। मात्र द्वितीयादि पृथिवियोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मरकर उत्पन्न नहीं होते, इसलिए उनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे वह उक्तप्रमाण कहा है।

§ २००. तिर्यञ्चोंमें मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है और योनिनियोंमें पुरुषवेद और नपुंसकवेद नहीं है। योनिनियोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है।

विशेषार्थ—तिर्यञ्च योनिनियोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मरकर नहीं उत्पन्न होते हैं, इसलिए इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे वह उक्तप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ २०१. मनुष्यत्रिकमें सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है अथवा संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका

सव्वपय० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असं०भागो। अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो।

२०२. देवा० सोहम्मादि जाव णवगेवज्जा त्ति सम्म०-सम्मामि० ओघं। सेसपय० उक्क० पदे० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो। अणुक्क० सव्वद्धा। भवण०-वाणवें०-जोदिसि० देवोघं। णवरि सम्म० उक्क० पदे० जह० एयसमओ, उक्क० आवलि० असं०भागो। अणुक्क० सव्वद्धा। अणुदिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सम्म० ओघं। बारसक०-सत्तणोक० उक्क० जह० एगस०, उक्क० आवलियाए असंखेज्जदिभागो। अणुक्क० सव्वद्धा। एवं जाव०।

जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकका परिमाण संख्यात है, इसलिए इनमें सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय बननेसे वह तत्प्रमाण कहा है। तथा एक जीवकी अपेक्षा सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अब यदि संख्यात नाना जीव सन्ततिका विच्छेद हुए बिना सम्यग्मिथ्यात्व गुणको प्राप्त हों तो उस कालका योग अन्तर्मुहूर्त ही होगा, इसलिए यहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है। यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है यह तो स्पष्ट ही है। उत्कृष्ट काल जो दो प्रकारसे बतलाया है वह अवश्य ही विचारणीय है। चूर्णिसूत्रोंमें उक्त प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके स्वामित्वका जो निर्देश किया है उसे देखते हुए तो वह काल संख्यात समय ही बनता है। इसलिए आगमानुसार इसका विशेष स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए। मेरी अल्प बुद्धिमें यह समझमें नहीं आया इसलिए इतना संकेत किया है। शेष कथन सुगम है।

§ २०२. सामान्य देव और सौधर्म आदि कल्पोंसे लेकर नौग्रैवेयक तकके देवोंमें सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवोंमें सामान्य देवोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्वका भंग ओघके समान है। बारह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—भवनत्रिकोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि जीव मरकर नहीं उत्पन्न होते, इसलिए इनमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्टकाल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे वह तत्प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

§ २०३. जह० पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण सव्वपय० जह० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असं०भागो । अजह० सव्वद्धा । णवरि सम्मामि० अजह० जह० अंतोमु०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सव्वणिरय-सव्वतिरिक्ख-सव्वदेवा त्ति जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं ।

§ २०४. मणुसतिये सम्म० जह० पदे० जह० एगस०, उक्क० संखेज्जा समया । अजह० सव्वद्धा । एवं सम्मामि० । णवरि अजह० जह० उक्क०[1] अंतोमु० । सेसपय० जह० पदे० जह० एगस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अजह० सव्वद्धा । मणुसअपज्ज० सव्वपय० जह० पदे० जह० एयस०, उक्क० आवलि० असंखे०भागो । अजह० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । एवं जाव० ।

---

§ २०३. जघन्यका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है । इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सब नारकी, सब तिर्यञ्च और सब देव जिन प्रकृतियोंकी उदीरणा करते हैं उनका भंग ओघके समान है ।

विशेषार्थ—सब प्रकृतियोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणाका जो स्वामी बतलाया है उसके अनुसार उनके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जानेसे वह तत्प्रमाण कहा है । इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है यह स्पष्ट ही है । मात्र सम्यग्मिथ्यात्व गुण सान्तर मार्गणा है, इसलिए इस गुणके जघन्य और उत्कृष्ट कालको ध्यानमें रखकर इनके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ २०४. मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्वके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका काल सर्वदा है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भागप्रमाण है । अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

विशेषार्थ—मनुष्यत्रिकमें सम्यक्त्वकी जघन्य प्रदेश उदीरणा करनेवाले मनुष्य अधिकसे अधिक संख्यात ही हो सकते हैं । यतः ऐसे जीव कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक संख्यात समय तक ही इसकी जघन्य प्रदेश उदीरणा करते हैं, इसलिए इसके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय और उत्कृष्ट काल संख्यात समय

---

१. ता०प्रतौ जह० एगस० उक्क० इति पाठः ।

§ २०५. अंतरं दुविहं—जह० उक्क० । उक्कस्से पयदं । दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य । ओघेण मिच्छ०—बारसक०—छण्णोक० उक्क० पदे० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । अणुक्क० णत्थि अंतरं । एवं सम्मामिच्छ० । णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो । सम्मत्त०—लोभसंज० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० छम्मासं । अणुक्क० णत्थि अंतरं । तिण्णिसंजलण—पुरिसवेद० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० वासं सादिरेयं । अणुक्क० णत्थि अंतरं णिरंतरं । इत्थिवेद—णवुंस० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० वासपुधत्तं । अणुक्क० णत्थि अंतरं णिर० । एवं मणुसतिये । णवरि वेदा जाणियव्वा । मणुसिणीसु खवगपयडीणं वासपुधत्तं ।

कहा है । सम्यग्मिथ्यात्वके जघन्य प्रदेश उदीरकोंके जघन्य और उत्कृष्ट कालका निर्णय इसी प्रकार कर लेना चाहिए । वेदक सम्यग्दृष्टि मनुष्य सर्वदा पाये जाते हैं, इसलिए सम्यक्त्वके अजघन्य प्रदेश-उदीरकोंका काल सर्वदा कहा है । परन्तु सम्यग्मिथ्यात्व गुण सान्तर मार्गणा है । मनुष्योंमें नाना जीवोंकी अपेक्षा भी इसका उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त ही बनता है । इसलिए यहाँ इसके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त कहा है । जो मनुष्य अपर्याप्त सब प्रकृतियोंकी जघन्य प्रदेश उदीरणा करके मरणके अन्तिम समयमें अजघन्य प्रदेश उदीरणा करते हैं उनकी अपेक्षा मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य काल एक समय कहा है । शेष कथन सुगम है ।

§ २०५. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे मिथ्यात्व, बारह कषाय और छह नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सम्यक्त्व और लोभसंज्वलनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है । तीन संज्वलन और पुरुषवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है, निरन्तर है । स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है । अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, निरन्तर है । इसी प्रकार मनुष्यत्रिकमें जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि वेद जान लेने चाहिए । मनुष्यिनियोंमें क्षपकप्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है ।

विशेषार्थ—मिथ्यात्व, बारह कषाय और छह नोकषायोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाले नाना जीव कमसे कम एक समयके अन्तरालसे हों यह भी सम्भव है और अधिकसे अधिक असंख्यात लोकप्रमाण कालके अन्तरालसे हों यह भी सम्भव है अर्थात् उत्कृष्टरूपसे असंख्यात लोकप्रमाण कालके बाद कोई न कोई जीव उक्त प्रकृतियोंकी अवश्य ही

---

१. आ०प्रतौ उक्क० छम्मासं । अणुक्क० णत्थि अंतरं णिरंतरं इत्थिवेद० ।

§ २०६. आदेसेण णेरइय० सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० वासपुधत्तं। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। सम्मामि० ओघं। मिच्छ०-अणंताणु०४ उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० सत्त रादिंदियाणि। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। बारसक०-सत्तणोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। एवं पढमाए। एवं विदियादि जाव सत्तमा त्ति। णवरि सम्म० बारसकसायभंगो।

आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है, इसलिए उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव सर्वदा पाये जाते हैं, इसलिए इनके अन्तरकालका निषेध किया है। सम्यग्मिथ्यात्वकी अपेक्षा यह अन्तरकाल बन जाता है। मात्र इस अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव कमसे कम एक समय तक और अधिकसे अधिक पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण काल तक नहीं पाये जाते, इसलिए इसके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। क्षपकश्रेणिके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर सम्यक्त्व और संज्वलन लोभके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल छह महीना कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है यह स्पष्ट ही है, क्योंकि जब सम्यक्त्व और संज्वलन लोभकी उदीरणा न हो ऐसा एक भी समय नहीं उपलब्ध होता। पुरुषवेद और शेष तीन संज्वलनोंकी अपेक्षा क्षपकश्रेणिके अन्तरकालको ध्यानमें रखकर इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव निरन्तर पाये जाते हैं, इसलिए इसलिए इसका निषेध किया है। स्त्रीवेद और नपुंसकवेदकी अपेक्षा क्षपकश्रेणिके अन्तरकालको ध्यानमें रख कर इनके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक जीव निरन्तर पाये जाते हैं इसलिए इसका निषेध किया है। मनुष्यत्रिकमें यह अन्तरकाल अविकल बन जाता है, उनमें ओघके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र इन तीन प्रकारके मनुष्योंमें जिसके जो वेद सम्भव हों उन्हें जानकर उनके उन्हींकी अपेक्षा कथन करना चाहिए। इतना विशेष जानना चाहिए कि जिन प्रकृतियोंकी क्षपकश्रेणिमें उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा होती है उनकी अपेक्षा मनुष्यिनियोंमें उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहना चाहिए।

§ २०६. आदेशसे नारकियोंमें सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है। मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन है अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। बारह कषाय और सात नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। इसी प्रकार पहली पृथिवीमें जानना चाहिए। इसी प्रकार दूसरीसे लेकर सातवीं पृथिवी तक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इन द्वितीयादि पृथिवियोंमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान है।

§ २०७. तिरिक्खेसु मिच्छ०–सोलसक०–णवणोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। सम्मत्त–सम्मामि० णारय-भंगो। एवं पंचिंदियतिरिक्खतिये। णवरि वेदा जाणियव्वा। जोणिणीसु सम्म० बारस-क०भंगो। पंचिं०तिरिक्खअपज्ज० सव्वपयडी० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। एवं सव्वअपज्ज०। णवरि अणुक्क० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो।

विशेषार्थ—नरकमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टियोंके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर यहाँ सम्यक्त्वके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण कहा है। इसके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक वेदक सम्य-ग्दृष्टि जीव वहाँ निरन्तर पाये जाते हैं, इसलिए इनके अन्तरकालका निषेध किया है। सम्यग्मिथ्यात्वका भंग ओघके समान है यह स्पष्ट ही है। नरकमें प्रथमोपशम सम्यक्त्वके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रखकर यहाँ मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचतुष्कके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल सात रात्रि-दिन कहा है। इनकी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाले अन्य मिथ्यादृष्टि जीव निरन्तर पाये जाते हैं, इसलिए इनके अन्तरकालका निषेध किया है। जिन परिणामोंसे नरकमें बारह कषाय और सात नोकषायोंकी उत्कृष्ट उदीरणा होती है उनके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रख कर यहाँ उक्त प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण कहा है। इनके अनुत्कृष्ट प्रदेशोंके उदीरक जीव यहाँ पर निरन्तर पाये जाते हैं, इसलिए उनके अन्तरकालका निषेध किया है। सातों नरकोंमें यह अन्तरकाल प्ररूपणा बन जाती है, इसलिए उसे सामान्य नारकियोंके समान जाननेकी सूचना की है। मात्र द्वितीयादि पृथिवियोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि मनुष्य मरकर नहीं उत्पन्न होते, इसलिए द्वितीयादि छह पृथिवियोंमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान बन जानेसे सम्यक्त्वके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंके अन्तरकालको बारह कषायोंके उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंके अन्तरकालके समान जाननेकी सूचना की है।

§ २०७ तिर्यञ्चों मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्व का भंग नारकियोंके समान है। इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वेद जान लेना चाहिए। योनिनियोंमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्तकोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है।

विशेषार्थ—कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि मनुष्य मर कर तिर्यञ्च योनिनियोंमें उत्पन्न नहीं होते, इसलिए इनमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायोंके समान बन जानेसे उस प्रकार कहा

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ २०८. देवेसु मिच्छ०-सम्म०-सम्मामि०-अणंताणु०४ णारयभंगो। बारस-क०-अट्ठणोक० उक्क० पदेसुदी० जह० एगसमओ, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। एवं सोहम्मीसाण०। एवं सणक्कुमारादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि इत्थिवेदो णत्थि। भवण०-वाणवें०-जोदिसि० देवोघं। णवरि सम्म० बारसक०भंगो। अणुद्दिसादि सव्वट्ठा त्ति सम्म० उक्क० पदेसुदी० जह० एगस०, उक्क० वासपुधत्तं पलिदो० संखे०भागो। अणुक्क० णत्थि अंतरं०। बारसक०[1]-सत्तणोक० देवोघं। एवं जाव०।

§ २०९. जह० पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वपय० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अजह० णत्थि अंतरं०। णवरि

है। मनुष्य अपर्याप्त यह सान्तर मार्गणा है। इसलिए इसके जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकालको ध्यानमें रख कर यहाँ मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंके अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपम के असंख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष स्पष्टीकरण पूर्व में किये गये स्पष्टीकरण से यथायोग्य समझ लेना चाहिए।

§ २०८. देवों में मिथ्यात्व, सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चतुष्कका भंग सामान्य नारकियों के समान है। बारह कषाय और आठ नोकषायों के उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल असंख्यात लोकप्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। इसी प्रकार सौधर्म और ऐशान कल्प में जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार सनत्कुमार कल्प से लेकर नौग्रैवेयक तक के देवों में जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्री वेद नहीं है। भवनवासी, व्यन्तर और ज्योतिषी देवों में सामान्य देवों के समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व का भंग बारह कषायों के समान है। अनुदिश से लेकर सर्वार्थसिद्धि तक के देवों में सम्यक्त्व के उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल नौ अनुदिश और चार अनुत्तरोंमें वर्षपृथक्त्व प्रमाण और सर्वार्थसिद्धि में पल्योपम के संख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। बारह कषाय और सात नौ कषायों का भंग सामान्य देवों के समान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टि मनुष्य मर कर भवनत्रिकों में उत्पन्न नहीं होते इसलिये इनमें सम्यक्त्वका भंग बारह कषायों के समान कहा है। नौ अनुदिश और पाँच अनुत्तरोंमें कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टियों की उत्पत्ति के जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल को ध्यान में रखकर यहाँ इनमें सम्यक्त्व के उत्कृष्ट प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय तथा नौ अनुदिश और चार अनुत्तरोंमें उत्कृष्ट अन्तरकाल वर्षपृथक्त्वप्रमाण और सर्वार्थसिद्धि में पल्योपमके संख्यातवें भागप्रमाण कहा है। शेष स्पष्टीकरण पूर्वके स्पष्टीकरणको ध्यानमें रखकर कर लेना चाहिए।

§ २०९. जघन्य प्रकृत है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंके जघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल

१. आ०-ता०प्रत्योः संखे०भागो। बारसक० इति पाठः।

सम्मामि० अजह० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असंखे०भागो। सव्वणिरय०-सव्वतिरिक्ख-मणुसतिय-सव्वदेवा त्ति जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति तासिमोघं। मणुसअपज्ज० सव्वपय० जह० पदेसुदी० जह० एयस०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। अजह० जह० एगस०, उक्क० पलिदो० असं०भागो। एवं जाव०।

*** तदो सण्णियासो।**

§ २१०. तदो णाणाजीवभंगविचयादिअणिओगद्दारविहासणादो अणंतरमिदाणिं सण्णियासो अहिकओ दट्ठव्वो त्ति अहियारसंभालणवक्कमेदं—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेसुदीरगो अणंताणुबंधीणमुक्कस्सं वा अणुक्कस्सं वा उदीरेदि।**

§ २११. मिच्छत्तस्स उक्कस्सपदेसुदीरगो णाम संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठी सव्वविसुद्धो, सो अणंताणुबंधीणमण्णदरस्स णियमा उदीरगो। एवमुदीरेमाणो उक्कस्सं

असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका अन्तरकाल नहीं है, वे निरन्तर हैं। इतनी विशेषता है कि सम्यग्मिथ्यात्व के अजघन्य प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है। सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्यत्रिक और सब देव जिन प्रकृतियों की उदीरणा करते हैं उनका भंग ओघके समान है। मनुष्य अपर्याप्तकों में सब प्रकृतियों के जघन्य प्रदेश उदीरकों का जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल असंख्यात लोकप्रमाण है। अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपम के असंख्यातवें भागप्रमाण है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यात्व गुण यह सान्तर मार्गणा है इसलिए ओघ और आदेश से गति मार्गणाके अवान्तर भेदोंमें जहाँ सम्यग्मिथ्यात्व गुण की प्राप्ति सम्भव है, वहाँ सम्यग्मिथ्यात्वके अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जाने से वह तत्प्रमाण कहा है। मनुष्य अपर्याप्त यह सान्तर मार्गणा है, इसलिए इनमें सब प्रकृतियों के अजघन्य प्रदेश उदीरकोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय और उत्कृष्ट अन्तरकाल पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण बन जाने से वह तत्प्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

*** तदनन्तर सन्निकर्ष अधिकृत है।**

§ २१०. तदनन्तर अर्थात् नाना जीवों की अपेक्षा भंगविचय आदि अनुयोगद्वारों का व्याख्यान करने के बाद इस समय सन्निकर्ष अधिकृत जानना चाहिए। इस प्रकार अधिकारकी सम्हाल करने वाला यह सूत्रवचन है।

*** मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करने वाला जीव अनन्तानुबन्धियोंकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा या अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है।**

§ २११. जो संयमके अभिमुख हुआ सर्व विशुद्ध अन्तिम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव मिथ्यात्व के उत्कृष्ट प्रदेशोंका उदीरक कहलाता है वह अनन्तानुबन्धियोंमें से अन्यतरका

वा अणुक्कस्सं वा उदीरेदि, सामित्तभेदाभावे पि अप्पणो विसेसपच्चयमस्सिऊण तहाभावसिद्धीए विरोहाभावादो। तथाणुक्कस्समुदीरेमाणो केत्तिएहिं वियप्पेहिं अणुक्कस्समुदीरेदि त्ति पुच्छिदे तण्णिण्णयकरणट्ठमुत्तरसुत्तमाह—

* उक्कस्सादो अणुक्कस्सा चउट्ठाणपदिदा।

§ २१२. कुदो ? मिच्छत्तुक्कस्सपदेसुदीरगस्साणंताणुबंधीणं चउट्ठाणपदिदपदेसुदीरणाकारणपरिणामाणं पि संभवे विरोहाभावादो। तदो मिच्छत्तुक्कस्सपदेसुदीरगो अणंताणुबंधीणमणुक्कस्समुदीरेमाणो असंखे०भागहीणं संखे०भागहीणं संखे०गुणहीणं असंखे०गुणहीणमुदीरेदि त्ति सिद्धं। एवं मिच्छत्तुक्कस्सपदेसुदीरणं णिरुद्धं कादूण तत्थाणंताणुबंधीणं सण्णियासो कओ। सेसाणं पि कम्माणमेदेण बीजपदेण सण्णियासो णेदव्वो त्ति जाणावणट्ठमाह—

* एवं णेदव्वं।

§ २१३. जहा मिच्छत्तस्साणंताणुबंधीहि सह णीदं एवं सेसेहिं मि कम्मेहि सह णेदव्वं। अणंताणुबंधिकोहादीणं पि पादेक्कणिरुंभणं कादूण सेसकम्मेहि सह सण्णियासो जाणिय कायव्वो। जहण्णसण्णियासो वि चिंतिय णेदव्वो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स

नियमसे उदीरक है। इस प्रकार उदीरणा करने वाला उत्कृष्ट या अनुत्कृष्टकी उदीरणा करता है, क्योंकि स्वामित्वका भेद नहीं होनेपर भी अपने विशेष प्रत्ययका आश्रय कर उस प्रकारकी सिद्धिमें कोई विरोध नहीं है। उस प्रकार अनुत्कृष्टकी उदीरणा करनेवाला कितने भेदोंके द्वारा अनुत्कृष्टकी उदीरणा करता है ऐसा पूछनेपर उसका निर्णय करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उत्कृष्टकी अपेक्षा अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा चतुःस्थान पतित होती है।**

§ २१२. मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाले जीवके अनन्तानुबन्धियोंकी चतुःस्थान पतित प्रदेश उदीरणाके कारणभूत परिणामोंके भी सम्भव होनेमें कोई विरोध नहीं आता। इसलिए मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव अनन्तानुबन्धियोंकी अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता हुआ असंख्यात भागहीन, संख्यात भागहीन, संख्यात गुणहीन या असंख्यात गुणहीन प्रदेश उदीरणा करता है यह सिद्ध हुआ। इस प्रकार मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणाके साथ यहाँ अनन्तानुबन्धियोंका सन्निकर्ष बतलाया। इसी प्रकार शेष कर्मोंका भी इसी बीजपद से सन्निकर्ष जानना चाहिए इस बातका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** इसी प्रकार शेष कर्मोंका भी जानना चाहिए।**

§ २१३. जिस प्रकार मिथ्यात्वका अनन्तानुबन्धियोंके साथ सन्निकर्ष बतलाया है उसी प्रकार शेष कर्मों के साथ भी जानना चाहिए। अनन्तानुबन्धी क्रोधादिमेंसे भी प्रत्येकको विवक्षित कर शेष कर्मों के साथ सन्निकर्ष जानकर करना चाहिए। जघन्य सन्निकर्षका भी

अत्थसब्भावो। तदो एदेण सुत्तेण समप्पिदत्थविसये सोदाराणं णिण्णयजणणट्ठमुच्चारणं वत्तइस्सामो। तं जहा—

§ २१४. सण्णियासो दुविहो—जह० उक्क०। उक्कस्से पयदं। दुविहो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण मिच्छ० उक्क० पदेसमुदीरेंतो अणंताणुबंधिचउक्कं सिया० तं तु चउट्ठाणपदिदं। बारसक०-णवणोक० सिया असंखे०गुणहीणं।

§ २१५. सम्म० उक्क० पदेसमुदी० बारसक०-णवणोक० सिया असंखेज्जगुणहीणं। एवं सम्मामि०।

§ २१६. अणंताणु०कोधस्स उक्क० पदे० उदीरेंतो मिच्छ० णिय० तं तु चउट्ठाणपदिदं। तिण्हं कोहाणं णिय० अणुक्क० असंखे०गुणहीणं। णवणोक० सिया० असंखे०गुणहीणं। एवं तिण्हं कसायाणं।

§ २१७. अपच्चक्खाणकोह० उक्क० पदेसमुदीरेंतो दोण्हं कोहाणं णिय० असंखे०-

---

विचार कर कथन करना चाहिए यह इस सूत्रका तात्पर्य है। इसलिए इस सूत्र द्वारा प्राप्त हुए अर्थके विषयमें श्रोताओंको निर्णय उत्पन्न करनेके लिए उच्चारणाको बतलाते हैं। यथा—

§ २१४. सन्निकर्ष दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव अनन्तानुबन्धि चतुष्कका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। अर्थात् किसी एकको एक कालमें उदीरक है। यदि उदीरक है तो वह कदाचित् उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक है और कदाचित् अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा चतुःस्थान पतित अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। बारह कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्ट की अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है।

§ २१५. सम्यक्त्वकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव बारह कषाय और नौ नोकषायोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यात्वको मुख्यकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ २१६. अनन्तानुबन्धी क्रोधकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव मिथ्यात्वका नियमसे उदीरक है जो कदाचित् उत्कृष्ट प्रदेश उदीरक और कदाचित् अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक है। यदि अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा चतुःस्थान पतित अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। तीन क्रोधोंका नियमसे उदीरक है जो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। नौ नोकषायोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। इसी प्रकार अनन्तानुबन्धी मान आदि तीन कषायोंको मुख्यकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ २१७. अप्रत्याख्यान क्रोधकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव दो क्रोधोंका नियमसे उदीरक है जो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है।

गुणहीणं । सम्म०–णवणोक० सिया असंखे०गुणहीणं । एवं तिण्हं कसा० ।

§ २१८. पच्चक्खाणकोह० उक्क० पदे० उदीरेंतो कोहसंजल० णिय० असंखे०-गुणही० । सम्म०–णवणोक० सिया० असंखे०गुणहीणं । एवं तिण्हं क० ।

§ २१९. कोहसंज० उक्क० पदे० उदीरेंतो सव्वपयडीणमणुदीरगो । एवं तिण्णं संजलणाणं ।

§ २२०. इत्थिवे० उक्क० पदे० उदीरेंतो चदुसंज० सिया० असंखे०गुणही० । एवं पुरिसवे०–णवुंस० ।

§ २२१. हस्सस्स उक्क० पदे० उदीरेंतो रदिं णिय० तं तु चउट्ठाणपदि० । भय-दुगुंछ० सिया तं तु चउट्ठाणप० । तिण्णिवेद–चदुसंजल० सिया असंखे०गुणही० । एवं रदीए । एवमरदि-सोगाणं ।

सम्यक्त्व और नौ नोकषायोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। इसी प्रकार अप्रत्याख्यान मान आदि तीन कषायोंको मुख्यकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ २१८. प्रत्याख्यान क्रोधकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव क्रोधसंज्वलनका नियमसे उदीरक है। जो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। सम्यक्त्व और नौ नोकषायोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। इसी प्रकार प्रत्याख्यान मान आदि तीन कषायोंकी मुख्यतासे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ २१९. क्रोधसंज्वलनकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव सब प्रकृतियोंका अनुदीरक है। इसी प्रकार मान आदि तीन संज्वलनोंको मुख्यकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ २२०. स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करनेवाला जीव चार संज्वलनोंका कदाचित् उदीरक है और कदाचित् अनुदीरक है। यदि उदीरक है तो उत्कृष्टकी अपेक्षा असंख्यात गुणहीन अनुत्कृष्ट प्रदेश उदीरणा करता है। इसी प्रकार पुरुषवेद और नपुंसकवेदको मुख्यकर सन्निकर्ष जानना चाहिए।

§ ३३८. देवाणं पंचिंदियतिरिक्खभंगो। णवरि णवुंस० णत्थि। इत्थिवे०-पुरिसवे० अवत्त०पदेसुदी० णत्थि। एवं भवणादि जाव सोहम्मा त्ति। एवं सणक्कुमारादि जाव णवगेवज्जा त्ति। णवरि इत्थिवेदो णत्थि। अणुद्दिसादि जाव सव्वट्ठा त्ति सम्मत्त० सव्वत्थोवा अवत्त०पदेसुदीरगा। अवट्ठिदपदेसुदीरगा असंखेज्जगुणा। उवरि ओघं। बारसक०-सत्तणोक० आणदभंगो। एवं सव्वट्ठे। णवरि संखेज्जगुणं कादव्वं। एवं जाव०।

एवं भुजगारउदीरणा समत्ता

§ ३३९. पदणिक्खेवो वड्ढिउदीरणा च चिंतियूण णेदव्वा।

तदो पदेसुदीरणा समत्ता।

एवं विदियगाहापुव्वद्धस्स अत्थपरूवणा समत्ता।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३३७. मनुष्योंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्व, सम्यग्मिथ्यात्व, स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी अपेक्षा अल्पबहुत्व कहते समय असंख्यातगुणेके स्थान-में संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यहाँ सर्वत्र असंख्यातगुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। मनुष्य पर्याप्तकोंमें स्त्रीवेद नहीं है तथा नपुंसकवेदका भंग पुरुषवेदके समान है। मनुष्यिनियोंमें पुरुष-वेद और नपुंसकवेद नहीं है तथा इनमें स्त्रीवेदके अवक्तव्य प्रदेश उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थित प्रदेश उदीरक जीव संख्यातगुणे हैं। शेष अल्पबहुत्व वही है।

§ ३३८. देवोंमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि इनमें नपुंसकवेद नहीं है तथा इनमें स्त्रीवेद और पुरुषवेदके अवक्तव्यप्रदेशउदीरक जीव नहीं हैं। इसी प्रकार भवनवासियोंसे लेकर सौधर्म-ऐशान कल्पतकके देवोंमें जानना चाहिए। इसी प्रकार सनत्कुमार कल्पसे लेकर नौ ग्रैवेयक तकके देवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इनमें स्त्रीवेद नहीं है। अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें सम्यक्त्वके अवक्तव्य प्रदेश उदीरक जीव सबसे स्तोक हैं। उनसे अवस्थित प्रदेश उदीरक जीव असंख्यातगुणे हैं। आगे ओघके समान भंग है। बारह कषाय और सात नोकषायोंका भंग आनत कल्पके समान है। इसी प्रकार सर्वार्थसिद्धिमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि असंख्यात गुणेके स्थानमें संख्यातगुणा करना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए।

इस प्रकार भुजगार प्रदेश उदीरणा समाप्त हुई।

§ ३३९. पदनिक्षेप और वृद्धि प्रदेश उदीरणाको विचार कर जानना चाहिए।

इसके बाद प्रदेश उदीरणा समाप्त हुई।

इस प्रकार दूसरी गाथाके पूर्वार्धकी अर्थप्ररूपणा समाप्त हुई।

§ ३४०. संपहि विदियगाहापच्छिमद्धस्स अत्थविहासा कायव्वा, पत्तावसरत्तादो। सा वुण हेट्ठदो चेव गया त्ति पदुप्पायणट्ठमुत्तरसुत्तमोइण्णं—

*** 'सांतर-णिरंतरो वा कदि वा समया दु बोद्धव्वा' त्ति। एत्थ अंतरं च कालो च हेट्ठदो विहासिया।**

§ ३४१. गयत्थमेदं सुत्तं, 'सांतर–णिरंतरो वा' त्ति एदेण गाहासुत्तावयवेण सूचिदकालंतराणं हेट्ठिमोवरिमसेसाणिओगद्दाराविणाभावीणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसुदीरणासु सवित्थरमणुभग्गियत्तादो। एवं विदियगाहाए अत्थपरूवणं समाणिय संपहि तदियगाहाए जहावसरपत्तमत्थविहासणं कुणमाणो तिस्से वि हेट्ठदो चेव विहासियत्तादो वित्थरपरूवणमुज्झियूण संखेवत्थपरूवणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह—

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** 'बहुगदरं बहुगदरं से काले को णु थोवदरगं वा' त्ति एत्तो भुजगारो कायव्वो।**

§ ३४२. एसा ताव तदियगाहाभुजगारुदीरणाए कथं पडिबद्धा त्ति पुच्छाए णिण्णयो कीरदे। तं जहा—'बहुगदरं बहुगदरं' इच्चेदेण सुत्तावयवेण भुजगारसण्णिदो अवत्थाविसेसो सूचिदो। 'से काले को णु थोवदरगं वा' त्ति एदेण वि अप्पदरसण्णिदो

---

§ ३४०. अब दूसरी गाथाके उत्तरार्धके अर्थके विशेष व्याख्यानका अवसर प्राप्त होनेसे उसका व्याख्यान करना चाहिए। किन्तु उसका विशेष व्याख्यान पहले ही कर आये हैं इस बातका कथन करनेके लिए आगेका सूत्र आया है—

*** 'सांतर-णिरंतरो वा कदि वा समया दु बोद्धव्वा' इस प्रकार इस गाथांशमें सूचित हुए अन्तर और कालका विशेष व्याख्यान पहले ही कर आये हैं।**

§ ३४१. यह सूत्र गतार्थ है, क्योंकि 'सांतर-णिरंतरो वा' इस प्रकार गाथा सूत्रके इस अवयव द्वारा सूचित हुए पिछले और आगे के शेष अनुयोगद्वारोंके अविनाभावी काल और अन्तर अनुयोगद्वारोंका प्रकृति उदीरणा, स्थिति उदीरणा, अनुभाग उदीरणा और प्रदेश उदीरणाके व्याख्यानके समय विस्तारके साथ अनुमार्गण कर आये हैं। इस प्रकार दूसरी गाथाके अर्थका कथन समाप्त कर अब तीसरी गाथाके अवसर प्राप्त अर्थका व्याख्यान करते हुए उसका भी पहले ही व्याख्यान कर आये हैं, इसलिए विस्तार पूर्वक उसके व्याख्यानको छोड़ कर संक्षेपसे अर्थका कथन करनेके लिए आगेका सूत्रप्रबन्ध कहते हैं—

*** 'बहुगदरं बहुगदरं से काले को णु थोवदरगं वा' इस प्रकार इस तीसरी गाथा द्वारा भुजगार उदीरणाका व्याख्यान करना चाहिए।**

§ ३४२. यह तीसरी गाथा भुजगार उदीरणामें किस प्रकार प्रतिबद्ध है ऐसी पृच्छाके होने पर उसका निर्णय करते हैं। यथा—'बहुगदरं बहुगदरं' इस प्रकार इस सूत्रावयव द्वारा भुजगार संज्ञावाली अवस्थाविशेष सूचित की गई है। 'से काले को णु थोवदरगं वा' इस

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

अवत्थाविसेसो सूचिदो। दोण्हमेदेसिं देसामासयभावेणावट्ठिदावत्तव्वसण्णिदाणमवत्थंतराणमेत्थेव संगहो दट्ठव्वो। पुणो 'अणुसमयमुदीरेंतो' इच्चेदेण गाहापच्छद्धेण भुजगारविसयाणं समुक्कित्तणादिअणियोगद्दाराणं देसामासयभावेण कालाणियोगो परूविदो। तदो एवंविहो भुजगारो एत्थ विहासियव्वो त्ति एसो एदस्स सुत्तस्स भावत्थो। सो वुण भुजगारो पयडिभुजगारादिभेदेण चउव्विहो होदि त्ति जाणावणट्ठमाह—

*** पयडिभुजगारो ट्ठिदिभुजगारो अणुभागभुजगारो पदेसभुजगारो।**

§ ३४३. एवमेसो पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसुदीरणाविसयो चउव्विहो भुजगारो एत्थ विहासियव्वो त्ति भणिदं होइ। ण केवलं भुजगारो चेव एत्थ विहासियव्वो, किंतु भुजगारविसेसलक्खणो पदणिक्खेवो, पदणिक्खेवविसेसलक्खणा वड्ढिउदीरणा च विहासियव्वा, तेसिं तत्थेवंतब्भावादो त्ति। एदं च सव्वं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसुदीरणासु जहावसरमेव विहासियं त्ति णेदाणिं तप्पबंधो कीरदे।

*** एवं मग्गणाए कदाए समत्ता गाहा भवदि।**

§ ३४४. सुगममेदं पयदत्थोवसंहारवक्कं। एवं पयदत्थमुवसंहरिय संपहि चउत्थीए गाहाए अत्थविहासणट्ठमुवरिमसुत्तपबंधमोदारइस्सामो—

प्रकार इस द्वारा भी अल्पतर संज्ञावाली अवस्थाविशेष सूचित की गई हैं। इन दोनोंके देशामर्शकभावसे अवस्थित और अवक्तव्य संज्ञावाले अवस्थाविशेषोंका यहीं पर संग्रह कर लेना चाहिए। पुनः 'अणुसमयमुदीरेंतो' इस प्रकार उक्त गाथाके इस उत्तरार्धद्वारा भुजगारविषयक समुत्कीर्तनादि अनुयोगद्वारोंके देशामर्षकरूपसे काल अनुयोगद्वारका कथन किया है। इसलिए इस प्रकार भुजगारका यहाँ पर व्याख्यान करना चाहिए यह इस सूत्रका भावार्थ है। परन्तु वह भुजगार प्रकृति भुजगार आदिके भेदसे चार प्रकारका है यह ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** वह भुजगार चार प्रकारका है—प्रकृतिभुजगार, स्थितिभुजगार, अनुभागभुजगार और प्रदेशभुजगार।**

§ ३४३. इस प्रकार प्रकृतिउदीरणा, स्थितिउदीरणा, अनुभागउदीरणा और प्रदेशउदीरणाको विषय करनेवाले चार प्रकारके उस भुजगारका यहाँ व्याख्यान करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। यहाँ पर केवल भुजगारका ही व्याख्यान नहीं करना चाहिए, किन्तु भुजगारविशेष है लक्षण जिसका ऐसे पदनिक्षपका तथा पदनिक्षेपविशेष हैं लक्षण जिसका ऐसी वृद्धि उदीरणाका व्याख्यान करना चाहिए, क्योंकि उनका उसीमें अर्थात् भुजगारउदीरणामें ही अन्तर्भाव होता है। परन्तु इस सबका प्रकृति उदीरणा, स्थिति उदीरणा, अनुभाग उदीरणा और प्रदेशउदीरणाके समय यथावसर ही व्याख्यान कर आये हैं, इसलिए इस समय उनका विस्तार नहीं करते हैं।

*** इस प्रकार भुजगारका अनुमार्गण करने पर तीसरी गाथाका अर्थ समाप्त होता है।**

§ ३४४. प्रकृत अर्थका उपसंहार करनेवाला यह वाक्य सुगम है। इस प्रकार प्रकृत

जो जं संकामेदि य जं बंधदि जं च जो उदीरेदि ।
तं होइ केण अहियं ट्ठिदि-अणुभागे पदेसग्गे ॥६२॥ त्ति

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३४५. पुव्विल्लेहिं तीहिं गाहासुत्तेहिं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयासु उदयोदीरणासु सवित्थरं विहासिय समत्तासु किमट्ठमेसा चउत्थी गाहा समोइण्णा त्ति ? तासिं चेव उदयोदीरणाणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयाणं बंध-संकम-संतकम्मेहिं सह जहण्णुक्कस्सपदेहिं अप्पाबहुअं परूवणट्ठमेसा गाहा समागदा। तं जहा—

§ ३४६. 'जो जं संकामेदि य' इच्चेदेण सुत्तावयवेण संकमो गहिदो। 'जं बंधदि' त्ति एदेण वि बंधो गहेयव्वो। एदेणेव संतकम्मस्स वि गहणं कायव्वं, बंधस्सेव विदियादिसमएसु संतकम्मत्तवएसोववत्तीदो। 'जं च जो उदीरेदि' त्ति एदेण वि उदयोदीरणाणं दोण्हं पि संगहो कायव्वो, उदीरणाणिद्देसस्स देसामासयत्तादो। एदेसिं च पंचण्हं पदाणं जहण्णुक्कस्सभावविसेसिदाणमेक्कमेक्केण सह अप्पाबहुअं कायव्वमिदि जाणावणट्ठं 'तं केण होइ अहियं' ति भणिदं। एदेसिं च संकमादिपदाणं पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयत्तजाणावणट्ठं 'ट्ठिदि-अणुभागे पदेसग्गे' त्ति विसेसणं। ण च एत्थ

अर्थका उपसंहार करके अब चौथी गाथाके अर्थका व्याख्यान करनेके लिए आगेके सूत्र-प्रबन्धका अवतार करेंगे—

*** जो जीव स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंमें से जिसे संक्रमित करता है, जिसे बाँधता है और जिसे उदीरित करता है वह किससे अधिक होता है ॥६२॥**

§ ३४५. **शंका**—पूर्वकी तीन गाथाओं द्वारा प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक उदय-उदीरणाका विस्तारके साथ व्याख्यान समाप्त होने पर यह चौथी गाथा किसलिए आई है।

समाधान—प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक उन्हीं उदय और उदीरणाके बन्ध, संक्रम और सत्कर्मके साथ जघन्य और उत्कृष्ट विशेषण सहित अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए यह गाथा आई है। यथा—

§ ३४६. उक्त गाथामें आये हुए 'जो जं संकामेदि' इस सूत्रवचन द्वारा संक्रमको ग्रहण किया है। 'जं बंधदि' इस पदद्वारा भी बन्धको ग्रहण करना चाहिए। तथा इसी पदद्वारा सत्कर्मको भी ग्रहण करना चाहिए, क्योंकि बन्धकी ही द्वितीयादि समयोंमें सत्कर्म संज्ञा बन जाती है। 'जं च जो उदीरेदि' इस पद द्वारा भी उदय और उदीरणा इन दोनोंका भी संग्रह करना चाहिए, क्योंकि यहाँ पर उदीरणा पदका निर्देश देशामर्षक है। जघन्य और उत्कृष्ट विशेषण युक्त इन्हीं पाँचों पदोंका एकका एकके साथ अल्पबहुत्व करना चाहिए इस बातका ज्ञान कराने लिए उक्त गाथामें 'तं केण होइ अहियं' यह पद कहा है। तथा ये संक्रमादिक प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक होते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए उक्त गाथामें ट्ठिदि अनुभागे पदेसग्गे' यह विशेषण दिया है। यहाँ पर उक्त पदमें 'प्रकृति' पदका

पयडिणिद्देसो णत्थि त्ति आसंकणिज्जं, ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसाणं तदविणाभावित्तेण तदुवलद्धीदो। तदो पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयबंध-संकम-संतकम्मोदयोदीरणाणं जहण्णुक्कस्सपदप्पाबहुअपरूवणट्ठमेदं गाहासुत्तमोइण्णं ति सिद्धं । णेदमेत्थासंकणिज्जं, वेदगपरूवणाए उदयोदीरणाओ मोत्तूण बंध-संकम-संतकम्माणं परूवणा असंबद्धा त्ति ? किं कारणं ? उदयोदीरणविसयणिण्णयजणणट्ठमेव तेसिं पि परूवणे विरोहाभावादो। विहत्ति-संकम-वेदगाहियारेसु वुत्तसव्वत्थोवसंहारमुहेण चूलियापरूवणट्ठं गाहासुत्तमेदमोइण्णं ति भावत्थो। एवमेदिस्से गाहाए चउत्थीए अत्थं[1] परूविय संपहि एत्थेव णिण्णयजणणट्ठं चुण्णिसुत्ताणुगमं कस्सामो—

चारित्रचक्रवर्ती :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** एदिस्से गाहाए अत्थो—बंधो संतकम्मं उदयोदीरणा संकमो एदेसिं पंचण्हं पदाणं उक्कस्समुक्कस्सेण जहण्णं जहण्णेण अप्पाबहुअं पयडीहिं ट्ठिदीहिं अणुभागेहिं पदेसेहिं ।**

§ ३४७. एत्थ सुत्तत्थसंबंधे कीरमाणे पयडीहिं ट्ठिदीहिं अणुभागेहिं पदेसेहिं य एदेसिं पंचण्हं पदाणमप्पाबहुअमेदिस्से चउत्थीए सुत्तगाहाए अत्थो त्ति पदसंबंधो कायव्वो। तत्थ काणि ताणि पंच पदाणि त्ति वुत्ते 'बंधो संतकम्ममुदयोदीरणा संकमो' निर्देश नहीं किया है ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिए, क्योंकि स्थिति, अनुभाग और प्रदेशके अविनाभावी होनेसे उसका ग्रहण हो जाता है। इसलिए प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक बन्ध, संक्रम, सत्कर्म, उदय और उदीरणाके जघन्य और उत्कृष्ट विशेषणयुक्त अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए यह गाथा सूत्र आया है यह सिद्ध हुआ।

वेदकप्ररूपणामें उदय और उदीरणाके सिवाय बन्ध, संक्रम और सत्कर्मकी प्ररूपणा असम्बद्ध है ऐसी आशंका यहाँ नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उदय और उदीरणाविषयक निर्णयके करनेके लिए ही उनका भी यहाँ कथन करनेमें कोई विरोध नहीं आता। विभक्ति-अधिकार, संक्रम अधिकार और वेदक अधिकारमें जो अर्थ कहा गया है उस सब अर्थके उपसंहार द्वारा चूलिकाका कथन करनेके लिए यह गाथा सूत्र आया है यह उक्त कथनका भावार्थ है। इस प्रकार इस चौथी गाथाके अर्थका कथन करके अब इसी विषयमें निर्णय करनेके लिए चूर्णिसूत्रका अनुगम करेंगे—

*** इस गाथाका अर्थ—बन्ध, सत्कर्म, उदय, उदीरणा और संक्रम इन पाँचों पदोंका प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंका आवलम्बन लेकर उत्कृष्टका उत्कृष्टके साथ और जघन्यका जघन्यके साथ अल्पबहुत्व करना चाहिए ।**

§ ३४७. यहाँ पर सूत्र और अर्थका सम्बन्ध करनेपर प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंकी अपेक्षा इन पाँच पदोंका अल्पबहुत्व करना चाहिए यह इस चौथी सूत्रगाथाका अर्थ है ऐसा यहाँ पदसम्बन्ध करना चाहिए। प्रकृतमें वे पाँच पद कौन हैं ऐसी पृच्छा

१. आ०-ता०प्रत्योः चउत्थाणत्थं इति पाठः।

त्ति तेसिं णामणिद्देसो कओ। कथं तेसिमप्पाबहुअं कायव्वमिदि पुच्छिदे 'उक्कस्सयुक्कस्सेण जहण्णं जहण्णेण' त्ति भणिदं। पयडि-ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसविसयजहण्णुक्कस्सबंध-संकम-संतकम्मोदयोदीरणाणं सत्थाणप्पाबहुअमेत्थ कायव्वमिदि वुत्तं भवदि। तदो एदेसिं च जहाकमं परूवणं कुणमाणो सुत्तयारो पयडीहिं ताव उक्कस्सप्पाबहुअपरूवणट्ठमाह—

*** पयडीहिं उक्कस्सेण जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति ओदिण्णाओ च ताओ थोवाओ।**

§ ३४८. एत्थ 'पयडीहिं' ति णिद्देसो ट्ठिदि-अणुभाग-पदेसवुदासफलो। 'उक्कस्सेण' त्ति णिद्देसो जहण्णपदपडिसेहट्ठो। 'जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति ओदिण्णाओ च ताओ थोवाओ' त्ति वयणमुदयोदीरणपयडीणं समाणभावपदुप्पायणदुवारेण उवरि भणिस्समाणासेसपदेहिंतो थोवभावविहाणफलं। कुदो पुनरासिं थोवभावण्णयो चेव? दससंखावच्छिण्णपमाणत्तादो।

*** जाओ बज्झंति ताओ संखेज्जगुणाओ।**

§ ३४९. कुदो? बावीससंखावच्छिण्णपमाणत्तादो।[1]

होनेपर बन्ध, सत्कर्म, उदय, उदीरणा और संक्रम इस प्रकार उनका नामनिर्देश किया है। उनका अल्पबहुत्व किस प्रकार करना चाहिए ऐसी पृच्छा होनेपर उत्कृष्टका उत्कृष्टके साथ और जघन्यका जघन्यके साथ यह कहा है। प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशविषयक जघन्य और उत्कृष्ट विशेषण युक्त बन्ध, संक्रम, सत्कर्म, उदय और उदीरणाका स्वस्थान अल्पबहुत्व यहाँ पर करना चाहिए यह उक्त कथनका तात्पर्य है। इसलिए इनका क्रमसे कथन करते हुए सूत्रकार प्रकृतियोंकी अपेक्षा सर्व प्रथम उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए सूत्र कहते हैं—

*** प्रकृतियोंकी अपेक्षा जो प्रकृतियाँ उदीरित होती हैं या उदयमें आती हैं वे स्तोक हैं।**

§ ३४८. इस सूत्रमें 'पयडीहिं' पदका निर्देश स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंके निराकरण करनेके लिए किया है। 'उक्कस्सेण' पदका निर्देश जघन्य पदके निराकरण करनेके लिए किया है। 'जाओ पयडीओ उदीरिज्जंति ओदिण्णाओ च ताओ थोवाओ' पदका निर्देश उदय और उदीरणारूप प्रकृतियोंकी समानताके कथनके द्वारा आगे कहे जानेवाले समस्त पदोंसे स्तोकपनेका विधान करनेके लिए किया है।

शंका—इनके स्तोकपनेका निर्णय है ही यह कैसे?

समाधान—क्योंकि इनका दस संख्यारूप परिमितप्रमाण है।

*** जो प्रकृतियाँ बँधती हैं वे उनसे संख्यातगुणी हैं।**

§ ३४९. क्योंकि उनका बाईस संख्यारूप परिमित प्रमाण है।

---

१. मूलप्रतौ मध्ये 'संखाव' इति पाठः त्रुटितः।

*** जाओ संकामिज्जंति ताओ विसेसाहियाओ ।**

§ ३५० कुदो ? सत्तावीसपयडिपमाणत्तादो ।

*** संतकम्मं विसेसाहियं ।**

§ ३५१ कुदो ? अट्ठावीसमोहपयडीणमुक्कस्ससंतकम्मभावेण समुवलंभादो ।

एवं पयडीहि उक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं ।

§ ३५२. संपहि पयडीहि जहण्णप्पाबहुअगवेसणट्ठमाह—

*** जहण्णाओ जाओ पयडीओ बज्झंति संकामिज्जंति उदीरिज्जंति उदिण्णाओ संतकम्मं च एक्का पयडी ।**

§ ३५३. तं जहा—बंधेण ताव जहण्णेण लोहसंजलणसण्णिदा एक्कारचेव पयडी होदि, अणियट्टिम्मि मायासंजलणबंधवोच्छेदे तदुवलंभादो । संकमो वि मायासंजलण-सण्णिदाए एक्किस्से चेव पयडीए होइ, माणसंजलणसंकमवोच्छेदे तदुवलंभादो । उदयोदीरण-संतकम्माणं पि जहण्णभावो अणियट्टि-सुहुमसांपराइएसु घेत्तव्वो । एव-मेदासिं जहण्णबंध-संकम-संतकम्मोदयदीरणाणमेयपयडिपमाणत्तदो णत्थि अप्पाबहुअ-

*** जो प्रकृतियाँ संक्रमित होती हैं वे उनसे विशेष अधिक हैं ।**

§ ३५० क्योंकि वे सत्ताईस प्रकृतिप्रमाण हैं ।

*** उनसे सत्कर्मरूप प्रकृतियाँ विशेष अधिक हैं ।**

§ ३५१. क्योंकि उत्कृष्ट सत्कर्मरूपसे अट्ठाईस मोहप्रकृतियोंकी उपलब्धि होती है ।

इस प्रकार प्रकृतियोंकी अपेक्षा उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

§ ३५२. अब प्रकृतियोंकी अपेक्षा जघन्य अल्पबहुत्वका अनुसन्धान करनेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** जघन्यरूपसे जो प्रकृतियाँ बँधती हैं, संक्रमित होती हैं, उदीरित होती हैं, उदयको प्राप्त होती हैं तथा सत्कर्मरूपमें हैं वह एक प्रकृति है ।**

§ ३५३. खुलासा इस प्रकार है—बन्धकी अपेक्षा तो कमसे कम लोभसंज्वलन संज्ञा-वाली एक ही प्रकृति है, क्योंकि अनिवृत्तिकरणमें मायासंज्वलनकी बन्धव्युच्छित्ति होने पर उसकी उपलब्धि होती है । संक्रमरूप भी मायासंज्वलन संज्ञावाली एक ही प्रकृति है, क्योंकि मानसंज्वलनके संक्रमकी व्युच्छित्ति होने पर उसकी उपलब्धि होती है । उदय, उदीरणा और सत्कर्मका भी जघन्यपना अनिवृत्तिकरण और सूक्ष्मसाम्परायमें ग्रहण करना चाहिए । इस प्रकार इन जघन्य बन्ध, जघन्य संक्रम, जघन्य सत्कर्म, जघन्य उदय और

मिदि जाणाविदमेदेण सुत्तेण ।

एवं जहण्णप्पाबहुए समत्ते पयडिविसयप्पाबहुअं समत्तं ।

§ ३५४. संपहि ट्ठिदिप्पाबहुअपरूवणट्ठमुत्तरसुत्तपबंधमाह—

*** ट्ठिदीहिं उक्कस्सेण जाओ ट्ठिदीओ मिच्छत्तस्स बज्झंति ताओ थोवाओ ।**

§ ३५५. एत्थ ठिदिविसयमप्पाबहुअं भणामि त्ति जाणावणट्ठं 'ट्ठिदीहिं' त्ति णिद्देसो । तत्थ वि जहण्णुक्कस्सभेदेण दुविहप्पाबहुअसंभवे उक्कस्सप्पाबहुअं ताव उच्चदि त्ति पदुप्पायणट्ठमुक्कस्सेणे त्ति णिद्देसो कओ । तं च पयडिपरिवाडिमस्सियूण परूवेमि त्ति जाणावणट्ठं 'मिच्छत्तस्से' त्ति णिद्देसो । तदो मिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ उक्कस्सेण बज्झंति ताओ थोवाओ त्ति सुत्तत्थसंबंधो । किंपमाणाओ मिच्छत्तस्स उक्कस्सेण बज्झमाणट्ठिदीओ ? आबाहूणसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्ताओ । कुदो ? णिसेयट्ठिदीणं चेव विवक्खियत्तादो ।

*** उदीरिज्जंति संकामिज्जंति च विसेसाहियाओ ।**

§ ३५६. मिच्छत्तस्स उक्कस्सेण जाओ ट्ठिदीओ त्ति पुव्वसुत्तादो अणुवट्टदे । तदो मिच्छत्तस्स संकामिज्जमाणोदीरिज्जमाणट्ठिदीओ समाणाओ होदूण पुव्विल्लबज्झमाण-

---

जघन्य उदीरणाके एक प्रकृतिप्रमाण होनेसे अल्पबहुत्व नहीं है इस बातका ज्ञान इस सूत्र द्वारा कराया गया है ।

इस प्रकार जघन्य अल्पबहुत्वके समाप्त होने पर
प्रकृतिविषयक अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

§ ३५४. अब स्थिति अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** स्थितियोंकी अपेक्षा उत्कृष्टरूपसे मिथ्यात्वकी जो स्थितियाँ बँधती हैं वे स्तोक हैं ।**

§ ३५५. यहाँ स्थितिविषयक अल्पबहुत्वको कहते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'ट्ठिदीहिं' पदका निर्देश किया है । उसमें भी जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे दो प्रकारके अल्पबहुत्वके सम्भव होनेपर सर्वप्रथम उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका कथन करते हैं इस बातका कथन करनेके लिए 'उक्कस्सेण' पदका निर्देश किया है । और उसे प्रकृतियोंकी परिपाटीका आश्रय कर कहते हैं इस बातका ज्ञान करानेके लिए 'मिच्छत्तस्स' पदका निर्देश किया है । इसलिए मिथ्यात्वकी जो स्थितियाँ उत्कृष्टरूपसे बँधती हैं वे स्तोक हैं इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है । मिथ्यात्वकी उत्कृष्टरूपसे बध्यमान स्थितियोंका क्या प्रमाण है ? वे आबाधासे न्यून सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण हैं, क्योंकि यहाँ पर निषेकस्थितियाँ ही विवक्षित हैं ।

*** उनसे उदीर्यमाण और संक्रमित होनेवाली स्थितियाँ विशेष अधिक हैं ।**

§ ३५६. 'मिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ' इसकी पूर्व सूत्रसे अनुवृत्ति होती है, इसलिए

ट्ठिदीहिंतो विसेसाहियाओ त्ति सुत्तत्थसंबंधो। कुदो एदासिं विसेसाहियत्तं ? बंधावलियाए उदयावलियाए च ऊणसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो।

*** उदिण्णाओ विसेसाहियाओ।**

§ ३५७. तं कथं ? उदीरिज्जमाणट्ठिदीओ सव्वाओ चेव उदिण्णाओ। पुणो तक्कालवेदिज्जमाणउदयट्ठिदी वि उदिण्णा होइ, पत्तोदयकालत्तादो। तदो एगट्ठिदिमेत्तेण विसेसाहियत्तमेत्थ घेत्तव्वं।

*** संतकम्मं विसेसाहियं।** श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३५८. कुदो ? संपुण्णसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिपमाणत्तादो। केत्तियमेत्तो विसेसो ? समयूणदोआवलियमेत्तो, बंधावलियाए सह समयूणुदयावलियाए एत्थ पवेसुवलंभादो।

*** एवं सोलसकसायाणं।**

§ ३५९. सुगममेदमप्पणासुत्तं, अप्पाबहुआलावकयविसेसाभावणिबंधणत्तादो।

*** सम्मत्तस्स उक्कस्सेण जाओ ट्ठिदीओ संकामिज्जंति उदीरिज्जंति च ताओ थोवाओ।**

मिथ्यात्वकी संक्रमित होनेवाली और उदीरित होनेवाली स्थितियाँ समाप्त होकर पूर्वकी बध्यमान स्थितियोंसे विशेष अधिक हैं इस प्रकार सूत्रका अर्थके साथ सम्बन्ध है।

शंका—इनका विशेषाधिकपना किस कारणसे है ?

समाधान—क्योंकि ये क्रमसे बन्धावलि और उदयावलिसे न्यून सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण हैं।

*** उनसे उदयरूप स्थितियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ ३५७. यह कैसे ? क्योंकि उदीर्यमाण सभी स्थितियाँ उदयरूप हैं। तथा तत्काल वेद्यमान स्थिति भी उदयरूप है, क्योंकि उसका उदयकाल प्राप्त है। इसलिए उदीर्यमाण स्थितियोंसे उदयरूप स्थितियाँ एक स्थितिमात्र विशेष अधिक हैं ऐसा यहाँ ग्रहण करना चाहिए।

*** उनसे सत्कर्म विशेष अधिक है।**

§ ३५८. क्योंकि सत्कर्मरूप स्थितियोंका प्रमाण पूरा सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपम है।

शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक समय कम दो आवलिप्रमाण है, क्योंकि बन्धावलिके साथ एक समय कम उदयावलिका यहाँ प्रवेश उपलब्ध होता है।

*** इसी प्रकार सोलह कषायोंके विषयमें जानना चाहिए।**

§ ३५९. यह अर्पणासूत्र सुगम है, क्योंकि अल्पबहुत्व आलापकृत विशेषभाव इसका कारण है।

*** सम्यक्त्वकी उत्कृष्टरूपसे जो स्थितियाँ संक्रमित होती हैं और उदीरित होती हैं वे स्तोक हैं।**

§ ३६०. मिच्छत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधिय अंतोमुहुत्तपडिभग्गेण वेदगसम्मत्ते पडिवण्णे सम्मत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिसंतकम्ममंतोमुहुत्तूणसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिमेत्तं होइ। पुणो तं संतकम्मं सम्माइट्ठिविदियसमए उदयावलियबाहिरादो ओकड्डियूण वेदयाणस्स उक्कस्सट्ठिदिउदीरणा उक्कस्सट्ठिदिसंकमो च होदि। तेण कारणेणंतोमुहुत्तूणसत्तरिसागरो-

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

वमकोडाकोडीओ आवलियूणाओ सम्मत्तस्स संकामिज्जमाणोदीरिज्जमाणट्ठिदीओ होंति त्ति थोवाओ जादाओ।

*** उदिण्णाओ विसेसाहियाओ।**

§ ३६१. केत्तियमेत्तो विसेसो? एगट्ठिदिमेत्तो। किं कारणं? तक्कालवेदिज्जमाणुदयट्ठिदीए वि एत्थंतब्भावदंसणादो।

*** संतकम्मं विसेसाहियं।**

§ ३६२. केत्तियमेत्तो विसेसो? संपुण्णावलियमेत्तो। किं कारणं? सम्माइट्ठिपढमसमए गलिदेगट्ठिदीए सह समयूणुदयावलियाए एत्थ पवेसुवलंभादो।

*** सम्मामिच्छत्तस्स जाओ ट्ठिदीओ उदीरिज्जंति ताओ थोवाओ।**

---

§ ३६०. मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध कर अन्तर्मुहूर्तमें प्रतिभग्न हुए जीवके वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होनेपर सम्यक्त्वका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म अन्तर्मुहूर्त कम सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण होता है। पुनः उस सत्कर्मका सम्यग्दृष्टिके दूसरे समयमें उदयावलिके बाहरसे अपकर्षण कर वेदन करनेवाले जीवके उत्कृष्ट स्थिति उदीरणा और उत्कृष्ट स्थिति संक्रम होता है। इस कारण अन्तर्मुहूर्त कम सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपममेंसे एक आवलिकम सब स्थितियाँ सम्यक्त्वकी संक्रमित होनेवाली और उदीर्यमाण स्थितियाँ होती हैं, इसलिए वे स्तोक हैं।

*** उनसे उदयरूप स्थितियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ ३६१. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि तत्काल वेद्यमान उदय स्थितिका भी यहाँ पर अन्तर्भाव देखा जाता है।

*** उनसे सत्कर्म विशेष अधिक है।**

§ ३६२. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है?

समाधान—सम्पूर्ण आवलिमात्र है, क्योंकि सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयमें गलित हुई एक स्थितिके साथ एक समय कम उदयावलिका यहाँ प्रवेश देखा जाता है।

विशेषार्थ—तात्पर्य यह है कि जो मिथ्यात्वकी अन्तर्मुहूर्तकम उत्कृष्ट स्थितिके साथ वेदकसम्यक्त्वको प्राप्त होता है उसके सम्यक्त्वको प्राप्त करनेके प्रथम समयमें पूर्वमें कहे अनुसार स्थितियाँ उदीरित होती हैं वे स्तोक हैं।

*** सम्यग्मिथ्यात्वकी जो स्थितियाँ उदीरित होती हैं वे स्तोक हैं।**

§ ३६३. किंपमाणाओ ताओ ? दोहिं अंतोमुहुत्तेहिं उदयावलियाए च ऊणसत्तरिसागरोवमकोडाकोडिपमाणाओ। तं कथं ? मिच्छत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिं बंधियूणंतोमुहुत्तपडिभग्गो सव्वलहुं सम्मत्तं घेत्तूण सम्मामिच्छत्तस्स उक्कस्सट्ठिदिसंतकम्ममुप्पाइय पुणो सव्वजहण्णेणंतोमुहुत्तेण सम्मामिच्छत्तमुवणमिय तं संतकम्ममुदयावलियबाहिरमुदीरेदि त्ति एदेण कारणेणाणंतरणिद्दिट्ठपमाणाओ होदूण थोवाओ जादाओ।

*** उदिण्णाओ ट्ठिदीओ विसेसाहियाओ।**

§ ३६४. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो। कुदो ? तक्कालवेदिज्जमाणुदयट्ठिदीए वि एत्थंतब्भूदत्तादो।

*** संकामिज्जंति ट्ठिदीओ विसेसाहियाओ।**

§ ३६५. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अंतोमुहुत्तमेत्तो। कुदो ? मिच्छत्तुक्कस्सट्ठिदिं बंधियूण सम्मत्तं पडिवण्णविदियसमए चेव सम्मामिच्छत्तस्सुक्कस्सट्ठिदिसंकमावलंबणादो।

*** संतकम्मट्ठिदीओ विसेसाहियाओ।**

§ ३६६. केत्तियमेत्तो विसेसो ? संपुण्णावलियमेत्तो। कुदो ? सम्माइट्ठिपढमसमए

---

§ ३६३. **शंका**—उनका प्रमाण क्या है ?

समाधान—दो अन्तर्मुहूर्त और उदयावलि कम सत्तर कोड़ाकोड़ी सागरोपमप्रमाण है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धकर अन्तर्मुहूर्तमें प्रतिभग्न हुआ जो जीव अतिशीघ्र सम्यक्त्वको ग्रहण करनेके साथ सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मको उत्पन्नकर पुनः सबसे जघन्य अन्तर्मुहूर्त कालके बाद सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्तकर उदयावलिके बाहर स्थित उस सत्कर्मकी उदीरणा करता है उस जीवके इस कारण वे उदीर्यमाण स्थितियाँ अनन्तर निर्दिष्ट प्रमाण होनेसे सबसे स्तोक हैं।

*** उनसे उदयरूप स्थितियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ ३६४. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि तत्काल वेद्यमान उदयस्थितिकी इन स्थितियोंमें सम्मिलित है।

*** उनसे संक्रमित होनेवाली स्थितियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ ३६५. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अन्तर्मुहूर्तमात्र है, क्योंकि मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिको बाँधकर सम्यक्त्वको प्राप्त होनेके दूसरे समयमें ही सम्यग्मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितियोंके संक्रमका यहाँ अवलम्बन है।

*** उनसे सत्कर्मस्थितियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ ३६६. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

चेव उक्कस्सट्ठिदिसंतकम्मावलंबणादो ।

*** णवणोकसायाणं जाओ ट्ठिदीओ बज्झंति, ताओ थोवाओ ।**

§ ३६७. कुदो ? आबाहूणसगसगुक्कस्सट्ठिदिबंधपमाणत्तादो ।

*** उदीरिज्जंति संकामिज्जंति य संखेज्जगुणाओ ।**

§ ३६८. कुदो ? सव्वासिं बंध-संकमणावलियाहिं उदयावलियाए च परिहीण-चत्तालीससागरोवमकोडाकोडीमेत्तट्ठिदीणं संकामिज्जमाणोदीरिज्जमाणाणमुवलंभादो ।

*** उदिण्णाओ विसेसाहियाओ ।**

§ ३६९. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो महाराज

*** संतकम्मट्ठिदीओ विसेसाहियाओ ।**

§ ३७०. केत्तियमेत्तो विसेसो ? समयूणदोआवलियमेत्तो । किं कारणं ? समयूणुदयावलियाए सह संकमणावलियाए एत्थ पवेसुवलंभादो ।

एवमुक्कस्सट्ठिदिअप्पाबहुअं समत्तं ।

समाधान—सम्पूर्ण आवलिमात्र है, क्योंकि सम्यग्दृष्टिके प्रथम समयमें ही उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्मका यहाँ अवलम्बन है ।

विशेषार्थ—उदयावलिप्रमाण स्थितियोंका संक्रम नहीं होता, किन्तु सत्कर्मस्थितियोंमें उनका अन्तर्भाव हो जाता है । इसलिए यहाँ संक्रमित होनेवाली स्थितियोंसे सत्कर्मरूप स्थितियाँ आवलिमात्र अधिक कही हैं ।

*** नौ नोकषायोंकी जो स्थितियाँ बँधती हैं वे स्तोक हैं ।**

§ ३६७. क्योंकि वे आबाधा कम अपने-अपने उत्कृष्ट स्थितिबन्धप्रमाण हैं ।

*** उनसे उदीर्यमाण और संक्रमित होनेवाली स्थितियाँ संख्यातगुणी हैं ।**

§ ३६८. क्योंकि बंधावलि, संक्रमणावलि और उदयावलिसे न्यून चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम प्रमाण सम्पूर्ण स्थितियाँ संक्रमित होती हुई और उदीरित होती हुई उपलब्ध होती हैं ।

*** उनसे उदयरूप स्थितियाँ विशेष अधिक हैं ।**

§ ३६९. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है ।

*** उनसे सत्कर्म स्थितियाँ विशेष अधिक हैं ।**

§ ३७०. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ।

समाधान—एक समय कम दो आवलिप्रमाण है, क्योंकि एक समय कम उदयावलिके साथ संक्रमणावलिका इनमें प्रवेश उपलब्ध होता है ।

विशेषार्थ—सोलह कषायोंका उत्कृष्ट स्थितिबन्ध होकर बन्धावलिके बाद उनकी उदयावलिप्रमाण स्थितियोंको छोड़ कर अन्य सब स्थितियोंका नौ नोकषायरूप संक्रम होने पर नौ नोकषायोंका उत्कृष्ट स्थितिसत्कर्म एक आवलि कम चालीस कोड़ाकोड़ी सागरोपम पाया जाता है । यही बात यहाँ अल्पबहुत्वके प्रसंगसे बतलाई गई है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्थिति अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३७१. संपहि जहण्णट्ठिदिअप्पाबहुअपरूवणट्ठमाह—

*** जहण्णेण मिच्छत्तस्स एगा ट्ठिदी उदीरिज्जदि उदयो संतकम्मं च ।**

§ ३७२. तं जहा—उदीरणा ताव पढमसम्मत्ताहिमुहमिच्छाइट्ठिस्स समयाहियावलियमेत्तमिच्छत्तपढमट्ठिदीए सेसाए एगट्ठिदिमेत्ता होदूण जहण्णिया होइ। उदयो वि तस्सेवावलियपविट्ठपढमट्ठिदियस्स जहण्णओ होइ। संतकम्मं पुण दंसणमोहक्खवगस्स एगट्ठिदी दुसमयकालमेत्तमिच्छत्तट्ठिदिसंतकम्मं घेत्तूण जहण्णयं होइ। तदो मिच्छत्तस्स जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा उदयो संतकम्मं च एगट्ठिदिमेत्तपि होदूण थोवाणि जादाणि।

*** जट्ठिदिउदयो च तत्तियो चेव ।**

§ ३७३. किं कारणं ? मिच्छत्तपढमट्ठिदीए आवलियपविट्ठाए आवलियमेत्तकालं जहण्णओ ट्ठिदिउदओ होइ। तत्थ जट्ठिदिउदयो वि तत्तियो चेव, तम्हा जट्ठिदिउदयो तत्तियो चेवे त्ति भणिदं।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

---

§ ३७१. अब जघन्य स्थिति अल्पबहुत्वका कथन करनेके लिए कहते हैं—

*** जघन्यरूपसे मिथ्यात्वकी एक स्थिति प्रमाण उदीरणा है, उदय है और सत्कर्म है ।**

§ ३७२. **यथा**—उदीरणा तो प्रथम सम्यक्त्वके अभिमुख हुए मिथ्यादृष्टिके एक समय अधिक आवलिमात्र मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके शेष रहने पर एक स्थितिमात्र हो कर जघन्य होती है। उदय भी आवलि प्रविष्ट प्रथम स्थितिवाले उसी जीवके जघन्य होता है। तथा सत्कर्म भी दर्शनमोह-क्षपक मिथ्यादृष्टि जीवके दो समयप्रमाण एक स्थिति सत्कर्मको ग्रहण कर एक स्थितिरूप जघन्य होता है। इसलिए मिथ्यात्वकी जघन्य स्थिति उदीरणा, जघन्य स्थिति उदय और जघन्य स्थिति सत्कर्म एक स्थितिमात्र होकर सबसे स्तोक होते हैं।

विशेषार्थ—जो जीव दर्शनमोहनीयकी उपशमना कर रहा है उसके मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थितियोंके शेष रहने पर उदयावलिके बाहरकी एक स्थितिकी उदीरणा होने पर उदीरणा एक स्थितिप्रमाण होती है। उसीके उदयावलिमें प्रवेश करने पर प्रत्येक समयमें एक आवलिकाल तक मिथ्यात्वकी एक स्थितिका उदय होता है। तथा जिस दर्शनमोहनीयके क्षपकके मिथ्यात्वकी दो समयप्रमाण एक स्थिति शेष रहती है उसके मिथ्यात्वकी एक स्थितिका सत्त्व होता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

*** यत्स्थिति उदय उतना ही है ।**

§ ३७३. क्योंकि मिथ्यात्वकी प्रथम स्थितिके आवलिके भीतर प्रविष्ट होनेपर आवलिप्रमाण काल तक जघन्य स्थिति उदय होता है। वहाँपर यत्स्थिति उदय भी उतना ही है, इसलिए यत्स्थिति उदय उतना ही है यह कहा है।

*** उससे यत्स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ ३७४. किं कारणं ? एगट्ठिदीदो दुसमयकालट्ठिदीए दुगुणत्तुवलंभादो ।

*** जट्ठिदिउदीरणा असंखेज्जगुणा ।**

§ ३७५ कुदो ? समयाहियावलियपमाणत्तादो ।

*** जहण्णओ ट्ठिदिसंतकम्मो असंखेज्जगुणो ।**

§ ३७६. कुदो ? पलिदो० असंखे०भागपमाणत्तादो ।

*** जहण्णओ ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ।**

§ ३७७ किं कारणं ? सव्वविसुद्धबादरेइंदियपज्जत्तस्स पलिदोवमासंखेज्जभागपरिहीणसागरोवममेत्तजहण्णट्ठिदिबंधग्गहणादो ।

*** सम्मत्तस्स जहण्णगं ट्ठिदिसंतकम्मं संकमो उदीरणा उदयो च एगा विट्ठी ।**

---

§ ३७४. क्योंकि एक स्थितिसे दो समयकालवाली स्थिति दुगुनी उपलब्ध होती है ।

*** उससे यत्स्थितिउदीरणा असंख्यातगुणी है ।**

§ ३७५. क्योंकि वह एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण है ।

विशेषार्थ—यहाँ पर मिथ्यात्वका जघन्य स्थितिउदय और जघन्य यत्स्थितिउदय ये दोनों एक ही हैं, क्योंकि यहाँ पर जो उदयरूप निषेक है उसकी कालकी अपेक्षा स्थिति भी एक ही समयप्रमाण है, इसलिए प्रकृतमें जघन्य यत्स्थिति उदयको पूर्वोक्त जघन्य स्थिति उदीरणा आदिके समान कहा है । मात्र जघन्य स्थितिसत्कर्मका निषेक तो एक है और उसकी कालकी अपेक्षा स्थिति दो समय है, इसलिए प्रकृतमें यत्स्थितिउदयसे यत्स्थितिसत्कर्मको संख्यातगुणा कहा है । इसी प्रकार जघन्य स्थिति उदीरणा एक निषेकप्रमाण है और उसकी कालकी अपेक्षा स्थिति एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण है, इसलिए प्रकृतमें जघन्य यत्स्थितिसत्कर्मसे जघन्य यत्स्थितिउदीरणा असंख्यातगुणी कही है। यहाँ सर्वत्र यत्स्थितिपदसे निषेकस्थितिको ग्रहण न कर यथास्थान विवक्षित निषेकोंकी कालकी अपेक्षा स्थिति ली गई है।

*** उससे जघन्य स्थितिसत्कर्म असंख्यातगुणा है ।**

§ ३७६. क्योंकि वह पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ।**

§ ३७७. क्योंकि सर्व विशुद्ध बादर एकेन्द्रिय पर्याप्त जीवके पल्योपमके असंख्यातवें भागहीन सागरोपमप्रमाण जघन्य स्थितिबन्धका यहाँ पर ग्रहण किया है ।

विशेषार्थ—यहाँ पर जघन्य स्थितिसत्कर्मसे दर्शनमोहनीयकी क्षपणाके समय मिथ्यात्वका जो जघन्य स्थितिसत्कर्म प्राप्त होता है उसका ग्रहण किया गया है। जघन्य स्थितिबन्धका स्पष्टीकरण मूलमें किया ही है ।

*** सम्यक्त्वका जघन्य स्थितिसत्कर्म, संक्रम, उदीरणा और उदय एक स्थितिप्रमाण है ।**

§ ३७८. तं जहा—कदकरणिज्जचरिमसमये सम्मत्तस्स जहण्णट्ठिदिसंतकम्ममेगट्ठिदिमेत्तमुवलब्भदे। जहण्णट्ठिदिउदयो वि तत्थेव गहेयव्वो। अथवा कदकरणिज्जचरिमावलियाए सव्वत्थेव जहण्णट्ठिदिउदयो व समुवलब्भदे, तेत्तियमेत्तकालमेक्किस्सेव ट्ठिदीए उदयदंसणादो। पुणो कदकरणिज्जस्स समयाहियावलियाए ट्ठिदिउदीरणा जहण्णिया होइ, एगट्ठिदिविसयत्तादो। संकमो वि तत्थेव गहेयव्वो। एवमेदेसिमेगट्ठिदिपमाणत्तादो थोवत्तमिदि सिद्धं।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं जट्ठिदिउदयो च तत्तियो चेव।**

§ ३७९. कुदो? कदकरणिज्जचरिमसमए तेसिं पि एगट्ठिदिपमाणत्तदंसणादो।

*** सेसाणि जट्ठिदिगाणि असंखेज्जगुणाणि।**

§ ३८०. कुदो? समयाहियावलियपमाणत्तादो।

---

§ ३७८. यथा—कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके अन्तिम समयमें सम्यक्त्वका जघन्य स्थितिसत्कर्म एकस्थितिमात्र उपलब्ध होता है। जघन्य स्थितिउदय भी वहीं पर ग्रहण करना चाहिए। अथवा कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिकी अन्तिम आवलिमें सर्वत्र ही जघन्य स्थिति उदय उपलब्ध होता है, क्योंकि उतने काल तक एक ही स्थितिका उदय देखा जाता है। तथा कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके सम्यक्त्वकी एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थितिके शेष रहनेपर स्थिति उदीरणा जघन्य होती है, क्योंकि प्रकृतमें जघन्य स्थितिउदीरणा एक उदयावलिके बाहरकी एक स्थितिकी ही होती है। संक्रमको भी वहीं पर ग्रहण करना चाहिए। इस प्रकार इन सबके एक स्थितिप्रमाण होनेसे स्तोकपना है यह सिद्ध हुआ।

विशेषार्थ—कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके जब सम्यक्त्वकी अन्तिम आवलिप्रमाण स्थिति शेष रहती है तब उसके प्रत्येक समयमें एक आवलि काल तक उदयस्वरूप एक ही स्थितिका उदय होता है, इसलिए यहाँ जघन्य स्थिति उदयको प्रकारान्तरसे एक स्थितिप्रमाण कहा है। शेष कथन सुगम है।

*** यत्स्थितिसत्कर्म और यत्स्थितिउदय उतना ही है।**

§ ३७९. क्योंकि कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके अन्तिम समयमें ये दोनों भी एक स्थितिप्रमाण देखे जाते हैं।

विशेषार्थ—पूर्वमें मिथ्यात्वके जघन्य यत्स्थितिउदयका जिस प्रकार स्पष्टीकरण किया है उसी प्रकार यहाँ पर इन दोनोंका स्पष्टीकरण कर लेना चाहिए।

*** उनसे शेष यत्स्थितिक असंख्यातगुणे हैं।**

§ ३८०. क्योंकि वे समयाधिक एक आवलिप्रमाण हैं।

विशेषार्थ—यहाँ पर 'शेष' पदसे यत्स्थितिउदीरणा, और यत्स्थितिसंक्रम लिया गया प्रतीत होता है, क्योंकि कृतकृत्यवेदक सम्यग्दृष्टिके एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण स्थितिके शेष रहनेपर जिस उपरितन स्थितिकी उदीरणा होती है, वह अपकर्षणपूर्वक होती है और अपकर्षण संक्रमका एक भेद है, इसलिए यत्स्थितिसंक्रम भी उतना ही जानना चाहिए।

*** सम्मामिच्छत्तस्स जहण्णयं ट्ठिदिसंतकम्मं थोवं ।**

§ ३८१ कुदो ? एगट्ठिदिपमाणत्तादो ।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

मार्गदर्शक :- आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज

§ ३८२ कुदो ? पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागमेत्तकालट्ठिदिपमाणत्तादो ।

*** जहण्णओ ट्ठिदिसंकमो असंखेज्जगुणो ।**

§ ३८३. कुदो ? पलिदोवमासंखेज्जभागपमाणत्तादो ।

*** जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा असंखेज्जगुणा ।**

§ ३८४. कुदो ? देसूणसागरोवमपमाणत्तादो ।

*** जहण्णओ ट्ठिदिउदओ विसेसाहिओ ।**

§ ३८५. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो । किं कारणं ? उदयट्ठिदीए वि एत्थ पवेसदंसणादो ।

*** सम्यग्मिथ्यात्वका जघन्य स्थितिसत्कर्म स्तोक है ।**

§ ३८१. क्योंकि वह एक स्थितिप्रमाण है ।

*** उससे यत्स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ ३८२. क्योंकि वह दो समय कालस्थितिप्रमाण है ।

विशेषार्थ—सम्यग्मिथ्यात्वकी क्षपणाके समय जब उसकी दो समय कालवाली एक निषेक स्थिति शेष रहती है तब इन दोनोंका यह अल्पबहुत्व बन जाता है ।

*** उससे जघन्य स्थितिसंक्रम असंख्यातगुणा है ।**

§ ३८३. क्योंकि वह पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थिति उदीरणा असंख्यातगुणी है ।**

§ ३८४. क्योंकि वह कुछ कम एक सागरोपमप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थिति उदय विशेष अधिक है ।**

§ ३८५. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि उदय स्थितिका भी इसमें प्रवेश देखा जाता है ।

विशेषार्थ—जघन्य स्थितिसंक्रम सम्यग्मिथ्यात्वकी क्षपणाके समय यथास्थान होता है जो पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है, इसलिए इसे यत्स्थितिसत्कर्मसे असंख्यातगुणा बतलाया है । जघन्य स्थिति उदीरणा वेदक प्रायोग्य जघन्य स्थिति सत्कर्मवाले मिथ्यादृष्टि जीवके सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त करनेके बाद उसके अन्तिम समयमें होती है । इसका प्रमाण कुछ कम एक सागरोपम है, इसलिए इसे जघन्य स्थितिसंक्रमसे असंख्यातगुणा बतलाया है । तथा इसमें उदयस्थितिके मिला देनेपर उससे जघन्य स्थिति उदय विशेष अधिक हो जानेसे उससे विशेष अधिक कहा है । इस प्रकार यहाँ तक स्थिति अल्पबहुत्वका जो स्पष्टीकरण किया उसी प्रकार आगे भी कर लेना चाहिए । जहाँ कहीं विशेष वक्तव्य होगा उसका अवश्य ही स्पष्टीकरण करेंगे ।

*** बारसकसायाणं जहण्णयं ट्ठिदिसंतकम्मं थोवं ।**

§ ३८६. कुदो ? एगट्ठिदिपमाणत्तादो ।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

§ ३८७ कुदो ? दुसमयकालट्ठिदिपमाणत्तादो ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिसंकमो असंखेज्जगुणो ।**

§ ३८८. कुदो ? पलिदोवमासंखेज्जभागपमाणत्तादो ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ३८९. किं कारणं ? सव्वविसुद्धबादरेइंदियजहण्णट्ठिदिबंधस्स गहणादो ।

*** जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा विसेसाहिया ।**

§ ३९० कुदो ? सव्वविसुद्धबदिरेइंदियस्स जहण्णट्ठिदिबंधादो विसेसाहियहदसमुप्पत्तियजहण्णट्ठिदिसंतकम्मविसयत्तेण पडिलद्धजहण्णभावत्तादो ।

*** जहण्णगो ठिदिउदयो विसेसाहियो ।**

§ ३९१. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो । कुदो ? उदयट्ठिदीए वि एत्थंतब्भावदंसणादो ।

*** तिण्हं संजलणाणं जहण्णिया ठिदिउदीरणा थोवा ।**

*** बारह कषायोंका जघन्य स्थितिसत्कर्म स्तोक है ।**

§ ३८६. क्योंकि उसका प्रमाण एक स्थिति है ।

*** उससे यत्स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ ३८७. क्योंकि वह दो समय कालस्थितिप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थितिसंक्रम असंख्यातगुणा है ।**

§ ३८८. क्योंकि वह पल्योपमके असंख्यातवें भागप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ।**

§ ३८९. क्योंकि सर्व विशुद्ध बादर एकेन्द्रियके जघन्य स्थितिबन्धका ग्रहण किया है ।

*** उससे जघन्य स्थिति उदीरणा विशेष अधिक है ।**

§ ३९०. क्योंकि सर्व विशुद्ध बादर एकेन्द्रियके जघन्य स्थितिबन्धसे विशेष अधिक हतसमुत्पत्तिक जघन्य स्थिति सत्कर्म इसका विषय है । वह यहाँ जघन्यपनेको प्राप्त है ।

*** उससे जघन्य स्थिति उदय विशेष अधिक है ।**

§ ३९१. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि उदयस्थितिका भी यहाँ अन्तर्भाव देखा जाता है ।

*** तीन संज्वलनोंकी जघन्य स्थिति उदीरणा स्तोक है ।**

§ ३९२. किं कारणं ? एगट्ठिदिपमाणत्तादो ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिउदयो संखेज्जगुणो ।**

§ ३९३. कुदो ? दोट्ठिदिपमाणत्तादो । णेदमसिद्धं, तम्मि चेव विसए उदयट्ठिदीए सह उदीरिज्जमाणट्ठिदीए जहण्णोदयभावेण विवक्खियत्तादो ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** जट्ठिदिउदयो जट्ठिदिउदीरणा च असंखेज्जगुणो ।**

§ ३९४. कुदो ? समयाहियावलियपमाणत्तादो ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिबंधो ठिदिसंकमो ठिदिसंतकम्मं च संखेज्जगुणाणि ।**

§ ३९५. कुदो ? आबाहूणवेमास-मास-पक्खपमाणत्तादो । किमट्ठमाबाहाए ऊणत्तमेत्थ कीरदे ? ण, जहण्णबंध-संकम-संतकम्माणं णिसेयपहाणत्तावलंबणादो ।

*** जट्ठिदिसंकमो विसेसाहियो ।**

§ ३९६. केत्तियमेत्तो विसेसो ? अंतोमुहुत्तमेत्तो । कुदो ? समयूणदोआवलियाहिं परिहीणजहण्णाबाहाए एत्थ पवेसदंसणादो । तं जहा—कोहसंजलणादीणं चरिमसमयणवकबंधं बंधावलियादिक्कंतं संकमणावलियचरिमसमए संकामेमाणस्स जट्ठिदिसंकमो

---

§ ३९२. क्योंकि वह एक स्थितिप्रमाण है ।

*** उससे जघन्य स्थितिउदय संख्यातगुणा है ।**

§ ३९३. क्योंकि वह दो स्थितिप्रमाण है । यह असिद्ध नहीं है, क्योंकि उसी स्थल पर उदय स्थितिके साथ उदीर्यमाण स्थिति जघन्य उदयरूपसे विवक्षित है ।

*** उससे यत्स्थिति उदय और यत्स्थितिउदीरणा असंख्यातगुणी है ।**

§ ३९४. क्योंकि वह एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण है ।

*** उनसे जघन्य स्थितिबन्ध, स्थितिसंक्रम और स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणे है ।**

§ ३९५. क्योंकि वे क्रमसे आबाधा कम दो माह, एक माह और एक पक्षप्रमाण हैं ।

शंका—यहाँ पर आबाधासे कम क्यों किया जाता है ?

समाधान—नहीं, क्योंकि जघन्य स्थितिबन्ध, जघन्य स्थितिसंक्रम और जघन्य स्थितिसत्कर्म इनके निषेकप्रधानपनेका अवलम्बन है ।

*** उनसे यत्स्थितिसंक्रम विशेष अधिक है ।**

§ ३९६. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—अन्तर्मुहूर्तमात्र है, क्योंकि एक समय कम दो आवलिसे न्यून जघन्य आबाधाका यहाँ प्रवेश देखा जाता है । यथा—क्रोध संज्वलन आदिके अन्तिम समयसम्बन्धी नवकबन्धका बन्धावलिके बाद संक्रमणावलिके अन्तिम समयमें संक्रमण करनेवाले जीवके यत्स्थितिसंक्रम जघन्य होता है । इस कारणसे जघन्य आबाधामेंसे एक समय कम दो

जहण्णो होदि। एदेण कारणेण जहण्णाबाहाए समयूणदोआवलियाणमवणयणं कादूण अवणिदसेसमेत्तेण विसेसाहियत्तमेत्थ दट्ठव्वमिदि सिद्धं।

* जट्ठिदिसंतकम्मं विसेसाहियं।

§ ३९७. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो। किं कारणं ? संकमणावलियाए चरिमसमयम्मि जट्ठिदिसंकमो जहण्णो जादो। जट्ठिदिसंतकम्मं पुण तत्तो हेट्ठिमाणंतरसमए वट्टमाणस्स जहण्णं होइ। तेण कारणेण संकमणावलियाए दुचरिमसमयप्पवेसेण विसेसाहियत्तमेत्थ गहेयव्वं।

* जट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ।

§ ३९८. केत्तियमेत्तो विसेसो ? दुसमयूणदोआवलियमेत्तो। किं कारणं ? संपुण्णाबाहाए सह जट्ठिदिबंधस्स जहण्णभावदंसणादो।

* लोहसंजलस्स जहण्णट्ठिदिसंकमो संतकम्ममुदयोदीरणा च तुल्ला थोवा।

§ ३९९. कुदो ? सव्वेसिमेगट्ठिदियमाणत्तादो। तं कथं ? सुहुमसांपराइयस्स समयाहियावलियाए ट्ठिदिसंकमो ट्ठिदिउदीरणा च जहण्णिया होइ। तस्सेव चरिमसमए ट्ठिदि-

---

आवलियोंको कम करनेसे शेष बचा आबाधा काल यहाँ अधिक जानना चाहिए यह सिद्ध हुआ।

* उससे यत्स्थितिसत्कर्म विशेष अधिक है।

§ ३९७. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि संक्रमणावलिके अन्तिम समयमें यत्स्थितिसंक्रम जघन्य हुआ है। किन्तु यत्स्थितिसत्कर्म उससे अनन्तर पूर्व समयमें वर्तमान जीवके जघन्य होता है। इस कारण संक्रमणावलिके द्विचरम समयका प्रवेश हो जानेके कारण यहाँ विशेष अधिकपना ग्रहण करना चाहिए।

* उससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।

§ ३९८. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—दो समय कम दो आवलिप्रमाण है, क्योंकि सम्पूर्ण आबाधाके साथ यत्स्थितिबन्धका जघन्यपना देखा जाता है।

* लोभसंज्वलनका जघन्य स्थिति संक्रम, सत्कर्म, उदय और उदीरणा ये परस्पर तुल्य होकर स्तोक हैं।

§ ३९९. क्योंकि ये सब एक स्थितिप्रमाण है।

शंका—वह कैसे ?

समाधान—सूक्ष्मसाम्परायिक जीवके एक समय अधिक एक आवलि प्रमाण कालके

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

संतकम्मसमुदयो च जहण्णभाव पाडवज्जदे। तदो सव्वेसमयट्ठिदिपमाणत्तादो थोवत्तमिदि सिद्धं।

*** जट्ठिदिउदयो जट्ठिदिसंतकम्मं च तत्तियं चेव।**

§ ४००. किं कारणं ? उहयत्थ जहण्णट्ठिदीदो जट्ठिदीए भेदाणुवलंभादो।

*** जट्ठिदिउदीरणा संकमो च असंखेज्जगुणा।**

§ ४०१ कुदो ? समयाहियावलियपमाणत्तादो।

*** जहण्णगो ट्ठिदिबंधो संखेज्जगुणो।**

§ ४०२. किं कारणं ? अणियट्टिकरणचरिमट्ठिदिबंधस्स अंतोमुहुत्तपमाणस्साबाहाए विणा गहिदत्तादो।

*** जट्ठिदिबंधो विसेसाहियो।**

§ ४०३. कुदो ? जहण्णाबाहाए वि एत्थंतब्भावदंसणादो।

*** इत्थि-णवुंसयवेदाणं जहण्णट्ठिदिसंतकम्ममुदयोदीरणा च थोवाणि।**

§ ४०४. कुदो ? एगट्ठिदिपमाणत्तादो।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं जट्ठिदिउदयो च तत्तियो चेव।**

§ ४०५. किं कारणं ? एत्थ जट्ठिदीए जहण्णट्ठिदीदो भेदाणुवलंभादो।

शेष रहने पर स्थितिसंक्रम और स्थितिउदीरणा ये जघन्य होते हैं तथा उसी जीवके अन्तिम समयमें स्थितिसत्कर्म और स्थिति उदय जघन्यपनेको प्राप्त होते हैं, इसलिए सबके एक स्थितिप्रमाण होनेसे स्तोकपना है यह सिद्ध हुआ।

*** यत्स्थिति उदय और यत्स्थितिसत्कर्म उतना ही है।**

§ ४००. क्योंकि उभयत्र जघन्य स्थितिसे यत्स्थितिमें भेद नहीं पाया जाता।

*** उनसे यत्स्थितिउदीरणा और यत्स्थितिसंक्रम असंख्यातगुणे हैं।**

§ ४०१. क्योंकि ये एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण हैं।

*** उससे जघन्य स्थितिबन्ध संख्यातगुणा है।**

§ ४०२. क्योंकि अनिवृत्तिकरणका आबाधा कम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण अन्तिम स्थितिबन्ध यहाँ लिया गया है।

*** उससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है।**

§ ४०३. क्योंकि जघन्य आबाधाका भी इसमें अन्तर्भाव देखा जाता है।

*** स्त्रीवेद और नपुंसकवेदके जघन्य स्थितिसत्कर्म, उदय और उदीरणा स्तोक हैं।**

§ ४०४. क्योंकि ये एक स्थितिप्रमाण हैं।

*** यत्स्थितिसत्कर्म और यत्स्थिति उदय उतने ही हैं।**

§ ४०५. क्योंकि यहाँ यत्स्थितिका जघन्य स्थितिसे भेद नहीं पाया जाता।

* जट्ठिदिउदीरणा असंखेज्जगुणा ।

§ ४०६. कुदो ? समयाहियावलियपमाणत्तादो ।

* जहण्णगो ट्ठिदिसंकमो असंखेज्जगुणो ।

§ ४०७. कुदो ? पलिदोवमासंखेज्जदिभागमेत्तचरिमफालिविसयत्तादो ।

* जहण्णगो ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ।

§ ४०८. कुदो ? एइंदियजहण्णट्ठिदिबंधस्स पलिदोवमासंखेज्जभागपरिहीणसागरोवमवे-सत्तभागपमाणस्स गहणादो ।

* पुरिसवेदस्स जहण्णगो ट्ठिदिउदयो ट्ठिदिउदीरणा च थोवा ।

§ ४०९. कुदो ? एगट्ठिदिपमाणत्तादो ।

* जट्ठिदिउदयो तत्तियो चेव ।

§ ४१०. सुगमं ।

* जट्ठिदिउदीरणा समयाहियावलिया सा असंखेज्जगुणा ।

§ ४११. सुगमं ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

* जहण्णगो ट्ठिदिबंधो ट्ठिदिसंकमो ट्ठिदिसंतकम्मं च ताणि संखेज्जगुणाणि[1] ।

* उनसे यत्स्थिति उदीरणा असंख्यातगुणी है ।

§ ४०६. क्योंकि वह एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण है ।

* उससे जघन्य स्थितिसंक्रम असंख्यातगुणा है ।

§ ४०७. क्योंकि वह पल्योपमके असंख्यातवें भागमात्र अन्तिम फालिको विषय करता है।

* उससे जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ।

§ ४०८. क्योंकि एकेन्द्रिय जीवके पल्योपमके असंख्यातवें भाग कम ऐसे सागरोपमके दो बटे सात भागप्रमाण स्थितिबन्धको यहाँ पर ग्रहण किया है ।

* पुरुषवेदका जघन्य स्थिति उदय और स्थिति उदीरणा स्तोक हैं ।

§ ४०९. क्योंकि वे एक स्थितिप्रमाण हैं ।

* उनसे यत्स्थितिउदय उतना ही है ।

§ ४१०. यह सूत्र सुगम है ।

* उससे यत्स्थितिउदीरणा एक समय अधिक एक आवलिप्रमाण है, वह असंख्यातगुणी है ।

§ ४११. यह सूत्र सुगम है ।

* उससे जघन्य स्थितिबन्ध, स्थितिसंक्रम और स्थितिसत्कर्म ये तीनों संख्यात गुणे हैं ।

१. ता०प्रतौ असंखेज्जगुणाणि इति पाठः ।

§ ४१२. कुदो ? पुरिसवेदचरिमट्ठिदिबंधस्स अट्ठवस्सपमाणस्स आबाहाए विणा गहणादो ।

*** जट्ठिदिसंकमो विसेसाहियो ।**

§ ४१३. कुदो ? समयूणदोआवलियाहि परिहीणजहण्णाबाहाए एत्थ पवेसदंसणादो ।

*** जट्ठिदिसंतकम्मं विसेसाहियं ।**

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

§ ४१४. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो । किं कारणं ? पुव्विल्लसामित्तविसयादो हेट्ठिमाणंतरसमए ट्ठिदिसंतकम्मस्स जहण्णसामित्तदंसणादो ।

*** जट्ठिदिबंधो विसेसाहिओ ।**

§ ४१५. केत्तियमेत्तो विसेसो ? दुसमयूणदोआवलियमेत्तो ।

*** छण्णोकसायाणं जहण्णगो ट्ठिदिसंकमो संतमम्मं च थोवं ।**

§ ४१६. कुदो ? खवगस्स चरिमट्ठिदिखंडयविसये पडिलद्धजहण्णभावत्तादो ।

*** जहण्णगो ट्ठिदिबंधो असंखेज्जगुणो ।**

§ ४१७. किं कारणं ? एइंदियजहण्णट्ठिदिबंधस्स पलिदोवमासंखेज्जभागपरिहीणसागरोवमवेसत्तभागपमाणस्स गहणादो ।

---

§ ४१२. क्योंकि पुरुषवेदके आठ वर्षप्रमाण अन्तिम स्थितिबन्धका आबाधाके बिना यहाँ ग्रहण किया है ।

*** उससे यत्स्थितिसंक्रम विशेष अधिक है ।**

§ ४१३. क्योंकि एक समय कम दो आवलि हीन जघन्य आबाधाका इसमें प्रवेश देखा जाता है ।

*** उससे यत्स्थितिसत्कर्म विशेष अधिक है ।**

§ ४१४. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है, क्योंकि यत्स्थितिसंक्रमके स्वामीसे अनन्तरपूर्व समयमें यत्स्थितिसत्कर्मका जघन्य स्वामीपना देखा जाता है ।

*** उससे यत्स्थितिबन्ध विशेष अधिक है ।**

§ ४१५. शंका—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—वह दो समय कम दो आवलिप्रमाण है ।

*** छह नोकषायोंका जघन्य स्थितिसंक्रम और सत्कर्म स्तोक हैं ।**

§ ४१६. क्योंकि क्षपकके जघन्य स्थितिकाण्डकके समय इनका जघन्यपना प्राप्त होता है ।

*** उससे जघन्य स्थितिबन्ध असंख्यातगुणा है ।**

§ ४१७. क्योंकि एकेन्द्रिय जीवके पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग कम ऐसा सागरोपमका दो बटे सात भागप्रमाण जघन्य स्थितिबन्धका यहाँ पर ग्रहण किया है ।

*** जहण्णिया ट्ठिदिउदीरणा संखेज्जगुणा[1] ।**

§ ४१८. किं कारणं ? पलिदोवमासंखेज्जभागपरिहीणसागरोवमचदुसत्तभागमेत्त-जहण्णट्ठिदिसंतकम्मविसयत्तेण ट्ठिदिउदीरणाए जहण्णसामित्तपवुत्तिदंसणादो ।

*** जहण्णओ ट्ठिदिउदयो विसेसाहियो ।**

§ ४१९. केत्तियमेत्तो विसेसो ? एगट्ठिदिमेत्तो ।

एवं जहण्णट्ठिदिविसयमप्पाबहुअं समत्तं ।

§ ४२०. एदेणेव बीजपदेणादेसो वि जाणिय णेदव्वो ।

एवं ट्ठिदिअप्पाबहुअं समत्तं ।

*** एत्तो अणुभागेहिं अप्पाबहुगं ।**

§ ४२१. कीरदि त्ति वक्कज्झाहारो कायव्वो । तं च दुविहमप्पाबहुअं जहण्णुक्कस्स-भेदेण । तत्थुक्कस्सप्पाबहुअं ताव परूवेमि त्ति जाणावणट्ठमाह—

*** उक्कस्सेण ताव ।**

§ ४२२. सुगममेदं, उक्कस्सप्पाबहुएण ताव पयदमिदि जाणावणफलत्तादो ।

---

* उससे जघन्य स्थिति उदीरणा संख्यातगुणी है ।

§ ४१८. क्योंकि प्रकृतमें पल्योपमका असंख्यातवाँ भाग कम ऐसा सागरोपमका चार बटे सात भागप्रमाण जघन्य स्थितिसत्त्वको विषय करनेवाला होनेसे स्थिति उदीरणाके जघन्य स्वामिपनेकी प्रवृत्ति देखी जाती है ।

*** उससे जघन्य स्थिति उदय विशेष अधिक है ।**

§ ४१९. **शंका**—विशेषका प्रमाण कितना है ?

समाधान—एक स्थितिमात्र है ।

इस प्रकार जघन्य स्थितिविषयक अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

§ ४२०. इसी बीजपदके अनुसार आदेशका भी जान कर कथन करना चाहिए ।

इस प्रकार स्थिति अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

*** आगे अनुभागकी अपेक्षा अल्पबहुत्व करते हैं ।**

§ ४२१. इस सूत्रमें 'कीरदि' इस वाक्यका अध्याहार करना चाहिए । वह अल्पबहुत्व जघन्य और उत्कृष्टके भेदसे दो प्रकारका है । उनमेंसे सर्व प्रथम उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका कथन करते हैं इसका ज्ञान करानेके लिए आगेका सूत्र कहते हैं—

*** उसमें सर्व प्रथम उत्कृष्टका प्रकरण है ।**

§ ४२२. यह सूत्र सुगम है, क्योंकि सर्व प्रथम उत्कृष्टका प्रकरण है इसका ज्ञान कराना इसका प्रयोजन है ।

---

१. ता०प्रतौ असंखेज्जगुणा इति पाठः ।

मार्गदर्शक :- आचार्य श्री सुविधिसागर जी महाराज

*** मिच्छत्त - सोलसकसाय - णवणोकसायाणमुक्कस्सअणुभागउदीरणा उदयो च थोवा ।**

§ ४२३. कुदो ? उक्कस्साणुभागबंधसंतकम्माणमणंतिमभागे चेव सव्वकालमुदयोदीरणाणं पवुत्तिदंसणादो ।

*** उक्कस्सओ बंधो संकमो संतकम्मं च अणंतगुणाणि ।**

§ ४२४. कुदो ? सण्णिपंचिंदियमिच्छाइट्ठिस्स सव्वुक्कस्ससंकिलेसेण बद्धुक्कस्साणुभागस्स अणूणाहियस्स गहणादो ।

*** सम्मत्त-सम्मामिच्छत्ताणमुक्कस्सअणुभागउदओ उदीरणा च थोवाणि ।**

§ ४२५. कुदो ? एदेसिमुक्कस्साणुभागसंतकम्मचरिमफद्दयादो अणंतगुणहीणफद्दयसरूवेण सव्वद्धमुदयोदीरणाणं पवुत्तिदंसणादो ।

*** उक्कस्सओ अणुभागसंकमो संतकम्मं च अणंतगुणाणि ।**

४२६. कुदो ? किंचि वि घादमपावेयूण ट्ठिदसगुक्कस्साणुभागसरूवेण पत्तुक्कस्सभावत्तादो ।

एवमुक्कस्सप्पाबहुअं समत्तं ।

*** एत्तो जहण्णयमप्पाबहुअं ।**

*** मिथ्यात्व, सोलह कषाय और नौ नोकषायोंकी उत्कृष्ट अनुभाग उदीरणा और उदय स्तोक हैं ।**

§ ४२३. क्योंकि उत्कृष्ट अनुभागबन्ध और उत्कृष्ट अनुभागसत्कर्मके अनन्तवें भागरूपसे ही सर्वदा उदय और उदीरणाकी प्रवृत्ति देखी जाती है ।

*** उनसे उत्कृष्ट अनुभाग बन्ध, संक्रम और सत्कर्म अनन्तगुणे हैं ।**

§ ४२४. क्योंकि संज्ञी पञ्चेन्द्रिय मिथ्यादृष्टिके सर्वोत्कृष्ट संक्लेशसे बन्धको प्राप्त न्यूनाधिकतासे रहित उत्कृष्ट अनुभागका यहाँ पर ग्रहण किया है ।

*** सम्यक्त्व और सम्यग्मिथ्यात्वके उत्कृष्ट अनुभाग उदय और उदीरणा स्तोक हैं ।**

§ ४२५. क्योंकि इनके उत्कृष्ट अनुभाग और उत्कृष्ट सत्कर्मके अन्तिम स्पर्धकसे अनन्तगुणे हीन स्पर्धकरूप उदय और उदीरणाकी सर्वदा प्रवृत्ति देखी जाती है ।

*** उनसे उत्कृष्ट अनुभाग संक्रम और सत्कर्म अनन्तगुणे हैं ।**

§ ४२६. क्योंकि कुछ भी घातको प्राप्त किये बिना स्थित अपने-अपने उत्कृष्ट अनुभागरूपसे इन्होंने उत्कृष्टपना प्राप्त किया है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट अनुभाग समाप्त हुआ ।

*** इसके आगे जघन्य अल्पबहुत्व प्रकृत है ।**

§ ४२७. सुगममेदं पयदसंभालणवक्कं ।

*** मिच्छत्त-बारसकसायाणं जहण्णगो अणुभागबंधो थोवो ।**

§ ४२८. कुदो ? मिच्छत्ताणंताणुबंधीणं संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिणा सव्वुक्कस्सविसोहीए बद्धजहण्णाणुभागग्गहणादो । अपच्चक्खाण-पच्चक्खाणकसायाणं पि संजमाहिमुहचरिमसमयअसंजदसम्माइट्ठिसंजदासंजदाणमुक्कस्सविसोहिणिबंधणाणुभाग-बंधम्मि जहण्णसामित्तावलंबणादो ।

*** जहण्णयो उदयोदीरणा च अणंतगुणाणि ।**

§ ४२९. किं कारणं ? संजमाहिमुहचरिमसमयमिच्छाइट्ठिअसंजदसम्माइट्ठिसंजदा-संजदेसु जहण्णबंधेण समकालमेव पत्तजहण्णभावाणं पि उदयोदीरणाणं चिराणसंतसरूवेण तत्तो अणंतगुणत्तदंसणादो ।

*** जहण्णगो अणुभागसंकमो संतकम्मं च अणंतगुणाणि ।**

§ ४३०. किं कारणं ? मिच्छत्त-अट्ठकसायाणं सुहुमेइंदियहदसमुप्पत्तियजहण्णाणु-भागविसयत्तेण अणंताणुबंधीणं पि विसंजोयणापुव्वसंजोगपढमसमयजहण्णणवकबंध-विसयत्तेण संकम-संतकम्माणं जहण्णसामित्तावलंबणादो । ण च एवंविहसामित्तावलंबणे पुव्विल्लादो एदस्साणंतगुणत्तं संदिद्धं, परिप्फुडमेव तहाभावोवलंभादो । तं जहा—

§ ४२७. प्रकृतकी सम्हाल करनेवाला यह वाक्य सुगम है ।

*** मिथ्यात्व और बारह कषायोंका जघन्य अनुभागबन्ध स्तोक है ।**

